पुरानी पेंशन योजना से संबंधित शासनादेशों का संकलन

(5)

संख्या सा-3—2085/दस/307/76

प्रेषक,

श्री बलविन्दर टण्डन,
आयुक्त एवं वित्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं अनुभाग कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

दिनांक लखनऊ : 13 दिसम्बर, 1977

विषय:—अधिवर्षता पेन्शन और मृत्यु-तथा-सेवा निवृत्ति ग्रानुतोषिक की अदायगी में होने वाले विलम्ब को दूर करने के उद्देश्य से कार्य विधि का सरलीकरण ।

महोदय,

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

सरकारी कर्मचारियों को पेन्शन की स्वीकृति देने सम्बन्धी कार्य विधियों का ठरर्ड करने एवं उनमें गति लाने का प्रश्न एक अरसे के विचाराधीन रहा है अतएव इस प्रश्न पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के उपरान्त श्री राज्यपाल महोदय ने सहर्ष यह आदेश प्रदान किये हैं कि सिविल सर्विस रेगुलेशन्स में निम्नलिखित संशोधन तथा अन्य संगत आदेश दिनांक 1 दिसम्बर, 1977 से अर्थात् उक्त दिनांक सेवत अधिकारी जो प्रेषम कार्य दिवस (Non-working day) हो, या उसके उपरान्त किसी दिनांक में अधिवर्षता आयु प्राप्त करके सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर प्रभावी होंगे ।

2—कार्य के लिये समय-सारणी—यदि सामले में अधिवर्षता सेवानिवृत्ति की अदायगी किस महीने में देय हो उसी महीने की पहली तारीख से शुरू होनी चाहिये । इस प्रयोजन के लिये विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों तथा पेन्शन स्वीकृत करने वाले सक्षम अधिकारियों को, (महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को सम्मिलित करते हुए) पेन्शन और आनुतोषिक (ग्रेच्युटी) के प्रस्तावों तथा अदायगी से सम्बन्धित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिये निम्नलिखित 24 मासिक समय-सूची का पालन करना होगा :—

(1) 16 मास की अवधि में पेन्शन सम्बन्धी कागजों को तैयारी के लिये अर्हकारी सेवा की गणना, सेवा अभिलेखों की जांच तथा उन्हें पूरे कराना आदि ;

(2) अगले 8 मास की अवधि में से:—

(क) प्रथम 6 माह की अवधि में पेन्शन सम्बन्धी कागजों की तैयारी का कार्यारम्भ करना ;

(ख) अगले एक माह की अवधि के अन्त तक पेन्शन भुगतानादेश तथा आनुतोषिक भुगतानादेश जारी करना ;

(ग) सेवा के अन्तिम माह की पहली तारीख को पेन्शन तथा आनुतोषिक के अन्तिम भुगतानादेशों का सेवा-निवृत्त होने वाले कर्मचारी को दे दिया जाना ।

शासन का आशय यह है कि प्रारम्भिक और प्रारम्भिक कार्य काफी समय पहले से ही शुरू किया जाना चाहिये तथा कार्य के विभिन्न स्तरों और प्रक्रियाओं के लिये पर्याप्त समय रखे हुए इन्हें अनुचित कर से विलम्बित नहीं होने देना चाहिये । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये प्रत्येक स्तर के सम्बन्ध में विभागीय कार्यों का निर्धारित की गई है ताकि जब विलम्ब दिनांक आ जाये तो कार्य अन्तिम-कार्य रूप से अपने स्तर पर पहुंच जाये ।

(क) पेन्शन सम्बन्धी कागजों को तैयार करने के लिये कार्यालयाध्यक्ष अथवा अन्य जिम्मेदार प्राधिकारी सरकारी कर्मचारी के सेवा-निवृत्ति की तारीख के दो वर्ष पहले ही पेन्शन के मामले पर कार्यवाही शुरू करेंगे । इस स्तर पर मुख्य कार्य अर्हकारी सेवा का हिसाब लगाने के लिये अपेक्षित सूचना एकत्रण करने का होगा । चूंकि पेन्शन के मामलों में अधिकतर विलम्ब सेवा-पुस्तिका निकाई में चक्कानों तथा त्रुटियों के कारण होता है इसलिये इस स्तर पर इसको दूर करने के लिये पूरा प्रयत्न किया जाना आवश्यक होगा लेकिन इसके साथ-साथ ही इस बात को भी ध्यान में रखा जायेगा कि सम्पूर्ण सेवा पुस्तिका अथवा रिकार्ड की पूर्ण जांच अथवा विरीक्षण करने का औचित्य नहीं है परन्तु केवल उसी उद्देश्य सम्मुख हो उसी सीमा तक जांच करनी है—उदाहरणतः पेन्शन सम्बन्धी कागजों को तैयार करना । यह प्रक्रिया समय पहले हुए तथा किसी भी स्थिति में सरकारी कर्मचारी की सेवा-निवृत्ति की तारीख से कम से कम आठ महीने पहले पूरी हो जानी चाहिये ।

(ख) सेवानिवृत्ति की तारीख से आठ महीने पहले पेंशन के कागजों को तैयार करने सम्बन्धी वास्तविक कार्य को हाथ में लेना चाहिये---उदाहरणतः अर्हकारी सेवा की संगणना तथा औसत परिलब्धियों का हिसाब लगाना। सेवा रिकार्ड में कोई कमी अथवा अपूर्णता अथवा चूक अगर कोई विद्यमान रह जाती है तो उसकी इस स्तर पर उपेक्षा कर दी जायेगी तथा सेवा रिकार्ड में उस समय तक ऊपर उप-पैरा (क) के अनुसार पूर्ण की गई प्रविष्टियों के आधार पर अर्हकारी सेवा का निर्धारण किया जायेगा।

(ग) औसत परिलब्धियां पिछले 10 महीनों के दौरान प्राप्त (12 महीने की नहीं जैसा कि अब से पहले होता था) की गई परिलब्धियों के सन्दर्भ में निर्धारित की जायेंगी। यद्यपि औसत की गणना करने सम्बन्धी अवधि को कम कर दिया गया है, परन्तु सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 487 के अन्य उपबन्ध यथावत लागू रहेंगे।

इस कार्य में केवल औसत परिलब्धियों के लिये गणितात्मक (Arithmetical) संगणना ही अन्तर्ग्रस्त नहीं है बल्कि परिलब्धियों की सत्यता की जांच भी करनी होगी। परिलब्धियों की सत्यता स्वभावतः इस बात पर निर्भर करेगी कि इस दस माह की अवधि के आरम्भ होने वाली पहली तारीख को प्राप्त परिलब्धियां भी सही हों, परन्तु पहले की परिलब्धियों की सत्यता की जांच, चाहे पेंशन के कागज तैयार करने वाले कार्यालय में हो अथवा बाद में, पेंशन अदायगी आदेश जारी करने के लिए लिपिकीय कार्यालय में हो, बहुधा छान-बीन हेतु काफी पीछे जाने का अवसर नहीं होना चाहिये, कम से कम उतनी जांच की जानी चाहिये जो अनिवार्य रूप से आवश्यक है। किसी भी स्थिति में उक्त जांच सेवा निवृत्ति की तारीख से पूर्व के 24 महीने की अवधि से अधिक अवधि के संबंध में करने की आवश्यकता साधारणतया नहीं होनी चाहिये।

(घ) अर्हकारी सेवा का निर्धारण और औसत परिलब्धियां तथा स्वीकार्य पेंशन और आनुतोषिक से सम्बन्धित प्रविष्टियां हर हालत में दो महीने के अन्दर पूरी हो जानी चाहियें तथा पेंशन सम्बन्धी कागज महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के कार्यालय को सेवानिवृत्ति की तारीख से कम से कम छः महीने पहले ही भेज देने चाहियें। वह कार्यालय कागजों की उपर्युक्त पैराग्राफ (ख) और (ग) में उल्लिखित जांचों तक ही सीमित रहते हुए आवश्यक जांच करने के पश्चात सेवा-निवृत्ति की तारीख से कम से कम एक महीने पहले पेंशन अदायगी आदेश (मासिक तथा सेवानिवृत्ति आनुतोषिक की अदायगी के आदेश सहित) जारी करेगा।

(ङ) उन मामलों में जिनमें किसी सरकारी कर्मचारी की सेवा-निवृत्ति अधिवर्षता सेवा-निवृत्ति की सामान्य तारीख से पहले हो, चाहे वह सिविल नियमावली खण्ड 2, भाग 2-4 के मूल नियम 56 (सी) अथवा (डी) के उपबन्धों के अनुसरण में हो, अथवा सरकारी सेवक की उपक्रम/निगम आदि में स्थायी रूप से सेवा लिये जाने के आधार पर सेवा-निवृत्ति हो जाने के फलस्वरूप हो, ऐसे मामलों में भी पेंशन के मामलों का निराकरण शीघ्रता से किया जायगा और इस संबंध में अलग से अनुदेश जारी किये जायेंगे।

3---असाधारण छुट्टी और निलम्बन---सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 408, 419 (बी) तथा 487 के नीचे दिये नियमों के अनुसार पेंशन की गणना के प्रयोजन के लिये केवल सक्रिय अवकाश की अवधि ही अर्हकारी सेवा में सम्मिलित की जाती है तथा किसी भी दशा में असाधारण अवकाश की अवधि (जो बिना वेतन की होती है) को पेंशन के लिये अर्हकारी सेवा में नहीं गिना जाता है। शासन ने अब यह निर्णय लिया है कि असाधारण अवकाश की अवधि को भी पेंशन के लिये अर्हकारी सेवा में सम्मिलित किया जायगा यदि असाधारण अवकाश निम्नलिखित कारणों के आधार पर स्वीकृत किया गया हो :---

(1) सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा दिये गये चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर ;

(2) सामरिक प्रकृति होने के कारण ड्यूटी पर चले अथवा पुनः आने में उसकी असमर्थता ; अथवा

(3) उच्च तकनीकी और वैज्ञानिक अध्ययनों में अनुशीलन के कारण।

अन्य आधारों पर लिया गया असाधारण अवकाश अर्हकारी सेवा नहीं माना जायगा और इसीलिये सेवा रिकार्ड में इस आशय की एक विशिष्ट प्रविष्टि की जानी आवश्यक होगी। सेवा अर्हकारी है अथवा नहीं इसके सम्बन्ध में प्रविष्टियां भी घटना के साथ-साथ ही की जानी चाहिये। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो आरम्भिक कार्यवाही अर्थात् सेवानिवृत्ति की तारीख से दो वर्ष पूर्व से सेवा-निवृत्ति के आठ महीने पहले तक की लिये स्वीकार्य अवधि के दौरान, अर्थात् सेवानिवृत्ति की दिनांक से 16 माह पूर्व की अवधि में, इस चूक को सुधार लेना संभव होना चाहिए। परन्तु इस अवधि के बाद में [अर्थात् जैसा कि उक्त पैराग्राफ 2 (ख) में निर्धारित किया हुआ है।] पेंशन के कागजों की वास्तविक तैयारी का काम शुरू किये जाने पर पहले की घटनाओं अथवा पहले के रिकार्ड के सम्बन्ध में कोई भी और आगे पूछ-ताछ अथवा जांच नहीं की जानी चाहिये। जो अवधि/अवधियां अर्हकारी न हों उनके सम्बन्ध में सेवा रिकार्ड में विशिष्ट प्रविष्टियां की नोट किया जाना चाहिये तथा ऐसी अवधि/अवधियों को सेवा में से निकाल दिया जायगा। इस प्रकार की विशिष्ट प्रविष्टियों के अन्तर्गत न आने वाली असाधारण अवकाश की सभी अवधियों को अर्हकारी सेवा माना जायगा।

(च) द्वितीय नियमावली खण्ड 2, भाग 2-4 के मूल नियम 54 तथा मूल नियम 54-बी में यह प्रावधान उपलब्ध है कि किसी भी निलम्बित सरकारी सेवक को सेवा में पुनः स्थापित करते समय सक्षम अधिकारी द्वारा यह विशिष्ट आदेश दिया जायगा कि निलम्बन अवधि का विनियमन किस प्रकार होगा अर्थात् क्या ऐसी अवधि किसी प्रयोजन के लिये ड्यूटी मानी जायेगी या नहीं। सक्षम अधिकारी द्वारा निलम्बन काल के बारे में कोई आदेश न दिये जाने के कारण उपरोक्त नियम के अनुसार ऐसी अवधि को सभी अर्हकारी

सेवा में सम्मिलित नहीं किया जाता है। अतः अब यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे मामलों को छोड़कर जिनमें निलम्बन को पूर्णतः अनुचित माना गया हो, अन्य सभी मामलों में सक्षम प्राधिकारी को उपयुक्त समय पर ही इस बात का स्पष्ट आदेश देना अभिप्रेत है कि क्या तथा किस हद तक निलम्बन की अवधि को अहकारी सेवा माना जावेगा। अहंकारी सेवा का हिसाब लगाते समय सेवा-पुस्तिका रिकार्ड में इस आशय की विशिष्ट टिप्पणियों का ध्यान रखा जावेगा। किसी विशिष्ट प्रविष्टि के न होने पर निलम्बन की अवधि को अहंकारी सेवा के रूप में गणना की जावेगी।

4—सेवा में व्यवधान—सिविल सर्विस रेगुलेशन के अनुच्छेद 422 के अनुसार सेवा को दो अवधियों के मध्य उत्पन्न हुए व्यवधान/व्यवधानों को बाद मद्दन नहीं किया जाता हुई अवधान/व्यवधानों से पूर्व की सेवा अहंकारी सेवा में सम्मिलित नहीं होती है। अब यह निर्णय लिया गया है कि सेवा रिकार्ड में कोई विशिष्ट संकेत न होने पर राज्य सरकार के अन्तर्गत की गई सेवा को दो अवधियों के बीच हुए व्यवधान/व्यवधानों को स्वतः ही अवधि माना जावेगा और पेंशन के लिये व्यवधान/व्यवधानों से पूर्व की सेवा अहंकारी सेवा मानी जायेगी सिवाय इसके कि जहां अन्यथा यह जानकारी हो कि व्यवधान/सेवा से त्याग-पत्र देने, बरखास्त कर दिये जाने अथवा सेवा से निकाल दिये जाने अथवा किसी हड़ताल में भाग लेने के कारण हुआ हो। किसी भी हालत में पेंशन के लिये व्यवधान/व्यवधानों की अवधि अहंकारी सेवा के रूप में आगणित नहीं की जावेगी।

5—प्रतिनियुक्ति काल सेवा—(क) वाह्य सेवा की शर्तों के अनुसार अन्य सेवा में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गये कतिपय अधिकारियों/कर्मचारियों के मामलों में पेंशन अंशदानों अंशदान के भुगतान की जिम्मेदारी प्रायः स्वयं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी पर होती है जिससे वह अपनी पेंशनीय सेवा की निरन्तरता कायम रख सके। ऐसे मामलों में यह पता लगाना आवश्यक होता कि वाह्य सेवा की अवधि को अहंकारी सेवा के रूप में गणना करने से पहले जमुलियां कर ली गई है अथवा नहीं। परन्तु कभी-कभी सरकारी कर्मचारी को प्रशासनिक/सेवा कार्यालयों द्वारा गलत तरह से अथवा अपूर्ण रूप से रखे गये रिकार्ड के कारण काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में यद्यपि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी से, उचित-संगत रूप से यह तो पूछा जा सकता है कि वह यह बताये कि क्या वास्तव में उसने अंशदान का भुगतान किया है परन्तु प्रशासनिक प्राधिकारी को भी जो साक्ष्य वह इस सम्बन्ध में प्रस्तुत करे उसके प्रति इस प्रकार के दिये गये साक्ष्य का मूल्यांकन करने तथा स्वीकार करने में औचित्य और समझदारी की भावना (spirit of reasonableness and accommodation) दिखानी चाहिये तथा उसे सेवा तथा सेवा सम्बन्धी अभिलेखों के संदर्भ में, जिनके रख-रखाव की जिम्मेदारी सरकारी कर्मचारी की नहीं होती है, कड़ाई के साथ औपचारिक प्रमाण पर आग्रह नहीं करना चाहिये।

(ख) परन्तु जहां पेंशन सम्बन्धी अंशदान का भुगतान करने की जिम्मेदारी प्रतिनियुक्ति पर लेने वाले संगठन/संस्था/बैंक/कंपनी की हो तथा जिसमें या तो कुछ अंशदानों की वसूली न की गई हो या इस प्रकार के अंशदानों की की गई वसूलियों का रिकार्ड अपूर्ण हो, वहां जब कि संबद्ध प्राधिकारियों को उपयुक्त कार्यवाही के लिये उपरोक्त संगठन से अंशदानों की वसूली से सम्बन्धित कार्यवाही तो करते रहना चाहिये परन्तु इस का पेंशन के मामलों की प्रक्रिया और निस्तारण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिये।

6—पेंशन की प्रशासनिक स्वीकृति तथा अनुमोदित सेवा की अवधारणा—(क) वर्तमान व्यवस्था के अनुसार विभागाध्यक्ष अथवा नियुक्ति प्राधिकारी का सेवा से निवृत्त होने वाले सरकारी सेवक की अनुमोदित सेवा की अवधारणा के मामले में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करना आवश्यक होता है, यद्यपि अधिकांश मामलों में यह केवल एक औपचारिकता मात्र ही होती है, परन्तु इससे पेंशन के मामलों के निस्तारण में काफी देरी हो जाती है। इसलिये यह निर्णय लिया गया है कि पेंशन के लिये प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया जाना चाहिये। अतएव पेंशन का निर्धारण नियमों के अनुसार सिर्फ एक संगणना का ही मामला होगा : और पेंशन के मामलों पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(ख) सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 470 (बी) के उपबन्धों में निहित आशय को त्याग देने का अभिप्राय कदापि नहीं है जिसमें अस्थायी अस्वीकार्य/अनुचित सेवा अवधि आगणन के आधार पर किन्हीं विशेष मामलों में विहित औपचारिकतायें पूरी करने के पश्चात् पेंशन/अनुतोषिकों की पूर्ण स्वीकार्य धनराशि से कम धनराशि स्वीकृत की जा सकती है। इस उपबन्ध का सहारा केवल अपवाद स्वरूप मामलों में ही लिया जायेगा और इस प्रयोजन के लिये यह आवश्यक नहीं होगा कि पेंशन सम्बन्धी समस्त मामलों को विचारार्थ-स्वयं अथवा निर्धारित प्राधिकारी के पास भेजा जाय अथवा प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया में डाला जाय। इसके बजाय जब सम्भव अब पेंशन के कागजों को तैयार करने का काम शुरू किया जाय, अर्थात् सेवा-निवृत्ति की तारीख से आठ महीने पहले, पेंशन स्वीकृत करने वाले सक्षम अधिकारी को नियुक्ति प्राधिकारी से (इस दशा में जब पेंशन स्वीकृत करने वाला सक्षम अधिकारी नियुक्ति अधिकारी से भिन्न है) इस आशय की अलग से पूछताछ करनी चाहिये कि क्या पूर्ण पेंशन मंजूर करने के बजाय कम पेंशन देने का आशय है अथवा कोई कार्यवाही प्रारम्भ करने का विचार है। (इस प्रयोजन के लिये इस प्राधिकारी को पेंशन के कागज भेजने की आवश्यकता नहीं है)। इस पूछ-ताछ के उत्तर के अभाव में पेंशन के कागज तैयार करने वाले प्राधिकारी को यह मान लेना चाहिये कि पूर्ण पेंशन/आनुतोषिक की धनराशि से कम धनराशि को स्वीकृति देने की कोई मंशा नहीं है और तदनुसार पेंशन के कागजों पर इस प्रकार से कार्यवाही करनी चाहिये ताकि उनको पेंशन अदायगी आदेश जारी करने के लिये महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को निर्धारित समय की अवधि तक भेजा जा सके। यदि, इसके विपरीत, नियुक्ति प्राधिकारी इस बात का निर्णय करता है कि पूर्ण स्वीकार्य पेंशन आनुतोषिक से कम धनराशि की स्वीकृति देने का मामला है तो निर्धारित संवैधानिक कार्यविधि को अपनाया जाना चाहिये और पेंशन अदायगी आदेश जारी करने के लिये महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को पेंशन सम्बन्धी कागजों का

रिकार्ड की छानबीन केवल उक्त घोषित अवधि तक के लिये ही जायेगी अर्थात् सेवा-निवृत्ति की तारीख के दो वर्ष पहले की अवधि तक ही। इसलिये यह विभागाध्यक्ष अथवा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद जैसी भी स्थिति हो, के लिये बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिये कि वह पेंशन अदायगी/अनुतोषिक अदायगी आदेश अर्थात् अन्तिम पेंशन/अन्तिम आनुतोषिक आदेश के जारी करने की निर्धारित अवधि से पहले सभी देय रकमों का पता लगायें अथवा निर्धारण करें, विशेषकर जिनका सम्बन्ध सरकार निर्माण अथवा वाहन अग्रिमों जैसे दीर्घावधि अग्रिमों, फैक्स और गत्तों की अधिक वसूली की गई अनियमितियों तथा इसी प्रकार की अन्य देय रकमों से होता है। पेंशन सम्बन्धी कागजों में कुछ दबाव देय रकमों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिये जिनकी वसूली शुरू क्या सेवा-निवृत्ति आनुतोषिक की अदायगी (चाहे अन्तिम हो अथवा अनन्तिम हो) का प्राधिकार-पत्र जारी करने से पहले आनुतोषिक से की जायेगी, और यदि महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को पेंशन के कागज भेजने के बाद आनुतोषिक से की जाने वाली कुछ अन्य वसूलियां भी ज्ञात हो जांय तो इस तथ्य की सूचना तत्काल महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को दे दी जायेगी। इस मामले में, जहां कोई भी वसूलियां देय नहीं हैं, परन्तु सरकार को अन्यथा देय रकमों के कारण विधिपूरित न करने अथवा उक्त पैरा-ग्राफ 7 (क) के अनुसार आनुतोषिक की अदायगी अन्तिम रूप से किये जाने के कारण या अंतिम वेतन-पत्र के प्राप्त न होने के कारण (उक्त पैराग्राफ 8 देखिये) आनुतोषिक का 10 प्रतिशत अथवा 1,000/-, जो भी कम हो, रोक लिया गया है तो सेवा निवृत्ति के 12 महीने समाप्त हो जाने के बाद रोकी गई रकम स्वतः ही देय हो जायेगी। विभागाध्यक्ष अथवा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद, जैसी भी स्थिति हो, अन्तिम अनुतोषिक या अन्तिम आनुतोषिक अदायगी आदेश की स्वीकृति के आदेशों में ही रोकी गई आनुतोषिक की धनराशि का उल्लेख करेंगे तथा इस बात का ढोर आदेश उल्लेख करेंगे कि सेवा-निवृत्ति की तारीख से 12 महीने की अवधि के समाप्त हो जाने के पश्चात्, रोकी गई धनराशि बिना किसी आगामी आदेश की प्रतीक्षा किये सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को दे दी जायेगी, बशर्ते कि उक्त अवधि के अन्दर ही रोकी गई धनराशि में से किसी विशिष्ट धनराशि की वसूली के लिये अनुदेश जारी न किये गये हों।

10—रिकार्ड रखने वाले अधिकारियों का उत्तरदायित्व—उपर्युक्त निर्णय लेने में सरकार ने इस आधार पर कार्यवाही की है कि यद्यपि प्रयत्न करने के बावजूद भी रिकार्ड और कार्य-विधि में अपूर्णता रह सकती है परन्तु सेवा निवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी के लिये यह अन्याय होगा यदि उसे सेवा रिकार्ड के आधुनिक रख-रखाव के लिये जिम्मेदार अधिकारियों की गलतियों के कारण कष्ट उठाना पड़े। नई कार्य विधि के अन्तर्गत यदि रिकार्ड अपूर्ण हैं या उनमें किसी प्रकार की कमी है तो परिकल्पना सरकारी कर्मचारी के पक्ष में कर ली जायेगी। इससे सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा सेवा और सेवा संबंधी सभी रिकार्ड को उचित प्रकार से नियमित तौर पर और समय पर पूरा किये जाने की सुनिश्चित व्यवस्था करने का महत्व बढ़ जाता है ताकि इस प्रकार की कल्पना किये जाने के अवसर कम से कम हों। तदनुसार यह निर्णय लिया गया है कि यदि भविष्य में पेंशन के मामलों पर कार्यवाही करते समय तथा उनको निपटाते समय सेवा के रिकार्डों में अपूर्णता अथवा अधूरापन पाया जाये तो उन भागों में देरी नहीं की जायेगी परन्तु रिकार्डों के रखने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को, उसमें किसी प्रकार की कमियों, अधूरी अवस्था की गई चूकों के लिये जिम्मेदार ठहराया जायेगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। अतः समस्त विभागाध्यक्षों आदि से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस बात की सुनिश्चित व्यवस्था करें कि इन अनुदेशों का पूर्णतः पालन किया जाये।

11—उक्त आदेशों द्वारा पेंशन सम्बन्धी नियम संशोधित किये गये सम्बन्धित नियम तथा अधिकारिक संशोधन यथा समय जारी किये जायेंगे।

भवदीय,
जन बिहारी दण्डन,
आयुक्त एवं सचिव।

संख्या सा—3-2083(1)/83-907-76, तद्दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—
1—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2—सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,
शिव शंकर लाल भटनागर,
अनु सचिव।

पी० एस० यू० पी०-ए० पी० 211 सा० बिल—19-2-86-(3694)-1986-5,000 (हिन्दी)।

संख्या– 3–1679 / दस–80–909–79

प्रेषक,

श्री बालकृष्ण चतुर्वेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ, दिनांक 28 अक्टूबर, 1980

विषय :– सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों, जिनके विरुद्ध वैभागिक अथवा न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण / सतर्कता जाँच चल रही हो, को अनन्तिम पेंशन का भुगतान।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि राज्य सरकार के पेंशन संबंधी वर्तमान नियमों में अभी तक इस आशय का कोई विशिष्ट प्राविधान नहीं है कि सेवानिवृत्ति के दिनांक को, अथवा सेवानिवृत्ति होने के उपरान्त यदि कर्मचारी के विरुद्ध कोई विभागीय, न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासानाधिकरण / सतर्कता जाँच जारी हो, अथवा जारी किया जाना अपेक्षित हो, तो क्या उसे पेंशन तथा अन्य नैवृत्तिक लाभ देय होंगे या नहीं। उक्त स्थिति में सामान्यतः अपनाये गये दृष्टिकोण और प्रयुक्त प्रक्रिया के अनुसार जब तक उस कार्यवाही अथवा जाँच का परिणाम प्राप्त न हो जाय, तब तक संबंधित सेवक को कोई पेंशन व ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया जाता है। उक्त कार्यवाहियों और जाँच के पूरी होने और फिर आवश्यक औपचारिकतायें पूरी कर अन्तिम निर्णय लेने में अधिक समय भी लग सकता है और उस दशा में संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों तक सेवा नैवृत्तिक लाभों से वंचित रहता है, जिससे उसे काफी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त कई मामलों में कार्यवाही या जाँच के परिणामस्वरूप कर्मचारी निर्दोष पाया जा सकता है। इस प्रसंग में आपका ध्यान शासनादेश संख्या–सा–3–2085 / दस–907 / 76, दिनांक 13–12–1977 की ओर भी आकर्षित करना है, जिसमें ऐसे मामलों में, जिनमें पेंशन ग्रेच्युटी की स्वीकृति और कागजात तैयार करने की कार्यवाही निर्धारित समय में पूरी न हो सके, अनन्तिम पेंशन व आनुतोषिक दिये जाने के आदेश प्रसारित किये गये थे, इन आदेशों का लाभ भी उपर्युक्त कार्यवाही अथवा जाँच के मामलों में नहीं मिल पाता है।

2– इस प्रश्न पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त तथा इस बात को देखते हुए कि राज्य में प्रयुक्त नियमों और आदेशों के अन्तर्गत सामान्यतः सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन तथा ग्रेच्युटी के अन्तिम रूप से निर्धारित न हो सकने पर अन्तिम पेंशन / ग्रेच्युटी स्वीकार किये जाने की व्यवस्था है, श्री राज्यपाल

महोदय ने सहर्ष यह आदेश प्रदान किये हैं कि सेवानिवृत्त होने वाले ऐसे राज्य कर्मचारियों को, जिनके विरूद्ध सेवानिवृत्ति के समय विभागीय न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण/सतर्कता जाँच चल रही हो अथवा किया जाना अपेक्षित हो, अनन्तिम पेंशन का भुगतान अधिकृत कर दिया जाय, किन्तु ग्रेच्युटी का भुगतान किसी भी दशा में उक्त कार्यवाही या जाँच पूरी होने और अन्तिम निर्णय होने के पूर्व न किया जाय। ग्रेच्युटी की धनराशि से वह कटौतियाँ की जाएगी, जिनका उल्लेख विभागीय प्रशासनिक/कार्यवाही इत्यादि के फलस्वरूप पारित आदेश में किया गया हो, ऐसे मामलों में अनन्तिम पेंशन की स्वीकृति निम्न व्यवस्था के अधीन देय होगी–

1– अनन्तिम पेंशन उस धनराशि के बराबर होगी, जो उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक और यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति की तिथि को निलम्बित हो, तो उसके निलम्बन के ठीक पहले की तिथि तक की अर्हकारी सेवाकाल के अनुसार अनुमन्य होती हो।

2– यह पेंशन सेवानिवृत्ति की तिथि से उस दिनांक तक मिलेगी, जब कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही जाँच पूर्ण होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा अन्तिम आदेश पारित करा दिये जाय, तथा

3– इस अनन्तिम पेंशन का, कार्यवाही पूर्ण हो जाने के उपरान्त अन्ततः कर्मचारी को स्वीकृत होने वाली पेंशन में समायोजन कर लिया जायेगा, किन्तु यदि अन्तिम रूप से स्वीकृति होने वाली पेंशन की राशि अनन्तिम पेंशन से कम हो अथवा पेंशन स्थायी रूप से अथवा किसी निश्चित अवधि के लिये कम कर दी जाय या आस्थगित की जाय, तो कर्मचारी से कोई वसूली नही की जायगी।

3– उपर्युक्त व्यवस्था तुरन्त प्रभावी मानी जायेगी तथा पेंशन संबधी नियम तदनुसार संशोधित समझें जायेगें ओर औपचारिक संशोधन बाद में यथा समय किये जायेगें।

4– कृपया इस शासनादेश की प्राप्ति स्वीकार करें।

भवदीय
बालकृष्ण चतुर्वेदी,
विशेष सचिव।

संख्या 3–1679/दस–80–909–79, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
सचिवालय के समस्त अनुभाग।
विधान परिषद् सचिवालय।
विधान सभा सचिवालय।

आज्ञा से,
राधा रमन सिकरौरिया
अनु सचिव।

संख्या सा-3-1156/दस-2001

प्रेषक,

श्री अज कुमार दर,
अपर,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष तथा
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

दिनांक, लखनऊ 6 अगस्त, 1981।

विषय—नई पारिवारिक पेंशन योजना, 1965 के अधीन पारिवारिक पेंशन की पात्रता—निकलांग तथा मानसिक रूप से विक्षिप्त संतानों को पारिवारिक पेंशन का विस्तरण।

महोदय,

मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासनादेश संख्या सी-2-963/दस-81-7-61, दिनांक 24 अगस्त, 1966 द्वारा लागू की गई और उसके बाद यथा संशोधित नई पारिवारिक पेंशन योजना, 1965 के अन्तर्गत पारिवारिक पेंशन मृत सरकारी कर्मचारी के परिवार में, एक समय में, निर्धारित क्रम में एक ही व्यक्ति को दी जा सकती है। यह निम्नलिखित क्रम में अनुक्रम होती है अर्थात् पहले विधवा/विधुर को, उसके बाद जीवित उत्तरजीवी अवयस्क पुत्र को और तत्पश्चात् जीवित उत्तरजीवी अविवाहित अवयस्क पुत्री को/विधुर की दशा में पेंशन मृत्यु या पुनर्विवाह, जो भी पहले हो, की तिथि तक दी जाती है, अवयस्क पुत्र की दशा में जब तक कि उसकी आयु 18 वर्ष की न हो जाय तथा अविवाहित पुत्री की दशा में 21 वर्ष की आयु या विवाह, जो भी पहले हो, तक पारिवारिक पेंशन अनुमन्य होती है।

2—यदा कदा यह देखने में आया है कि मृत सरकारी कर्मचारियों के परिवारों में ऐसे भी पुत्र अथवा पुत्री होते हैं जो शारीरिक रूप से अपंग अथवा विकलांग या मानसिक रूप से अशक्त अथवा विक्षिप्त होते हैं जिसके कारण वे 18 या 21 वर्ष, जो लागू हो, की आयु के बाद भी अपना जीविकोपार्जन करने के लिये असमर्थ होते हैं। ऐसे संतानों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए और उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय ने उक्त पारिवारिक पेंशन योजना में आंशिक संशोधन करते हुए यह आदेश प्रदान किये हैं कि यदि मृत सरकारी सेवक के परिवार में उसका कोई पुत्र अथवा पुत्री शारीरिक रूप से अपंग अथवा विकलांग हो या मानसिक रूप से अशक्त अथवा विक्षिप्त हो, जिसके कारण वह अपना जीविकोपार्जन करने में असमर्थ हो, तो उस पुत्र / पुत्री को उसके वयस्क हो जाने, अर्थात् पुत्र की दशा में 18 वर्ष और पुत्री की दशा में 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद भी, शासनादेश सी-2-750/दस-81-7-61, दिनांक 28 अगस्त, 1965 में निर्धारित शर्तों की पूर्ति होने पर आजीवन पारिवारिक पेंशन निम्नलिखित शर्तों के अधीन देय होगी :—

(1) पारिवारिक पेंशन के प्रयोजन के लिये संतान की केवल वह शारीरिक अथवा मानसिक अशक्तता विचार में ली जायेगी जो सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति अथवा सेवाकाल में उसकी मृत्यु से पहले प्रकट हुई हो।

(2) इन आदेशों के अन्तर्गत पारिवारिक पेंशन तभी देय होगी जब उसके लिये नियमावली/विधुर न हो और उसकी आजीविका अन्यों की अनुपूरक हो।

(3) यदि मृत सरकारी सेवक के परिवार में एक से अधिक पेंशन है तथा उनमें से एक शारीरिक रूप से विक्षिप्त / अशक्त अथवा मानसिक / विकलांग पुत्र / पुत्री है तो ऐसी दशा में पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने योजना के अन्तर्गत शासकीय आदेश, दिनांक 24 अगस्त, 1966 में निर्धारित क्रम में अवयस्क अन्यों को पुत्र तक देय होगी जब तक अधिक अवयस्क संतान, पुत्र होने की दशा में 18 वर्ष तथा पुत्री होने की दशा में 21 वर्ष की आयु में प्राप्त कर लें। उसके उपरान्त उक्त पारिवारिक पेंशन मानसिक रूप से विक्षिप्त/अशक्त या शारीरिक रूप से विकलांग अथवा अपंग पुत्र अथवा पुत्री को पुनः देय (reissuable) हो जायेगी। यह पेंशन आजीवन दी जायेगी।

(4) यदि मृत सरकारी सेवक के एक से अधिक ऐसे मानसिक रूप से अशक्त / विक्षिप्त अथवा विकलांग / अपंग पुत्र / पुत्री हैं तो पारिवारिक पेंशन की देयता निम्न क्रम में होगी:—

(क) पहले पुत्र को, और यदि एक से अधिक ऐसे पुत्र हैं तो आयु में ज्येष्ठ पुत्र को और उसके न रहने पर कनिष्ठ को मिलेगी।

(ख) ऐसा पुत्र न हो तब पुत्री को, और यदि मृत सरकारी सेवक के ऐसी एक से अधिक पुत्रियां हैं, तो आयु में ज्येष्ठ पुत्री को आजीवन मिलेगी तथा उसके जीवन काल के बाद कनिष्ठ पुत्री को देय होगी।

(5) मानसिक रूप से अक्षम/विक्षिप्त अथवा विकलांग / अपंग पुत्र अथवा पुत्री को पारिवारिक पेंशन उक्त प्रकार संरक्षक के माध्यम से दी जायेगी जैसे कि वह पुत्र / पुत्री अवयस्क हों ।

(6) पारिवारिक पेंशन स्वीकृति प्राधिकारी मृत सरकारी सेवक के ऐसे पुत्र अथवा पुत्री को आजीवन पारिवारिक पेंशन स्वीकृत करने से पूर्व इसकी सन्तुष्टि करेगा कि जिसे पारिवारिक पेंशन स्वीकृत की जा रही है उसकी मानसिक अक्षमता / विक्षिप्तता अथवा शारीरिक रूप से विकलांगता / अपंगता ऐसी है जिसके कारण वह अपना जीविकोपार्जन करने में असमर्थ है । इसकी पुष्टि में वह कार से कम मुख्य चिकित्साधिकारी या उसके समकक्ष चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करेगा जिसमें, जहाँ तक संभव हो, अन्धे की वास्तविक मानसिक अथवा शारीरिक स्थिति का उल्लेख किया गया हो ।

(7) मानसिक रूप से विक्षिप्त / विकलांग अथवा अपंग पुत्र / पुत्री की ओर से पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले संरक्षक को प्रत्येक तीन वर्ष पर कम से कम मुख्य चिकित्साधिकारी अथवा उसके समकक्ष चिकित्सा अधिकारी से यह प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा कि जिसके लिये पारिवारिक पेंशन प्राप्त की जा रही है, वह निरन्तर मानसिक रूप से अक्षमता / विक्षिप्तता अथवा शारीरिक विकलांगता / अपंगता से ग्रसित है ।

(8) ऐसे पुत्र अथवा पुत्री को प्राप्त होने वाली पारिवारिक पेंशन का भुगतान बन्द कर दिया जायेगा यदि वह जीविकोपार्जन प्रारम्भ कर देता / देती है । पुत्री की दशा में उसका विवाह हो जाने पर भी पारिवारिक पेंशन उसके विवाह की तिथि से बन्द कर दी जायगी ।

(9) उपर्युक्त प्रकार की पेंशन प्राप्त करने वाले संरक्षकों का यह दायित्व होगा कि वे अपने जोनाधिकारी अथवा बैंक, जैसी भी स्थिति हो, को यह प्रमाण-पत्र दें कि ऐसे पुत्र अथवा पुत्री ने अभी जीविकोपार्जन करना आरम्भ नहीं किया है तथा पुत्री की दशा में यह प्रमाण-पत्र भी देना होगा कि उसका विवाह अभी नहीं हुआ है ।

3---यह आदेश इस शासनादेश के जारी होने की तिथि से प्रभावी होंगे ।

आज्ञा से,

(रंजन कुमार दत्त)
अपर सचिव ।

संख्या सा-3---1155(1)/दस-2-81 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित---

1---महालेखाकार, प्रथम तथा तृतीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2---महालेखाकार, द्वितीय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
3---सचिव, विधान सभा / विधान परिषद, लखनऊ ।
4---सचिवालय के समस्त अनुभाग ।

आज्ञा से,

(श्रीमती रमेश सिकन्दीरेखा)
उप सचिव ।

संख्या सा–3–1608 / दस–909–79

प्रेषक,

श्री जे0एल0 बजाज,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ, दिनांक 24 अक्टूबर, 1981

विषय–सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों, जिनके विरूद्ध वैभागिक अथवा न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण / सतर्कता जाँच चल रही हो, को अनन्तिम पेंशन का भुगतान।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि राज्य सरकार के पेंशन नियमों में उदारीकरण करते हुए शासनादेश संख्या–सा–3–1679 / दस–80–909–79, दिनांक 28 अक्टूबर, 1980 में सेवानिवृत्त होने वाले ऐसे राज्य कर्मचारियों, जिनके विरूद्ध सेवानिवृत्ति के समय कोई विभागीय / न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण / सतर्कता जाँच चल रही हो, अथवा किया जाना अपेक्षित हो, को कतिपय शर्तों और उपबन्धों के अधीन अनन्तिम पेंशन का भुगतान अधिकृत किये जाने परन्तु डी0सी0आर0 ग्रेच्युटी की धनराशि का किसी भी दशा में भुगतान न किये जाने की व्यवस्था की गई थी। उक्त शासनादेश की व्यवस्था तात्कालिक प्रभाव अर्थात् दिनांक 28 अक्टूबर, 1980 से लागू की गई थी, अतएव दिनांक 28 अक्टूबर, 1980 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को ही उक्त शासनादेश का लाभ अनुमन्य था।

2– विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय ने सहर्ष आदेश प्रदान किये है कि निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन दिनांक 28 अक्टूबर, 1980 से पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारियों / कर्मचारियों को भी उक्त शासनादेश में दी गई सुविधायें दी जा सकेंगी –

(1) सामान्य रूप से ऐसे मामलों में ही अनन्तिम पेंशन स्वीकृति की जायेगी, जिनमें पूरी अथवा आंशिक ग्रेच्युटी की स्वीकृति नहीं दी गई है और भुगतान नहीं किया गया है।

(2) परन्तु ऐसे मामलों में भी शासनादेश दिनांक 28 अक्टूबर, 1980 का लाभ दिया जा सकेगा, जिनमें ग्रेच्युटी का आंशिक या पूरा भुगतान पहले ही किया जा चुका है और उक्त शासनादेश के अनुसार अनन्तिम पेंशन का भुगतान किये जाने से पूर्व ग्रेच्युटी की धनराशि एकमुश्त वापस कर देने के लिए संबंधित सेवानिवृत्त

प्रेषक,

जी०एल० बजाज,

'हरिकृपा'

प्रबन्धक

सेवा में,

4— कृपया इस शासनादेश की प्राप्ति स्वीकार करें।

हैसियत से प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/अनुशासनिक कार्यवाही अथवा जाँच आदि लम्बित न रहे।

इसके लिये प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/अनुशासनिक अधिकारी/प्रबन्धतन्त्र के पदाधिकारियों से 5 मई तक हर हालत में परिशिष्ट की अधिकारियों/प्राधिकारियों का यह दायित्व होगा कि वह अपने-अपने प्रभार में संबंधित प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/अनुशासनिक कार्यवाही आदि लम्बित न रहे। जाय और विभागीय कार्यवाही में जो संस्तुतियाँ की गयी हैं उनका पालन किया जाय। इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 5 मई तक हर हालत में प्राधिकारी को भेज दी जाय। यह भी निर्णय लिया गया है कि इस प्रकार के समस्त जाँच वाले लम्बित मामलों में जो संस्तुतियों के अनुपालन में विलम्ब न हो, यह भी निर्णय लिया गया है हो जाने से जाँच आदि में अनावश्यक विलम्ब न हो, यह भी निर्णय लिया गया है

3— इस सम्भावना को बचाने के उद्देश्य से कि अन्तरिम पेंशन का निर्णय अन्तिम पेंशन स्वीकार नहीं की जायेगी।

अधिकारी/कर्मचारी सहमत है। यदि वह उसे वापस करने को तैयार न हो, तो

संख्या-जी-3--1555/दस--909/79

प्रेषक,

श्री जगमोहन लाल बजाज,
वित्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख-
कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

दिनांक : लखनऊ : 30 सितम्बर, 1982 ।

विषय : सेवा निवृत्त सरकारी सेवकों, जिनके विरुद्ध सतर्कता जांच चल रही हो, को अनन्तिम पेंशन का भुगतान ।

महोदय,

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सेवानिवृत्त होने वाले ऐसे सरकारी सेवकों, जिनके विरुद्ध सेवा निवृत्ति के समय वैभागिक अथवा न्यायिक कार्यवाही अथवा सतर्कता / प्रशासनाधिकरण जांच चल रही हो अथवा किया जाना अपेक्षित हो, को नियमानुसार देय ग्रेचुइटी की सम्पूर्ण धनराशि रोक कर कतिपय शर्तों के अधीन अनन्तिम पेंशन का भुगतान किये जाने की व्यवस्था शासनादेश सं0 सा-3-1679/दस-80-909-79, दिनांक 28-10-1980 तथा सं0 सा0 3-1608/दस-909-79, दिनांक 24-10-1981 में की गई थी ।

2--उपरोक्त मामले पर पुनर्विचार करने पर यह पाया गया है कि सतर्कता जांच एक "फैक्ट फाइन्डिंग इन्क्वायरी" होती है, विभागीय कार्यवाही नहीं । यदि इस जांच के फलस्वरूप सरकारी सेवकों के विरुद्ध ऐसे तथ्य सम्मुख आते हैं जिसके लिये वैभागिक / न्यायिक कार्यवाही की आवश्यकता हो तो ऐसी कार्यवाही आरम्भ की जाती है । यदि सरकारी सेवक के सेवाकाल में उक्त कार्यवाही आरम्भ नहीं की जा सकी है तो सेवानिवृत्ति के बाद सी0 एस0 आर0 के अनुच्छेद 351-ए के अन्तर्गत ऐसी कार्यवाही केवल ऐसी घटनाओं के सम्बन्ध में ही आरम्भ की जा सकती है जो कार्यवाही आरम्भ करने की तिथि से पूर्व की 4 वर्ष की अवधि के अन्दर घटित हुई हों । उक्त नियम में प्राविधान है कि वैभागिक / न्यायिक कार्यवाही के फलस्वरूप दोषी पाये गये सरकारी सेवक की पूरी अथवा आंशिक पेंशन स्थाई रूप से या निर्धारित अवधि तक रोकी या अपहरित की जा सकती है या यदि स्वीकृत हो गई हो तो वापस ली जा सकती है अथवा शासन को हुई आर्थिक हानि की उससे वसूली की जा सकती है । इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सतर्कता जांच या अन्य किसी फैक्ट फाइन्डिंग जांच के मामलों में पेंशन स्वीकृत कर देने के बाद भी दोषी सेवकों की पेंशन रोकने, कम करने, समाप्त करने तथा हानि की वसूली कराने का शासन का अधिकार सी0 एस0 आर0 के अनुच्छेद 351-ए में वर्णित प्रतिबन्धों के अधीन बना रहता है किन्तु सतर्कता जांच के दौरान अंतिम पेंशन / ग्रेचुइटी का भुगतान रोकने से सेवा निवृत्त कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।

3--वर्णित परिस्थितियों में उपरोक्त शासनादेश दिनांक 28-10-1980 तथा दिनांक 24-10-1981 का, आंशिक संशोधन करते हुये शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उनमें निहित आदेश सतर्कता जांच के मामलों में लागू न किये जायेंगे और सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की पेंशन / ग्रेचुइटी का भुगतान इस आधार पर न रोका जाय कि उनके विरुद्ध सतर्कता जांच चल रही है । विभागीय/न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण जांच के मामलों में अनन्तिम पेंशन स्वीकृत करने तथा ग्रेचुइटी की सम्पूर्ण धनराशि रोके रखने की व्यवस्था पूर्व की भाँति बनी रहेगी ।

4--उपर्युक्त व्यवस्था से सम्बन्धित नियम, संशोधित माने जायेंगे और औपचारिक संशोधन यथासमय अलग से किये जायेंगे ।

5--कृपया इस शासनादेश की प्राप्ति स्वीकार की जाय ।

भवदीय,
जगमोहन लाल बजाज,
वित्त सचिव ।

संख्या जी-3-1555 (1) / दस-909/79

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1--महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2--सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
3--विधान सभा / विधान परिषद् सचिवालय ।

आज्ञा से,
वसन्त लाल शाह,
संयुक्त सचिव ।

पी0एस0यू0ओ0--ए0 पी0 39 सा0 (भाग)--13-10-82--(2266)--1982--10,000 (सेट0) ।



संख्या सा-3-533/दस-983/79

प्रेषक,

जे0 एस0 बजाज,
वित्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांक 16 मई, 1983 ।

विषय—दो पेंशन—सेवित पेंशन तथा पारिवारिक पेंशन—प्राप्तकर्ताओं को राहत का भुगतान ।

महोदय,

शासन में यह प्रश्न विचाराधीन रहा है कि यदि कोई सेवानिवृत्त सरकारी सेवक दो पेंशनें प्राप्त कर रहा है, अर्थात् एक अपनी सेवा के आधार पर सेवा पेंशन तथा दूसरी अपने पति/पत्नी, जो सरकारी सेवक रहा/रही हो, की मृत्यु हो जाने के परिणामस्वरूप पारिवारिक पेंशन, तो ऐसे मामलों में राहत किस प्रकार देय होगी, अर्थात् दोनों पेंशनों की धनराशियों के योग पर राहत आगणित की जावेगी अथवा अलग-अलग आगणित की जावेगी । मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त विषय पर भलीभांति विचारोपरान्त शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त प्रकार के मामलों में राहत की गणना दोनों पेंशनों, अर्थात् सेवा पेंशन तथा पारिवारिक पेंशन की धनराशि के योग पर की जायगी । राहत की गणना हेतु यह देखा जावेगा कि श्रेणी के हिसाब से सेवा पेंशन पर अनुमन्य राहत की दर तथा पारिवारिक पेंशन पर अनुमन्य राहत की दर में से जो अधिक हो, उस दर से पेंशनों के योग पर राहत देय होगी जिससे पेंशनर को हानि न हो ।

[कृ0पृ0उ0

ए० एस० ओ० नं० ए०—५० एन० 12 आर० ओ० 1-9-83-(288)-1983-10,000 (हिन्दी)।

संख्या सी-3-1797/दस--84(1)/84

प्रेषक,

डा० जे० पी० सिंह,
वित्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊः दिनांक 13 फरवरी, 1985

विषय :--पेंशन और मृत्यु तथा सेवानिवृत्ति आनुतोषिक की अदायगी में होने वाले विलम्ब को दूर करने के उद्देश्य से कार्य विधि का सरलीकरण।

महोदय,

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

उपर्युक्त विषय पर शासनादेश संख्या सा-3-2085/दस--907-76, दिनांक 13 दिसम्बर, 1977 के पैरा 7 (ग) में यह प्राविधान किया गया था कि पैरा 7(क) तथा (ख) के अनुसार स्वीकृत की जाने वाली अनन्तिम पेंशन का भुगतान 12 माह तक की अवधि के लिये किया जा सकेगा और यदि 12 माह की अवधि में पेंशन एवं ग्रेच्युटी अन्तिम रूप से निर्धारित न किये जा सके हों, तो 12 माह की अवधि की समाप्ति पर, अनन्तिम रूप से स्वीकृत की गई पेंशन अन्तिम रूप से स्वीकृत की गई मान ली जायेगी और महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा भी पेंशन तथा आनुतोषिक के अन्तिम भुगतानादेश तदनुसार अधिकृत किये जायेंगे। तदुपरान्त शासनादेश संख्या सा-3-1004/दस--907-78, दिनांक 11 जुलाई, 1978 के प्रस्तर-2 में यह प्राविधान कर दिया गया कि अनन्तिम पेंशन के भुगतान की अवधि 12 माह के बजाय 6 माह ही रहेगी तथा ग्रेच्युटी की धनराशि से 10 प्रतिशत अथवा 1,000 रु० जो भी कम हो, की कटौती को 6 माह की अवधि तक ही रोका जायेगा और यदि इस अवधि में कोई डेथ रिपोर्ट प्राप्त न हो तो रोकी गई धनराशि का 6 माह की समाप्ति पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को भुगतान कर दिया जायेगा।

2--इस प्रकार उपरोक्त प्राविधान के अनुसार जब कि ग्रेच्युटी के अनन्तिम तथा अन्तिम भुगतान में कोई कठिनाई नहीं है, यह अनुभव किया जा रहा है कि अनन्तिम पेंशन के भुगतान हेतु निर्धारित 6 माह की अवधि के समाप्त होने के बाद भी महालेखाकार के स्तर से अन्तिम पेंशन निर्धारित नहीं हो पा रही है और 6 माह की अवधि के बाद अनन्तिम पेंशन भी बन्द हो जाने के कारण सरकारी सेवक को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वर्णित परिस्थितियों में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि शासनादेश संख्या सा-3-1004/दस-907-76, दिनांक 11 जुलाई, 1978 के प्रस्तर-2 में उल्लिखित 6 माह सम्बन्धी व्यवस्था को इस सीमा तक संशोधित कर दिया जाये कि विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, सेवा निवृत्ति के बाद 6 माह की अवधि समाप्त होने पर, महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा अन्तिम रूप से पेंशन निर्धारित न किये जाने की दशा में, 6 माह की अवधि के लिये अतेतर अनन्तिम पेंशन और स्वीकृत कर दें। यदि उपर्युक्त 12 माह की अवधि में भी महालेखाकार से अन्तिम रूप से पेंशन निर्धारित न हो तो विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष उक्त अवधि को बढ़ाने के लिये अपने प्रशासकीय विभाग को प्रस्ताव संदर्भित करें जो उसे पुनः 6 माह की अवधि के लिये बढ़ा सकते हैं। प्रशासकीय विभाग की यह जिम्मेदारी होगी कि वे अनन्तिम पेंशन की अवधि के इस प्रकार बढ़ाये जाने के पूर्व इससे आश्वस्त हो जायें कि सेवानिवृत्त सरकारी सेवक को अन्तिम पेंशन निर्धारित किये जाने की प्रक्रिया में होने वाले विलम्ब में विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष दोषी नहीं हैं और यदि दोषी हैं तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही भी करने का कष्ट करें। प्रत्येक दशा में विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष इस बात के लिये सतत प्रयत्नशील रहें कि सेवानिवृत्त सरकारी सेवक की पेंशन अन्तिम रूप से शीघ्रातिशीघ्र निर्धारित हो जाये। सम्बन्धित नियमों में संशोधन की कार्यवाही अलग से की जायेगी।

भवदीय,

डा० जे० पी० सिंह,
वित्त सचिव।

2

संख्या सा-3-1797(1)/दस-921-84, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) समस्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
(2) महालेखाकार द्वितीय (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
(3) विधान सभा/विधान परिषद् सचिवालय ।
(4) राज्यपाल सचिवालय ।
(5) सचिवालय के समस्त अनुभाग ।

आज्ञा से,

वेद प्रकाश अग्रवाल,
संयुक्त सचिव ।

पी०एस०एम०पी०-ए० पी० 42 सा० भाषा--15-3-85(4001)-1985--10,000 (प्रो०) ।

उत्तर प्रदेश सरकार
वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

सं0 सा-3-1152/दस-915-89
लखनऊ, दिनांक 1 जुलाई, 1989

कार्यालय ज्ञाप

विषय:-अस्थायी सरकारी सेवकों की सेवा निवृत्ति/मृत्यु पर पेंशनरी लाभों की अनुमन्यता ।

उपर्युक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 368 की व्यवस्था के अनुसार राज्य सरकार के अन्तर्गत की गयी सेवा पेंशन हेतु तब तक अर्ह नहीं मानी जाती है जब तक कि सरकारी सेवक किसी पद पर स्थायी न हो गया हो । सरकारी सेवकों के यथासमय स्थायीकरण किये जाने हेतु शासन के विद्यमान आदेशों के बावजूद कुछ मामलों में प्रक्रिया संबंधी अपेक्षायें पूरी न हो पाने के कारण संबंधित कर्मचारी स्थायी हुए बिना ही अधिवर्षता पर सेवा निवृत्त हो जाते हैं जिससे उन्हें पेंशनीय लाभ अनुमन्य नहीं हो पाते हैं ।

2-उपरोक्तानुसार अस्थायी रहते हुए सेवा निवृत्त हो जाने के कारण सरकारी सेवकों को होने वाली कठिनाईयों को दूर किये जाने का प्रश्न काफी समय से शासन के विचाराधीन रहा है और सम्यक विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय ने सहर्ष यह आदेश प्रदान किये हैं कि ऐसे सरकारी सेवकों को जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो, अधिवर्षता पर सेवा निवृत्त होने अथवा सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आगे सेवा करने हेतु अशक्त घोषित कर दिये जाने पर अधिवर्षता/अशक्तता पेंशन सेवा निवृत्ति ग्रेच्युटी तथा पारिवारिक पेंशन उसी प्रकार एवं उन्हीं दरों पर देय होगी जैसी कि स्थायी कर्मचारियों को उन्हीं परिस्थितियों में मूल नियमों के अन्तर्गत अनुमन्य होती है ।

3-यह व्यवस्था उन मामलों में भी लागू होगी जहां अस्थायी रहते हुए 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने अथवा 45 वर्ष की आयु पूर्ण करने, जो भी पहले हो, के उपरान्त मूल नियम 56 के अन्तर्गत स्वेच्छया सेवा निवृत्त होने की अनुमति प्रदान की गयी हो ।

4-यह आदेश 1-6-89 से लागू माने जायेंगे । उक्त दिनांक से पूर्व अस्थायी रहते हुए अधिवर्षता/अशक्तता पर अथवा स्वेच्छया सेवा निवृत्त हो चुके ऐसे कर्मचारियों के मामलों में जो उक्त दिनांक को जीवित हों, संगत व्यवस्थाओं के अन्तर्गत मिल चुकी ग्रेच्युटी, चाहे कोई हो, का कोई पुनरीक्षण नहीं किया जायगा । किन्तु मामलों में, संगत नियमों के अन्तर्गत, कोई ग्रेच्युटी अनुमन्य नहीं थी उनमें इस कार्यालय ज्ञाप के अन्तर्गत कोई ग्रेच्युटी अनुमन्य नहीं होगी । ऐसे सरकारी सेवकों की जो अस्थायी रहते हुए दिनांक 1-6-89 के पूर्व सेवा निवृत्त हो चुके थे और जिन्हें उसके कारण कोई पेंशन अनुमन्य नहीं हुई थी, दिनांक 1-6-89 से सेवा निवृत्ति के पूर्व की अधिकतम दस मास की अर्जित परिलब्धियों (दिनांक 1-1-86 के पूर्व सेवा निवृत्त कर्मचारियों के मामलों में अर्जित परिलब्धियों का आशय उस वेतन से है जो इन्हें मूल नियम 9(21) के अन्तर्गत मिल रहा था तथा 1-1-86 अथवा उसके उपरान्त के मामलों में परिलब्धियों का आशय उस वेतन से है जो मूल नियम 9(21) (1) में परिभाषित हो) के 50 प्रतिशत की दर से उस दशा में पेंशन अनुमन्य होगी जब सेवा निवृत्ति के पूर्व उन्होंने 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर ली हो । यदि अर्हकारी सेवा 33 वर्ष से कम रही हो तो पेंशन उसी अनुपात में कम हो जायेगी । इस प्रकार अगणित ऐसे कर्मचारियों की पेंशनों को जो दिनांक 1-1-86 के पूर्व सेवा निवृत्त हो चुके थे वित्त (विशेष) द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या सा-4-1120/दस-87-301-1087 दिनांक 28-7-87 के रेडी रेकनरर्स भाग-1 एवं भाग-2 जैसी स्थिति हो के अनुसार 608 मूल्य सूचकांक के बराबर पड़ने वाले राहत का लाभ देते हुए पुनरीक्षित कर लिया जायेगा और दिनांक 1-6-89 से पुनरीक्षित बकाया का भुगतान किया जायगा ।

5—इस कार्यालय ज्ञाप के अन्तर्गत पेंशन का किसी ऐसे कर्मचारी को अधिकरण अनुमन्य नहीं होगा जो 31-5-1974 अथवा उसके पूर्व सेवा निवृत्त हुआ हो। यदि इस कार्यालय ज्ञाप के अन्तर्गत किसी ऐसे कर्मचारी को पेंशन दी जाय जो 31-5-1974 के उपरान्त सेवा निवृत्त हुआ हो तो इसे 1-6-80 के उपरान्त अगली जन्म तिथि के समय उसकी आयु के समरूप हो पर मूल पेंशन की गणना पर अधिकरण अनुपन्य होगा और उसकी पेंशन से कम की गयी गणना उसकी वास्तविक सेवा निवृत्ति के दिनांक के 15 वर्ष के बाद रेस्टोर कर दी जायेगी।

6—दिनांक 1-6-1980 अथवा उसके बाद सेवा निवृत्त/मृत्यु के जिन मामलों में उपर्युक्त व्यवस्था का लाभ दिया जायगा, उनमें कार्मिक अनुभाग-1 के आदेश संख्या 19/8/1980 कार्मिक-1 दिनांक 29-4-80 के अन्तर्गत आनुतोषिक का लाभ देय नहीं होगा।

आज्ञा से,

विजय कृष्ण लवसेना,

प्रमुख सचिव।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं

प्रमुख कार्यपालकाधिकारी,

उत्तर प्रदेश।

इसलिए कि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1—मंत्रिमण्डल के समस्त माननीय।

2—सचिव, विधान सभा/विधान परिषद् सचिवालय।

3—राज्यपाल सचिवालय।

4—मुख्य सेवा अधिकारी, विभाग।

5—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

5—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

6—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

7—निर्धारित सूची के अनुसार पेंशन संघों को।

8—निदेशक पेंशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

वेद प्रकाश अग्रवाल,

संयुक्त सचिव।

पी.एस.यू./ए.पी. 6 सा. भाषा—21-7-89-(1345)-1989-10,000 (सेंग.)।

संख्या सा-3-1713/दस-87-933/89

प्रेषक,

श्री वी0के0 सक्सेना,
प्रमुख सचिव, वित्त विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांक जुलाई 28, 1989

विषय : अधिवर्षिता पेन्शन, पारिवारिक पेन्शन, मृत्यु/सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी तथा राशिकरण की स्वीकृति की अदायगी में होने वाले विलम्ब को दूर करने हेतु वर्तमान कार्यप्रणाली का सरलीकरण।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर शासनादेश संख्या सा-3-2005/दस-907-76 दिनांक 13-12-77 द्वारा पेन्शन के मामलों को अंतिम रूप देने में होने वाले अनेक प्रकार के विलम्बों में कमी लाने के उद्देश्य से विस्तृत आदेश निर्गत किये गये थे। तदुपरान्त अनेक अन्य आदेशों के द्वारा प्रक्रिया में और अधिक सरलीकरण लाने का प्रयास किया गया है किन्तु अब भी अनेक मामलों में कार्यालयाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों के स्तर पर पेन्शन प्रस्तावों को प्रेषित करने में विभिन्न कारणों से काफी विलम्ब किया जाता है जिसकी वजह से अनेक पेन्शन के मामलों में सेवानिवृत्ति के दिनांक के तत्काल बाद सेवानिवृत्त व्यक्ति को पेन्शन तथा अन्य देय प्राप्त नहीं हो पाते हैं। पूर्व निर्गत शासनादेशों के उपरान्त राज्य सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम यह उठाया गया है कि पेन्शन प्राधिकार पत्रों के निर्गमन का कार्य महालेखाकार के स्थान पर अब 14 विभागों के लिए विभागीय मुख्य लेखा अधिकारियों द्वारा तथा शेष विभागों के लिए निदेशक पेन्शन द्वारा किया जा रहा है। पेन्शन देयों की अदायगी में होने वाले विलम्ब को दूर करने के प्रश्न पर पुनः सम्यक रूप से विचार करने तथा प्रक्रिया का सरलीकरण करने के उपरान्त यह अपेक्षा की जाती है कि अब समस्त सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की पेन्शन का भुगतान सेवानिवृत्ति के अगले माह के बाद पहली तारीख को तथा अन्य सभी देयों का भुगतान सेवानिवृत्ति के बाद की पहली तारीख को कर दिया जाय। पेन्शन देयों के भुगतान हेतु आवश्यक पेन्शन प्रस्तावों की तैयारी में विभिन्न कार्यालयाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों के समक्ष जो कठिनाइयाँ समय-समय पर आती हैं उनकी ओर शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया है। अतः उन समस्याओं के सम्बन्ध में सम्यक रूप से विचार करने के उपरान्त राज्यपाल महोदय आदेश देते हैं कि अब पेन्शन प्रस्तावों के बनाने में निम्न सरलीकृत प्रक्रिया अपनायी जाय :-

(2) पेन्शन प्रपत्र

इस राज्य में सम्प्रति लगभग 18 पेन्शन प्रपत्र प्रचलन में हैं। चूंकि सम्बन्धित सरकारी सेवक तथा कार्यालयाध्यक्ष द्वारा पेन्शन तथा अन्य देयों की स्वीकृति हेतु की जाने वाली तैयारी में

अनेकानेक पेन्शन प्रपत्रों को तैयार करना पड़ता है अतः सम्बन्धित सरकारी सेवकों एवं कार्यालयाध्यक्षों की सुविधा हेतु अब एक नया "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" संलग्नक-1 बनाया गया है जिसे पूर्व निर्धारित प्रपत्रों के स्थान पर प्रयोग में लाया जायेगा। यह पेन्शन प्रपत्र हर जिले में कोषाधिकारी द्वारा कार्यालयाध्यक्षों को निर्गत किया जायेगा। यह प्रस्ताव किया जायेगा कि "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" की छपाई हेतु राजकीय मुद्रणालय से कहा जाये और वांछित प्रतियाँ प्रत्येक कोषागार पर शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध करा दी जाँय लेकिन जब तक राजकीय मुद्रणालय के माध्यम से "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" की वांछित प्रतियाँ प्राप्त न हो जाँय तब तक समस्त कार्यालयाध्यक्षों को यह निर्देश दिये जाते हैं कि अपने स्तर पर इनकी वांछित प्रतिलिपियाँ टंकित करा लें और इन्हें उपयोग में लायें। प्रत्येक मामले में "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" की दो प्रतियाँ तैयार की जायेंगी जिनमें से प्रथम प्रति स्वीकृति हेतु पेन्शन स्वीकर्ता अधिकारी के पास भेज दी जायेगी तथा द्वितीय प्रति कार्यालयाध्यक्ष के कार्यालय में रहेगी। ऐसे मामलों में जहाँ पेन्शनर प्रदेश के बाहर किसी अन्य प्रदेश में पेन्शन प्राप्त करना चाहते हों तो उन्हें "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" की दो अतिरिक्त प्रतियाँ और प्रस्तुत करनी होंगी जिन्हें स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया जायेगा। स्वीकर्ता अधिकारी के माध्यम से प्राप्त ऐसे "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" की एक प्रति को महालेखाकार अपनी स्पेशल लीव अथारिटी के साथ सम्बन्धित महालेखाकार को प्रेषित कर देंगे तथा दूसरी प्रति अपने अभिलेखों में रखेंगे।

(3) पेन्शन प्रपत्र का अग्रसारण

(क) उपरिलिखित शासनादेश दिनांक 13-12-1977 द्वारा राज्य सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय संशोधित किया गया था कि भविष्य में विभागाध्यक्ष/नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा पेन्शन की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। इस आदेश के बावजूद अब भी अनेक अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत सरकारी सेवकों के पेन्शन प्रपत्र विभागाध्यक्षों/नियुक्ति प्राधिकारियों के माध्यम से प्रेषित करते हैं। पेन्शन प्रपत्रों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि पेन्शन प्रपत्रों के विभागाध्यक्ष/नियुक्ति प्राधिकारी के माध्यम से भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है और पेन्शन प्रपत्रों को केवल कार्यालयाध्यक्ष द्वारा ही पेन्शन स्वीकर्ता अधिकारी को भेज देना पर्याप्त होगा। कार्यालयाध्यक्ष के स्वयं के मामले में पेन्शन प्रपत्र उनके अगले उच्च अधिकारी के माध्यम से अग्रसारित किये जायेंगे और वे ही उनकी सेवानिवृत्ति के दो वर्ष पूर्व पेन्शन प्रपत्रों की तैयारी के सम्बन्ध में कार्यवाही प्रारम्भ करेंगे। जो अधिकारी अन्य विभागों में तथा सार्वजनिक उपक्रमों आदि में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं उनके पेन्शन प्रपत्र उनके मूलक विभाग के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे।

(ख) सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 912(ई) में यह प्रावधान है कि जब कोई सरकारी सेवक सेवानिवृत्त हो तो उसकी वास्तविक सेवानिवृत्ति के दिनांक के एक सप्ताह के भीतर सरकारी गजट में अधिसूचना जारी की जायेगी तथा उसकी एक प्रतिलिपि तत्काल महालेखाकार को दे दी जायेगी। इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि उपरोक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष अथवा कार्यालयाध्यक्ष प्रत्येक वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल को अपने अधीनस्थ ऐसे समस्त

अधिकारियों/कर्मचारियों की, जो अगले वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले हों, सूचियां बनवाकर एक कार्यालय आदेश जारी करेंगे जिसकी प्रतिलिपि सम्बन्धित मुख्य लेखाधिकारी को अथवा पेन्शन निदेशालय को प्रेषित की जायेगी।

(५) सेवा पुस्तिका का पूरा किया जाना

(क) उपरिलिखित ज्ञापनादेश दिनांक 13 दिसम्बर, 1977 में प्रावधानित है कि प्रत्येक मामले की तैयारी हेतु आवश्यक कार्यवाही कार्यालयाध्यक्ष के स्तर पर सेवानिवृत्ति के दो वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया जाना अनिवार्य है। पुनश्च 16 मास की अवधि में सर्वप्रथम सेवापुस्तिका को पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में राज्यपाल महोदय ने आदेश दिये हैं कि उपर्युक्त 16 मास की अवधि में प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष (कार्यालयाध्यक्ष के स्वयं के मामले में उसके अगले उच्च अधिकारी तथा प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सरकारी सेवकों के मामले में उनके पैतृक विभाग) सेवापुस्तिका का परीक्षण करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवापुस्तिका में किसी प्रकार का कोई व्यवधान आदि तो नहीं है और सेवापुस्तिका में पूर्ण सेवा सत्यापित है अथवा नहीं। सेवापुस्तिका के सत्यापन से अभिप्राय सेवा पुस्तिका में दर्शायी गयी उस अवधि के सेवा के सत्यापन से है जो वास्तव में सरकारी सेवा के रूप में व्यतीत की गयी हो और उसका सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा वेतन बिल रजिस्टर आदि देखकर सत्यापन कर लिया गया हो। यदि कोई अवधि असत्यापित छूट गयी है तो सर्वप्रथम कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उस अवधि का सत्यापन वेतन बिल रजिस्टर आदि देखकर किया जायेगा और यदि सम्बन्धित सरकारी सेवक उस अवधि में किसी और कार्यालय में कार्यरत रहा हो तो उस अवधि का सत्यापन उस कार्यालय से करवा लिया जायेगा। यदि सेवा अवधि का कोई अंश उपरोक्तानुसार सत्यापित किया जाना सम्भव न हो तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष उपर्युक्त उच्च अधिकारी अथवा पैतृक विभाग का यह दायित्व होगा कि वह सम्बन्धित सरकारी सेवक से जो भी साक्ष्य उसके पास उपलब्ध हो प्राप्त करके एक शपथपत्र इस आशय का प्राप्त कर ले कि उसने सम्बन्धित अवधि में राजकीय सेवा की है और ऐसे शपथपत्र के आधार पर सेवा सत्यापित कर देगा। यदि यह कार्यवाही सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व पूरी न हो पाये तो यह मानते हुये कि इसमें सरकारी सेवक का कोई दोष नहीं है सम्बन्धित अवधि को पेंशन योग्य मानते हुये पेंशन प्रपत्रों को पूर्ण कर लिया जायेगा। उपर्युक्त तथ्यों अन्य निम्नलिखित विभिन्न मदों के लिये सरलीकृत प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त पेंशन प्रपत्रों को सेवानिवृत्ति के ठीक 6 माह पूर्व निश्चित रूप से स्वीकर्ता अधिकारी को प्रेषित कर दिया जायेगा।

(ख) यदि सम्बन्धित अवधि में सरकारी सेवक राजकीय सेवा पर न होकर किसी सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत रहा है तो कार्यालयाध्यक्ष अथवा उसका पैतृक विभाग यह देखेगा कि सम्बन्धित उपक्रम से सरकारी कर्मधारी का प्रदत्तगत अवधि का पेन्शनरी अंशदान प्राप्त हुआ है अथवा नहीं। इस हेतु वह अपने अभिलेख तथा सम्बन्धित उपक्रम से जानकारी करने के अतिरिक्त सम्बन्धित सरकारी सेवक से भी साक्ष्य मांगेगा। किन्तु इसके कारण पेंशन प्रपत्रों के बनाने तथा उनके स्वीकर्ता अधिकारी को भेजने में कोई विलम्ब नहीं किया जायेगा और निर्धारित समयसारणी के अनुसार पेन्शन प्रपत्र स्वीकर्ता अधिकारी को भेज दिये जायेंगे। साथ ही कार्यालयाध्यक्ष, उच्च अधिकारी अथवा पैतृक

विभाग द्वारा इस हेतु भी प्रयास जारी रखे जायेंगे कि सम्बन्धित अधिकारी से पेंशनरी अभिदान यथाशीघ्र प्राप्त हो जाय। इस सम्बन्ध में यह भी निर्णय किया गया है कि ऐसे सरकारी सेवकों के सम्बन्ध में जिन्हें राज्य सरकार से केन्द्रीय सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार से राज्य सरकार में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया हो, ऐसा पेंशनरी अभिदान भेजने की अथवा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। उपरोक्त कार्यवाही के उपरान्त सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष प्रत्यागत अवधि को पेंशन हेतु मानते हुये उसका सेवा पुस्तिका में उल्लेख कर देगा और पेंशन प्रपत्र अनुसारित कर देगा।

(ग) यदि किसी सरकारी सेवक की सेवापुस्तिका खो गयी हो तो कार्यालयाध्यक्ष के लिये पेंशन प्रपत्रों की तैयारी के लिये उपलब्ध प्रमाण 16 मार्च में यह सम्भव होना चाहिये कि वेतन बिल रजिस्टरों आदि के आधार पर सेवापुस्तिका पुनर्निर्मित कर ली किन्तु यदि पूर्ण सेवा अथवा कुछ भाग उपरोक्तानुसार पुनर्निर्मित अथवा अथवा पुनः सत्यापित कर पाना सम्भव न हो पाय तो सरकारी सेवक से इस आशय का शपथपत्र लेकर अर्हकारी सेवा का अनुमान कर लिया जायेगा कि सरकारी सेवक ने सम्बन्धित अवधि में किस पद पर सेवा की है।

(घ) यदि सेवापुस्तिका में उपरोक्त के अतिरिक्त कोई और त्रुटियाँ/कमियाँ आदि दृष्टिगोचर हों जिनका अर्हकारी सेवा पर सीधा प्रभाव पड़ता हो तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उस प्रकार की त्रुटियों/कमियों को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। उदाहरणार्थ यदि कोई सरकारी सेवक निलम्बित रहा हो और सेवा पुस्तिका में यह उल्लेख न हो कि निलम्बन की अवधि को अर्हकारी सेवा नहीं माना जायेगा तो कार्यालयाध्यक्ष का यह कर्तव्य होगा कि वह उसके विषय में सेवा में पुनर्स्थापन के आदेश देखकर यह सुनिश्चित कर ले कि सम्बन्धित अधि अर्हकारी द्वारा निलम्बन की अवधि को अर्हकारी सेवा मानने के आदेश दिये गये थे अथवा नहीं। यदि ऐसी अवधि को अर्हकारी सेवा न मानने के स्पष्ट आदेश न हों अथवा पुनर्स्थापन के आदेश उपलब्ध न हों तो ऐसी अवधि को अर्हकारी सेवा स्वतः मान लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त सेवापुस्तिका में किसी अन्य प्रकार की त्रुटियाँ अथवा कमियाँ दृष्टिगोचर हों जो उपरोक्त विधि के अनुसार सत्यापित न की जा सकें तो ऐसी अवधि के सम्बन्ध में सत्यापन की औपचारिकता को समाप्त मानते हुये ऐसी अवधि को छोड़कर शेष अवधि को अर्हकारी सेवा मान लिया जायेगा और तदनुसार सेवापुस्तिका पूर्ण कर ली जायेगी।

(ङ) सेवापुस्तिका में सम्बन्धित सरकारी सेवक की जन्मतिथि की प्रविष्टि के सम्बन्ध में अन्तिम बार कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या 41/2/69-कार्मिक-2, दिनांक 7 जून, 1980 द्वारा यह आदेश जारी किये गये थे कि किसी सरकारी सेवक की जन्मतिथि सेवा में प्रवेश के समय हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र में उल्लिखित तिथि मानी जायेगी किन्तु यदि सरकारी सेवक ने ऐसी परीक्षा उत्तीर्ण ही न की हो अथवा सेवा प्रारम्भ करने के बाद उत्तीर्ण की हो तो जन्मतिथि नहीं मानी जायेगी जो सेवा प्रारम्भ करने के दिनांक को सेवापुस्तिका में अभिलिखित की गयी हो और ऐसे दिनांक को शुद्ध करने के बारे में कोई आवेदन अथवा अभ्यावेदन किसी भी परिस्थिति में ग्रहण नहीं किया जायेगा।

शासनादेश संख्या 41/2/69/वित्त(3) दिनांक 20 अगस्त, 1971 में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी सरकारी सेवक की सही जन्मतिथि की जानकारी न होकर केवल वर्ष की जानकारी हो तो उसकी जन्मतिथि सम्बन्धित वर्ष की पहली जुलाई मानकर उसे 30 जून को सेवानिवृत्त कर दिया जायेगा और यदि वर्ष के अतिरिक्त माह की भी जानकारी हो तो सम्बन्धित माह की 16 तारीख मानकर उस माह की अन्तिम तिथि को सेवानिवृत्त कर दिया जायेगा।

इस शासनादेश के द्वारा उपरोक्त व्यवस्था में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं है अतः जन्मतिथि के सम्बन्ध में सभी कार्यालयाध्यक्ष उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार ही कार्यवाही करेंगे।

(ब) सेवा में व्यवधान का प्रभाव:

1- निम्न परिस्थितियों को छोड़कर एक सरकारी सेवक की सेवा में व्यवधान के कारण उसकी पूर्व सेवा समाप्त हो जाती है:-

(1) ऐसी अनुपस्थिति जिसका अवकाश प्रतिभूत कर दिया गया हो,

(2) असाधारण अनुपस्थिति जो स्वीकृत अवकाश की विस्तारता में हुई हो, बशर्ते कि सम्बन्धित पद को स्थायी रूप से भर न दिया गया हो,

(3) निलम्बन, यदि ऐसे निलम्बन की समाप्ति पर सरकारी सेवक को उसी पद पर अथवा किसी अन्य पद पर पुनर्स्थापित कर दिया गया हो अथवा जिस सरकारी सेवक की मृत्यु हो गयी हो अथवा सरकारी सेवक को निलम्बन की अवधि में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया हो अथवा सेवानिवृत्ति हेतु अनुमति प्रदान कर दी गयी हो,

(4) सरकारी सेवक की जानकारी में लाकर प्राधिकारी द्वारा किसी ऐसे अधिकरण में नियुक्त कर दिया गया हो जो सरकारी सेवा में न आता हो,

(5) एक पद से दूसरे पद पर हुए स्थानान्तरण के फलस्वरूप लिया गया कार्यभार ग्रहण काल।

2- उपरोक्त प्राधिकारों के अतिरिक्त नियुक्ति प्राधिकारी किसी अवधारण को ऐसी अनुपस्थिति की अवधियों को असाधारण अवकाश में पूर्वव्यापी तिथि से परिवर्तित कर सकते हैं और ऐसी दशा में असाधारण अवकाश से पूर्व की सेवा अवधि को अर्हकारी सेवा माना जा सकता है।

(ब) अवकाश का प्रभाव:

सिविल सर्विस रेगुलेशन के अनुच्छेद 400, 419वीं तथा 407 के अन्तर्गत अर्जित अवकाश की अवधि अर्हकारी सेवा मानी जाती है किन्तु यदि सेवाकाल में कुछ अवधि असाधारण अवकाश अथवा बिना वेतन की हो तो उसे अर्हकारी सेवा में सम्मिलित नहीं माना जायेगा जब तक असाधारण अवकाश निम्न कारणों के आधार पर स्वीकृत न किया गया हो:-

(1) सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिये गये चिकित्सा प्रमाणपत्र के आधार पर,

(2) नागरिक अशान्ति के कारण ड्यूटी पर आने अथवा पुनः आने में असमर्थता के कारण,

(3) उच्च तकनीकी और वैज्ञानिक अध्ययनों में अनुशीलन के कारण,

(4) अन्य आधारों पर लिया गया असाधारण अवकाश अर्हकारी सेवा नहीं माना जायेगा और उस अवधि के सम्बन्ध में सेवापुस्तिका में तदनुसार प्रविष्टि कर दी जायेगी।

(ज) व्यवधानों का मर्जण:

सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 422 के अनुसार यदि सेवा की दो अवधियों के मध्य उत्पन्न हुए व्यवधान/व्यवधानों का मर्जण नहीं किया गया है तो व्यवधान से पूर्व की सेवा अवधि अर्हकारी सेवा नहीं मानी जाती है। इस सम्बन्ध में उपरिलिखित शासनादेश दिनांक 13-12-77 में यह निर्णय लिया गया है कि सेवा अभिलेख में कोई विशेष संकेत न होने पर राज्य सरकार के अन्तर्गत की गयी सेवा की दो अवधियों के बीच हुये व्यवधान/व्यवधानों को केवल ऐसे मामलों को छोड़कर जहाँ अन्यथा यह जानकारी हो कि व्यवधान सेवा से त्यागपत्र देने, बर्खास्त किये जाने, निकाल दिये जाने अथवा हड़ताल में भाग लेने के कारण हुआ है, स्वतः मर्जित मान लिया जायेगा।

(झ) सेवा का इतिहास:

सम्बन्धित सरकारी सेवक की सेवापुस्तिका को उपरोक्तानुसार सही एवं पूर्ण करने के उपरान्त पेंशन प्रपत्र के भाग-4 में सेवा का संक्षिप्त इतिहास इस उद्देश्य से अंकित किया जायेगा कि पेंशन स्वीकृतां प्राधिकारी द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्रों के निर्गमन के उपरान्त सेवापुस्तिका को सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को वापस कर दिया जायेगा और सेवा का इतिहास स्वीकृतां प्राधिकारी के अभिलेखों में रह जायेगा।

(5) अदेयता प्रमाणपत्र के सम्बन्ध में कार्यवाही:

शासन की जानकारी में लाया गया है कि अनेक विभागों में पेन्शन प्रपत्र सेवानिवृत्ति के दिनांक के पहले इस कारण प्रेषित नहीं किये जाते कि सम्बन्धित सरकारी सेवक की सेवानिवृत्ति के पूर्व अदेयता प्रमाणपत्र प्रदत्त किया जाना सम्भव नहीं होता। स्पष्ट है कि विभागीय अधिकारियों की यह उलझन पूर्व निर्गत शासनादेश दिनांक 13-12-1977 की मंशा के विपरीत है और यदि 6 माह पूर्व अदेयता प्रमाणपत्र न दिये जा सकने के कारण पेंशन प्रपत्र भेजा जाना सम्भव न हो सके तो यह भी सम्भव नहीं हो सकेगा कि सम्बन्धित सरकारी सेवक की सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद पेंशन देयों का भुगतान हो जाय और अगले मास से मासिक पेंशन मिलना प्रारम्भ हो जाय। इस प्रकरण के विभिन्न पहलुओं पर सम्यक रूप से विचार करने के उपरान्त तथा भारत सरकार में उपलब्ध व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में राज्यपाल महोदय निदेश देते हैं कि :-

1-(क) प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष की यह जिम्मेदारी होगी कि वह प्रत्येक सरकारी सेवक के विरुद्ध देयों के सम्बन्ध में जानकारी करने की कार्यवाही सेवानिवृत्ति के दो वर्ष पहले प्रारम्भ कर दे।

(ख) कार्यालयाध्यक्ष द्वारा इस प्रकार के आंकलित देयों को जो सेवानिवृत्ति के दिनांक तक समायोजित/वसूल न हो सके हों, सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी से समायोजित किया जायेगा।

(ग) "सरकारी देयों" से अभिप्राय निम्न देयों से होगा:-

(1) सरकारी आवास से सम्बन्धित देय जिसमें सरकारी भवन का किराया भी सम्मिलित है।

(2) सरकारी आवास के अतिरिक्त देय जैसे भवन निर्माण अग्रिम, वाहन अग्रिम अथवा अन्य कोई अग्रिम अथवा वेतन, भत्तों, अवकाश वेतन की मद में किया गया अधिक भुगतान।

(घ) चूंकि उपरोक्त तथा अन्य मदों के अन्तर्गत सेवानिवृत्ति के दिनांक को अवशेष देयों की पूर्ण जानकारी सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व होना सम्भव नहीं है अतः राज्यपाल महोदय आदेश देते हैं कि प्रत्येक सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवक के विरुद्ध अवशेष सरकारी देयों की सेवानिवृत्ति के दिनांक के आठ माह पूर्व की स्थिति आंकलित कर ली जायेगी और उसे सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यथावत "एकीकृत पेन्शन प्रपत्र" के भाग-5 (कार्यालयाध्यक्ष के उपयोग के लिए) में प्रदर्शित कर दिया जायेगा। तदुपरान्त कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सेवानिवृत्ति के दिनांक की स्थिति का पुनः आंकलन किया जायेगा और उससे सम्बन्धित सूचना निर्धारित प्रारूप संख्या-2 पर प्रत्येक दशा में सेवानिवृत्ति के दिनांक के अगले कार्य दिवस को पेन्शन स्वीकृर्ता अधिकारी को प्रेषित कर दी जायेगी। इस प्रारूप की एक प्रति सम्बन्धित कोषाधिकारी को इस आशय से प्रेषित की जायेगी कि वह सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी से अवशेष धनराशि का समायोजन कर लें किन्तु यदि इस बीच सम्बन्धित सरकारी सेवक द्वारा अवशेष धनराशि का अन्यथा भुगतान किया जा चुका हो तो कोषाधिकारी उसका लक्ष्य एकत्रित करके उससे सन्तुष्ट होने पर शोध का भुगतान कर देगा और उसकी सूचना सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष (जितने पेन्शन प्रपत्र अनुसारित किये हैं) तथा पेन्शन स्वीकर्ता अधिकारी को भेज देगा। इस मद के अन्तर्गत भुगतान हेतु वही प्रपत्र उपयोग में लाये जायेंगे जो पेन्शन के भुगतान हेतु लाये जाते हैं।

(ङ) उक्त नयी प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में राज्यपाल महोदय यह भी आदेश देते हैं कि स्वीकृर्ता अधिकारियों द्वारा निर्गत किये जाने वाले प्राधिकार पत्र सेवानिवृत्ति के दिनांक के दो माह बाद तक अन्तिम माने जायेंगे। सभी कार्यालयाध्यक्षों का यह दायित्व होगा कि वे इस अवधि के बीच प्रत्येक दशा में उपर्युक्त प्रारूप संख्या-2 स्वीकृर्ता अधिकारी को उपलब्ध करा दें किन्तु यदि दो माह की अवधि की समाप्ति तक भी सरकारी देयों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायेगी तो कोषाधिकारी द्वारा पेंशन, ग्रेच्युटी आदि को अन्तिम मान लिया जायेगा और उसके उपरान्त यदि कोई देय निकलेंगे तो उनकी जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष की होगी।

(घ) यह भी निर्णय लिया गया है कि सरकारी सेवक के विरुद्ध देयों की जानकारी अन्तिम 5 वर्ष की सेवा की जानकारी के आधार पर की जायेगी। यदि अन्यथा इस बात की जानकारी हो कि 5 वर्ष से पहले की अवधि से सम्बन्धित सरकारी सेवक के विरुद्ध कोई शासकीय देय है तो 5 वर्ष से पहले के अभिलेखों की भी जांच की जायेगी। पांच वर्ष की अवधि की जानकारी करने हेतु कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उन सभी कार्यालयों से जहाँ सम्बन्धित सरकारी सेवक ने कार्य किया हो अदेयता के सम्बन्ध में पूछताछ की जायेगी और सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व की तिथि को "अस्थिगत पेन्शन प्रपत्र" के भाग-5 में दर्शाया जायगा। यदि निर्धारित अवधि के भीतर सम्बन्धित कार्यालयों से उत्तर नहीं आता है तो यह मान लिया जायगा कि सरकारी सेवक के विरुद्ध कोई देय नहीं है और यदि बाद में कोई देय ज्ञात होते हैं तो उसके लिये सम्बन्धित अधिकारियों को चौथी जवाबदेही जायगा और उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायगी। सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह प्रमाण किया जायगा कि भाग-5 में दर्शाये गये सभी देयों की सेवानिवृत्ति के दिनांक तक वसूली पूर्ण हो जाय किन्तु यदि किसी मद में वसूली पूर्ण न हो पाय तो तत्पश्चात् शेष देयों की वसूली सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी से की जायेगी किन्तु यदि फिर भी वसूली पूर्ण न हो पाय तो फार्म सेल्फ्स-1 पर इस आशय का एक बन्धकपत्र भरवा कर कि यदि सेवानिवृत्ति के दो वर्ष के अन्दर उनके विरुद्ध कोई देय निकलते हैं तो उनकी वसूली उससे कर ली जायेगी, सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के अवधारण करने की संस्तुति कर दी जायगी। सेवारत मृत्यु होने की दशा में उत्तराधिकारियों से फार्म सेल्फ्स-2 पर बन्धकपत्र भरवाया जायेगा। बन्धकपत्रों पर देय रहेगा डिप्टी शासन द्वारा अनुमन्य की जायेगी।

सामान्यतः सरकारी सेवकों के विरुद्ध भिन्न प्रकार के मामले लम्बित होते हैं। अतः शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस प्रकार के विभिन्न प्रकार के मामलों में निम्नवत् कार्यवाही की जाय:-

(क) यदि सरकारी सेवक द्वारा सरकारी भवन में आवास किया जा रहा हो:-

(1) कार्यालयाध्यक्ष, उच्च अधिकारी अथवा पैतृक विभाग, जैसी स्थिति हो, द्वारा सेवानिवृत्ति के दो वर्ष पूर्व लखनऊ में स्थित भवनों के सम्बन्ध में राज्य सम्पत्ति विभाग को तथा विभिन्न जिलों में स्थित भवनों के सम्बन्ध में सार्वजनिक निर्माण विभाग को सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के सम्बन्ध में सेवानिवृत्ति की तिथि से अवगत कराकर अदेयता प्रमाणपत्र की मांग की जायेगी। राज्य सम्पत्ति विभाग अथवा जिलों के सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सरकारी सेवक की सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व उससे पहले की अवधि के सम्बन्ध में अदेयता प्रमाणपत्र निर्गत कर दिया जायेगा। यदि ऐसा प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने के उपरान्त किराये की मासिक दर में कोई परिवर्तन इन्क्रीमोवर हो अथवा किसी अन्य धनराशि की देयता के सम्बन्ध में सत्य प्रकाश में आये तो राज्य सम्पत्ति विभाग अथवा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उस परिवर्तन/तथ्य से पेन्शन स्वीकृत्ता अधिकारी को सीधे अवगत कराया जायेगा। कार्यालयाध्यक्ष का यह दायित्व होगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि सम्बन्धित सरकारी सेवक के सेवानिवृत्ति के अन्तिम आठ माहों के वेतन से किराये की निर्धारित दर से वसूली हो जाय। यदि किसी सरकारी सेवक के वेतन से सेवानिवृत्ति के पूर्व इस प्रकार के किराये की वसूली सम्भव न हो सके तो कार्यालयाध्यक्ष द्वारा शेष धनराशि पेन्शन स्वीकृत्ता अधिकारी को सूचित कर दी जायेगी जिससे सरकारी

सेवक की सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी से उसकी वसूली की जा सके।

(2) सरकारी भवनों में निवास करने वाले सरकारी सेवकों से यह आशा की जाती है कि वे सरकारी भवनों को सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद खाली कर दें किन्तु यदि राज्य सम्पत्ति विभाग अथवा सार्वजनिक निर्माण विभाग सरकारी सेवक से उसकी सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद भवन तत्काल खाली न करा पाये तो सेवानिवृत्ति के बाद के चार माह का किराया (एक माह का किराया सामान्य दर पर तथा शेष तीन माह का किराया मानक दर पर) पेन्शनर की देय ग्रेच्युटी से वसूल कर लिया जायेगा और उससे आगे के किराये की वसूली अथवा भवन खाली कराने की जिम्मेदारी राज्य सम्पत्ति विभाग अथवा सम्बन्धित सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता की होगी ।

(3) सम्बन्धित सरकारी सेवक के सेवारत मृत्यु होने पर कार्यालय अध्यक्ष का यह दायित्व होगा कि वे उसके सम्बन्धित तूचना राज्य सम्पत्ति विभाग अथवा सार्वजनिक निर्माण विभाग के सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को मृत्यु के एक सप्ताह के भीतर भेज दें और उनसे एक माह के भीतर देयों की सूचना की जानकारी देने का अनुरोध करें । यदि ऐसी सूचना एक माह के भीतर प्राप्त न हो सके तो पारिवारिक पेन्शन प्रपत्रों के अग्रसारण में विलम्ब न किया जाय और उन्हें स्वीकृर्ता अधिकारी को पारिवारिक पेन्शन/मृत्यु ग्रेच्युटी स्वीकृत करने हेतु एक माह की समाप्ति के बाद तुरन्त भेज दिया जाय । इस बीच मृतक के परिवार को असुविधा से बचाने के उद्देश्य से शासनादेश संख्या सा-3-1667/दस-931-87, दिनांक 9-6-1987 के अन्तर्गत अनुमन्य अनन्तिम पारिवारिक पेन्शन तथा इस शासनादेश के अन्तर्गत अनुमन्य अनन्तिम मृत्यु ग्रेच्युटी स्वीकृत कर दी जाय ।

(ख) सरकारी भवन के अतिरिक्त अन्य देयों के सम्बन्ध में कार्यवाही:

(1) सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 470 बी में यह प्राविधान है कि किसी सरकारी सेवक की पेन्शन स्वत: देय नहीं होती जब तक कि उसकी सेवा पूर्णत: सन्तोषजनक न पायी गयी हो। शासनादेश दिनांक 13-12-1977 में यह निर्णय लिया गया था कि इस प्राविधान का सहारा केवल अपवाद स्वरूप मामलों में ही लिया जायेगा और यह आवश्यक नहीं होगा कि पेन्शन सम्बन्धी समस्त मामलों को विभागाध्यक्ष अथवा नियुक्ति प्राधिकारी के पास भेजा जाय। उक्त शासनादेश में यह प्राविधान कर दिया गया था कि सेवानिवृत्ति की तारीख से आठ महीने पहले पेन्शन प्रपत्र अग्रसारण करने वाले अधिकारी द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी से इस तथ्य की पूछताछ की जायेगी कि क्या पूर्ण पेन्शन मंजूर करने के बजाय कम पेन्शन देने का विचार है अथवा कोई कार्यवाही प्रारम्भ करने का विचार है। उक्त शासनादेश में यह भी निर्णय लिया गया था कि यदि नियुक्ति प्राधिकारी से ऐसी पूछताछ का उत्तर प्राप्त न हो तो यह मान लिया जायगा कि पूरी पेन्शन से कम धनराशि स्वीकृत करने की कोई मंशा नहीं है और पेन्शन प्रपत्रों को स्वीकृर्ता अधिकारी को भेज दिया जायेगा। उपरोक्त प्राविधान के परिपेक्ष्य में अब यह निर्णय लिया गया है कि कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह कार्यवाही सेवानिवृत्ति के आठ माह पहले की जायेगी और नियुक्ति प्राधिकारी का यह दायित्व होगा कि वे वांछित सूचना एक माह के भीतर उपलब्ध करा दें । यदि नियुक्ति प्राधिकारी से एक माह के भीतर ऐसी सूचना प्राप्त नहीं होती है तो और आगे प्रतीक्षा किये बिना कार्यालयाध्यक्ष का यह दायित्व होगा कि वे पेन्शन प्रपत्र पूर्ण पेन्शन स्वीकृत करने हेतु अग्रसारित कर दें।

(2) सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 351-ए में यह प्राविधान है कि यदि कोई सरकारी सेवक किसी विभागीय कार्यवाही के फलस्वरूप जाने अनजाने राज्य सरकार को वित्तीय हानि पहुँचाने का अथवा किसी अन्य गम्भीर दुराचरण का दोषी पाया गया हो अथवा किसी न्यायिक कार्यवाही के परिणामस्वरूप दण्डित किया गया हो तो राज्यपाल को अधिकार है कि वह उसकी पूरी अथवा आंशिक पेन्शन रोक सकते हैं । ऐसी विभागीय अथवा न्यायिक कार्यवाही तब तक प्रारम्भ हुई नहीं मानी जाती है जब तक सरकारी सेवक को आरोपपत्र न दे दिया गया हो। अतः यदि उपरोक्तानुसार कोई कार्यवाही सम्पन्न नहीं की गयी है तो इस नियम के अन्तर्गत किसी भी सरकारी सेवक की पेन्शन न तो रोकी जा सकती है और न ही कम की जा सकती है। ऐसी दशा में यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी सरकारी सेवक के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी है अथवा पूर्ण नहीं की गयी है तो उसकी पेन्शन रोकने का कोई औचित्य नहीं है और उसके पेन्शन प्रपत्र स्वीकर्ता अधिकारी को भेजकर उसे पूर्ण पेन्शन स्वीकृत करवा दी जायेगी। केवल सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी से ऐसे देयों की वसूली की जायेगी जिनकी स्थिति सेवानिवृत्ति के दिनांक तक स्पष्ट हो चुकी हो।

(3) ऐसे सरकारी सेवकों को, जिनके विरुद्ध, सेवानिवृत्ति के दिनांक को, विभागीय/न्यायिक अथवा प्रशासनाधिकरण की जाँच चल रही हो अथवा प्रशासनाधिकरण की जाँच किया जाना अपेक्षित हो शासनादेश संख्या सा-3-1679/दस-80-909-79 दिनांक 28-10-1980 के अनुसार अनन्तिम पेन्शन का भुगतान कर दिया जायेगा किन्तु ग्रेच्युटी की पूर्ण धनराशि तब तक रोकी जायेगी जब तक ऐसी जाँच का परिणाम प्राप्त न हो जाय। ग्रेच्युटी की धनराशि से वह कटौतियाँ की जायेंगी जिनका उल्लेख विभागीय/प्रशासनिक कार्यवाही के फलस्वरूप पारित आदेश में किया गया हो। इस प्राविधान के अन्तर्गत स्वीकृत अनन्तिम पेन्शन को अन्तिम रूप से स्वीकृत होने वाली पेन्शन से समायोजित कर लिया जायेगा किन्तु यदि अन्तिम रूप से स्वीकृत होने वाली पेन्शन की राशि अनन्तिम पेन्शन से कम हो अथवा पेन्शन स्थायी रूप से अथवा किसी निश्चित अवधि के लिये कम कर दी जाय या आस्थगित की जाय तो सरकारी सेवक से कोई वसूली नहीं की जायेगी। यह प्राविधान अन्य सामान्य मामलों में जहां अनन्तिम पेन्शन की धनराशि अन्तिम पेन्शन की धनराशि से आगणन की त्रुटि अथवा अन्यथा किसी अन्य कारण से अधिक पायी जाय, लागू नहीं होगा। इस प्रकार के मामलों में अधिक भुगतान की गयी धनराशि अन्तिम पेन्शन की धनराशि से समायोजित कर ली जायेगी। इस हेतु यदि पेन्शनर अपनी पेन्शन से एक मुश्त अथवा मासिक कटौती करवाने पर आपत्ति करे तो वाँछित रिकवरी राहत की धनराशि से करने में कोई विधिक अड़चन नहीं है।

(4) सतर्कता जाँच "फैक्ट फाइंडिंग इनक्वायरी" होती है अतः सेवानिवृत्ति के दिनांक को उसके लम्बित रहने पर पेन्शन तथा ग्रेच्युटी नहीं रोकी जायेगी।

(5) मृत्यु होने की दशा में चूंकि सम्बन्धित सरकारी सेवक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं कर सकता है और चूंकि एकतरफा कार्यवाही विधिक दृष्टि से न्यायोचित नहीं कही जा सकती अतः मृत्यु के दिनांक को ऐसी विभागीय/न्यायिक कार्यवाही समाप्त हुई समझी जायेगी ।

(6) लोकनिर्माण विभाग/सिंचाई विभाग में प्रशासकीय विभागों द्वारा प्रत्येक राजपत्रित सरकारी सेवक के बारे में पेन्शन स्वीकृत होने के पूर्व जाँच लम्बित न होने का प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने की प्रथा प्रचलित है जिसके कारण अनावश्यक विलम्ब होता है । इस विषय पर सम्यक विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय आदेश देते हैं कि प्रत्येक मामले में ऐसा प्रमाणपत्र निर्गत किया जाना आवश्यक न रखा जाय । वरन उसके स्थान पर इन विभागों के सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष अपने स्तर से अथवा विभागाध्यक्ष के स्तर से व्यक्तिगत रूप से सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व यह जानकारी कर लें कि सम्बन्धित सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी के विरुद्ध कोई जाँच लम्बित है अथवा नहीं । प्रशासकीय विभाग प्रत्येक त्रैमास के अन्त में एक बार विभागाध्यक्ष को ऐसे मामलों की सूचियाँ उपलब्ध करा देंगे जिनमें जाँच लम्बित है और संक्षेप में जाँच का सार अंकित कर देंगे ।

(7) शासन की जानकारी में ऐसे भी दृष्टांत आये दिन आया करते हैं कि महालेखाकार द्वारा किये जाने वाले सम्प्रेक्षण अथवा आन्तरिक वित्तीय सम्प्रेक्षण के आधार पर पेन्शन रोक दी जाती है जो अनुचित है । इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त स्थिति में पेन्शन प्रपत्रों को अग्रसारित करके पूर्ण पेन्शन स्वीकृत की जाय तथा पेचीदा मामलों में अथवा उन मामलों में जिनमें सरकारी सेवक पर सरकार को हानि पहुँचाने की सीधी जिम्मेदारी आरोपित हो सकती है, अगर सम्बन्धित विभाग आवश्यक समझता है तो न्याय विभाग की राय ले सकता है और उस समय तक सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी रोक सकता है लेकिन संभावित वसूली के आधार पर भुगतान न रोका जाय । यदि सम्प्रेक्षण के दौरान यह पाया जाय कि सरकारी सेवक द्वारा सरकार को गंभीर रूप से हानि (अन्य सामान्य प्रकार की अनियमितताओं के आधार पर कोई कटौती करना उचित नहीं है) पहुँचाई गयी है तो केवल हानि की विशिष्ट धनराशि को रोक कर सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की शेष धनराशि अवमुक्त कर दी जाय । ऐसी विशिष्ट हानियों के सम्बन्ध में भी सरकारी सेवक को सेवानिवृत्ति के पूर्व आरोप पत्र दिया जाय और सभी आरोपों पर आवश्यक जाँच सेवानिवृत्ति के दो माह के भीतर पूर्ण कर ली जाय यदि ऐसी जाँच के परिणामस्वरूप सरकारी सेवक दोषी पाया जाय तो हानि की धनराशि के बराबर ग्रेच्युटी की धनराशि व्यपगत कर दी जाय और यदि दोषी न पाया जाय तो उसे अवमुक्त कर दिया जाय । इस प्राविधान से सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 351ए के परन्तुक का प्रभाव समाप्त नहीं समझा जायगा। अत्यधिक गंभीर मामलों मे जैसे सरकारी धन का अपहरण आदि जिनमें पेन्शन से कमी किया जाना संभव हो सकता है उपरोक्त अनुच्छेद 351ए के परन्तुक के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी किन्तु ऐसी कार्यवाही किसी ऐसी घटना के सम्बन्ध में प्रारम्भ नहीं की जा सकती जो जाँच प्रारम्भ करने के चार वर्ष पूर्व से पहले घटित हुई हो ।

(8) अक्सर कतिपय सरकारी सेवकों के पास सरकारी स्टोर्स का चार्ज होता है और सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व आडिट न हो पाने के कारण अथवा अन्यथा उनकी लेनदारी/देनदारी की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती । इस सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे सरकारी सेवकों से यथासंभव एक डेढ़ वर्ष पूर्व स्टोर्स का चार्ज वापस ले लिया जाय और उनके विरुद्ध लेनदारी/देनदारी

की स्थिति सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर ली जाय। फिर भी यदि किसी मामले में सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व पूर्ण स्थिति सुनिश्चित किया जाना संभव न हो तो ऐसे मामलों में पेन्शन प्रपत्रों को भेजने में कोई विलम्ब न किया जाय । केवल सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के अवमुक्त करने के सम्बन्ध में पेन्शन स्वीकृर्ता अधिकारी द्वारा यह उल्लेख कर दिया जाय कि सम्बन्धित सरकारी सेवक के चार्ज में स्टोर्स होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है और स्वीकृर्ता अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी कार्यालयाध्यक्ष से आख्या प्राप्त होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जाय । चूँकि सेवानिवृत्ति के उपरान्त सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के विलम्ब से भुगतान होने की स्थिति में ब्याज देना पड़ता है अतः सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को इस सम्बन्ध में अपनी आख्या सेवानिवृत्ति के हद से हद दो माह के भीतर भेज देना अनिवार्य है । यदि दो माह के भीतर ऐसी आख्या प्राप्त नहीं होगी तो स्वीकृर्ता अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति से एक बन्धक पत्र प्राप्त करके सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी अवमुक्त कर दे और ऐसी दशा में यद्यपि बाद में निकाले गये देयों की रिकवरी पेन्शन अथवा अन्य देयों से नियमानुगत कर ली जायेगी किन्तु यदि किसी कारणवश किसी धनराशि की रिकवरी न हो सके तो उसके लिए व्यक्तिगत रूप से कार्यालयाध्यक्ष जिम्मेवार होंगे ।

(9) सभी कार्यालयाध्यक्षों का यह दायित्व होगा कि वे अपने अभिलेखों से अथवा कोषागार के अभिलेखों से अथवा महालेखाकार के अभिलेखों से सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवक द्वारा लिये गये विभिन्न अग्रिमों जैसे भवन संबंधी अग्रिमों, मोटरकार, स्कूटर आदि से सम्बन्धित अग्रिमों आदि की वसूली की स्थिति की सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व पूर्ण जानकारी कर लें और यदि सेवानिवृत्ति के आठ माह में कोई मासिक कटौती जिसमें ब्याज सम्बन्धी कटौती भी शामिल है, की जानी अवशेष हो तो उसका उल्लेख पेन्शन प्रपत्रों के अग्रसारित करते समय कर दें । पेन्शन स्वीकृर्ता अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी को अवमुक्त करते समय कोषाधिकारी को यह आदेश दे दिया जायेगा कि वे प्रश्नगत धनराशि को सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी से समायोजित कर लें किन्तु यदि सम्बन्धित सरकारी सेवक यह साक्ष्य उपलब्ध कराये कि उसने प्रश्नगत धनराशि को मासिक किस्तों में अथवा अन्यथा पहले ही जमा कर दिया है तो वह सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की पूर्ण धनराशि अवमुक्त कर दे । यदि किसी मामले में पूर्ण अदेयता प्रमाणपत्र पेन्शन स्वीकृर्ता अधिकारी को प्राप्त न हो तो ऐसी दशा में ग्रेच्युटी रोके जाने का प्राविधान उपलब्ध है परन्तु यदि ग्रेच्युटी रोके जाने से पेन्शनर को विषम आर्थिक कठिनाई हो रही हो तो पेन्शनर से क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र (इनडीमिनीटी बॉंड) प्राप्त करके ग्रेच्युटी अवमुक्त कर दी जाय। यदि क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त पेन्शनर के विरुद्ध कोई देय प्रकाश में आते हैं तो उनकी वसूली नियमानुसार की जायेगी।

(10) जहाँ तक सेवारत रहते हुए मृत्यु हो जाने की दशा में मृतक सरकारी सेवक के परिवार के पेन्शन देयों के अवमुक्त करने का प्रश्न है इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे मामलों में पेन्शन स्वीकृर्ता अधिकारी द्वारा पूरी पारिवारिक पेन्शन तत्काल अवमुक्त कर दी जायेगी और केवल ऐसी वसूलियाँ को छोड़कर, जैसे भवन, मोटरकार, मोटरसाइकिल आदि अग्रिमों से संबंधित वसूलियाँ जिनकी रिकवरी मृत्यु ग्रेच्युटी से करना अनिवार्य है (शेष वसूलियाँ केवल उसी दशा में की जायेंगी जब मृत्यु से पूर्व संबंधित सरकारी सेवक के विरुद्ध या तो वैभागिक कार्यवाही सम्पन्न की जा चुकी हो और

(ग) यदि परिवार में अवयस्क सदस्य हैं तो उनका हिस्सा संबन्धित विधवा को तथा यदि विधवा की मृत्यु हो चुकी हो अथवा उसने दूसरी शादी कर ली हो तो ऐसी अनन्तिम ग्रेच्युटी वयस्क पुत्र अथवा पुत्री को उनके हिस्से के अनुसार और अवयस्क बच्चों को उनके हिस्से के अनुसार उनके विधिक संरक्षक को दे दी जायेगी।

(घ) यदि एक सरकारी सेवक की, सेवा में रहते हुए अथवा सेवा निवृत्ति के उपरान्त, बिना ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किये मृत्यु हो जाय और उसके परिवार में कोई सदस्य न हो और उसने कोई नामिनेशन भी न किया हो तो मृत्यु ग्रेच्युटी अथवा सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी राज्य सरकार को व्यपगत हो जायेगी।

(2) यदि मृतक सरकारी सेवक के विरुद्ध सामान्य रिकवरी जैसे भवन निर्माण अग्रिम, मोटर कार अग्रिम अथवा स्कूटर अग्रिम अथवा मकान किराये की वसूली आदि देय हों तो उनकी रिकवरी मृत्यु ग्रेच्युटी की धनराशि से कर ली जायेगी लेकिन अन्य देयों की वसूली तब तक नहीं की जायेगी जब तक यह सुनिश्चित न हो जाय कि उनके सम्बन्ध में सम्बन्धित सरकारी सेवक को "शोकाज नोटिस" देकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जा चुका है। पुनः यदि भवन निर्माण अग्रिम, मोटर कार, स्कूटर आदि अग्रिम की किस्तें अथवा उन पर ब्याज की वसूली किया जाना शेष हो तो शासनादेश संख्या बी-2-317/दस-184-64 दिनांक 17-12-1969 के अनुसार मृत्यु के दिनांक से बकाया अग्रिम पर ब्याज की वसूली मृत्यु ग्रेच्युटी अथवा अवकाश नकदीकरण की धनराशि से नहीं की जायेगी। यदि मृत्यु के समय सरकारी सेवक सरकारी आवास में रह रहा हो तो परिवार को अनुमन्य की जाने वाली ग्रेच्युटी से चार महीने के किराये (एक माह का सामान्य दर पर तथा तीन माह का मानक दर पर) के बराबर कटौती कर ली जायेगी किन्तु उसके बाद के किराये की वसूली हेतु राज्य सम्पत्ति विभाग अथवा सम्बन्धित जिले के सार्वजनिक निर्माण विभाग स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(3) यह भी निर्णय लिया गया है कि उपरोक्तानुसार स्वीकृत की जाने वाली अनन्तिम पारिवारिक पेन्शन की धनराशि में मृत्यु के दिनांक को लागू दरों पर कार्यालयाध्यक्ष द्वारा ही महंगाई राहत भी अनुमन्य कर दी जायेगी। उसके उपरान्त राहत की दरों में वृद्धि हो तो वे भी अनन्तिम पारिवारिक पेन्शन के साथ अनुमन्य कर दी जायेंगी।

(4) सामान्यतया मृतक के परिवार का संबंधित सदस्य अनन्तिम पारिवारिक पेन्शन का भुगतान व्यक्तिगत रूप से उस कार्यालय से प्राप्त करेगा जहाँ पर सम्बन्धित सरकारी सेवक मृत्यु से पूर्व कार्यरत था किन्तु यदि परिवार का सम्बन्धित सदस्य मृतक की नियुक्ति के स्थान से किसी अन्य स्थान पर पारिवारिक पेन्शन प्राप्त करना चाहता है तो वह सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को उसी बैंक ड्राफ्ट अथवा मनीआर्डर से भेजने हेतु अनुरोध कर सकता है। किन्तु ऐसी दशा में मनीआर्डर अथवा बैंक ड्राफ्ट पर होने वाला व्यय पारिवारिक पेन्शन से समायोजित कर लिया जायेगा।

(8) अनन्तिम पारिवारिक पेन्शन तथा अनन्तिम मृत्यु ग्रेच्युटी :

(1)(क) वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या सा-3-1667/दस-931-87 दिनांक 9-6-87 के अन्तर्गत सरकारी सेवक के कार्यरत रहते हुए मृत्यु हो जाने पर उसके परिवार को सामान्यतया आगणित पारिवारिक पेन्शन की धनराशि के 90 प्रतिशत के बराबर धनराशि का भुगतान मृत्यु के अगले माह की पहली तारीख को करने का प्राविधान किया गया है । यह भी प्राविधान किया गया है कि अनन्तिम पारिवारिक पेन्शन का भुगतान कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उसी प्रक्रिया के अनुसार प्रारम्भ कर दिया जायेगा जिस प्रकार अनन्तिम पेन्शन का भुगतान किया जाता है । शेष 10 प्रतिशत पारिवारिक पेन्शन की स्वीकृति हेतु पारिवारिक पेन्शन प्रपत्र स्वीकृर्ता अधिकारी को भेज दिये जायेंगे जिनके आधार पर अंतिम पारिवारिक पेन्शन स्वीकृत कर दी जायेगी । इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नियमों में सरकारी सेवक की मृत्यु होने की दशा में अनन्तिम मृत्यु ग्रेच्युटी अनुमन्य किये जाने का प्राविधान भी उपलब्ध है अतः यह निर्णय लिया गया है कि उक्त प्राविधान की भाँति इस राज्य में भी किसी सरकारी सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को सामान्यतया आगणित मृत्यु ग्रेच्युटी में से सम्बन्धित मृतक सरकारी सेवक के एक माह के वेतन के बराबर धनराशि अथवा रू0 3000/- जो भी कम हो, रोककर शेष धनराशि का भुगतान अनन्तिम मृत्यु ग्रेच्युटी के रूप में कार्यालयाध्यक्ष द्वारा ही कर दिया जाय ।

(ख) कार्यालयाध्यक्षों की सुविधा हेतु यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि सरकारी सेवक द्वारा ग्रेच्युटी हेतु नामीनेशन कर दिया गया हो तो ऐसी अनन्तिम मृत्यु ग्रेच्युटी नामीनेशन के अनुसार ही परिवार के सदस्यों में वितरित की जायेगी किन्तु यदि सम्बन्धित सरकारी सेवक ने नामीनेशन नहीं किया है तो मृत्यु ग्रेच्युटी का भुगतान निम्नवत् किया जायेगा :-

1- यदि परिवार के निम्न सदस्यों में से एक अथवा अधिक सदस्य जीवित है तो उनमें सम्बन्धित धनराशि को बराबर बराबर वितरित कर दिया जायेगा :

(अ) पत्नी (पुरूष कर्मचारी के मामले में),
(ब) पति (महिला कर्मचारी के मामले में),
(स) पुत्र (सौतेली संतानों तथा गोद ली हुई संतानों को सम्मिलित करते हुए।
(द) अविवाहित पुत्रियां (सम्मिलित करते हुए।

2- यदि उपरिलिखित उपखण्ड के अन्तर्गत उल्लिखित परिवार का कोई सदस्य जीवित न हो और यदि निम्न सदस्य जीवित हों तो मृत्यु ग्रेच्युटी उनमें बराबर बराबर बाँट दी जायेगी :

(1) विधवा पुत्रियां,
(2) 18 वर्ष से कम आयु वाले भाई तथा अविवाहित एवं विधवा बहनें (सौतेले भाई व बहनों को सम्मिलित करते हुए),
(3) पिता,
(4) माता,
(5) विवाहित पुत्रियां (सौतेली पुत्रियों को सम्मिलित करते हुए) तथा
(6) पूर्व मृतक पुत्र की संतानें।

(9) सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनुच्छेद 905(3) के प्राविधान के अनुसार अनन्तिम पेन्शन स्वीकृत करने हेतु वही अधिकारी प्राधिकृत है जिसका कार्यक्षेत्र एक जिले अथवा एक जिले से अधिक में फैला हुआ है। इस प्राविधान के कारण अनेक कार्यालयाध्यक्ष अनन्तिम पेन्शन स्वीकृत करने हेतु प्राधिकृत नहीं हैं और उन्हें अधीनस्थ कर्मचारियों की अनन्तिम पेन्शन स्वीकृत करने हेतु पेन्शन प्रपत्र स्वीकृर्ता अधिकारी को भेजने आवश्यक होते हैं। चूंकि इस प्रक्रिया में विलम्ब निहित है और दूसरे ऐसा कोई समुचित कारण नहीं है कि अनन्तिम पेन्शन केवल ऐसे अधिकारी द्वारा ही प्राधिकृत की जाये जिसका कार्यक्षेत्र एक जिले अथवा एक जिले से अधिक तक फैला हुआ है अतः यह निर्णय लिया गया है कि इस प्राविधान को समाप्त करते हुए अब अनन्तिम पेन्शन स्वीकृत करने हेतु सभी कार्यालयाध्यक्ष अधिकृत होंगे।

(10) उपरोक्त सरलीकृत प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के अनेक अनुच्छेदों में संशोधन अपेक्षित हैं। यद्यपि सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के संबंधित अनुच्छेदों में औपचारिक संशोधन की कार्यवाही अलग से की जा रही है तथापि सुविधा की दृष्टि से राज्यपाल महोदय उपरोक्त सरलीकृत प्रक्रिया को इन आदेशों के निर्गत होने की तिथि से लागू होने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं तथा सम्बन्धित नियम उक्त तिथि से उपरोक्तानुसार संशोधित समझे जायेंगे।

यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे।

भवदीय,

संलग्नक : प्रपत्र-1 एवं 2

विजय कृष्ण तक्सेना
प्रमुख सचिव, वित्त विभाग।

संख्या सा-3-1713(1)/दस-89 तद्दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-2 (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- निदेशक, पेन्शन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- उप भूमि व्यवस्था आयुक्त, (लेखा), राजस्व परिषद, लखनऊ।
4- वित्त नियन्त्रक, उद्योग निदेशालय, कानपुर।
5- मुख्य लेखा अधिकारी एवं उपसचिव, इरला चेक अनुभाग, सचिवालय, लखनऊ।
6- मुख्य लेखाधिकारी एवं उपसचिव, विधान सभा सचिवालय, लखनऊ।
7- मुख्य लेखाधिकारी एवं उपसचिव, विधान परिषद सचिवालय, लखनऊ।
8- मुख्य लेखाधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, वन विभाग, बिक्रीकर विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9- मुख्य लेखाधिकारी, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
10- मुख्य लेखाधिकारी, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
11- सचिवालय के समस्त अनुभाग।
12- समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
13- निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
14- निदेशक, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समाचार पत्रों में प्रचारार्थ।

आज्ञा से,

वी0पी0 अग्रवाल
संयुक्त सचिव।



उत्तर प्रदेश शासन
वित्त (सामान्य) अनुभाग-3
संख्या सा-3-2049(1)/दस-915-89
लखनऊ, 20 अगस्त, 1989

कार्यालय ज्ञाप

विषय : अस्थायी सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति/मृत्यु पर पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता।

उपर्युक्त विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या सा-3-1152/दस-915-89, दिनांक 1 जुलाई, 1989 की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप में यह व्यवस्था की गई है कि ऐसे सरकारी सेवकों को जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो, अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने अथवा सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा आगे सेवा करने हेतु पूर्णतया अक्षम घोषित कर दिये जाने पर अनिवार्यता/अक्षमता पेंशन सेवानिवृत्ति उपदान तथा पारिवारिक पेंशन इसी प्रकार एवं उन्हीं दरों पर देय होगी जैसी कि स्थायी कर्मचारियों को उन्हीं परिस्थितियों में संगत नियमों के अन्तर्गत अनुज्ञेय होती है। इस संदर्भ में अतंतर यह स्पष्ट किया जाता है कि कार्यालय ज्ञाप संख्या सा-3-1152/दस-915-89, दिनांक 1 जुलाई, 1989 के अन्तर्गत जिन मामलों में दिनांक 1 जून, 1989 से पेंशन दी जाय अथवा उक्त दिनांक को यदि वे लंबित होते तो देय होती, उनमें ऐसे सरकारी सेवक की मृत्यु पर उन्हीं दशाओं में पारिवारिक पेंशन भी सामान्य नियमों के अन्तर्गत देय होगी।

गणेश दत्त दीक्षित,
उप सचिव।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

संख्या सा-3-2049(1)/दस-915-89, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1—सचिवालय के समस्त अनुभाग।
2—सचिव, विधान सभा/विधान परिषद् सचिवालय।
3—राज्यपाल सचिवालय।
4—मुख्य लेखाधिकारी।
5—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
7—निर्धारित सूची के अनुसार पेंशन संघों को।
8—निदेशक पेंशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,
गणेश दत्त दीक्षित,
उप सचिव।

पी. एस. यू. पी.—ए. पी. 18 सा. भाषा 20-9-89—(2179)—1989—10,000 (मैग.)।



संख्या सा-3-1137/दस-908-90

प्रेषक,

श्री भोला नाथ तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष तथा
प्रमुख कार्यपालकाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग—3

लखनऊ : दिनांक 25 जून, 1991,

विषय —नई पारिवारिक पेन्शन योजना, 1965 के अधीन सेवानिवृत्ति के बाद किये गये विवाह को पारिवारिक पेन्शन हेतु मान्यता।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नई पारिवारिक पेन्शन योजना, 1965 से सम्बन्धित शासनादेश संख्या जी-2-769/दस-917-61, दिनांक 24 अगस्त, 1966 के प्रस्तर 3 (ख) के नीचे दी गई टिप्पणी-2 की व्यवस्था के अनुसार सेवा-निवृत्ति के बाद किया गया विवाह इस योजना के प्रयोजनों के लिए मान्य नहीं समझा जायेगा। शासन के सम्मुख कतिपय ऐसे मामले आ चुके हैं जिनमें तत्-कालीन सेवकों ने सेवानिवृत्ति के उपरान्त विवाह किये हैं और वे इस प्रकार के पति/पत्नी, जैसी भी स्थिति हो, को पारिवारिक पेन्शन अनुमन्य कराये जाने पर बल दे रहे हैं। इसी तरह के एक मामले में मा० उच्चतम न्यायालय के निर्णयोपरान्त केन्द्र सरकार द्वारा सशस्त्र बिलाफोपरान्त कुटुम्ब पेन्शन योजना, 1964 की सुविधा का लाभ सेवानिवृत्ति के बाद के सम्पर्क के लिये भी पेन्शन भोगी की मृत्यु के ठीक बाद ही तारीख से स्वीकृत किया गया है।

2—अतः सम्बन्धित निर्णयोपरान्त राज्यपाल महोदय ने यही यह आदेश दिये हैं कि यदि इस राज्य के किसी सरकारी सेवक ने अपनी सेवानिवृत्ति के उपरान्त विवाह किया है तो पति/पत्नी, जैसी भी स्थिति हो, को भी पारिवारिक पेन्शन योजना, 1965 के अधीन अनुमन्य लाभ तथा पारिवारिक पेन्शन अनुमन्य होगी। इस सुविधा का लाभ पेन्शन भोगी की मृत्यु के ठीक बाद की तारीख से देय होगा।

3—उपरोक्त सुविधा शासनादेश संख्या जी-2-769/दस-917-61, दिनांक 24 अगस्त, 1966 के प्रभावी होने की तिथि अर्थात् दिनांक 1-4-1965 से अनु-मन्य मानी जायेगी तथा शासनादेश इस तीना तक सम्भावित प्रभावी रहेगा।

4—उपरोक्त प्रकार के मामलों के निस्तारण के लिये में शेष प्रक्रिया एवं औपचारिक पत्रावलियां आदेश जो पारिवारिक पेन्शन के सामान्य मामलों में व्यवहृत किये जा रहे हैं।

भवदीय
भोला नाथ तिवारी
प्रमुख सचिव

द्वारा प्रति सत्यापित

उप प्रभागीय वनाधिकारी
बन्धोर उप प्रभाग हल्द्वानी

संख्या-सा-3-297 / दस-913-92

प्रेषक;

श्री जी० एस० वासुदेव,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उ० प्र०।

लखनऊ, दिनांक 26 मई, 1993

विषय :--पेंशन स्वीकृति प्रक्रिया को विकेन्द्रित कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जिला स्तर पर पेंशन स्वीकृत किए जाने की सुविधा दिया जाना।

महोदय,

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि महालेखाकार कार्यालय, इलाहाबाद के स्तर से पेंशन प्राधिकार-पत्र तथा पेंशन सम्बन्धी अन्य देयों जैसे ग्रेच्युटी, पेंशन के रोकिकरण आदि का प्राधिकार-पत्र निर्गत करने में आ रही कठिनाइयों के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि उपरोक्त प्राधिकार-पत्रों को निर्गत करने की कार्यवाही का विकेन्द्रीकरण किया जाए। उक्त निर्णय के फलस्वरूप वर्तमान में जो यह कार्य महालेखाकार कार्यालय के बजाय राज्य सरकार के 15 विभागों के मुख्य लेखाधिकारियों द्वारा किया जाता है। उक्त 15 विभागों के अतिरिक्त शेष बचे हुए विभागों / कार्यालयों के कर्मचारियों / अधिकारियों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण पेंशन निदेशालय, उ० प्र० द्वारा किया जाता है।

2--पेंशन सम्बन्धी कार्य के निस्तारण के अधिकार के विकेन्द्रीकरण की नीति के अधीन राज्यपाल महोदय ने यह आदेश प्रदान किए हैं कि राज्य सरकार के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों (उत्तर प्रदेश सचिवालय विधान सभा सचिवालय, विधान परिषद् सचिवालय तथा राज्यपाल सचिवालय को छोड़कर) के सेवा नैवृत्तिक लाभों एवं उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन स्वीकृत किए जाने का कार्य पेंशन निदेशक / मुख्य लेखाधिकारियों से लेकर कार्यालयाध्यक्षों को प्रतिनिधानित कर दिया जाय। कार्यालयाध्यक्षों द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सेवा नैवृत्तिक लाभों का निस्तारण करने के लिये निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा :--

(1) सम्बन्धित कर्मचारी को पेंशन का प्रथम आहरण उसी कोषागार से करेंगे जहां पर उनका कार्यालय स्थित है।

(2) इस प्रणाली के अन्तर्गत सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा पेंशन सम्बन्धित सभी मामलों का निस्तारण किया जाएगा, जैसे पेंशन स्वीकृति, ग्रेच्युटी की स्वीकृति, पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति तथा पेंशन के राशिकरण की स्वीकृति आदि।

(3) बीमा योजना के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि भविष्य निर्वाह के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि तथा सेवा निवृत्ति के समय अवशेष उपार्जित अवकाश के नकदीकरण से सम्बन्धित मामले इस योजना से आच्छादित नहीं होंगे। उनके सम्बन्ध में विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत जो प्रक्रिया निर्धारित है वही यथावत् लागू समझी जाएगी।

(4) कार्यालयाध्यक्ष केवल जिले में ही आहरित की जाने वाली पेंशन स्वीकृत करने के लिए सक्षम होंगे।

(5) सेवा निवृत्ति के समय तैनाती के जनपद के अतिरिक्त के जनपद में पेंशन आहरण व्यवस्था या तो सेवा निवृत्ति के जनपद से प्रथम आहरण के बाद स्थानान्तरण द्वारा अथवा पूर्ववत् पेंशन निदेशक / मुख्य लेखाधिकारी द्वारा जारी स्वीकृति पर ही किया जाएगा।

(6) कार्यालयाध्यक्षों द्वारा जारी किए जाने वाले भुगतानादेशों की प्रति सम्बन्धित मुख्य लेखाधिकारी / निदेशक पेंशन, जैसी स्थिति हो को भी पृष्ठांकित की जाएगी जो इस मामलों की जांच करके प्रत्येक जिलों में अनापत्ति जारी कर देंगे और तब तक अर्थात् तीन माह की अवधि तक कार्यालयाध्यक्षों द्वारा उपरोक्तानुसार जारी भुगतानादेश अनन्तिम माने जायेंगे और कोई त्रुटि पाए जाने पर उनमें सुधार करके पुनरीक्षित भुगतानादेश जारी कर दिया जाएगा। यदि मुख्य लेखाधिकारी / निदेशक, पेंशन को प्रकरण भेजने की तिथि से तीन माह की अवधि में यथास्थिति मुख्य लेखाधिकारी / निदेशक पेंशन से कोई आपत्ति अथवा अनापत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्गत भुगतानादेश स्वतः अन्तिम माना जाएगा। मुख्य लेखाधिकारी / निदेशक पेंशन का यह दायित्व होगा कि कार्यालयाध्यक्षों के पेंशन सम्बन्धी कार्य का नियमित निरीक्षण करें तथा वांछित पर्यवेक्षक प्रदान करें।

(7) विकेन्द्रीकरण की उपरोक्त प्रक्रिया के अधीन आपके विभाग में सेवा निवृत्त होने वाले अथवा मृत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मामले तुरन्त रूप से निस्तारित किये जाएं।

(8) इस प्रणाली के अन्तर्गत पेंशन प्रस्तावों को तैयार करने का कार्य उस प्रक्रिया तथा समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा जैसी वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या सा-3-1713/दस-89-933-89, दिनांक 28 जुलाई, 1989 में निर्धारित है। केवल अन्तर इतना ही होगा कि सम्बन्धित अधिकारी द्वारा सांक्षित पेंशन प्रस्ताव अब यदि सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा अपनी पेंशन लेने का विकल्प उसी जनपद के कोषागार से लेने को देता है, तो कार्यालयाध्यक्ष को भेजे जायेंगे तथा यदि किसी अन्य जनपद से लेने का विकल्प देता है तो पूर्व की भांति विभागाध्यक्ष से संबद्ध मुख्य लेखाधिकारी को अथवा निदेशक, पेंशन निदेशालय उ0 प्र0 को, जैसी भी स्थिति हो, को भेजे जायेंगे। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रेच्युटी एवं राशिकरण की धनराशि का भुगतान सम्बन्धित पेंशनर को उसकी सेवा निवृत्ति के बाद के माह की पहली तारीख को प्राप्त हो जाए तथा पेंशन का भुगतान सेवा निवृत्ति के दिनांक के एक माह के बाद की पहली तारीख को हो जाए।

(9) इस प्रणाली को नियमित रूप से चलाने हेतु पेंशन तथा अन्य प्राधिकार-पत्रों की प्रतियां निदेशक, पेंशन निदेशालय, उ0 प्र0, लखनऊ से प्राप्त की जाएगी। अतएव सम्बन्धित विभाग अपनी आवश्यकतानुसार अपना मांग-पत्र निदेशक, पेंशन निदेशालय, उ0 प्र0, लखनऊ को समय से पूर्व भेजने का कष्ट करें।

(10) प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कार्यालयों से प्रति वर्ष पहली जनवरी तथा पहली जुलाई को ऐसे व्यक्तियों की एक छमाही सूची प्राप्त करेंगे जो अगले 24 माह तक सेवा निवृत्त होने वाले हों। उपरोक्त सूचना के रख-रखाव के लिए संलग्न प्रपत्र (फार्म-1) पर एक रजिस्टर में अंकित कर लें। यह रजिस्टर मास्टर रजिस्टर के रूप में उपयोग में लाया जाएगा तथा पेंशन प्रस्तावों की प्राप्ति तथा निर्गमन सम्बन्धी सूचना इस रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। जो पेंशन प्रस्ताव प्राप्त होंगे उन्हें उपरोक्त रजिस्टर के अतिरिक्त एक अन्य रजिस्टर (फार्म-2) में दर्ज किया जाएगा। यह रजिस्टर पेंशन चेक रजिस्टर कहलाएगा और स्वीकृति सम्बन्धी पूर्ण सूचना का मूल रजिस्टर होगा। इस रजिस्टर को कभी विनष्ट (वीड आउट) नहीं किया जाएगा और इसी रजिस्टर को भविष्य में सन्दर्भ हेतु तथा समय-समय पर होने वाले पेंशनरों के पुनरीक्षण हेतु उपयोग में लाया जाएगा। पेंशन प्राधिकार-पत्रों पर भी इस रजिस्टर के नम्बर का सन्दर्भ होगा और यही सन्दर्भ सम्बन्धित पेंशनर के सम्बन्ध में भविष्य में उपयोग में लाया जाएगा। विभिन्न कार्यालयाध्यक्ष पेंशन प्राधिकार-पत्रों पर नम्बर देने से पूर्व अपने विभाग का संक्षिप्त नाम जैसे सिंचाई विभाग "सिंचाई" राजस्व विभाग "राजस्व" अंकित करेंगे।

(11) कार्यालयाध्यक्ष द्वारा पेंशन प्राधिकार-पत्र निर्गत किए जाने पर कोषाधिकारी स्तर पर उन्हें एक रजिस्टर जो वित्त हस्तपुस्तिका भाग-पांच-खण्ड-दो के फार्म ए0 51 (प्रारूप संलग्न) में निर्धारित है में रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा। कोषाधिकारी इसी रजिस्टर के क्रमांक को पेंशन प्राधिकार-पत्र (दोनों प्रतियों) पर दर्ज करेंगे और कोषाधिकारी के कार्यालय में डिस्चार्जफ्राक्ट को ढूंढने में उसका उपयोग करेंगे।

3--पेंशन प्रपत्र प्राप्त होने पर कार्यालयाध्यक्ष कार्यालय में निम्न कार्यवाही अपेक्षित होगी :--

(1) वे यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पेंशन प्रपत्र हर प्रकार से पूर्ण है।

(2) सेवा पुस्तिका में सेवा सम्बन्धी सभी प्रविष्टियां पूर्ण हैं, तथा वे उचित स्तर से प्रमाणित की गई है। यदि सेवा पुस्तिका में कुछ अपूर्ति / अशुद्धियां परिलक्षित न हो तो सम्बन्धित सरकारी सेवक से, शासनादेश संख्या सा-3-1998 / दस-932-80, दिनांक 16 जनवरी, 1981 के प्रस्तर-3 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार एक शपथ-पत्र प्राप्त कर उस भाग को पेंशन के प्रयोजन हेतु अंतिम मान लेंगे।

(3) यदि अभिलेख पूर्ण है तो वे निर्धारित प्रपत्र पर सम्बन्धित सरकारी सेवक को सेवा निवृत्ति की तिथि से ठीक 10 माह पूर्व का औसत वेतन अंकित करेंगे और सेवा पुस्तिका की सहायता से उसकी अर्हकारी सेवा अंकित करेंगे। इन आंकड़ों के आधार पर पेंशन विनियमन इन शासनादेशों में उल्लिखित प्रक्रिया और दरों पर पेंशन का आगणन करके पेंशन प्राधिकार-पत्र निर्गत करेंगे।

(4) इसी प्रकार के पेंशन नियमों में एवं शासनादेशों में उल्लिखित प्रक्रिया और दरों पर मृत्यु एवं सेवा नैवृत्तिक ग्रेच्युटी तथा पेंशन राशिकरण की धनराशि का आगणन करेंगे और निर्धारित प्रपत्र पर प्राधिकार-पत्र निर्गत करेंगे।

(5) पेंशन तथा अन्य प्राधिकार-पत्रों को निर्गत करते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि उक्त पत्रों पर निर्धारित सभी सूचना सही-सही भर दी गई है जिस से सम्बन्धित कोषाधिकारी को उसका भुगतान करने में कठिनाई न हो।

(6) यदि किसी कारणवश सेवा निवृत्ति के दिनांक के एक माह पूर्व किसी व्यक्ति को पेंशन अथवा एवं सेवा निवृत्ति ग्रेच्युटी के सम्बन्ध में प्राधिकार-पत्र निर्गत किया जाना सम्भव न हो पाए तो कार्यालयाध्यक्ष का यह दायित्व होगा कि वे शासनादेश संख्या सा-3-2085 / दस-907-

पत्रांक-सं-क- 744 /पेंशन-2/95

प्रेषक,

श्री विजय प्रकाश,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्तविभाग(पेंशन) अनुभाग- 3, लखनऊ: दिनांक: 29 मई, 1995

विषय:- पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक पत्र व्यवहार को हतोत्साहित करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यद्यपि राज्य सरकार अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों / अधिकारियों के सेवानिवृत्ति लाभों एवं पारिवारिक पेंशन के प्रकरणों को निस्तारित करने की दिशा में निरन्तर एवं सतत् प्रयास कर रही है, फिर भी अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन प्रकरणों में नियमों की व्यवस्था के विपरीत संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारी / उनके परिवार से अनावश्यक पिछासा करते रहते हैं जिससे पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब हो जाता है। उदाहरणार्थ यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके जीवन कालीन अर्जित पेंशन / सेवानिवृत्ति / भविष्य निधि व सामूहिक बीमे की धनराशि आदेश के भुगतान के संदर्भ में परिवार से उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की माँग की जाती है जिससे कि मृतक कर्मचारी के परिवार के सम्मुख अनेकों समस्यायें उत्पन्न हो जाती है। पेंशन संबंधी नियमों में कर्मचारी द्वारा नामांकन की व्यवस्था है और उसी के आधार पर उसे देय धनराशि का भुगतान किया जाता है। पेंशन नियमों में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र माँगे जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त

— 2 /

करने की यह न्यायिक प्रक्रिया है और उसकी व्यावहारिकता का अन्त बिन्दु है। अतएव आप कृपया यह सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि किन प्रकरणों में आपेक्षित उपलब्ध है और अन्य कोई कमी रही है उसे तथा अनुपस्थ-प्रकरणों का यथाशीघ्र प्रेषण करा दिया जाए।

2— मा0उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश की कोलाय ऐसे प्रकरण भी निर्देशित किए गए हैं जिनमें निर्णय के बावजूद सभी प्रकार से पूर्ण पाए गए, फिर भी संक्षिप्त (प्रभावोत्पादक) आदेश शासन के अनावश्यक रूप व्यवहार किया गया जिसके फलस्वरूप की अवमानना करनी पड़ी। अतःअनुरोध है कि आप कृपया अपने विभाग में आपेक्षित प्रकार की परिहार्य अभिदेश की कार्यवाही को प्रवृत्ति को समाप्त करने का कष्ट करें तथा यदि इस प्रकार का कोई प्रकरण लम्बित है तो उसे प्राथमिकता से निस्तारित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शिव प्रकाश)
संयुक्त सचिव।

संख्या-सा-3- 744 (1)/दस-3/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1— निदेशक, पेंशन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2— राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3— सचिव, विधान सभा / विधान परिषद, सचिवालय।
4— महालेखाकार प्रथम / द्वितीय / लेखा एवं हकदारी /उ0प्र0, इलाहाबाद।
5— सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

(शिव प्रकाश)
संयुक्त सचिव।

संख्या-सा-3-जी०आई०-13/दस-901/94

प्रेषक,

श्री विनोद कुमार मित्तल,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,

उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक : 13 सितम्बर, 1995

विषय :—मृत्यु उपादान तथा सेवानिवृत्ति उपादान के प्रयोजन के लिए महंगाई भत्ते को महंगाई वेतन के रूप में गिना जाना तथा उपादान की धनराशि की अधिकतम सीमा में वृद्धि।

महोदय,

विल (सामान्य)
अनुभाग-3

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-सा-3-जी० आई०-32/दस-901/94, दिनांक 21-2-1994 में की गई व्यवस्था के अधीन दिनांक 16-9-1993 को अथवा इस तारीख के बाद जो सरकारी कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए हैं अथवा जिनकी मृत्यु हुई है, उन्हें मिलने वाले महंगाई भत्ते जैसा कि दिनांक 1 मार्च, 1988 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 729.91 के औसत से जोड़ा गया था, के एक भाग को अर्थात् मूल वेतन के 20 प्रतिशत को महंगाई वेतन के रूप में गिना जाएगा।

2—उक्त आदेशों के क्रम में राज्यपाल महोदय ने दिनांक 1 अप्रैल, 1995 को अथवा इस तिथि के उपरान्त सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों को सेवानिवृत्ति उपादान/मृत्यु उपादान के प्रयोजनार्थ परिलब्धियों की गणना करने के लिए नीचे दिए अनुसार अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1201.66 से जुड़े महंगाई भत्ते को, महंगाई वेतन के रूप में गिने जाने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान की है :—

वेतन श्रेणियाँ	उपादान गणना के लिए वेतन में महंगाई भत्ता जोड़ना
1— मूल वेतन प्रत्येक माह 3500 रुपये तक।	वेतन का 97%
2— मूल वेतन प्रत्येक माह 3500 रुपये से अधिक, परन्तु प्रत्येक माह 6,000 रुपये से कम	वेतन का 73% परन्तु कम से कम 3,395 रुपये।
3— मूल वेतन प्रत्येक माह 6,000 रुपये से अधिक।	वेतन का 63% परन्तु कम से कम 4,380 रुपये।

3— उपर्युक्त दरों में, शासनादेश संख्या-सा-3-जी०आई०-32/दस-901/94, दिनांक 21 फरवरी, 1994 के अनुसार 16 सितम्बर, 1993 से सेवानिवृत्ति उपादान/मृत्यु उपादान के प्रयोजनार्थ पहले से ही मूल वेतन का 20% के बराबर महंगाई भत्ता, महंगाई वेतन के रूप में सम्मिलित है।

4—राज्यपाल महोदय ने यह भी निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्त उपादान/मृत्यु उपादान की अधिकतम राशि एक लाख रुपये की सीमा को 1 अप्रैल, 1995 से बढ़ाकर 2.50 (दो लाख पचास हजार मात्र) कर दी जाए।

2

3—ऐसे कर्मचारियों के मामले में, जिनकी 1 अप्रैल, 1965 की अवस्था उनके लिए सेवानिवृत्ति-आयु से कम है, वह सेवानिवृत्ति उपदान/मृत्यु उपदान की देय राशि कार्यपालक अधिकारी द्वारा इस आदेश के आधार पर स्वीकृत से पूर्व परिकलित की जाए, यदि ऐसे बचाया है तो उसका भुगतान किया जाए।

4—उत्तर प्रदेश डिवेलपमेन्ट कॉर्पोरेशन अधिनियम, 1961 के संबंधित नियम में औपचारिक संशोधन अलग से जारी किया जाएगा।

5—उपरोक्त प्रस्ताव-1 में अन्तर्निहित मकसद केवल सेवानिवृत्ति उपादान और मृत्यु उपदान के संशोधन से लिए कर्मचारियों को गणना के लिए ही लिया जाएगा। किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं।

भवदीय,

विनोद कुमार मित्तल,

प्रमुख सचिव।

संख्या-स-3-जी०आई०-13(1)/दस-2001/04, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1—संबंधित पत्रावली के समस्त अनुभाग।

2—विधान सभा/विधान परिषद्/राज्यपाल सचिवालय।

3—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।

4—समस्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन।

5—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन।

6—निदेशक, पेंशन निदेशालय, हजरतगंज भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

7—बिल (आय-व्यय) अनुभाग-1/2

8—बिल (अंश-नियंत्रण) अनुभाग-5

9—इत्ला चेक अनुभाग।

आज्ञा से,

शिव प्रकाश,

संयुक्त सचिव।

के०एल०पी०—ए०सी० 74 क० बिल—16-9-05—(313)—11,000—(कार्यालय आदेश)

(14)

संख्या- 2669(1)/15-8-95/3002/90

प्रेषक,

श्री मनजीत सिंह,
सचिव, माध्यमिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
उ0प्र0, लखनऊ/इलाहाबाद।

लखनऊ: दिनांक: 05 जनवरी, 1996

शिक्षा 1(1) अनुभाग

विषय:- अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षक/शिक्षेतर कर्मचारियों को पेंशन स्वीकृत किये जाने हेतु उसी विद्यालय के असहायता प्राप्त की अवधि को अहकारी सेवा में जोड़ा जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- पेंशन(2)/शिविर/28008/90-91, दिनांक 07 अक्टूबर, 1990 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षेतर कर्मचारियों की सेवा पेंशन के प्रयोजन हेतु उस तिथि से आगणित की जाती है जिस तिथि से सम्बन्धित संस्था को अनुदान प्रारम्भ किया गया हो। अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षेतर कर्मचारी यह बराबर मांग रही है कि संस्थाओं में असहायता प्राप्त अवधि में की गई सेवा को भी पेंशन के लिए जोड़ा जाय। इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान करते हैं कि सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षेतर कर्मचारियों को उसी विद्यालय की प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को उसी विद्यालय की असहायता प्राप्त की अवधि में की गई सेवा को पेंशन की अहकारी सेवा में जोड़े जाने की के.पी.ओ.एफ. के प्रबन्धकीय अंशदान की राशि को प्रबन्धक/कार्यालय द्वारा या जमा राजकोष में और शिक्षकों एवं शिक्षेतर कर्मचारियों द्वारा किये अंशदान की राशि सहित सम्बन्धित शिक्षक/कर्मचारी के भविष्य निर्वाह निधि खाते में जमा कर दी गई हो। ऐसे सेवानिवृत्त शिक्षकों/शिक्षेतर कर्मचारियों का शीघ्र निस्तारण हो सके। आशिंक को अनुदान प्रेषण नियमों के अनुसार पारिवारिक पेंशन स्वीकृत की गई/जा उनके मामलों में भी यह सुविधा उपरोक्त शर्तों के अधीन अनुमन्य होगी।

2- अभी भी यदि कोई ऐसे शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत हैं जिन्होंने तारीख से निधि को अपनाया है तथा लाभप्रदी योजना के अधीन प्रबन्धकीय अंशदान को राजकोष में जमा नहीं किया है तो ऐसे शिक्षकों/कर्मचारियों के सम्बन्ध में भी प्रबन्धकीय अंशदान की

—2/-

ब्याज सहित विलम्बतम दिनांक 31 मार्च, 1996 तक राजकोष में जमा कराना जाना सुनिश्चित किया जाये । इस सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य को सुनिश्चित होना कि वे शिक्षक/शिक्षेत्तर कर्मचारी से सम्बन्धित प्रबन्धकीय अंशदान की देय धनराशि का ब्याज सहित आगणन कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत लेखाधिकारी से सत्यापित कराकर निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करें । यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जिस तिथि तक शिक्षक/शिक्षेत्तर कर्मचारी लाभप्रदी योजना में सम्मिलित थे, उस तिथि तक प्रबन्धकीय अंशदान की धनराशि ब्याज सहित राजकोष में जमा की जायेगी । लाभप्रदी योजना की समाप्ति के पश्चात वे इसे मूल वेतन के दस प्रतिशत के बराबर होगी । राजकोष में प्रबन्धकीय अंशदान की धनराशि ब्याज सहित जमा होने का उक्त लेखाधिकारी द्वारा प्रमाण प्राप्त किये जाने के उपरान्त इस आशय की प्रविष्टि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षेत्तर कर्मचारी की सेवापुस्तिका में भी कर दी जायेगी ।

3- उपरोक्तानुसार पेंशन/पारिवारिक पेंशन के प्रयोजन हेतु विद्यालय की अवधि प्राप्त अवधि में सेवा की गणना उस तिथि से की जायेगी जिस तिथि से शिक्षक/शिक्षेत्तर कर्मचारी की तत्समय लागू नियमों के अन्तर्गत विधिवत स्थाई नियमित नियुक्ति हुई थी ।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- ई-11/3473/वि-95, दिनांक 02-01-1996 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

संख्या- 2669/15-9-95/3008/09, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

818- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
121- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2 (तीन प्रतियों में)
131- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-11
141- निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण खण्ड, उ0प्र0, वित्त विभाग, लखनऊ ।
151- समस्त मण्डलीय लेखा परीक्षा निदेशक, उ0प्र0
161- समस्त मण्डलीय उप वेतन नियंत्रक -121, उ0प्र0 ।
171- समस्त जिला विद्यालय उपनिरीक्षक, उ0प्र0 ।
181- समस्त जिला बालिका विद्यालय निरीक्षिका, उ0प्र0 ।
191- समस्त मुख्य नगर अधिकारी, नगर पालिका, उ0प्र0 ।
2001- समस्त अधिशा, नगर महापालिका, उ0प्र0 ।
8191- बेसिक शिक्षा शाखा के समस्त अनुभाग ।
1621- नगर विकास अनुभाग-4/5
2151- परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा, उ0प्र0, इलाहाबाद ।

आज्ञा से,
(अनीस अहमद)
सचिव,
उत्तर प्रदेश सरकार ।

संख्या-सा-3-640/ दस-913/96

प्रेषक,

पी0के0मिश्र,
सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त(सामान्य) अनुभाग- 3, लखनऊः दिनांकः 6 मई, 1996

विषयः- पेंशन स्वीकृति प्रक्रिया को विकेन्द्रित कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के विषय में की गई व्यवस्था का सरलीकरण।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-सा-3-397/दस-913/92 दिनांक 26-5-1993 में यह व्यवस्था की गई है कि राज्य सरकार के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों (उत्तर प्रदेश सचिवालय, विधान सभा सचिवालय, विधान परिषद सचिवालय तथा राज्यपाल सचिवालय को छोड़कर) के सेवानिवृत्तक लाभों एवं उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन स्वीकृत किये जाने का कार्य पेंशन निदेशक / मुख्य लेखाधिकारियों से लेकर कार्यालयाध्यक्षों को प्रतिनिधायित कर दिया जाय।

2- उपरोक्त शासनादेश दिनांक 26-5-1993 के प्रस्तर-2(1) 2(5) एवं प्रस्तर 2(6) की व्यवस्थाएं निम्न प्रकार है:-

2-(1) संबंधित कर्मचारी की पेंशन का प्रथम आहरण उसी कोषागार से करेंगे जहाँ पर उनका कार्यालय स्थित है।

2-(5) सेवानिवृत्ति के समय तैनाती के जनपद के अतिरिक्त के जनपद से पेंशन आहरण व्यवस्था या तो सेवानिवृत्ति के जनपद से प्रथम आहरण के बाद स्थानान्तरण द्वारा अथवा पूर्ववत पेंशन निदेशक / मुख्यलेखाधिकारी द्वारा जारी स्वीकृति पर ही किया जायगा।

2-(6) कार्यालयाध्यक्ष द्वारा जारी किए जाने वाले भुगतानादेशों की

-----2/

प्रति संबंधित मुख्य लेखाधिकारी/ निदेशक पेंशन, जै
स्थिति हो को भी पृष्ठांकित की जायेगी, जो इन
मामलों की जांच करके प्रत्येक तिमाही में अनापत्ति जारी
कर देंगे और तब तक अर्थात तीन माह की अवधि तक
कार्यालयाध्यक्षों द्वारा उपरोक्तानुसार जारी भुगतानादेश
अनन्तिम माने जायेंगे और कोई त्रुटि पाये जाने पर उनमें
सुधार करके पुनरीक्षित भुगतानादेश जारी कर दिया जायेगा।
यदि मुख्य लेखाधिकारी / निदेशक, पेंशन को प्रकरण भेजने
की तिथि से तीन माह की अवधि में यथास्थिति मुख्य
लेखाधिकारी/ निदेशक पेंशन से कोई आपत्ति अथवा अनापत्ति
प्राप्त नहीं होती है, तो कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्गत
भुगतानादेश स्वत: अन्तिम माना जायेगा। मुख्य लेखाधिकारी/
निदेशक पेंशन का यह दायित्व होगा कि कार्यालयाध्यक्षों के
पेंशन संबंधी कार्य का नियमित निरीक्षण करें तथा वांछित
पर्यवेक्षण प्रदान करें।

3- शासनादेश की उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही करने के फलस्वरूप पेंशनरों को काल्पय कठिनाईयां हो रही है एवं अनावश्यक विलम्ब भी हो रहा है। अतएव उक्त समस्या पर सम्यक विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय ने शासनादेश संख्या-सा-3-297/दस-913/92, दिनांक 26-5-1993 में उसके प्रस्तर- 2(1), 2(6), 2(6) के स्थान पर निम्न-लिखित व्यवस्था स्थापित किये जाने के आदेश दिये है:-

(1) प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण को निस्तारित करते हुए उनका पेंशन भुगतानादेश राज्य सरकार के अन्तर्गत ही उस जनपद के कोषागार से भुगतान हेतु निर्गत करेंगे जहाँ से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी पेंशन आहरित करने का विकल्प देता है। कार्यालयाध्यक्ष पेंशन भुगतानादेश अपने जिले के कोषाधिकारी को भेजेंगे जो उसे प्रतिहस्ताक्षरित करके तथा "नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्रमाण-पत्र" देते हुए पेंशनरद्वारा चुने गये जनपद के कोषागार को भुगतान हेतु अग्रसारित कर देंगे।

(2) शासनादेश संख्या-सा-3-297/दस-913/92, दिनांक 26-5-1993 के प्रस्तर-2(6) की व्यवस्था को समाप्त करते हुए यह व्यवस्था

-----3/

की जाती है कि अब निर्गत भुगतानादेशों की प्रतियां निदेशक, पेंशन निदेशालय उ0प्र0/ संबंधित विभागों के मुख्य लेखाधिकारियों / वित्त नियंत्रकों को जांच हेतु नहीं प्रेषित किया जायेंगे और उनसे पेंशन निर्धारण की पुष्टि की आवश्यकता नहीं होगी।

(3) निदेशक पेंशन / मुख्य लेखाधिकारियों / वित्त नियंत्रकों का यह दायित्व होगा कि कार्यालयाध्यक्षों के पेंशन संबंधी कार्य का नियमित निरीक्षण करें तथा वांछित पर्यवेक्षण प्रदान करें।

4- सभी कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कृपया उपरोक्त परिवर्तन/संशोधन के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

5- यह आदेश तत्काल प्रभावी समझे जायेंगे।

भवदीय,

(पी0के0 मिश्र)
सचिव, वित्त।

संख्या-सा-3- 640 (1)/दस-96-913/96तद्दिनांक

प्रेषित:- प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1- शासन के समस्त प्रमुख सचिव एवं सचिव।
2- महालेखाकार (लेखा) प्रथम एवं द्वितीय, महालेखाकार (आडिट), तृतीय एवं चतुर्थ, इलाहाबाद।
3- निदेशक, पेंशन उ0प्र0इन्दिरा भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0जवाहर भवन, लखनऊ।
5- प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त।
6- प्रदेश के समस्त जिलाधिकारी।
7- प्रदेश के समस्त कोषाधिकारी।
8- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, इलाहाबाद।
9- सचिवालय के समस्त अनुभाग।
10- निदेशक, सूचना विभाग उ0प्र0 लखनऊ को आवश्यक प्रचार हेतु।

आज्ञा से,

(विशेष प्रकाश)
संयुक्त सचिव।



संख्या-सा-3-वी0-13/दस-1997

प्रेषक,

विष्ण प्रकाश,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महालेखाकार,
(लेखा एवं हकदारी)-II
उ0प्र0, इलाहाबाद।

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3, लखनऊ: दिनांक: 8 अगस्त, 1997

विषय:- लापता सरकारी सेवकों के परिवार को सेवानिवृत्तिक लाभों तथा अन्य अपेक्षों का भुगतान विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने अर्द्धशा0पत्र सं0-पेंशन/विविध/पारिवारिक पेंशन-123, दिनांक 12-3-1997 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें। इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लापता सरकारी सेवकों के परिवार को सेवानिवृत्तिक लाभों के भुगतान के संबंध में शासनादेश सं0-सा-3-वी0आई0-88/दस-909/97, दिनांक 28-3-1997 में जारी की गयी व्यवस्था के संबंध में की गई जिज्ञासा के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मामले का निस्तारण निम्न प्रकार किया जाना अपेक्षित होगा :-

जिज्ञासा	समाधान
1- उक्त शासनादेश के अनुसार गुमशुदा कर्मचारियों के गुम होने के एक वर्ष बाद से पारिवारिक पेंशन का लाभ दिये जाने का प्राविधान है। कृपया यह स्पष्ट करें कि एक वर्ष की अवधि की गणना किस तिथि से की जायगी?	1- कर्मचारी के लापता होने की तिथि से एक वर्ष की गणना की जायगी।

-------2/

2- क्या शासनादेश दिनांक 28-3-87 का लाभ गुमशुदा पेंशनरों के मामलों में ग्राह्य होगा?

2- यह आदेश गुमशुदा कर्मचारियों के मामले में ही लागू होने के साथ गुमशुदा पेंशनरों के मामलों में भी लागू होगा। दोनों ही प्रकार के मामलों में लाभार्थी से एक अन्डरटेकिंग ले ली जाएगी कि यदि कर्मचारी/पेंशनर प्रकट होता है तो भुगतान की गई समस्त धनराशि उसके वेतन एवं भत्तों अथवा पेंशन से समायोजन द्वारा वसूल कर ली जाएगी।

3॥ कृपया यह स्पष्ट करें कि क्या उक्त आदेशों के अन्तर्गत पारिवारिक पेंशन देय होने की तिथि से ही बढ़ी हुई दर से देय होगी या सर्व प्रथम सामान्य दर से भुगतान की जायेगी तथा गुमशुदा हुए सात वर्ष बीत जाय तभी बढ़ी हुई दर से प्राधिकृत की जायेगी?

3॥ शासनादेश दिनांक 28-3-87 के पैरा-4 की व्यवस्था के अनुसार ही कार्यवाही किया जाना अपेक्षित होगा यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो गुम होने की तिथि से ही बढ़ी हुई दर पर पेंशन स्वीकृत की जाएगी। यही प्रक्रिया पेंशनरों के मामलों में यथास्थिति अपनाई जाएगी। सात वर्ष तक प्रतीक्षा नहीं की जाएगी।

3॥ उपर्युक्त स्पष्टीकरण के साथ यह भी स्पष्ट करें कि सात वर्ष बीत जाने पर सामान्य तौर पर मृत्यु मानकर बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन के अन्तर का भुगतान प्राधिकृत कर दिया जायेगा या मृत्यु के लिए न्यायालय का आदेश अपेक्षित होगा?

3॥ प्रश्न-3॥ में स्पष्ट की गई स्थिति के उपरान्त इस बिन्दु को स्पष्ट करने का औचित्य नहीं है।

4॥ शासनादेश दिनांक 28-3-87 जारी होने की तिथि से प्रभावी माना जायेगा। अतः यह स्पष्ट करें कि 28-3-87 के पूर्व के मामलों का निस्तारण किस प्रकार किया

4॥ शासनादेश दिनांक 28-3-87 से प्रभावी किया गया है अतएव इस तिथि के पूर्व के मामलों में उक्त सुविधा का लाभ दिनांक 28-3-87 से ही देय होगा।

-------3/

जावेगा। यह समझा जाता है कि यदि 20-3-87 के पूर्व ही गुमशुदा होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि बीत गयी हो तथा परिवार में पुलिस में एफ0आई0 आर0 दायर कर दिया हो तथा एफ0आई0आर0 की तिथि भी 20-3-87 से एक वर्ष पूर्व की हो तथा पुलिस से इस आशय की रिपोर्ट प्राप्त हो गयी हो कि कर्मचारी की तलाश नहीं हो पायी तो ऐसे मामलों में पारिवारिक पेंशन दिनांक 20-3-87 से स्वीकृत कर दी जायेगी।

4।।।। यदि 20-3-87 के पूर्व ही गुमशुदा हुए सात वर्ष बीत गये हो तो भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत कर्मचारी/पेंशनर को मृत्यु मानकर पारिवारिक पेंशन का निस्तारण किया जायेगा?

4।।।। यदि भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत उसे मृत घोषित किया जा चुका है तो उसे पेंशन की सुविधा अनुमन्य होगी।

4।।।।4।।।। के मामलों में यह समझा जाता है कि पारिवारिक पेंशन का भुगतान दिनांक 20-3-87 से अथवा यदि 20-3-87 के पूर्व ही सात वर्ष बीतने की तिथि से ही अनुमन्य होगा। इसकी पुष्टि करें।

4।।।।4।।।।यदि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 108 के अंतर्गत किसी कर्मचारी को दिनांक20-3-87 से पूर्व ही मृत्यु घोषित किया जा चुका है तो पारिवारिक पेंशन का भुगतान मृत्यु घोषित किये जाने की तिथि से ही नियमानुसार अनुमन्य होगा।

=======4/

5- ये प्रावधान केवल सामान्य परिस्थितियों में लापता हुए कर्मचारियों के मामलों में ही लागू होंगे यदि कर्मचारी कोई धोखाधड़ी गबन इत्यादि करके लापता हुआ हो तो ऐसे मामलों में भी यह लाभ अनुमन्य होगा जब कर्मचारी न्यायालय से दोषमुक्त हो जाय या अनुशासनिक कार्यवाही समाप्त होने पर उसे दोषमुक्त माना गया हो?

5- उक्त शासनादेश सामान्य परिस्थितियों में ही लागू होगा?

6- ऐसे प्रकरणों में पारिवारिक पेंशन के भुगतान की प्रशासनिक स्वीकृति विभागाध्यक्ष द्वारा अथवा यदि नियुक्ति अधिकारी शासन हो तो शासन के प्रशासनिक विभाग द्वारा दी जावेगी या वही प्रक्रिया अपनायी जावेगी जैसा सामान्य पारिवारिक पेंशन प्रकरणों में?

6- इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था शासनादेश दिनांक 28-3-87 के पैरा-4 में की गयी है।

7- कृपया मृत्यु ग्रेच्युटी के बारे में भी स्पष्टीकरण आदेश जारी करें। यहसमझा जाता है यदि कर्मचारी दिनांक 1-1-86 के बाद लापता हो जाय तथा नियमानुसार जब आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने पर पारिवारिक पेंशन देय हो जाय तो पहले सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी देय होगी तथा जब सात वर्ष बीत जाने पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत मृत्यु का एक्सपेस प्रिजम्पशन हो जाय तभी नियमानुसार मृत्यु ग्रेच्युटी एवं सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के अन्तर की धनराशि देय होगी?

7- इस संबंध में अनुरोध है कि शासनादेश दिनांक 28-3-87 की सुविधा शासनादेश जारी होने के दिनांक से प्रभावी है अतएव दिनांक 1-1-86 के बाद लापता मामलों में उक्त सुविधा अनुमन्य न होगी। ग्रेच्युटी के भुगतान के संबंध में आवश्यक व्यवस्था शासनादेश के पैरा-1(2)में स्पष्ट की गयी है। कृपया उसके अनुसार ही कार्यवाही किया जाना अपेक्षित होगा।

भवदीय,

(शिव प्रकाश)
संयुक्त सचिव।

उत्तर प्रदेश सरकार
वित्त (वेतन) अनुभाग—3

संख्या—वा-3-1721/दस—97/97
दिनांक 23 दिसम्बर, 1997

आदेशिका-रूप

विषय :—केवल संशोधित उत्तर प्रदेश 1997 की संस्तुतियों को लेकर किए जाने के पश्चात्वर्ती दिनांक 1-1-1996 से पूर्व सेवानिवृत्त राज्य सरकार के सिविल पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को पेंशन/पारिवारिक पेंशन का अभिशोधन/पुनरीक्षण।

उपरोक्त विषय पर अनुरोध किया जाता है कि राज्यपाल परिषद् ने केवल संशोधित उत्तर प्रदेश 1997 की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए दिनांक 1-1-1996 से पूर्व सेवानिवृत्त/मृत सभी सिविल पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों एवं पेंशनों के अभिशोधन/पुनरीक्षण के सम्बन्ध में निम्न आदेश पारित किए हैं।

2—यह आदेश राज्य सरकार के सभी सिविल पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों पर (जो उत्तर प्रदेश सिविल पेंशन नियम 1961, उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट्स रूल्स 1961, नई पारिवारिक पेंशन योजना 1965 तथा शासनादेश संख्या-वा-3-369/दस-92/85, दिनांक 3-8-1986 के अन्तर्गत संशोधित पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं) लागू समझे जायेंगे। यह आदेश अंशदायी पेंशन तथा अंशदायी पेंशन नियमावली (पेंशन प्राप्तकर्ता सरकारी कर्मचारियों को अंशदायी पेंशन फंड में प्रेषणकर्ता) के अन्तर्गत पेंशन पाने वाले पेंशनरों पर भी लागू नहीं होंगे, किन्तु यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, संघ लोक आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों, निर्वाचन के मुख्य आयुक्त तथा सदस्यों, स्थानीय निकायों तथा शासकीय सहायता प्राप्त संस्थाओं आदि के पेंशनों पर लागू नहीं होंगे।

3—इन आदेशों में अन्तर्गत—

(क) "वर्तमान पेंशनर" अथवा "पारिवारिक पेंशनर" वह व्यक्ति होगा जो दिनांक 31-12-1995 को राज्य सरकार के सिविल में अन्तर्गत पेंशन/पारिवारिक पेंशन अर्जित कर रहा है या पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहा है अथवा है।

(ख) "वर्तमान पेंशन" वह व्यक्ति कुल पेंशन (संशोधित भाग, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए) जो 31-12-1995 को देय थी, है है। पेंशन में वे सभी श्रेणी की पेंशन सम्मिलित हैं जिनका उल्लेख कॉलम 2 से 5 में किया गया है।

(ग) "वर्तमान पारिवारिक पेंशन" वह व्यक्ति उस कुल पारिवारिक पेंशन से है जो सभी पारिवारिक पेंशन योजना 1965 के अधीन शासनादेश संख्या-वा-3-657/दस-90/78, दिनांक 10-8-1978 अथवा शासनादेश संख्या-वा-3-1563/दस-92/81, दिनांक 3-11-1981 में उल्लिखित दरों पर, दिनांक 31-12-95 को अथवा शासनादेश संख्या-वा-3-969/दस-92/85, दिनांक 3-8-1986 से विनियमित पारिवारिक पेंशनों को 31-12-95 को अनुमन्य थी।

(घ) "वर्तमान महंगाई राहत" का आशय पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को 1510 पूल्स सूचकांक के बराबर मिल रही राहत से है।

4—(1) ऐसे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन जो दिनांक 1-1-1996 से पूर्व से पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, का संशोधन दिनांक 1-1-1996 से निम्नलिखित धनराशियों को सम्मिलित करते हुए किया जायेगा :—

(i) वर्तमान पेंशन/पारिवारिक पेंशन,

(ii) वर्तमान महंगाई राहत जैसा कि महंगाई के 1510 पूल्स सूचकांक अर्थात् 140%, 111% एवं 96% देय की स्थिति हो, के बराबर संशोधित,

(iii) अन्तरिम राहत प्रदान किया,

(iv) अन्तरिम राहत द्वितीय किश्त,

(v) अर्जित पेंशन/पारिवारिक पेंशन की धनराशि का 40% अंशीकरित जोड़कर।

उपरोक्तानुसार गणनित/संकलित धनराशि 1-1-1996 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन मानी जायेगी। इस प्रकार पेंशन/पारिवारिक पेंशन की अधिकतम धनराशि की सीमा 5000/- एवं न्यूनतम 1250/- प्रतिमाह से बढ़कर क्रमशः राज्य सरकार के अधिकतम वेतन रु 9000 एवं उसका 50% हो गई है। चूंकि उपरोक्तानुसार अर्जित संशोधित पेंशन में पेंशन का प्रतिशत भाग सम्मिलित होगा, अतः पेंशन का पारित निर्धारित भुगतान उसमें समय पेंशन के सम्बन्धित प्रतिशत भाग को पेंशन की धनराशि से कम किया जायेगा।

4—(2) ऐसे वर्तमान पेंशनर जो 31-3-1985 और 31-12-1985 के बीच सेवानिवृत्त हुए हों और जिन्हें वैयक्तिक पेंशन स्वीकृत की गयी हो, के मामलों में वैयक्तिक पेंशन पृथक से अनुमन्य होती रहेगी और ऐसी वैयक्तिक पेंशन को उपरोक्त तुसार पेंशन का भाग माने जाने हेतु समेकित नहीं किया जायेगा ।

4—(3) चूंकि उपरोक्त प्रस्तर-4 (1) में किए गए पेंशन/पारिवारिक पेंशन के संगोकन में महंगाई के 1510 औसत मूल्य सूचकांक के बराबर महंगाई राहत को सम्मिलित कर लिया गया है जबकि 1-1-1996 से जारी उक्त 1510 औसत मूल्य सूचकांक के आगे महंगाई के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नई नीति के अधीन (अलग से आदेश निर्गत किए जा रहे हैं) महंगाई राहत अनुमन्य होगी । महंगाई राहत की जो किश्तें शासनादेश संख्या सा-3-1206/दस-301/96, दिनांक 22-10-1996 एवं शासनादेश संख्या सा-3-111/दस-301/97, दिनांक 1-5-1997 से क्रमशः दिनांक 1-7-1996 से एवं 1-1-1997 से स्वीकृत की जा चुकी है, को समायोजित कर लिया जायगा ।

4—(4) शासनादेश संख्या सा-3-जी०आई०-21/दस-301/94, दिनांक 22-10-1996 के अधीन स्वीकृत अन्तरिम सहायता की तीसरी किश्त की धनराशि उपरोक्त प्रस्तर-4 (1) के अनुसार समेकित पेंशन/पारिवारिक पेंशन एवं उस पर अनुमन्य महंगाई राहत की धनराशि से समायोजित कर ली जायेगी ।

5—(1) जिन मामलों में पेंशन/पारिवारिक पेंशन का संगोकन उपरोक्त प्रस्तर-4 (1) की व्यवस्था के अनुसार किए जाने के उपरान्त भी समेकित धनराशि रुपया 1275/- से कम आती है उनमें इस प्रकार वृद्धि कर दी जाए कि न्यूनतम धनराशि रुपया 1275/- की सीमा तक हो जाए । इस प्रकार आगणित पेंशन/पारिवारिक पेंशन की धनराशि दिनांक 1-1-1996 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन मानी जायेगी । जिन पेंशनरों को एक से अधिक पेंशनें मिल रही हैं, उनकी सभी पेंशनों का योग लेते हुए न्यूनतम पेंशन रुपया 1275/- निर्धारित की जाएगी ।

5—(2) जिन प्रकरणों में असाधारण पेंशन नियमावली के अधीन अशक्तता पेंशन विशिष्ट अशक्तता पेंशन के अतिरिक्त मिल रही है उनमें दोनों पेंशनों के योग की न्यूनतम सीमा रुपया 1275/- प्रतिमाह से कम नहीं होगी । जिन प्रकरणों में केवल शत-प्रतिशत अक्षमता के आधार पर पेंशन स्वीकृत की गई है, उनमें पेंशन की न्यूनतम धनराशि रुपया 1275/- प्रतिमाह ही रहेगी, परन्तु शत-प्रतिशत अक्षमता न होने पर उसकी पेंशन उसी अनुपात में कम कर दी जायगी ।

सेवायोजित/पुनर्योजित पेंशनर—

6—सेवायोजित/पुनर्योजित पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशनों/पारिवारिक पेंशनों पर वर्तमान में महंगाई राहत अनुमन्य नहीं है । उनके मामलों में अतिरिक्त राहत की गणना हेतु वास्तविक महंगाई राहत की उस धनराशि को आधार माना जायगा जो उन्हें उस दशा में अनुमन्य होती यदि वे सेवानिवृत्ति के उपरान्त सेवायोजित/पुनर्योजित नहीं हुए होते और उसी के अनुसार उपरोक्त प्रस्तर-4 (1) के अन्तर्गत उनकी पेंशन का समेकन किया जाएगा । दिनांक 1-1-1996 से उनका वेतन उपरोक्त तुसार आगणित/समेकित पेंशन के परिप्रेक्ष्य में पुनर्निर्धारित किया जाएगा । दिनांक 1-1-1996 के उपरान्त होने वाली वृद्धि से सम्बन्धित महंगाई राहत भी उन्हें सेवायोजन/पुनर्योजन की अवधि में अनुमन्य नहीं होगी ।

7—राज्य सरकार के ऐसे सेवकों के मामलों को, जिन्हें राज्य सरकार के नियमों के अन्तर्गत सम्बन्धित सरकारी सेवकों द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं में स्थायी संविलियन के किया गया हो, निम्न प्रकार विनियमित किया जाएगा :—

(क) पेंशन—

इन स्थायी संविलियन के मामलों में जिनमें सम्बन्धित सरकारी सेवक राज्य सरकार से अपनी पेंशन पृथक से आहरित कर रहा हो उसकी पेंशन इन आदेशों के अनुसार पुनरीक्षित कर दी जायगी । इन मामलों में जिनमें सम्बन्धित सरकारी सेवक के पेंशनरी लाभों का भुगतान एक-मुश्त में, सम्बन्धित सरकारी सेवक/संस्था को, कर दिया गया हो, इन आदेशों के अन्तर्गत पेंशन का पुनरीक्षण नहीं किया जायगा ।

(ख) पारिवारिक पेंशन—

सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं में संविलीन हुए जिन सरकारी सेवकों के संविलियन की शर्तों में पारिवारिक पेंशन अनुमन्य की गयी है उनकी पारिवारिक पेंशन को उपरोक्त इन आदेशों के अन्तर्गत पुनरीक्षित कर दी जायेगी ।

8—पेंशन/पारिवारिक पेंशन पाने वाले पेंशनरों के मामलों में इन आदेशों के अन्तर्गत पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण हेतु सम्बन्धित पेंशन भुगतान अधिकारियों अर्थात् कोषाधिकारियों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जो पेंशन का भुगतान करते हैं एतद्द्वारा अधिकृत किया जाता है। इस श्रेणी के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशनों/पारिवारिक पेंशनों के पुनरीक्षण हेतु कोई पत्र/आदेश पहले/बाद अथवा अन्य पेंशन स्वीकृति अधिकारी द्वारा भेजे जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण हेतु कोषाधिकारियों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सुविधा के लिये एक ही पेंशनर संस्करण (डी०पी०-एक-एक) विकसित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की वर्तमान पेंशन तथा समेकित पेंशन जो 1-1-1996 से देय है दर्शित कर दी गयी है। यदि कोई पेंशनर एक से अधिक पेंशनें प्राप्त कर रहा है तो उसका पुनरीक्षण उपरोक्त प्रस्तर-4 (1) एवं प्रस्तर-5 में निर्धारित सीमा के अधीन किया जावेगा। पेंशन भुगतान अधिकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा प्रत्येक पेंशन भुगतान प्राधिकार एक (पी०पी०ओ०) के दोनों अर्धभागों

(छत्तीस) पर पुनरीक्षित पेंशन की धनराशि अंकित कर दी जायेगी। उपरोक्तानुसार अर्जित पेंशन/पारिवारिक पेंशन की सूचना पेंशन भुगतान अधिकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा महालेखाकार/वित्त नियंत्रक/मुख्य लेखाधिकारी/निदेशक वित्त, निदेशालय, उ० प्र०, लखनऊ को भी जैसी स्थिति हो, प्रारूप-II (संलग्नक-दो) पर दो अलग लिफाफे में दर्शाई सूचना पेंशन वेरीफाइड इंस्ट्रक्टर में अंकित कर दें। पेंशन भुगतान अधिकारी/महालेखाकार/पेंशन अभिदाता पर नियंत्रण अधिकारी को भेजी गयी उपरोक्त सूचना की प्राप्ति भी स्वीकार की जाए।

9.1—उपर्युक्त प्रकार-4 (1) में निहित प्रक्रिया के आधार पर समेकित पेंशन/पारिवारिक पेंशन दिनांक 1-1-1996 से 'मूल पेंशन' मानी जायेगी और इस पेंशन/पारिवारिक पेंशन की धनराशि पर इसके उपरान्त यथोचित वृद्धियां यथा अनुरूप होंगी। उच्चाई रहन की पात्रता हेतु पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की निम्नलिखित श्रेणी होगी :—

(i) पेंशनर जो दिनांक 1-1-1986 से 31-12-1995 के मध्य सेवानिवृत्त हुये हैं,

(ii) ऐसे पारिवारिक पेंशनर जो दिनांक 1-1-1986 से 31-12-95 की अवधि में पारिवारिक पेंशन के हकदार हुये तथा जिन्हें मृत कर्मचारी द्वारा आहरित अन्तिम वेतन के 30% की दर से पारिवारिक पेंशन स्वीकृत की गई।

10—इन आदेशों के अधीन पेंशन/पारिवारिक पेंशन की धनराशि के सम्बन्ध में उपरान्त अनुरूप धनराशि में अवशेष का भुगतान दिनांक 1-10-1997 से शुरू किया जायेगा। दिनांक 1-1-1996 से 30-9-1997 की अवधि के अवशेष का भुगतान दो समान किश्तों में होगा। प्रथम किश्त का भुगतान दिनांक 31-5-1998 तक किया जायेगा तथा द्वितीय किश्त का भुगतान 31-7-1998 तक किया जायेगा। किन्तु जिन प्रकरणों में दिनांक 1-1-1996 को अथवा उसके उपरान्त सेवानिवृत्त कर्मचारी की मृत्यु उपरान्त प्रकार से अनुमन्य अवशेष धनराशि की प्राप्ति के पूर्व हो गई है, उनमें, स्वर्गीय कर्मचारी के प्रथम उत्तराधिकारी को समस्त अवशेष का भुगतान एक मुश्त अदा किया जायेगा।

आज्ञा से,

आलोक रंजन,

सचिव, वित्त।

संख्या सा—3-1721(1)/ग्रा—308/97, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1)	समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष, उ० प्र०।	प्रत्येक को एक प्रति	
(2)	समस्त कोषाधिकारी, उ० प्र०,	रथानीय पेंशनरों को सूचनार्थ देने हेतु इसकी एक या दो प्रतिलिपियां (कार्यालय सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की जायें) (प्रत्येक को 50 प्रतियां)।	
(3)	समस्त जिला अधिकारी, उ० प्र०,	(कार्यालय सूचना पटल पर प्रदर्शित करने हेतु) (5 प्रतियां)।	
(4)	निदेशक पेंशन, उ० प्र० इंदिरा भवन, लखनऊ।	5	प्रतियां
(5)	मुख्य सेवाकार, भारतीय रिजर्व बैंक, सार्वजनी एवं बैंक सेल, विभाग केन्द्रीय कार्यालय, नया केन्द्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह रोड, बम्बई—400023।	60	"
(6)	सूचना निदेशक, उ० प्र०, लखनऊ को प्रचारार्थ।	5	"
(7)	मुख्य लेखाधिकारी, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।	5	"
(8)	मुख्य लेखाधिकारी, शिक्षा विभाग, उ० प्र०, इलाहाबाद।	5	"
(9)	वित्त नियंत्रक, उच्चीन निदेशालय, उ० प्र०, कानपुर।	5	"
(10)	उप भूमि व्यवस्था आयुक्त (सेवा), राजस्व परिषद, उ० प्र०, लखनऊ।	5	प्रतियां

(11) समस्त, इसकी ओर अनुपालन, सचिवालय, लखनऊ। 5 प्रतियां

(12) मुख्य लेखाधिकारी सिंचाई विभाग, आकस्मिक निर्माण विभाग, चिकित्सा शिक्षा, खाद एवं रसद् विभाग, प्राथ विकास विभाग, राहुगालन निदेशालय, कृषि विपणन तथा वन विभाग, लखनऊ। 5 प्रतियां

नगरिक उड्डयन निदेशालय, पर्यटन निदेशालय, चारित्रिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विभाग, गन्ना तथा चीनी विभाग, राजस्व अधिकारी, आयुक्त सहकारी, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक, कानपुर, जरीपत्य लेखा परीक्षा दोहे लखनऊ, प्रादेशिक अभियन्ता लेखा, कानपुर उ० प्र० लखनऊ, निबंधक सहकारी समितियां उ० प्र०, महानिरीक्षक रजिस्ट्रेशन उ० प्र०, प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान नैनीताल, कानूनी विभाग इलाहाबाद, आय विभाग कानपुर, लोक सेवा आयोग उ० प्र० इलाहाबाद, परिवहन विभाग उ० प्र० लखनऊ, महानिदेशक स्वास्थ्य उ० प्र० लखनऊ, परिवार कल्याण विभाग उ० प्र०, सिविल सिविल विभाग, औद्र शिक्षा निदेशालय, मेडिकल स्टोर्स डिपो, पशुचिकित्सा कालेज इलाहाबाद, मेडिकल कालेज कानपुर, मेडिकल कालेज मेरठ, मेडिकल कालेज झांसी, मेडिकल कालेज गोरखपुर। 6 प्रतियां

प्रत्येक को

आज्ञा से,

शिवानन्द त्रिपुरि,

संयुक्त सचिव।

संख्या सा०—3-1721 (ii)/ दस—303/95, तद्दिनांक

अग्रेषित निम्नलिखित की सूचनार्थ प्रेषित:—

(1) अध्यक्ष, फेडरेशन आफ यू० पी० बैंक्स एम्प्लाईज एसोसियेशन, लखनऊ।

(2) श्री डी०पी० मेहरोत्रा, अध्यक्ष आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ बैंक्स, 113/20, स्वरूप नगर, कानपुर—2।

(3) श्री एस०पी० पचौरी, अध्यक्ष, यू०पी० प्रादेशिक सिविल बैंक्स एम्प्लाईज, 345, राजेन्द्र नगर, पंचवटी मार्ग, लखनऊ—226001।

(4) श्री एस०डी० श्रीवास्तव, 1/301 आजाद, सहकारी आवास सोसाइटी, पलासेन्ट बैंक्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन, लखनऊ—226004।

(5) श्री अदी नारायण मुरथ, डी—60, पाण्डुरंग कालोनी, ए०के० मार्ग, मुम्बई—400019।

आज्ञा से,

शिवानन्द त्रिपुरि,

संयुक्त सचिव।

संख्या सा०—3-1721 (iii) /दस—303/95, तद्दिनांक

अग्रेषित निम्नलिखित व्यक्तियों को 50 अतिरिक्त प्रतियां सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेट बैंक आफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, पोस्ट बाक्स नं० 12, बम्बई—400021।

(2) जनरल मैनेजर, इलाहाबाद बैंक, प्रधान कार्यालय, 14 इंडिया एक्सचेंज प्लेस, कलकत्ता—1।

(3) जनरल मैनेजर, बैंक आफ बड़ौदा, केन्द्रीय कार्यालय ब्लाक, एक्सचेंज प्लेस, पोस्ट बाक्स नं० 5056—3, यूनियन बैंक आफ कनाडा टैक बिल्डिंग, बम्बई—1।

(4) जनरल मैनेजर, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, प्रधान कार्यालय, चन्दरमुखी मार्ग, नरीमन पाइन्ट, बम्बई—400020।

(5) जनरल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली।

(6) जनरल मैनेजर, यूनियन बैंक आफ इंडिया, प्रधान कार्यालय, यूनियन बैंक बिल्डिंग, 239, वैल्के विलेपेकन, भारिन्ग्स स्ट्रीट, बम्बई—400002।

(7) जनरल मैनेजर, बैंक आफ इंडिया, प्रधान कार्यालय, एक्सप्रेस टावर्स, हरिमन स्ट्रीट, पोस्ट बाक्स नं० 234 बम्बई—400021।

(8) रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, प्रधान कार्यालय, 151 मारवट रोड, मद्रास—21।

(9) जनरल मैनेजर, यूनाइटेड कामर्शियल बैंक, प्रधान कार्यालय, 10 इलीयट रोड, कलकत्ता—1।

(10) जनरल मैनेजर, केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, 112 जयचम राजेन्द्र रोड, पोस्ट बाक्स नं० 6648, बंगलौर—2।

(11) जनरल मैनेजर, सिन्डीकेट बैंक, प्रधान कार्यालय, पोस्ट बाक्स नं० 1, मनीपाल (एस०के०), कर्नाटक स्टेट।

(12) जनरल मैनेजर, देना बैंक, प्रधान कार्यालय देवकरण भवनो बिल्डिंग्स, प्लाट नम्बर 41 फोर्ट, बम्बई—400001।

(13) जनरल मैनेजर, इंडियन बैंक, प्रधान कार्यालय, इंडियन बैंक बिल्डिंग्स, पोस्ट बाक्स नं० 1384, 17, मार्थ—वी रोड, मद्रास—1।

(14) जनरल मैनेजर, बैंक आफ महाराष्ट्र, प्रधान कार्यालय 1177, बुधवार पीठ, पोस्ट बाक्स नं० 514, पूना—2।

(15) मैनेजर, स्टेट बैंक आफ पटियाला 26, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली—110001।

(16) मैनेजर, स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर, प्रधान कार्यालय, तिलक मार्ग, जयपुर-302005 (500 प्रतियां)।

(17) चीफ मैनेजर (वित्त एवं लेखा) स्टेट बैंक आफ ट्रावनकोर, मुख्य कार्यालय पी०बा० 34, तिरुवनन्त-695001। 10 प्रतियां

आज्ञा से,
शिवानन्द गिरि,
संयुक्त सचिव।

संख्या डी०—3-1721 (iv)/ दस—308/97

अतिरिक्त निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

(1) भारतीय स्टेट बैंक सहायक विभाग, प्रधान कार्यालय, हजरतगंज कोर्ट, लखनऊ। 3000 प्रतियां

(2) असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, बैंक आफ बड़ौदा, एल० आई० सी० इन्वेस्टमेन्ट बिल्डिंग, 45 हजरतगंज, लखनऊ। 1350 "

(3) असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, इलाहाबाद बैंक, हजरतगंज, लखनऊ। 500 "

(4) जनरल मैनेजर सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, विधान सभा मार्ग, लखनऊ। 400 "

(5) जोनल मैनेजर बैंक आफ इंडिया, 1 चर्च किशोर रोड, लखनऊ। 50 "

(6) रीजनल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक 10 अशोक मार्ग, लखनऊ (70 प्रतियां)
फूलबाग क्रासिंग पास रोड, कानपुर (70), 35, आयल मिल्स कालोनी सिविल लाइन, गोरखपुर (45), विश्वनाथ, रामलाखन रोड, आगरा (40), 18 मू रोड, इलाहाबाद (75), मेरठ 'ए' एवं बैंक 'बी' हापुर कचहरी रोड—(60-70 प्रतियां)। कुल 450

(7) रीजनल मैनेजर, यूनियन बैंक आफ इंडिया, एच 1/117/240, मोहल्ला, बरेली, (60), कृष्णा सिनेमा, मुख्य बाजार, पानीपुर टी०डी० कालेज के सामने जौनपुर (60), रथयात्रा क्रासिंग वाराणसी, (60), गोकुल भवन, मंडी बाजार, गाजियाबाद 1940 यू०पी०आर०एस०टी० के सामने मेरठ (60)। कुल 240 प्रतियां

(8) रीजनल मैनेजर, यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया 4—बी, हजरतगंज स्टेट, हजरतगंज, लखनऊ। 100 प्रतियां

(9) रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, एक्सा बिल्डिंग, थर्ड फ्लोर, 2 राजेन्द्र प्लेस पूसा रोड, पटेल नगर, नई दिल्ली। 30 "

(10) असिस्टेन्ट अकाउन्ट मैनेजर, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक, विधान सभा मार्ग, लखनऊ। 110 प्रतियां

(11) डिवीजनल मैनेजर, कैनरा बैंक, 91, चेम्बर्स लेन, एम०जी० रोड, आगरा-2। 50 "

(12) डिवीजनल मैनेजर, सिंडीकेट बैंक, 6, मानसिंह रोड मार्ग, रणजीत भवन, नई दिल्ली। 125 "

(13) डिवीजनल मैनेजर, देना बैंक, ओवरसीज बाजार नेहरू प्लेस,नई दिल्ली। 25 "

(14) जोनल मैनेजर, इंडियन बैंक, 1-ई, इंडेक्साक्ष प्रसार भवन के पास, दिल्ली-110055। 35 "

(15) असिस्टेन्ट डिवीजनल मैनेजर, बैंक आफ महाराष्ट्र, 6/41 इन्स्टीट्यूशनल एरिया, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली। 50 "

(16) डिवीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, जहांगीराबाद पैलेस, अमीनाबाद मार्ग, अमीनाबाद लखनऊ-226001। 30 "

(17) डिवीजनल मैनेजर, कैनरा बैंक, प्रतिभा थियेटर के पास, लखनऊ। 50 "

आज्ञा से,
शिवानन्द गिरि,
संयुक्त सचिव।

No. G-3-1721 (सचिव)-308 /87

Copies forwarded for information and necessary action to :—

1. The A.G.-I, U.P., Allahabad. 10
2. The A.G. (Accounts) II, U.P. Allahabad. 150
3. The Accountant-General-I, Andhra Pradesh, Hyderabad-500476. 35
4. The Accountant-General Assam Shillong-793001. 25
5. The Accountant General, Meghalaya (MEGHALAYA), Arunachal Pradesh and Mizoram Shillong-793001. 15
6. The Accountant-General-I, Sihar P.O. Hindo-Ranchi-834002. 50
7. Bisconsun Bhawan, West Gandhi Maidan, Patna-800001. 15
8. The Accountant-General-I, Gujarat Ahmadabad-380001. 50
9. The Accountant-General, Haryana, S.C.O. nos. 1967-978 Sector 71c. Chandigarh-160047. 70
10. The Accountant-General, Himachal Pradesh and Chandigarh, Simla-171003. 80
11. The Accountant-General, Jammu and Kashmir, State Secretariat, Srinagar-19000. 50
12. The Accountant-General-II, Karnataka, Bangalore-56004. 20
13. The Accountant-General Kerala, Trivandrum-695001. 130
14. The Accountant-General-I, Madhya Pradesh, Jhansi Road, Gwalior-477002. 300
15. The Accountant-General-I, Maharastara 101, Maharshi Karve Road, Bombay-700020. 300
16. The Accountant-General-I, Maharashtra, West High Court Road, Nagpur-440001. 30
17. The Accountant-General, Manipur-Imphal-795001. 25
18. The Accountant-General, Nagaland Kohima-797707. 50
19. The Accountant-General, Orissa, Bhubaneshwar-751001. 120
20. The Accountant-General, Punjab, Sector-17, Chandigarh-160017. 100
21. The Accountant-General, Rajasthan, Bhagwan Das Road, Jaipur-302005. 250
22. The Accountant-General-I, Tamil Nadu, 51, Anasalai Teynampet, Madras-600018. 50
23. The Accountant-General, Tripura-Agartala-799001. 30
24. The Accountant-General West Bengal Treasury Building No. 2, Government Place, West Calcutta-700001. 5

25. The Accountant-General Sikkim Lower Secretariat Building No. 2, Gangtok-737101. 10

26. The Pay and Accounts Officer, Pondicherry. 10

27. The Director of Accounts Goa, Daman and Diu, Panaji, Goa-403001. 15

28. The Principal Account Officer, Delhi Administration, Vikas Bhawan, II Floor, New Delhi. 30

29. The Principal Account Officer, Office of the Controller of Accounts, Ministry of External Affairs, Room No. 134-141, Government of India, B-1, Extension Behind South Block, New Delhi. 10

शिवानन्द गिरि,
संयुक्त सचिव।



संख्या सा-3-103/दस-903/89

प्रेषक,

आलोक रंजन,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त कार्यालयाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

लखनऊ, दिनांक 23 जुलाई, 1989 ।

विषय :- सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों के पेंशन प्रस्तावों के प्रेषण विषयक ।

महोदय,

वित्त (सामान्य)
अनुभाग-3

उपरोक्त विषय पर शासनादेश संख्या सा-3-2085/दस-907-76, दिनांक 13 दिसम्बर, 1977 एवं शासनादेश संख्या-सा-3-559/दस-89-908-89, दिनांक 25 फरवरी, 1989 तथा शासनादेश संख्या सा-3-688/दस-89-908-89, दिनांक 13 मार्च, 1989 की ओर आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सी० एस० आर० के अनुच्छेद 906 (1) में यद्यपि यह प्रविधान किया गया था कि प्रत्येक वर्ष पहली जनवरी तथा पहली जुलाई को अपने अधीनस्थ कार्यरत ऐसे सभी राजपत्रित तथा अराजपत्रित सरकारी सेवकों की सूचियां तैयार कराकर जारी करा दें जो आगामी 24 माहों में सेवानिवृत्त होने वाले हैं । तथापि शासन की जानकारी में यह बात लायी गयी है कि कुछ विभागाध्यक्ष महत्वपूर्ण प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिसके कारण यह जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है कि अगले दो-दो वर्षों में कितने सरकारी सेवक सेवानिवृत्त होने वाले हैं और ऐसे सरकारी सेवकों के पेंशन प्रपत्र संबंधित प्राधिकारियों ने प्रेषित कर दिया है अथवा नहीं । चूंकि इस संबंध में जारी शासनादेश संख्या सा-3-559/दस-89-908-89, दिनांक 25 फरवरी, 1989 में यह व्यवस्था की गयी थी कि सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु शासन के समस्त सचिव तथा विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ एवं वरिष्ठ अधिकारी को जो अधिष्ठान कार्य देखता हो, पेंशन प्रपत्रों की मानीटरिंग करने हेतु नोडल अधिकारी नामित करेंगे और उसकी सूचना वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 तथा पेंशन निदेशक को उपलब्ध करायेंगे । किन्तु शासन की जानकारी में यह बात लाई गयी है कि उक्त शासनादेशों की व्यवस्थाओं का अनुपालन कुछ विभागों द्वारा नहीं किया जा रहा है और निदेशक, पेंशन द्वारा इस संबंध में आयोजित बैठकों को नोडल अधिकारी एवं विभागाध्यक्षों द्वारा गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है । बैठकों में उनके द्वारा स्वयं भाग नहीं लिया जाता या तो वे अपना प्रतिनिधि भी नहीं भेजते हैं या तृतीय श्रेणी के कर्मचारी को अपना प्रतिनिधि बनाकर भेज देते हैं जिससे मीटिंग का महत्व नष्ट हो जाता है । अतएव अनुरोध है कि पेंशन निदेशक द्वारा आयोजित बैठकों में संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी स्वयं भाग लें, साथ ही सेवानिवृत्त लाभों के निस्तारण में प्रायोगिकता ली जाये तथा इस संबंध में निर्गत शासनादेशों का कृपया कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु प्रभावी आवश्यक कार्यवाही की जाये ।

भवदीय,
आलोक रंजन,
सचिव ।

संख्या सा-3-103 (1)/दस-908-89

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-समस्त सचिव/प्रमुख सचिव, उ0 प्र0 शासन ।

2-महालेखाकार लेखा प्रथम एवं द्वितीय, उ0 प्र0 इलाहाबाद ।

3-निदेशक, पेंशन निदेशालय इन्दिरा भवन, लखनऊ ।

4-मुख्य लेखाधिकारी, उपभूमि व्यवस्था आयुक्त (लेखा) राजस्व परिषद, लखनऊ ।

5-मुख्य लेखाधिकारी एवं उप सचिव इरला चेक अनुभाग, सचिवालय, लखनऊ ।

6-मुख्य लेखाधिकारी एवं उप सचिव विधान सभा सचिवालय, लखनऊ ।

7-मुख्य लेखाधिकारी एवं उप सचिव विधान परिषद् सचिवालय, लखनऊ ।

8-मुख्य लेखाधिकारी पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद ।

9-मुख्य लेखाधिकारी शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।

10-सचिवालय के समस्त अनुभाग ।

11-निदेशक वित्तीय प्रबंध शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0 प्र0 लखनऊ ।

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
संयुक्त सचिव।

पी0एस0यू0पी0-ए0पी0 107 सा0 चित्त-31-10-98 -(1496)-2,000 प्रतियां (आफसेट) ।

संख्या सा-3—984/दस-98-308/97

प्रेषक,

श्री आलोक रंजन,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

(1) समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

(2) समस्त कोषाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक 24 जुलाई, 1998।

विषय :—वेतन समिति उत्तर प्रदेश, 1997 की संस्तुतियों को स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप निर्गत कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1720/दस-308/97, दिनांक 23-12-1997 एवं सा-3-1721/दस-308/97, दिनांक 23-12-1997 के संदर्भ में स्पष्टीकरण।

महोदय,

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

वेतन समिति उत्तर प्रदेश, 1997 की संस्तुतियों को स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1720/दस-308/97, दिनांक 23-12-1997, कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा०-3-1721/दस-308/97, दिनांक 23-12-1997, एवं कार्यालय-ज्ञाप संख्या-सा-3-1722/दस-309/97, दिनांक 23-12-97 निर्गत किये गये हैं। उक्त शासनादेशों में निहित कतिपय व्यवस्थाओं के संदर्भ में पेंशनर संघों एवं पेंशनरों के व्यक्तिगत संदर्भ एवं अनेकों विभागों द्वारा जिज्ञासा की गई है तथा स्थिति और स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया है। अवशेष सभी प्राप्त संदर्भों पर सम्यक् रूप से विचारोपरान्त पुनः आवश्यक स्पष्टीकरण निर्गत करने का निदेश हुआ है :—

(1) कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1720/दस-308/97, दिनांक 23-12-97 के संदर्भ में :—

इस कार्यालय-ज्ञाप के प्रथम 6(3) में यह व्यवस्था है कि दिनांक 1-1-96 से विधवा एवं तलाकशुदा पुत्री को परिवार में सम्मिलित माना जायेगा। यह भी व्यवस्था है कि यदि स्वर्गीय कर्मचारी के परिवार में पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने हेतु पात्र व्यक्ति नहीं है तो स्वर्गीय कर्मचारी के माता-पिता जो उस पर पूर्णरूप से आश्रित थे, को उसके परिवार में सम्मिलित समझा जाएगा। विभिन्न स्तरों से यह जिज्ञासा की गई है कि पूर्णतया आश्रित होने एवं जीविकोपार्जन से संबंधित मौलिक आय से क्या तात्पर्य है। यह भी जिज्ञासा की गई है कि विधवा एवं तलाकशुदा पुत्री को किस आयु तक पारिवारिक पेंशन अनुमन्य होगी तथा कितनी प्रतिमाह आय तक के व्यक्तियों को उक्त लाभ अनुमन्य होगा। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि माता-पिता तथा विधवा/तलाकशुदा पुत्रियों के बारे में 2550 रुपये प्रतिमाह से अधिक आय न हो, यह मानदण्ड होगा। माता-पिता दिवंगत कर्मचारी के पूरे वेतन के 30% की दर पर कुटुम्ब पेंशन प्राप्त कर सकेंगे, बशर्ते कि पेंशनतन राशि 1275 रुपये प्रतिमाह से कम न हो। जिनकी आय 2550 रुपये प्रतिमाह से अधिक नहीं है, उन्हें इस आशय का वार्षिक प्रमाण-पत्र देना होगा। इसके अतिरिक्त विधवा/तलाकशुदा पुत्रियों के सम्बन्ध में कुटुम्ब पेंशन, उनके 25 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक अथवा उससे पूर्व विवाह करने की तारीख तक, इनमें से जो भी पहले हो, तक अनुदेय होगी।

पुत्र/पुत्रियों (विधवा/तलाकशुदा पुत्रियों सहित) के सम्बन्ध में कुटुम्ब पेंशन इस शर्त के अध्यधीन होगी कि जब पात्र पुत्र/पुत्री अध्ययन, विवाह, अतिरोजगार इत्यादि में रोजगार पाने की अवधि 2550 रुपया प्रतिमाह अर्जित करने लगता है, तो पेंशन राशि कम/निरस्त हो जायेगी। यह भी आगे स्पष्ट किया जाता है कि पुत्रों/पुत्रियों को पारिवारिक पेंशन उनके 25 वर्ष आयु प्राप्त करने या उनके विवाह/पुनर्विवाह इनमें से जो भी पहले हो, तक अनुदेय होगी।

माता-पिता तथा विधवा/विधुर पुत्री को अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन 1-1-1998 से प्रभावी होगी बशर्ते कि अन्य सभी शर्तें पूरी हों। इस आदेश के जारी/कार्यान्वयन होने से पहले 1-1-1998 के बाद जिन पुत्र/पुत्रियों को पहले से ही अर्जन शर्त के बिना कुटुम्ब पेंशन मंजूर कर दी गई उन मामलों को दुबारा न खोला जाए।

कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1720/पस-308/97, दिनांक 23-12-97 के प्रस्तर-9(2) के संदर्भ में यह जिज्ञासा की जा रही है कि औसत परिलब्धियों के 50% पर परिकलित पेंशन में महंगाई राहत की कौन सी धनराशि जोड़ी जायेगी। एतद्द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि उपर्युक्त कार्यालय-ज्ञाप के प्रस्तर-9(1) के अनुसरण में पेंशन की गणना के प्रयोजनार्थ अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1436 तक के महंगाई भत्ते को परिलब्धियों के रूप में माना जायेगा तथा एक बार पेंशन की गणना औसत परिलब्धियों के 50% पर कर ली जाती है (जिसमें अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1436 तक महंगाई भत्ता सम्मिलित है) अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1436 से 1510 तक महंगाई राहत अर्थात् महंगाई राहत अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1436 से 1510 के बीच का अंतर, निर्धारित दर पर जोड़ा जायेगा। इस प्रकार प्राप्त धनराशि को पेंशन की धनराशि माना जायेगा।

(2) कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1721/पस-308/97, दिनांक-23-12-97 के संबंधित बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण :-

अतिरिक्त पेंशन की धनराशि जोड़कर पेंशन समेकन हेतु अनेकों पेंशनर्स/पेंशन लेने वालों द्वारा यह बात उठाई गई है कि कोषागार उनकी पेंशन की धनराशि का समेकन करते समय उनके पी० पी० ओ० पर अंकित एडीशनल पेंशन (अतिरिक्त पेंशन) की धनराशि को नहीं जोड़ रहे हैं जिसके फलस्वरूप उनकी पेंशन की धनराशि कम हो रही है। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि राज्य सरकार ने उक्त दिशा में कोई निर्देश जारी नहीं किये हैं, अतएव कोषागार या अन्य ऐसी एजेन्सी जो पेंशन पुनरीक्षण हेतु प्राधिकृत है के द्वारा ऐसी कार्यवाही करना उचित नहीं है। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा०-4-1120/पस-87-301/87, दिनांक 28-7-1987 के प्रस्तर-6.1 में इस प्रकार व्यवस्था है "वर्तमान पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन, पारिवारिक पेंशन, 1-1-1986 से निम्न धनराशियों को सम्मिलित करके समेकित की जायेगी :-

1—वर्तमान पेंशन/वर्तमान पारिवारिक पेंशन;

2—वर्तमान महंगाई राहत तथा

3—प्रस्तर-4 के अन्तर्गत आगणित अतिरिक्त राहत तथा प्रस्तर-5 के अन्तर्गत स्वीकृत अतिरिक्त पेंशन।

उपरोक्तानुसार आगणित/समेकित धनराशि 1-1-1986 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन समझी जायेगी।" जिन पेंशनरों के पी० पी० ओ० महालेखाकार, उ० प्र०, इलाहाबाद द्वारा वास्तविक आगणन के आधार पर पुनरीक्षित किये गये हैं, उनमें महालेखाकार, उ० प्र०, इलाहाबाद ने एडिशनल पेंशन अलग लिख दिया है। जबकि वह मूल पेंशन का ही भाग है। ऐसी दशा में यह अनुरोध है कि जिन पी० पी० ओ० पर उपर्युक्तानुसार एडीशनल पेंशन अलग लिखकर धनराशि अंकित की गई है, उसे भी दिनांक 1-1-1996 से पुनरीक्षण में सम्मिलित कर लिया जाए।

प्रस्तर-9.2

कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1721/पस-308/97, दिनांक 23-12-97 में प्रस्तर-9.1(3)(ii) को व्यवस्था के क्रम में प्रस्तर-9.2 निम्न प्रकार व्यवस्थित किया जाता है :-

दिनांक 1-1-1986 से 31-12-1995 की अवधि के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के अतिरिक्त अन्य अवधि के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन की पुनरीक्षण/समेकन इन आदेशों के अधीन दिनांक 1-1-1996 से अग्रिम व्यवस्था के आधार पर किया जाएगा, जिससे कि उन्हें तात्कालिक लाभ मिल सके। अतः अवधि के पेंशन अर्थात् दिनांक 1-1-86 के पूर्व के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण/समेकन के बिन्दु पर अलग से विस्तृत आदेश जारी किये जायेंगे। जिस तिथि तक विस्तृत आदेश निर्गत नहीं होंगे, उस तिथि तक दिनांक 1-1-86 के पूर्व के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण/समेकन इसी आदेशों के अधीन किया जाएगा।

2—अनुरोध है कि उपर्युक्त स्पष्टीकरण को कार्यालय-ज्ञाप की संबंधित व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में ही पढ़ा जाए एवं तदनुसार कार्यवाही की जाये।

भवदीय,

आलोक रंजन,

अविभ, बिहार।

संख्या सा-3-984(1)/दस-98-308/97, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1—सचिवालय के समस्त अनुभाग — प्रत्येक को एक प्रति

2—सचिव, विधान सभा, परिषद्, विधान भवन, लखनऊ — प्रत्येक को 5 प्रतियां

3—निदेशक, वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान 24/3, इन्दिरानगर, लखनऊ — 5 ,,

4—निदेशक पेंशन, उ०प्र०, इन्दिरा भवन, लखनऊ — 5 ,,

5—मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक सरकारी एवं बैंक लेखा विभाग केन्द्रीय कार्यालय, नया केन्द्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह रोड, मुम्बई—400023 — 60 ,,

6—सूचना निदेशक, उ०प्र०, लखनऊ को प्रचारार्थ — 5 ,,

7—उपसचिव, इला सेवा अनुभाग, सचिवालय, लखनऊ — 5 ,,

8—वित्त नियंत्रक, सिंचाई विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, स्वास्थ्य विकास विभाग, पशुपालन निदेशालय, कृषि विभाग तथा जल निगम, लखनऊ, पुलिस मुख्यालय, उ० प्र०, शिक्षा विभाग, उ०प्र०, इलाहाबाद उद्योग निदेशालय, कानपुर राजस्व परिषद् लखनऊ। — 5 ,,

वाणिज्य उड्डयन निदेशालय, पर्यटन निदेशालय, चलचित्र प्रशिक्षण एवं अनुसंधान, कला तथा शोध विभाग, राज्यपाल सचिवालय, आयुक्त चकबन्दी, प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, लखनऊ, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, लखनऊ, उ०प्र०, लखनऊ, विधायक सचिवीय प्राधिकरण, उ०प्र०, पशुचिकित्सक होम गार्डस, उ०प्र०, प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान, नैनीताल, आबकारी विभाग, इलाहाबाद, श्रम विभाग, कानपुर, लोक सेवा आयोग, उ०प्र०, इलाहाबाद, परिवहन विभाग, उ०प्र०, लखनऊ, महानिदेशक लेखा, उ०प्र०, लखनऊ, परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र०, चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा विभाग, प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, मेडिकल कालेज, आगरा, मेडिकल कालेज, इलाहाबाद, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेडिकल कालेज, मेरठ, मेडिकल कालेज, झांसी, मेडिकल कालेज, गोरखपुर—प्रत्येक को 5 प्रतियाँ

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
उपसचिव।

संख्या—सा-3-984—(1)/दस-98—308/97, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1—भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विभाग, प्रधान कार्यालय, इलाहाबाद बैंक, लखनऊ — 3000 प्रतियां

2—असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, बैंक आफ बड़ौदा, एल० आर० सी०, इन्वेस्टमेन्ट बिल्डिंग, 45, हजरतगंज, लखनऊ — 1350 प्रतियां

3—असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, इलाहाबाद बैंक, हजरतगंज, लखनऊ — 300 प्रतियां

4—जनरल मैनेजर, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, विधान सभा मार्ग, लखनऊ — 400 प्रतियां

5—जोनल मैनेजर, बैंक आफ इंडिया, 1 नवल किशोर रोड, लखनऊ — 50 प्रतियां

6—रीजनल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ (75), फूलबाग क्लासिक माल रोड, कानपुर (70), 35 आवास विकास कालोनी, बरेलीरोड, शाहजहांपुर (50) विभवनगर, समसाबाद रोड, आगरा (45), 18, न्यू रोड देहरादून (75) मेरठ 'बी' इस्टर्न कचहरी रोड—(65—70) प्रतियां — कुल 450 प्रतियां

7—रीजनल मैनेजर, यूनियन बैंक आफ इंडिया, एच 1/117/340, पंडितनगर कानपुर (60), कृष्णा सिनेमहुआ बाग, गाजीपुर (60) टी० टी० कालेज के सामने जोधपुर (60), रमेशचन्द्र क्लाथिंग, वाराणसी (60), गोपाल भवन, मुर्दे बाजार, आजमगढ़ 1940, यू० पी० आर० एस० टी० के सामने मेरठ (60)

8—रीजनल मैनेजर, यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया, 4—बी, हजरतगंज स्ट्रेट, हजरतगंज, लखनऊ

9—रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, रचना बिल्डिंग, 3rd फ्लार, 2 रामलाल प्लेस पूसा रोड, पटेल नगर, नई दिल्ली

10—असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक, विधान सभा मार्ग, लखनऊ

11—डिवीजनल मैनेजर, केनरा बैंक, 71 पेज्स स्क्वर, यू० पी० रोड, आगरा-2

12—डिवीजनल मैनेजर, सिंडीकेट बैंक 6, पन्नालाल ग्रास मार्ग, सरोजनी भवन, नई दिल्ली

13—रीजनल मैनेजर, देना बैंक, ब्योडोर हाउस, मेडन लेन, नई दिल्ली

14—जोनल मैनेजर, इंडियन बैंक, 1-ई, झंडेवाला इस्टेट के पास दिल्ली-110055

15—असिस्टेन्ट डिवीजनल मैनेजर, बैंक आफ महाराष्ट्र, 644 डब्लू ई० ए० बालगन्धर्व ऐंड, करोलबाग, नई दिल्ली

16—रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ-226001

17—डिवीजनल मैनेजर, कैनरा बैंक, प्रतिभा बिल्डिंग के पास, लखनऊ

No. G-3-984—(III)/40-98—308/97

Copies forwarded for information and necessary action to :—

1. The A. G-I, U.P., Allahabad
2. The A. G. (Accounts) II, U.P., Allahabad
3. The Accountant-General-I, Andhra Pradesh, Hyderabad-500476
4. The Accountant-General, Assam Shillong-793001
5. The Accountant-General, Meghalaya (MEGHALAYA), Arunachal Pradesh and Mizoram Shillong-793001
6. The Accountant General-I, Bihar P.O. Hindo-Ranchi-834002
7. Bisoonnam Bhawan, West Gandhi Maidan, Patna-800001
8. The Accountant-General-I, Gujarat, Ahmedabad-380001
9. The Accountant-General, Haryana, S.C.O. nos. 1967-9/8 Sector 71C, Chandigarh-160017
10. The Accountant-General, Himanchal Pradesh and Chandigarh, Simla-171003
11. The Accountant-General, Jammu and Kashmir, State Secretariat, Srinagar-190001

12. The Accountant-General-II, Karnataka, Bangalore–560001	20 Copies
13. The Accountant-General-I, Kerala, Trivendrum-695001	130
14. The Accountant-General-I, Madhya Pradesh, Jhansi Road, Gwalior–777002	300
15. The Accountant-General-I, Maharashtra, 101, Mahanshi Karve Road, Bombay–700020	300
16. The Accountant-General-I, Maharashtra, West High Court Road, Nagpur–440001	30
17. The Accountant-General, Manipur-Imphal-795001	25
18. The Accountant-general, Nagaland-Kohima-797707	50
19. The Accountant-General, Orissa, Bhubaneshwar-751001.	120
20. The Accountant-General, Punjab, Sector-17, Chandigarh-160017	100
21. The Accountant-General, Rajasthan, Bhagwan Das Road, Jaipur-302005	250
22. The Accountant-General, Tamil Nadu, 61, Anasalai Teynampet, Madras-600018	50
23. The Accountant-General, Tripura/Agartala-799001	30
24. The Accountant-General, West Bengal Treasury, Building no. 2, Government Place, West Calcutta-700001	5
25. The Accountant-General, Sikkim Lower Secretariat Building no. 2, Gangtok-737101	10
26. The Pay and Accounts Officer, Pondicherry	10
27. The Director of Accounts Goa, Daman and Diu, Fazenda Panaji, Goa-403001	15
28. The Principal Account Officer, Delhi Administration, Vikas Bhawan, II Floor, New Delhi	15
29. The Principal Account Officer, Office of the Controller of Accounts, Ministry of External Affairs, Room no. 134—141, Government of India, B-1, Hutments Behind South Block, New Delhi	1

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
संयुक्त सचिव।



संख्या सा-3-926/दस-98-308-97 टी० सी०

प्रेषक,

श्री आलोक रंजन,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक 31 जुलाई, 1998

विषय :—वेतन समिति उत्तर प्रदेश, 1997 को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप पेंशन/ग्रेच्युटी एवं राशिकरण की पुनरीक्षित दरों पर भुगतान-स्पष्टीकरण।

महोदय,

नियम (प्रावधान) अनुभाग-3

उपरोक्त विषयक कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1720/दस-308-97, दिनांक 23 दिसम्बर, 1997 के प्रस्तर 4, 5 एवं 7 में पेंशन, ग्रेच्युटी एवं पेंशन के राशिकरण के सन्दर्भ में पुनरीक्षण के आदेश निर्गत किए गए हैं। राज्य सरकार में प्रभावी सामान्य व्यवस्था के अधीन ग्रेच्युटी एवं राशिकरण की धनराशि का आहरण विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा करके सम्बंधित पेंशनर को भुगतान किया जाता है।

2—उपरोक्त संदर्भित कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 23 दिसम्बर, 1997 की व्यवस्था दिनांक 1 जनवरी, 1996 से प्रभावी की गई है। जो कर्मचारी दिनांक 1 जनवरी, 1996 को सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप तत्समय प्राप्त परिलब्धियों के आधार पर पेंशन आहरित कर रहा है तथा उसकी पेंशन के एक भाग का राशिकरण हो चुका है तथा उपादान की धनराशि भी प्राप्त कर चुका है। परन्तु कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 23 दिसम्बर, 1997 की व्यवस्था के अधीन उसकी पेंशन एवं ग्रेच्युटी का पुनरीक्षण किया गया है तथा पुनरीक्षित पेंशन के 40 प्रतिशत की धनराशि की सीमा तक राशिकरण भी अनुमन्य है। पेंशन के 40 प्रतिशत भाग के राशिकरण की प्रभावी होने की तिथि वही रहेगी जैसी कि पहली बार पेंशन राशिकरण के समय थी, यदि पेंशनर ने कोई अन्यथा विकल्प न दिया हो।

3—उपरोक्त वर्णित व्यवस्था के अधीन कार्यवाही करने के फलस्वरूप स्थिति यह हो रही है कि जो पेंशनर दिनांक 1 जनवरी, 1996 से अथवा उसके बाद अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि से पेंशन आहरित कर रहा है और कालान्तर में पूर्व से किए गए पेंशन के 1/3 भाग के राशिकरण के अतिरिक्त पुनरीक्षित पेंशन के 40 प्रतिशत की धनराशि की सीमा तक राशिकरण कराने का विकल्प देता है उन प्रकरणों में चूँकि पेंशन की धनराशि का पूरी दर पर भुगतान हो चुका है जबकि 40 प्रतिशत राशिकरण कराने के फलस्वरूप उसकी पेंशनर को पूर्व राशिकरण की तिथि से कम की जानी है पेंशन की धनराशि का भुगतान कोषाधिकारी स्तर से पेंशन की पूरी दर पर हो रहा है और पुनरीक्षित ग्रेच्युटी एवं पुनरीक्षित दर पर राशिकरण की धनराशि का आहरण एवं भुगतान विभागाध्यक्ष स्तर से किया जा रहा है। चूँकि कार्यालयाध्यक्ष स्तर पर पेंशन भुगतान के संदर्भ में स्थिति की जानकारी नहीं होती है, इसलिये इसके समायोजन में कठिनाई हो रही है। इस समस्या पर सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है एवं पुनरीक्षित उपादान की धनराशि का भुगतान विभाग स्तर पर आहरित करने के बजाय विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष स्वीकृति आदेश सम्बंधित कोषाधिकारी को प्रेषित करेंगे और यह भी निर्देशित करेंगे कि पेंशन राशिकरण व उपादान की धनराशि से पेंशन के रूप में भुगतान की गयी अधिक धनराशि को एक मुश्त समायोजित/वसूल कर लेंगे। जिन मामलों में ग्रेच्युटी तथा राशिकरण का भुगतान किया जा चुका है उन प्रकरणों में पेंशन की धनराशि से मासिक किस्तों में वसूली की जाय जिनकी मासिक किस्तें न्यूनतम 10 व अधिकतम 20 निर्धारित कर दी जायें।

4—उपरैक्त प्रस्तर-3 की व्यवस्था केवल कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1720/दस-308-97, दिनांक 23 दिसम्बर, 1997 के संदर्भ में ही लागू होगी।

भवदीय,

आलोक रंजन,
सचिव।

संख्या सी-3-926(1)/एस-08-308-97 टी० सी०, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1—महालेखाकार, प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

2—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3—समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

4—समस्त मण्डलायुक्त/मण्डल कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

5—समस्त जिला/मण्डल/क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

6—निदेशक, राज्य वित्त संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

7—निदेशक, कोषागार प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8—निदेशक, राज्य वित्त संस्थान, उत्तर प्रदेश, 24/1, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद।

9—निदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

10—उप सचिव, वित्त (सेवा), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

हिमांशु दीक्षित,

उपसचिव।

उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (सामा-4) अनुभाग-3

संख्या-वि-3-607/दस-308/97

लखनऊ : दिनांक 5 मई, 2000

कार्यालय-ज्ञाप

विषय :-दिनांक 1-1-1996 के पूर्व की अवधि में सरकारी कर्मियों द्वारा आहरित पुराने वेतन का 40% संशोधित वेतन में जोड़कर लाभ देने हेतु।

कार्यालय-ज्ञाप संख्या-वि-3-1720/दस-308-97, दिनांक 23 दिसम्बर, 1997 के प्रस्तर-8 में निम्नलिखित व्यवस्था की गयी है:-

"8-जिन सरकारी सेवकों ने पुनरीक्षित वेतनमान को वरण करने का विकल्प दिया है और नये वेतनमान में 10 माह की पूर्ण अवधि का लाभ पाने के पूर्व ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं उनकी सेवानिवृत्ति के 10 माह पूर्व के वेतन की गणना निम्न प्रकार की जायेगी :-

(क) जिस अवधि में पुराने वेतनमान में वेतन आहरित किया है उस अवधि का मूल वेतन तथा उस पर देय महंगाई भत्ता एवं अन्तरिम राहत की प्रथम एवं द्वितीय किस्त जो 1-1-1996 को लागू थी, और

(ख) जिस अवधि में वेतन पुनरीक्षित हो गया है उसके पुनरीक्षित मूल वेतन की गणना।

उपरोक्त प्रस्तर-8 (क) की व्यवस्था में दिनांक 1-1-1996 के पूर्व के सभी की अवधि में आहरित वेतन की गणना की 40% प्रतिशत के बराबर धनराशि जोड़कर अन्तिम 10 माह के औसत निकालने की व्यवस्था रही है।

2-उपरोक्त उल्लिखित व्यवस्था पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय ने उक्त व्यवस्था के स्थान पर निम्न व्यवस्था स्थापित करने के आदेश दिए हैं :-

3-(क) जिन सरकारी सेवकों ने पुनरीक्षित वेतनमान को वरण करने का विकल्प दिया है और नये वेतनमान में 10 माह की पूर्ण अवधि का लाभ पाने के पूर्व ही सेवानिवृत्त हो गये हैं उनकी सेवानिवृत्ति के 10 माह पूर्व के वेतन की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी।

(1) मूल वेतन (वेतनवृद्धियों सहित, यदि मध्यवर्ती अवधि के दौरान आहरित की गयी)

(2) महंगाई भत्ता उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1510 तक अर्थात् मूल वेतन के 148%, 111% और 96%, की दर से जैसा भी मामला हो।

(3) संगत अवधि के दौरान आहरित मूल वेतन पर अन्तरिम राहत की समुचित पहली और दूसरी किस्तें।

(4) पूर्व संशोधित वेतनमान में मूल वेतन पर 40% निर्धारित लाभ देते हुए मूलवेतन में वैधानिक वृद्धि।

(ख) उस अवधि हेतु जिसमें वेतन संशोधित वेतनमान में आहरित किया गया :-

उन महीनों के मूल वेतन का पूर्णयोग जिसमें संशोधित वेतनमान में वेतन आहरित किया गया।

अन्तिम 10 माह के औसत वेतन की गणना उपरोक्त 8(क) (1), (2), (3), (4), एवं 8(ख) की मदों को जोड़कर की जायेगी।

3-उपरिवर्णित प्रक्रिया के अनुसार पेंशन संशोधन की कार्यवाही संबंधित पेंशन स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा सम्पादित की जायेगी। 40% धनराशि को जोड़कर (जहां अनुमन्य हो) पेंशन पुनरीक्षित किये जाने की कार्यवाही हेतु सम्बन्धी कर्मचारी द्वारा नये आवेदन-पत्र दिये जाने की आवश्यकता नहीं है तथा उक्त व्यवस्था उन सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगी जो 1 जनवरी, 1996 से 30 सितम्बर, 1996 तक की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त हुए हों। पेंशन स्वीकर्ता अधिकारी संशोधित प्राधिकार पत्र संबंधित कोषाधिकारी को यथाशीघ्र भेजेंगे।

4-वित्त विभाग की सुविधा हेतु उदाहरण उपलब्ध है।

5-कार्यालय-ज्ञाप संख्या सं-3-1720/दस-308/97, दिनांक 23-12-1997 के प्रस्तर 8 (क) एवं (ख) की व्यवस्था उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझी जाये।

6--समस्त कोषाधिकारियों/बैंकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उपरोक्त आदेशों के अनुसार कार्यवाही करते हुए संबंधित पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षित करने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

विजय कुमार शर्मा
सचिव, वित्त।

सेवा में,

1-समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

2-समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3-समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

उदाहरण

पूर्व संशोधित वेतनमान (1-1-1996 से पूर्व)	2200-4000 रु०
तदनुरूप संशोधित वेतनमान (1-1-1996 से)	8000-13500रु०
पूर्व संशोधित वेतनमान में वेतन-वृद्धि की तारीख	1 जून, 1995
पूर्व संशोधित वेतनमान में मूल वेतन, मई 1995 तक	3400 रु०
जून से दिसम्बर, 1995 तक	3500 रु०
सेवानिवृत्ति की तारीख	31 जनवरी, 1996

(क) पूर्व संशोधित वेतनमान में आहरित परिलब्धियाँ :-

1 अप्रैल, 1995 से 30 अप्रैल, 1995	
मूल वेतन	3400 रु०
महंगाई भत्ता उ०मु०सू० 1510 (इस रूपले में 148% की दर से)	5032 रु०
अंतरिम राहत (I) और (II) (100 रु०+मूल का 10%)	440 रु०
निर्धारण संबंधी लाभ (मूल वेतन का 40%)	1360 रु०
कुल	10232 रु०
2 महीने (अप्रैल और मई, 1995) की कुल परिलब्धियाँ (10232 रु० x 2 =	20464 रु०
(ब) 1 जून, 1995 से 30 जून, 1995	
मूल वेतन	3500 रु०
महंगाई राहत उ०मु०सू० 1510 (इस रूपले में 148% की दर से)	5180 रु०
अंतरिम राहत (I) और (II) (रु० 100+मूल वेतन का 10%)	450 रु०
निर्धारण संबंधी लाभ (मूल वेतन का 40%)	1400 रु०
कुल	10530 रु०
7 महीने की कुल परिलब्धियाँ (अर्थात् जून से दिसम्बर, 1995) 10530x7 =	73710 रु०

(ङ) संशोधित वेतनमान में आहरित परिलब्धियाँ

1 जनवरी, 1996 से 31 जनवरी, 1996 तक (एक महीना)

मूल वेतन 10750 रु०

एक महीने की कुल परिलब्धियाँ 10750 रु०

(च) 10 महीने की कुल परिलब्धियाँ=
क (ङ) × क (ङ) 4 (ख) 104024 रु०

(छ) औसत परिलब्धियाँ=104024/10 10402 रु०

वार्षिक पूर्ण पेंशन (औसत परिलब्धियों का 50% अर्थात् ख का 50%) 10402 रु०
2 5246 रु०

टिप्पणी : (क) पूर्ण संशोधित वेतनमान के मूल वेतन में मूल वेतन का 40% निर्धारण लाभ जमा होगा।

(ख) वास्तविक आहरित महंगाई भत्ते के स्थान पर रु०पू०व० 1510 की दर से महंगाई राहत मूल वेतन के विशेष लाभ के तुल्यांगत होगी।

संख्या-सा-3-697(1)/दस-308/97 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-सचिवालय के समस्त अनुभाग प्रत्येक को एक प्रति

2-सचिव, विधान सभा, परिषद्, विधान भवन, लखनऊ प्रत्येक को 5 प्रतियां

3-निदेशक, वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान 24/3, इन्दिरा नगर, लखनऊ 5 प्रतियां

4-निदेशक, पेंशन रु०प्र० इन्दिरा भवन, लखनऊ 5 प्रतियां

5-मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक सरकारी एवं बैंक लेखा विभाग केन्द्रीय कार्यालय, नया केन्द्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह रोड, बम्बई-400023 60 प्रतियां

6-सूचना निदेशक, उ०प्र० लखनऊ को प्रचारार्थ 5 प्रतियां

7-मुख्य लेखाधिकारी, पुलिस मुख्यालय, उ०प्र०, इलाहाबाद 5 प्रतियां

8-मुख्य लेखाधिकारी, शिक्षा विभाग, उ०प्र० इलाहाबाद 5 प्रतियां

9-वित्त नियंत्रक, उद्योग निदेशालय, उ०प्र०, कानपुर 5 प्रतियां

10-अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त (लेखा) राजस्व परिषद्, उ०प्र०, लखनऊ 5 प्रतियां

11-अपर सचिव, वित्त चेक अनुभाग, सचिवालय लखनऊ 5 प्रतियां

12-मुख्य लेखाधिकारी सिंचाई विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बिजलीघर विभाग, खाद एवं रसद विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पशुपालन निदेशालय, कृषि विभाग तथा जल विभाग, लखनऊ 5 प्रतियां

वाणिज्य उद्योगन निदेशालय, पर्यटन निदेशालय, खनिज प्रशिक्षण एवं अनुसंधान, गन्ना तथा चीनी विभाग, राज्यपाल सचिवालय, आयुक्त चकबन्दी, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, कानपुर, उ०प्र०, लखनऊ, निबन्धक सहकारी समितियां,उ०प्र०, महानिरीक्षक होम गार्ड्स, उ०प्र०, प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान, नैनीताल, आबकारी विभाग, इलाहाबाद, श्रम विभाग, कानपुर, लोक सेवा आयोग, उ०प्र०, इलाहाबाद, परिवहन विभाग, उ०प्र०, लखनऊ, महानिदेशक स्वास्थ्य, उ०प्र०, लखनऊ, परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र०, चिकित्सा शिक्षा विभाग, प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, मेडिकल कालेज, आगरा, मेडिकल कालेज, इलाहाबाद, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेडिकल कालेज, मेरठ, मेडिकल कालेज, झाँसी, मेडिकल कालेज, गोरखपुर। —प्रत्येक को 5 प्रतियां

आज्ञा से,

शिव प्रसाद,

संयुक्त सचिव।

संख्या-सा-3-697(11)/दस--308/97, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-भारतीय स्टेट बैंक, सामान्य विभाग, प्रधान कार्यालय कानपुर कोर्ट, लखनऊ।	3000 प्रतियां
2-असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, बैंक आफ बड़ौदा, एस०बी०आई०सी० इन्वेस्टमेन्ट बिल्डिंग, 45, हजरतगंज, लखनऊ।	1350 प्रतियां
3-असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, इलाहाबाद बैंक, हजरतगंज, लखनऊ।	500 प्रतियां
4-जनरल मैनेजर, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।	400 प्रतियां
5-जोनल मैनेजर, बैंक आफ इंडिया, 1, नवल किशोर रोड, लखनऊ।	50 प्रतियां
6-रीजनल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ पंजाब फाइनेंस फाल रोड, कानपुर (70), 35, आवास विकास कालोनी, बेतियाहाता, गोरखपुर, (45) विश्वनगर, सम्साबाद रोड, आगरा (40), 18 न्यू रोड देहरादून (75) मेरठ 'ए' एवं मेरठ 'बी' इस्टर्न कचहरी रोड-- 60-70 प्रतियां।	कुल 450 प्रतियां
7-रीजनल मैनेजर, यूनियन बैंक आफ इंडिया, एच 1/117/240, पांडुनगर, कानपुर (60), कृष्णा विलास महुआ बाग, गाजीपुर, डी०डी० कालेज के सामने जौनपुर (60) रथयात्रा क्रासिंग, वाराणसी (60) गौधल भवन, पांडे बाजार, आजमगढ़ 1940, यू०पी०आर०एस०टी० के सामने मेरठ (60)।	कुल 240 प्रतियां
8-रीजनल मैनेजर, यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया, 4--बी, इंदौलाल स्टेट, हजरतगंज, लखनऊ।	100 प्रतियां
9-रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, रचना बिल्डिंग 3rd फ्लोर, 2 एक्सटेंशन एरिया पूसा रोड पटेल नगर, नई दिल्ली।	30 प्रतियां
10-असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।	110 प्रतियां
11-डिवीजनल मैनेजर, कैनरा बैंक, 71 नेहरू नगर, एम० जी० रोड, आगरा-2।	50 प्रतियां
12-डिवीजनल मैनेजर, सिंडीकेट बैंक 6, भगवान दास मार्ग, सरोजिनी भवन, नई दिल्ली।	125 प्रतियां
13-रीजनल मैनेजर, देना बैंक, ज्योडोर हाउस, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली।	35 प्रतियां
14-जोनल मैनेजर, इंडियन बैंक, 1-ई, झंडेवाला प्रसारनाथ के पास दिल्ली-110 055	35 प्रतियां
15-असिस्टेन्ट डिवीजनल मैनेजर, बैंक आफ महाराष्ट्र, 6/44 डब्लू०ई०ए० आजाद रोड, करोलबाग, नई दिल्ली।	50 प्रतियां
16-रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, जहांगीराबाद मैंसन, अशोक मार्ग हजरतगंज, लखनऊ--226001।	50 प्रतियां
17-डिवीजनल मैनेजर, कैनरा बैंक, प्रतिभा थियेटर के पास, लखनऊ।	50 प्रतियां

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
संयुक्त सचिव।

No. C-3-697 (III)/88-302/97

Copies forwarded for information and necessary action to:—

1.	The A. G.-I, U.P. Allahabad.	10
2.	The A. G. (Accounts) II, U.P., Allahabad.	150
3.	The Accountant-General-I, Andhra Pradesh, Hyderabad-500476	35
4.	The Accountant-General, Assam Shillong-793001.	25
5.	The Accountant-General, Meghalaya (MEGHALAYA), Arunachal Pradesh and Mizoram Shillong-793001.	15
6.	The Accountant-General-I, Bihar P.O. Hindo-Ranchi-834002.	50
7.	Bisoosnaun Bhawan, West Gandhi Maidan, Patna-800001.	15
8.	The Accountant-General-I, Gujarat Ahmedabad-380001.	50
9.	The Accountant-General, Haryana, S.C.O. nos. 1967-9/8 Sector 21c, Chandigarh-160017.	70
10.	The Accountant-General, Himanchal Pradesh and Chandigarh, Simla-171003.	80
11.	The Accountant-General, Jammu and Kashmir, State Secretariat, Srinagar-19000.	50
12.	The Accountant-General-II, Karnataka, Bangalore-56001.	20
13.	The Accountant-General-I, Kerala, Trivendrum-695001	130
14.	The Accountant-General-I, Madhya Pradesh, Jhansi Road, Gwalior-777002.	300
15.	The Accountant-General-I, Maharashtra, 101, Maharshi Karve Road, Bombay-700020.	300
16.	The Accountant-General-I, Maharashtra, West High Court Road, Nagpur-440001.	30
17.	The Accountant-General, Manipur-Imphal-795001.	25
18.	The Accountant-General, Nagaland-Kohima-797707.	50
19.	The Accountant-General, Orissa, Bhubaneshwar-751001.	120
20.	The Accountant-General, Punjab, Sector-17, Chandigarh-160017.	150
21.	The Accountant-General, Rajasthan, Bhagwan Das Road, Jaipur-302005.	250
22.	The Accountant-General, Tamil Nadu, 61, Annasalai Teynampet, Madras-600018.	50
23.	The Accountant-General, Tripura-Agartala-799001.	30
24.	The Accountant-General, West Bengal Treasury Building No. 2, Government Place, West Calcutta-700001.	5
25.	The Accountant-General, Sikkim Lower Secretariat Building No. 2, Gangtok-737101.	10

26.	The Pay and Accounts Officer, Pondicherry.	10
27.	The Director of Accounts Goa, Damman and Diu, Fazenda Panaji, Goa—403001.	15
28	The Principal Account Officer, Delhi Administration, Vikas Bhawan, II Floor, New Delhi.	15
29.	The Principal Account Officer, Office of the Controller of Accounts, Ministry of External Affairs, Room No. 134--141, Government of India, B-I, Hutments Behind South Block, New Delhi.	1

आज्ञा से,

शिव प्रकाश,

संयुक्त सचिव।

संख्या सा-3-1929/दस-348-97

सेवा में,

कुशील चन्द्र त्रिपाठी,
प्रमुख सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

तथा में,

समस्त विभागाध्यक्ष तथा कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक 13 जून, 2000

विषय : कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1062/दस-308/97, दिनांक 24-8-1998 एवं शासनादेश संख्या-सा-3-384/दस-300-99, दिनांक 13-4-200 एवं शासनादेश संख्या सा-3-697-दस-308/97, दिनांक 5-5-2000 के संदर्भ में स्पष्टीकरण।

महोदय,

दिनांक 1-1-1986 के पूर्व के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन के संशोधन के संदर्भ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-1062/दस-308/97, दिनांक 24-8-1998 निर्गत किया गया है। शासनादेश संख्या सा-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 में यह व्यवस्था की गयी है कि दिनांक 1-1-1996 से सभी पेंशनरों की पेंशन की धनराशि दिनांक 1-1-1996 से पुनरीक्षित वेतनमान के न्यूनतम के 50% से कम नहीं होगी, बशर्ते कि सेवानिवृत्ति की तिथि को कर्मचारी ने 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूरी कर ली हो। इसी प्रकार से दिनांक 1-1-1986 से 31-12-1995 के मध्य सेवानिवृत्त दिवंगत कर्मचारियों की पारिवारिक पेंशन की धनराशि, अन्तिम आहरित वेतन के 30% से कम नहीं होगी। कार्यालय-ज्ञाप संख्या सा-3-697/दस-300/97, दिनांक 5-5-2000 में यह व्यवस्था दी गयी है कि जो कर्मचारी दिनांक 1-1-1996 को अथवा उसके उपरान्त परन्तु दिनांक 30-9-1996 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए हैं और पुनरीक्षित वेतनमान को चुनने का विकल्प दिया है, परन्तु 10 माह का औसत वेतन प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें दिनांक 1-1-1996 के पूर्व अवधि में आहरित वेतन के 40% का हेडक दे दिया जाए।

2—उपरोक्त वर्णित कार्यालय-ज्ञापों एवं शासनादेशों के संदर्भ में शासन को विभिन्न स्रोतों से अनेक शिकायत/प्रतिवेदन संदर्भित हुए जिन पर सक्षम विचारोपरान्त उसे निम्नलिखित स्पष्टीकरण निर्गत करने के निदेश हुए हैं :—

1—कार्यालय-ज्ञाप संख्या-सा-3-1062/दस-308/97, दिनांक 24-8-1998 के अधीन सामान्य-पत्र देने हेतु—

उपरोक्त कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 24-8-1998 के अधीन दिनांक 1-1-1986 के पूर्व के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों द्वारा अपनी पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनर्निर्धारण हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए गए थे जिन्हें कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष के माध्यम से प्रशासकीय, वित्त, इलाहाबाद को प्रेषित किया जाना था। अनेक स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार एकमुश्त धनराशि द्वारा बहुत से ऐसे मामलों में पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण करके संशोधित पी०पी०ओ० निर्गत किये गये हैं और बहुत बड़ी संख्या में पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण अभी भी नहीं हो सका है। जिन पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण अभी तक नहीं हो पाया है, उन पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे शासनादेश संख्या-सा-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 के साथ संलग्न अनुबन्ध-1 एवं 2 (जो भी लागू हो) पर अपना आवेदन-पत्र भरकर उसमें मांगी गयी अपेक्षानुसार प्रेषित करने का कष्ट करें। विभागाध्यक्ष/कोषाधिकारी को ऐसे आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त, संबंधित पेंशनर पूर्व में लागू नियम के अनुसार कार्यवाही आगे के लिए बाध्य नहीं करेंगे। ऐसे प्रथम आवेदन-पत्र निर्गत होने के 60 दिन के भीतर प्रस्तुत कर दिये जायें। यदि कोषाधिकारी द्वारा शासनादेश दिनांक 13-4-2000 के

[illegible] अनुबन्ध-3

अनुसार पेंशन पुनरीक्षित किये जाने के 06 माह के भीतर कार्यालयाध्यक्ष से शासनादेश दिनांक 24-8-1998 के परिप्रेक्ष्य में पुनरीक्षित प्राधिकार-पत्र आ जाता है तो कोषाधिकारी द्वारा शासनादेश 13-4-2000 को न्यूनतम सीमा का संरक्षण किया जाना (पूर्ण सेवा पेंशन, वेतनमान के न्यूनतम के 50% तथा कम सेवा होने पर पेंशन आनुपातिक रूप से कम एवं पारिवारिक पेंशन नये वेतनमान के न्यूनतम का 30%) सुनिश्चित करते हुए निम्नानुसार कार्यवाही करेंगे।

2—शासनादेश संख्या सी-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 के संदर्भ में—

शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि कुछ विभागाध्यक्षों के यहां उक्त शासनादेश दिनांक 13-4-2000 का लाभ केवल 1-1-1986 से 31-12-1995 के मध्य सेवानिवृत्त/मृत सरकारी सेवकों को पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण हेतु ही किया जा रहा है और अन्य अवधि में सेवानिवृत्त/मृत सरकारी सेवकों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण यह कहकर नहीं किया जा रहा है कि उक्त शासनादेश केवल दिनांक 1-1-1986 से 31-12-95 के मध्य सेवानिवृत्त/मृत सरकारी सेवकों पर लागू है। अतः के संबंध में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि शासनादेश दिनांक 13-4-2000 के प्रथम पृष्ठ के प्रस्तर-1 की व्यवस्था दिनांक 1-1-1986 से 31-12-95 के मध्य सेवानिवृत्त/ दिवंगत सरकारी सेवकों की पेंशन/ पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण हेतु है तथा प्रक्रिया का विस्तृत विवरण शासनादेश के भाग-एक में दिया गया है। इसी शासनादेश के पृष्ठ-1 के प्रस्तर-2 में दिनांक 1-1-1996 से सभी पेंशनभोगियों चाहे वे कभी भी सेवानिवृत्त हुए हों, की पेंशन पुनरीक्षण की व्यवस्था निहित है। इस हेतु की जाने वाली कार्यवाही का उल्लेख शासनादेश के भाग-2 में दिया गया है। अतः जिन पेंशनभोगियों की पेंशन पुनरीक्षण शासनादेश दिनांक 13-4-2000 के प्रस्तर-2 के अनुसार किया जाना है उनमें समयबद्ध गति से कार्यवाही की जाये।

2(I)—शासनादेश संख्या सी-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 में यह आदेश प्रचारित है कि दिनांक 1-1-1996 को अथवा उसके उपरान्त सेवानिवृत्ति के मामलों में कर्मचारी के पेंशन उसके पद के वेतनमान के पुनरीक्षित वेतनमान के न्यूनतम के 50% से कम नहीं होगी बशर्ते कि कर्मचारी को अर्हकारी सेवा 33 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो। यह जिज्ञासा की गयी है कि उपरोक्त प्रावधान के संशोधन के फलस्वरूप क्या पेंशन के अंतर की धनराशि का राशिकरण अनुमन्य होगा। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 1-1-1996 को अथवा उसके उपरान्त सेवानिवृत्ति के मामलों में शासनादेश दिनांक 13-4-2000 के अनुसार पुनरीक्षण के फलस्वरूप पेंशन में अन्तर की धनराशि के एक भाग का राशिकरण अनुमन्य होगा जो पूर्व पेंशन तथा उसके राशिकृत भाग के अनुपात में ही अनुमन्य होगा। (उल्लेखनीय है कि राशिकरण विषयक 1-1-1996 को या उसके उपरान्त सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों को मूल पेंशन का अधिकतम 40% ही अनुमन्य है) और यह अनुपात अंतर की धनराशि के एक भाग के राशिकरण हेतु परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। राशिकरण हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जायेगी :—

क—कोषाधिकारी द्वारा पेंशन का पुनरीक्षण किया जायेगा।

ख—उपरोक्त (क) के अनुसार पुनरीक्षित पेंशन और पूर्वतया स्वीकृत पेंशन की धनराशि के अंतर की धनराशि के एक भाग का राशिकरण कराने के इच्छुक पेंशनर अपने पेंशन स्वीकर्ताधिकारी को सादे कागज पर प्रार्थना-पत्र देंगे। पेंशन स्वीकर्ताधिकारी उक्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर परीक्षण करके पेंशन राशिकरण के भुगतान का प्राधिकार-पत्र निर्गत करेंगे।

ग—राशिकरण का मूल्य वही रहेगा जैसा कि मूल राशिकरण स्वीकृत करते समय उसकी आयु के आधार पर अनुमन्य था।

घ—शासनादेश दिनांक 13-4-2000 के अनुसार पेंशन पुनरीक्षण के फलस्वरूप अन्तर की धनराशि का राशिकरण कराने के लिये स्वास्थ्य परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

ङ—उपरोक्त प्रकार के राशिकरण के मामलों में पेंशन की धनराशि से कटौती भुगतान की तिथि से की जायेगी तथा राशिकृत धनराशि के पुनर्स्थापन हेतु ऐसे भुगतान की तिथि से 15 वर्ष की गणना की जाएगी। अर्थात् इस प्रकार के मामलों में राशिकरण के पुनर्स्थापन की दो तिथियां होंगी अर्थात् पहली तिथि मूल पेंशन के राशिकरण की तिथि के 15 वर्ष बाद होगी तथा दूसरी तिथि वर्तमान राशिकरण के भुगतान की तिथि से 15 वर्ष होगी।

च—यदि किसी मामलों में पुनरीक्षण पेंशन के एक अंश का राशिकरण कराने का विकल्प देने से पूर्व पेंशनर की मृत्यु हो चुकी है/हो जाती है तो उसके परिवार को राशिकरण की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।

2(II)—शासनादेश संख्या सा-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 के भाग-1 के प्रस्तर-9 एवं भाग-2 के प्रस्तर-1(III) में यह व्यवस्था है कि कोषाधिकारी पेंशन/पारिवारिक पेंशन का संशोधन करके उसकी एक प्रति महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को इस आशय से भेजेंगे कि वे किये गये संशोधन के सही/गलत होने की पुष्टि 6 माह की अवधि में कर दें। इस संदर्भ में पुनर्विचार किया गया और यह पाया गया कि क्योंकि दिनांक 1-8-1985 से अनै:-अनै: पेंशन स्वीकृत करने का अधिकार महालेखाकार उत्तर प्रदेश से लेकर संबंधित विभागों को दिया जा चुका है, अतएव संशोधित प्राधिकार-पत्र की प्रति उसी अधिकारी को भेजेंगे जिनके द्वारा मूल भुगतानादेश निर्गत किये गये हैं, अर्थात् यदि मूल भुगतानादेश महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ने निर्गत किये हैं तो महालेखाकार उत्तर प्रदेश को अन्यथा अन्य उस अधिकारी को जिसने भुगतानादेश निर्गत किये हैं जो 6 माह के अन्दर पेंशन पुनरीक्षण के सही/गलत होने की पुष्टि संबंधित कोषाधिकारी को करेंगे।

2 (III)—शासनादेश संख्या सा-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 के भाग-2 के प्रस्तर-1 में व्यवस्था है कि "दिनांक 1-1-1996 से सभी पेंशनभोगियों के मामलों में पूर्ण पेंशन उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख का ध्यान किये बिना, पेंशनभोगी द्वारा अन्तिम धारित पद के दिनांक 1-1-1996 से लागू संशोधित वेतनमान के न्यूनतम के 50% से कम नहीं होगी। तथापि पूर्ण पेंशन के लिये अर्हकारी सेवा और न्यूनतम पेंशन को विनियमित करने वाले सम्बन्ध उसी प्रकार प्रभावी रहेंगे। इसी प्रकार दिनांक 1-1-1996 से पारिवारिक पेंशन, पेंशनभोगी/मृतक सरकारी कर्मचारी के द्वारा धारित अन्तिम पद के 1-1-1996 से लागू संशोधित वेतनमान के न्यूनतम के 30% से कम नहीं होगी। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि भविष्य में किसी कर्मचारी के अन्तिम दस माह के औसत के आधार पर पूर्ण पेंशन उसके 1-1-1996 के पुनरीक्षित वेतनमान के न्यूनतम के 50% से कम आती है तो उसे मूल प्राधिकार-पत्र निर्गत करते समय ही इस सीमा तक बढ़ा दिया जायेगा, किन्तु अर्हकारी सेवा पूर्ण (33 वर्ष) न होने पर यह अनुपातिक रूप से कम स्वीकृत की जायेगी। यही प्रक्रिया पारिवारिक पेंशन हेतु अपनायी जायेगी।

3—शासनादेश संख्या-सा-3-697/दस-308/97, दिनांक 5-5-2000 के संदर्भ में—

दिनांक 1-1-1996 से जिन सरकारी सेवकों ने पुनरीक्षित वेतनमान को वरण करने का विकल्प दिया है और नये वेतनमान में 10 माह की पूर्ण अवधि का लाभ पाने के पूर्व ही सेवानिवृत्त हो गये हैं उन्हें दिनांक 1-1-1996 के पूर्व के माहों में आहरित वेतन पर 40% वेटेज का लाभ नहीं दिया गया था। जिसके फलस्वरूप 10 माह के औसत वेतन की धनराशि कम हो रही थी और पेंशन में हानि हो रही है। शासनादेश दिनांक 5-5-2000 से उक्त प्रकार के मामलों में औसत वेतन की गणना हेतु 40% का लाभ दे दिया गया है। अतएव ऐसा विश्वास किया जाता है कि कर्मचारी को पेंशन में हो रही हानि की पूर्ति हो जायेगी, परन्तु यह भी संभावना है कि कुछ ऐसे भी मामले हो सकते हैं जिनमें 40% वेटेज का लाभ देने के उपरान्त भी पुनरीक्षित पूर्ण पेंशन, पुनरीक्षित वेतनमान के न्यूनतम के 50% तक न पहुंचे। अतएव यह स्पष्ट किया जाता है कि पेंशन पुनरीक्षित करते समय यदि ऐसी स्थिति आती है कि 40% वेटेज का लाभ देने के बावजूद भी पूर्ण पेंशन की धनराशि पुनरीक्षित वेतनमान के न्यूनतम के 50% से कम आती है तो उसे 50% तक कर दिया जाए। यदि अर्हकारी सेवा 33 वर्ष से कम है तो पेंशन आनुपातिक रूप से कम स्वीकृत की जाएगी। संबंधित प्राधिकारी पेंशन संशोधित करते समय उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

अनुरोध है कि आप कृपया उपरोक्त स्पष्टीकरण के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

सुशील चन्द्र त्रिपाठी,

प्रमुख सचिव।

संख्या सा–3–1029(1)/दस–398-97, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

2—सचिव, विधान सभा, विधान परिषद्, विधान भवन, लखनऊ।

3—सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4—निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान 24/3, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

5—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश (लेखा एवं हकदारी) इलाहाबाद।

6—सूचना निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

7—उप सचिव, इस्ला चेक अनुभाग।

8—निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

9—निदेशक, पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

शिव प्रकाश,

संयुक्त सचिव।

संख्या: सा-3-1499/दस/2000

प्रेषक,

शिव प्रकाश,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पेंशन निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सं0: वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 15 सितम्बर, 2000

विषय: <u>असाधारण पेंशन नियमावली-1961 के अधीन स्वीकृत पेंशनों के संशोधन हेतु।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या: पे0नि0/102/16188/3773/2000/1291 दिनांक 13.09.2000 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि दिनांक 31.12.1995 को जो असाधारण पेंशन सम्बन्धित पेंशनर को प्राप्त हो रही थी उसके दो अंश थे:-

1. अन्तिम आहरित वेतन में मूल वेतन का अंश।
2. उस पर देय महंगाई भत्ता/अन्तरिम सहायता।

असाधारण पेंशन के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में अन्तिम आहरित वेतन के मूल वतन के अंश को ही मूल पेंशन मानते हुए शासनादेश संख्या: सा-3-1721/दस-308/97, दिनांक 23.12.1997 के अनुसार इसका पुनरीक्षण किया जायेगा। अर्थात् ऐसी मूल पेंशन पर 1510 मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई राहत (148%, 111% अथवा 96% जैसी भी स्थिति हो) तथा अन्तरिम राहत की प्रथम एवं द्वितीय किश्त एवं ऐसी मूल पेंशन का 40% अतिरिक्त धनराशि जोड़कर जो धनराशि आयेगी वह 01.01.1996 से मूल असाधारण पेंशन मानी जायेगी और भविष्य में इसी पर यथा अनुमन्य महंगाई राहत देय होगी। कृपया तदनुसार ही पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

मुझे यह भी कहने का निर्देश हुआ है कि आप कृपया अपने स्तर से समस्त कोषाधिकारियों को असाधारण पेंशन के पुनरीक्षण के मामले में उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने के निर्देश देने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शिव प्रकाश)



संख्या सा-3-1723/दस-2000-308 (8)/2000

प्रेषक,

श्री विजय कुमार शर्मा,
सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक 10 अक्टूबर, 2000

विषय :—दिनांक 1-1-1996 के पूर्व अनन्तिम रूप से स्वीकृत पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्रकरणों में दिनांक 1-1-1996 से महंगाई राहत स्वीकृत किया जाना।

महोदय,

वित्त (सामान्य)
अनुभाग-3

शासन के सम्मुख कुछ ऐसे प्रकरण संदर्भित हुए हैं जिनमें दिनांक 1-1-1996 के पूर्व कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि को उसके विरुद्ध प्रशासकीय/विभागीय/न्यायिक कार्यवाही लम्बित होने के कारण केवल अनन्तिम पेंशन ही स्वीकृत की गयी है। कार्यवाही लम्बित होने के कारण अन्तिम रूप से पेंशन स्वीकृत नहीं की जा सकी है जिसके फलस्वरूप दिनांक 1-1-1996 से नई दरों पर महंगाई राहत की अनुमन्यता नहीं हो पा रही है, क्योंकि महंगाई राहत की गणना/अनुमन्यता दिनांक 1-1-1996 से नई दरों पर की गयी है।

2—उपर्युक्त संदर्भित विषय पर सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऐसे प्रकरणों में जब तक अन्तिम पेंशन दिए जाने का निर्णय नहीं हो जाता है तब तक मिल रही अनन्तिम पेंशन (पुरानी दर पर) की धनराशि पर अनुमन्य दिनांक 1-1-1996 की महंगाई राहत, तथा अन्तरिम सहायता की प्रथम तथा द्वितीय किश्त की धनराशि के योग पर दिनांक 1-1-1996 से अनुमन्य दर पर महंगाई राहत अनुमन्य कराई जाए। परन्तु किसी भी दशा में उपरोक्त प्रकार से कार्यवाही करने में पेंशन की धनराशि के 40% वेटेज का लाभ न दिया जाए। पेंशन की धनराशि के 40% वेटेज दिए जाने का लाभ अन्तिम पेंशन स्वीकृत किए जाने पर ही दिया जाएगा।

भवदीय,
विजय कुमार शर्मा,
सचिव।

संख्या सा-3-1723 (1)/दस-2000-308 (8)/2000, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1—निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2—निदेशक, पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3—समस्त मंडलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5—सचिवालय के समस्त अनुभाग।
6—विधान सभा/विधान परिषद् सचिवालय।
7—राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश।
8—समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
10—समस्त मंडलीय संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, उत्तर प्रदेश।
11—निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, 24/3, इन्दिरानगर, लखनऊ।

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
विशेष सचिव।

पी० एस० यू० पी०—ए० पी० 89 सा० वित्त—28-10-2000—(2245)—12,000—(अफ्सेट/आफसेट)।



संख्या सा-3-1712/दस-2000-300/99

प्रेषक,

बी०के० अर्ना,
अधिक,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपसचिव कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

अनुभाग : दिनांक 05 जनवरी, 2001

विषय :— शासनादेश संख्या—सा—3—384/दस—2000—300/99, दिनांक—13—4—2000 के कार्यान्वयन हेतु स्पष्टीकरण।

महोदय,

वित्त (लेखाधि) अनुभाग-3

शासनादेश संख्या—सा—3—384/दस—300/99, दिनांक 13—4—2000 में निम्नलिखित व्यवस्था लागू की गयी है :—

1—दिनांक 1—1—1986 से 31—12—1995 के बीच की अवधि में सेवा—निवृत्त/दिवंगत सरकारी कर्मचारियों जिनका अन्तिम आहरित वेतन 1500 रुपया से अधिक था के प्रकरण में कुटुम्ब पेंशन का दिनांक 1—1—1996 से संशोधन किया जाएगा।

2—दिनांक 1—1—1996 से सभी पेंशन भोगियों के मामले में उनकी पूर्ण पेंशन, उनकी सेवानिवृत्ति को दरकिनार कर ध्यान किये बिना पेंशन भोगी द्वारा अन्तिम आहरित वेतन के दिनांक 1—1—1996 से लागू संशोधित वेतनमान के न्यूनतम के 50% से कम नहीं होगी। तथापि पूर्व पेंशन के लिए आई लेखा और न्यूनतम पेंशन को विनियमित करने वाले उपबन्ध, उसी प्रकार प्रभावी रहेंगे। इसी प्रकार दिनांक 1—1—1996 से पारिवारिक पेंशन, पेंशनभोगी/मृतक कर्मचारी के द्वारा आहरित अन्तिम वेतन के दिनांक 1—1—96 से लागू संशोधित वेतनमान के न्यूनतम वेतन के 30% से कम नहीं होगी। उपरोक्त शासनादेश दिनांक 13—4—2000 में निहित व्यवस्थाओं के संदर्भ में शासनादेश संख्या-सा—3—1029/दस—308/97, दिनांक—13—6—2000 में कतिपय स्पष्टीकरण भी निर्गत किये गये परन्तु उपरोक्त शासनादेशों में निर्गत स्पष्टीकरण के उपरान्त भी, विभिन्न विभागों/कोषाधिकारियों से पारिवारिक पेंशन के संशोधन के संदर्भ में एवं पेंशन के अद्यतन किये जाने के संदर्भ में कतिपय जिज्ञासायें की गयी हैं। उक्त जिज्ञासाओं के निवारण हेतु सम्यक् विचारोपरान्त निम्न प्रकार से स्थिति स्पष्ट करने का मुझे निदेश हुआ है :—

2—(1) शासनादेश संख्या-सा—3—384/दस—300/99, दिनांक 13—4—2000 के भाग—1 के अधीन पारिवारिक पेंशन के निर्धारण हेतु :—

उपरोक्त शासनादेश के भाग—1 एवं 2 में निहित व्यवस्था के अधीन पेंशनर द्वारा आवेदन करने पर उसकी पारिवारिक पेंशन की धनराशि का भी पुनरीक्षण, उसके दिनांक 1—1—1996 से पुनरीक्षित वेतनमान के न्यूनतम के 30% की दर पर किया जाना अपेक्षित है। परन्तु शासन स्तर पर यह सूचना प्राप्त हो रही है कि संबंधित कोषागार एवं कार्यदायी बैंकों द्वारा ऐसे पेंशनरों में असंतोष व्याप्त है और वे इस बात के लिए चिन्तातुर हैं कि यदि उनके जीवनकाल में पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण होकर उनके पी०पी०ओ० में अंकित नहीं किया गया तो उनकी मृत्यु के उपरान्त उनके परिवार द्वारा उक्त कार्यवाही कराना सम्भव ही नहीं होगा। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि कोषाधिकारी शासनादेश में निहित व्यवस्था के अधीन पारिवारिक पेंशन की धनराशि का भी पुनरीक्षण करके संबंधित पेंशनर के पी०पी०ओ० में आवश्यक रूप से इस आशय की प्रविष्टि अंकित करने का कष्ट करें।

2--(II) सात वर्ष की निरन्तर सेवा करने के उपरान्त मृत्यु होने पर पारिवारिक पेंशन के सामान्य दर से दोगुनी होने के संबंध में :-

राज्य सरकार में यह व्यवस्था है कि सेवारत मृत्यु हो जाने की दशा में यदि मृतक ने कम से कम सात वर्ष की अविरल अर्हकारी सेवा की है तो मृत्यु की तिथि से बाद की तिथि से प्रारम्भिक सात वर्ष या उस तिथि तक जब उसने जीवित रहने की दशा में 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली होती, जो भी पहले संभाव्य हो, पारिवारिक पेंशन मूल वेतन की आधी अथवा उसका योजना के अधीन, सामान्य दर पर अनुमन्य पारिवारिक पेंशन की धनराशि का दुगुना, जो भी कम हो, के बराबर होगी।

सेवानिवृत्ति के उपरान्त मृत्यु हो जाने की दशा में देखी हुई दर पर पारिवारिक पेंशन उस तिथि तक जिस तिथि तक मृत पेंशनर जीवित रहने की दशा में 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता अथवा सात वर्ष की अवधि, जो भी इन दोनों अवधियों में से पहले घटित हो, इस प्रतिबन्ध के अधीन देय होगी कि पारिवारिक पेंशन की धनराशि किसी भी दशा में सेवानिवृत्ति के उपरान्त सरकारी कर्मचारी को स्वीकृत की गयी सेवा पेंशन की धनराशि से अधिक नहीं होगी।

विभिन्न कोषागारों से यह जिज्ञासा की जा रही है कि क्या राज्य सरकार की उक्त व्यवस्था अभी प्रभावी है तथा क्या शासनादेश दिनांक 13-4-2000 के अधीन पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण के फलस्वरूप भी उक्त व्यवस्था के अधीन, जहाँ आच्छादित हो, कार्यवाही की जाएगी। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि उपर्युक्त [illegible] में उल्लिखित व्यवस्था अभी प्रभावी है और तदनुसार कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

2--(III) शासनादेश संख्या-सा-3-384/दस-300/99, दिनांक 13-4-2000 की व्यवस्था के अधीन कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा कार्यवाही करना :-

उपरोक्त शासनादेश दिनांक 13-4-2000 में पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही हेतु कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के उपरान्त आवेदन-पत्र को संबंधित कोषागारों को भेजने की व्यवस्था है। कुछ कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्षों द्वारा आवेदन-पत्र में दिये गये तथ्यों के आधार पर पेंशनर की पुनरीक्षित पेंशन की भी गणना करके कोषागारों को भेजने पर कोषागारों ने इस आशय की आपत्ति की है कि शासनादेश दिनांक 13-4-2000 की व्यवस्था के अनुसार पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही करने का अधिकार कोषागारों में निहित किया गया है। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि यह सही है कि पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही करने का अधिकार कोषागारों को दिया गया है, परन्तु यदि किन्हीं मामलों में कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष ने पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही करके कोषागारों को भेजा है तो ऐसे प्रकरणों को वापस भेजने की आवश्यकता नहीं है, अपितु कोषाधिकारी उसे पुनः चेक कर लें और यदि वह सही है तो उसके आधार पर अगला अग्रेषण होने पर उसे अपने स्तर से सही करते हुए भुगतान की कार्यवाही करने का कष्ट करें। कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्षों से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यालय में प्राप्त आवेदन-पत्रों में दी गयी सूचनाओं तथ्यों को प्रमाणित करके कोषागारों को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजें।

2--(IV) साधारण वेतनमान/सेलेक्शन ग्रेड वेतनमान एवं तीनों वेतनमानों के आधार पर पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही हेतु :-

कतिपय कार्यालयों एवं कोषागारों ने यह जिज्ञासा की है कि शासनादेश दिनांक 13-4-2000 की व्यवस्था के अधीन दिनांक 1-1-1996 से पेंशन पुनरीक्षण हेतु कर्मचारी के सेवानिवृत्ति की तिथि को आहरित साधारण वेतनमान को आधार माना जाए अथवा यदि उसे सेलेक्शन ग्रेड मिला है, तो उसे सेलेक्शन ग्रेड के वेतनमान में आहरित वेतन को आधार माना जाए। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 1-1-1996 से पेंशन पुनरीक्षण हेतु कर्मचारी के पद के साधारण वेतनमान के आधार पर दिनांक 1-1-1996 को अनुमन्य पुनरीक्षित वेतनमान को ही आधार माना जाए और उसी के आधार पर पारिवारिक पेंशन हेतु उसके न्यूनतम के 30% एवं भूत पेंशन हेतु उसके न्यूनतम के 50% का लाभ अनुमन्य करने की कार्यवाही की जाए। उपरोक्त प्रकार से ही जिन प्रकरणों में सरकारी सेवक को वैयक्तिक रूप से प्रोन्नति वेतनमान दे दिया गया है, उन प्रकरणों में भी क्योंकि उसका पदनाम नहीं बदलता है, अतएव उन प्रकरणों में भी दिनांक 1-1-1996 से पेंशन पुनरीक्षण हेतु कर्मचारी के मूल पद के साधारण वेतनमान के आधार पर ही उपरोक्तानुसार पेंशन पुनरीक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।

2—(V) जहां कर्मचारी का पद समाप्त हो चुका है उनमें पेंशन पुनरीक्षण किया जाना :—

वांछित कुछ ऐसे भी प्रकरण हो सकते हैं जिनमें उनके सेवक दिनांक 1-1-1996 से पूर्व सेवानिवृत्त हुआ है और शासन की नीति के अधीन उसका पद भी समाप्त कर दिया गया है या दिनांक 1-1-1996 से पद अवशोषित हो गया है या दिनांक 1-1-1996 से पूर्व के पद से वरिष्ठ पद सृजित किया गया है और पुराना पद भी विद्यमान है। ऐसे प्रकरणों के संदर्भ में यह जिज्ञासा की जा रही है कि दिनांक 1-1-1996 से पेंशन पुनरीक्षण का क्या तरीका रहेगा।

इस संदर्भ में यह स्पष्ट करना है कि—

1—जहां दिनांक 1-1-1996 के पूर्व के पद को दिनांक 1-1-1996 से उच्चीकृत कर दिया गया है, उन प्रकरणों में दिनांक 1-1-1996 से पूर्व के पद के उच्चीकृत वेतनमान के न्यूनतम के आधार पर ही दिनांक 1-1-96 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण किया जाना अपेक्षित है।

2—जहां दिनांक 1-1-1996 से पूर्व के पद से वरिष्ठ पद सृजित किया गया है और पुराना पदनाम विद्यमान है उन प्रकरणों में पुराने पदनाम का जो वेतनमान दिनांक 1-1-1996 से पुनरीक्षित हुआ है, उसी के आधार पर उसके न्यूनतम के आधार पर पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण का लाभ अनुज्ञेय होगा।

3—जहां दिनांक 1-1-1996 से पूर्व का पदनाम समाप्त कर दिया गया है तथा नए नाम से पद सृजित हो गया है, उन प्रकरणों में पुराने पद के वेतनमान के दिनांक 1-1-1996 से पुनरीक्षित वेतनमान में पेंशन का निर्धारण किया जाएगा। या फिर भी कोई शंका हो तो उसे शासन को संप्रेषित कर सकते हैं।

3—(VI) **राज्य सरकार के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर यदि अन्य राज्यों में निवास कर रहे हैं तो पेंशन के भुगतान हेतु :—**

राज्य सरकार के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा से बाहर अन्य राज्यों में रहते हैं और वहीं के कोषागारों से पेंशन आहरित कर रहे हैं। ऐसे मामलों में पेंशन/कुटुम्ब पेंशन के पुनरीक्षण के आदेश-पत्र संबंधित पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर द्वारा संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को भेजेंगे। संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष इन आदेश पत्रों पर शासनादेश दिनांक 13-4-2000 में दी गई प्रक्रियानुसार कार्यवाही करते हुए पेंशन प्रदान निर्गमन प्राधिकारी (महालेखाकार/निदेशक पेंशन/वित्त नियंत्रक, जैसी भी स्थिति हो) को भेजेंगे। जो पेंशन पुनरीक्षित करते हुए पुनरीक्षित प्राधिकार-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को भेजेंगे। महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ऐसे पुनरीक्षित पेंशन प्राधिकार पत्रों को संबंधित राज्य के महालेखाकार को अपनी शेष अथॉरिटी सहित भुगतान **हेतु प्रेषित कर देंगे।**

4—(VII) **शासनादेश संख्या-सा-3-384/दस-2000/99, दिनांक 13-4-2000 भाग-1 के प्रस्तर-9 एवं भाग-2 के प्रस्तर-1 (III) के अधीन पुनरीक्षित भुगतानादेश के सत्यापन की कार्यवाही :—**

यद्यपि शासनादेश संख्या-सा-3-1029/दस-308/97, दिनांक 13-6-2000 के प्रस्तर-2(II) में यह स्पष्ट किया जा चुका है कि कोषागारों द्वारा पुनरीक्षित भुगतानादेश की प्रति उसी प्राधिकारी को, उसके सही/गलत होने, के सत्यापन हेतु भेजी जाएगी जिसने मूल भुगतानादेश निर्गत किया है। फिर भी विभिन्न कोषागार अभी भी इस दिशा में आशंकित बनी हुई और निरन्तर संपर्क व्यक्त कर रहे हैं कि पुनरीक्षित प्राधिकार-पत्र सत्यापन हेतु किसे भेजा जाए। इस संदर्भ में मुझे पुनः स्पष्ट करना है कि संबंधित कोषाधिकारी संशोधित प्राधिकार-पत्र की प्रति उसी प्राधिकारी को भेजेंगे जिनके द्वारा मूल भुगतानादेश निर्गत किये गये हैं, अर्थात् यदि मूल भुगतानादेश महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ने निर्गत किये हैं तो महालेखाकार, उत्तर प्रदेश को अन्यथा अन्य उस प्राधिकारी को जिसने भुगतानादेश निर्गत किये हैं भेजेंगे। जो 6 माह के अन्दर पेंशन पुनरीक्षण के सही/गलत होने की पुष्टि संबंधित कोषाधिकारी को करेंगे।

5—(VIII) शासन स्तर पर ऐसे भी प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं जहां यह उल्लेख किया जा रहा है कि शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार पेंशन का पुनरीक्षण करने पर संबंधित पेंशनर की पेंशन पूर्व से मिल रही पेंशन से कम आ रही है, अतएव उनका पुनरीक्षण किस प्रकार किया जाए। इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि पेंशन पुनरीक्षण के फलस्वरूप पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की पेंशन/ पारिवारिक पेंशन की धनराशि पुनरीक्षण के पूर्व से मिल रही पेंशन/पारिवारिक पेंशन से कम आ रही है तो ऐसा पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा और पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर को प्राप्त हो रही पेंशन/पारिवारिक पेंशन ऐसे पुनरीक्षण के फलस्वरूप कम नहीं की जाएगी।

अनुरोध है कि आप कृपया उपरोक्त स्पष्टीकरण के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
वी० के० शर्मा,
सचिव।

संख्या सा-3-1212(1)/दस-2000/99, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित की सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2—सचिव, विधान सभा, परिषद्, विधान भवन, लखनऊ।
3—सचिवालय के समस्त अनुभाग।
4—निदेशक, वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान 24/3, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
5—महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लेखा एवं हकदारी, इलाहाबाद।
6—सूचना निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रचारार्थ।
7—उप सचिव, हरता चेक अनुभाग, सचिवालय, लखनऊ।
8—निदेशक कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9—निदेशक, पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
विशेष सचिव।

1/54

संख्या सा-3-911/दस-2001-933-89 टी०सी०

प्रेषक,

श्री बी०के० शर्मा,
सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक 16 जुलाई, 2001

विषय : पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु प्रक्रिया का सरलीकरण।

महोदय,

वित्त (सामान्य)
अनुभाग-3

उपरोक्त विषय पर शासनादेश संख्या सा-3-1713/दस-87-933-89, दिनांक 28 जुलाई, 1989 द्वारा पेंशन प्रकरणों को अंतिम रूप देने में होने वाले अनेक प्रकार के विलम्बों में कमी लाने के उद्देश्य से विस्तृत आदेश निर्गत किये गये हैं किन्तु अब भी अनेक मामलों में विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों के स्तर पर पेंशन प्रपत्रों को प्रेषित करने में विभिन्न कारणों से काफी विलम्ब किया जाता है जिसके कारण पेंशन के अनेक प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के दिनांक के तत्काल बाद सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन एवं अन्य देय प्राप्त नहीं हो पाते हैं। पेंशन के मामलों के सही तरीके से निस्तारित करने के संबंध में शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि मुख्य रूप से सरकारी कार्यचारी के सेवाकाल के मध्य गलत वेतन निर्धारण, सेवा पुस्तिका का पूर्ण न होना तथा अदेयता प्रमाण-पत्र निर्गत न होने के कारण पेंशन प्रकरण निस्तारित करने में विलम्ब होता है। अतः सम्यक् रूप से विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय पेंशन प्रकरणों के निस्तारण हेतु निम्न प्रकार और सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने के आदेश प्रदान करते हैं :-

1—पेंशन प्राधिकार-पत्र जारी करने से पूर्व पेंशन प्राधिकारी अधिकारी सामान्यतया संबंधित सरकारी सेवक की अन्तिम 10 माह की परिलब्धियों की समीक्षा करेंगे और पूरी अवधि के सही वेतन निर्धारण एवं भुगतान का दायित्व संबंधित कार्यालयाध्यक्षों/आहरण वितरण अधिकारियों का रहेगा। अदेयता प्रमाण-पत्र के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि कार्यालयाध्यक्ष निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वयं स्थिति स्पष्ट करते हुए अदेयता प्रमाण-पत्र निर्गत करेंगे। यदि किसी कारणों वश सेवानिवृत्ति की तिथि तक अदेयता की स्थिति स्पष्ट नहीं होती है तो संबंधित पेंशनर से निर्धारित बन्धक-प्रपत्र पर बन्धक-पत्र भरवाकर सेवानिवृत्तिक लाभ अवमुक्त कर दिया जाए तथा बन्धक-पत्र की निर्धारित अवधि के भीतर अदेयता की स्थिति को पूर्णतया स्पष्ट करा लिया जाए ताकि शासकीय क्षति न हो।

2—जिन मामलों में लम्बित विभागीय कार्यवाही के कारण अदेयता प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाना संभव न हो उन मामलों में स्वयं से कर्मचारी को अनन्तिम पेंशन स्वीकृत करते हुए विभागीय कार्यवाही यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर ली जाये।

3—अतएव अनुरोध है कि आप कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति की तिथि को ही पेंशन भुगतान आदेश प्राप्त हो सके।

भवदीय,
बी०के० शर्मा,
सचिव, वित्त।

संख्या सा-3-911(1)/दस-2001-933-89 टी०सी०, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1—महालेखाकार, द्वितीय (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2—प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3—निदेशक, पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4—निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5—समस्त संयुक्त निदेशक, पेंशन एवं कोषागार, उत्तर प्रदेश।
6—समस्त वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश।
7—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8—सचिवालय के समस्त अनुभाग।
9—विधान सभा सचिवालय/विधान परिषद् सचिवालय।
10—राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
11—निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, 24/3, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
विशेष सचिव।

पी०एम०यू०पी०-ए०सी०-45 सा० दिल्ली—23-7-2001—(619)—12,000—कम्प्यूटर/आफसेट।

संख्या सा-3-1380/दस-2001-301(40)-2001

प्रेषक,

विजय कुमार शर्मा,
सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनांक 31 जुलाई, 2001

विषय : सरकारी सेवकों के सेवानिवृत्त किये जाने पर सेवानिवृत्तिक लाभों की अनुपलब्धता।

महोदय,

वित्त (सामान्य)
अनुभाग-3

आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या सा-3-1152/दस-915-89, दिनांक 01 जुलाई, 1989 द्वारा अस्थायी रहते हुए सेवानिवृत्त हो जाने वाले सरकारी सेवकों को पेंशन एवं ग्रेच्युटी उसी प्रकार तथा उन्हीं दरों के अन्तर्गत अनुमन्य कराई गयी थी जैसा कि स्थायी कर्मचारियों को उन्हीं परिस्थितियों में संगत नियमों के अन्तर्गत होती है, बशर्ते कि उन्होंने कम से कम 10 वर्ष की न्यूनतम अर्हकारी सेवा पूर्ण कर ली हो। इसी शासनादेश के प्रस्तर-3 में यह कहा गया था कि "यह व्यवस्था उन मामलों में भी लागू होगी जहाँ अस्थायी रहते हुए 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने अथवा 45 वर्ष की आयु पूर्ण करने, जो भी पहले हो, के उपरान्त मूल नियम 56 के अन्तर्गत स्वेच्छया सेवानिवृत्त होने की अनुपलब्धता प्रदान की गयी हो"। उक्त के क्रम में शासन के संज्ञान में यह प्रश्न संदर्भित किया गया है कि जिन मामलों में मूल नियम 56 के अन्तर्गत किसी सरकारी सेवक को राज्य सरकार द्वारा सेवानिवृत्त किये जाने की अपेक्षा की जाती हो अर्थात् जो अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया जाता है उनमें संबंधित सरकारी सेवकों को क्या सेवानिवृत्तिक लाभ अनुमन्य किये जायेंगे। उपरोक्त के संबंध में स्थिति को स्पष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड-2 के भाग-2 से 4 के मूल नियम 56 (ज) के अन्तर्गत "प्रत्येक सरकारी सेवक के जो इस नियम के अधीन सेवानिवृत्त होने हैं या जिससे सेवानिवृत्त होने की अपेक्षा की जाती है या जिसे सेवानिवृत्त होने की अनुमति दी जाती है, सुसंगत नियमों के अनुसार और उसके प्रतिबन्धों के अधीन रहते हुए सेवानिवृत्तिक पेंशन देय होगी और सेवानिवृत्ति संबंधी अन्य लाभ, यदि कोई हों, उपलब्ध होंगे।" तद्नुसार यदि किसी सरकारी सेवक से मूल नियम 56 के अन्तर्गत सेवानिवृत्त होने की अपेक्षा की जाती है अर्थात् उसे लोकहित में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया जाता है तो उसे सेवानिवृत्तिक लाभ अनुमन्य होंगे।

भवदीय,
विजय कुमार शर्मा,
सचिव, वित्त।

संख्या सा-3-1380(1)/दस-2001-301(40)-2001, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1— समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।

2— सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, सचिवालय ।

3— राज्यपाल सचिवालय।

4— समस्त संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, उत्तर प्रदेश।

5— महालेखाकार, द्वितीय (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।

6—निदेशक, पेंशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

7—निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश।

8—निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण संस्थान, 24/3, इन्दिरानगर, लखनऊ ।

9— समस्त वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश ।

10—सचिवालय के समस्त अ ।

11—समस्त मुख्य लेखा अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

12—समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

13—निर्धारित सूची के अनुसार पेंशन संघों को ।

आज्ञा से,
शिव प्रकाश,
विशेष सचिव।

संख्या-सी-3-1852/दस-933/89 टी.सी.

प्रेषक,

शिव प्रकाश,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पेंशन निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

वित्त (सामान्य (अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 5 दिसम्बर, 2001

विषयः- शासनादेश संख्या-सी-3-911/दस-2001-933/89 टी.सी., दिनांक 16.7.2001 के स्पष्टीकरण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-पे.नि./कैम्प-3-2001/697, दिनांक 4.9.2001 में संदर्भित जिज्ञासा बिन्दुओं के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश दिनांक 16.7.2001 के निर्गत होने के पूर्व सेवानिवृत्त कार्मिकों के 36 माह में आहरित वेतन की समीक्षा की जाती थी, परन्तु उसके साथ आवश्यकता पड़ने पर उसके पूर्व वर्षों में आहरित वेतन की भी समीक्षा की जा सकती थी। शासनादेश दिनांक 16.7.2001 में केवल यह संशोधन किया गया है कि पेंशन प्राधिकारी पत्र जारी करने से पूर्व पेंशन प्राधिकर्ता अधिकारी सामान्यतया संबंधित सरकारी सेवक की अन्तिम 10 माह की परिलब्धियों की समीक्षा करेंगे और पूर्व अवधि के सही वेतन निर्धारण एवं भुगतान का दायित्व संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/आहरण वितरण अधिकारी का रहेगा। उपरोक्त के साथ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि सरकारी सेवक के अन्तिम 10 माह के पूर्व किसी अवधि में गलत वेतन निर्धारण परिलक्षित होता है जिसके कारण राज्य सरकार को वित्तीय क्षति हुई है तो राज्य सरकार को वित्तीय क्षति से बचाने के उद्देश्य से, उस तथ्य की जानकारी उसके कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष से कराई जाए और कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष द्वारा आवश्यक कार्यवाही कराने के उपरान्त ही कुलांत नियमों के अन्तर्गत परिशोधोपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत किया जाए।

2- शासनादेश संख्या-सी-3-911/दस-2001-933/89 टी.सी. दिनांक 16.7.2001 में निहित व्यवस्था का यह आशय कदापि नहीं है कि पेंशन प्रकरण त्रुटिपूर्ण होने पर भी उसे मान्यता प्रदान कर दी जाए और उससे शासन को वित्तीय क्षति उठानी पड़े। पेंशन प्रकरणों को निस्तारित करते समय शासन के हितों का

...2/-

विशेष ध्यान अवश्य रखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाये कि शासन की किसी भी स्थिति में वित्तीय क्षति न हो।

भवदीय,

(शिव प्रकाश)
विशेष सचिव।

उत्तरांचल शासन
कार्मिक अनुभाग-2
संख्या- 806/का-2- 2002
देहरादूनः दिनांकः 15 जून, 2002

अधिसूचना

राज्याधीन सरकारी सेवकों की अधिवर्षता आयु लोकहित में 58 वर्ष के स्थान पर 60 वर्ष करने की राज्यपाल महोदय एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. यह आदेश 1 जून, 2002 से लागू होगें।

3. वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड II भाग-II के IV के मूल नियम 56 यथा-आवश्यक संशोधन की कार्यवाही पृथक से वित्त विभाग द्वारा की जायेगी।

4. उपर्युक्त से संबंधित आवश्यक उपबंधों के बारे में विस्तृत दिशा निर्देश राज्य सरकार द्वारा पृथक से जारी किये जायेंगे।

(आलोक कुमार जैन)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या-806(1)/2002-तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तरांचल।
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
4. सचिव, राज्यपाल [illegible], उत्तरांचल
5. सचिव, विधान सभा, उत्तरांचल
6. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तरांचल, हरिद्वार।
7. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
8. उप निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, रूड़की, उत्तरांचल को आगामी असाधारण गजट में प्रकाशनार्थ।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
अपर सचिव



संख्या:1844/कार्मिक-2-2003

प्रेषक,

आलोक कुमार जैन,
सचिव,
उत्तरांचल शासन ।

सेवामें,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तरांचल शासन ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तरांचल ।

कार्मिक अनुभाग-2 देहरादून:दिनांक:09 अप्रैल, 2003

विषय: सरकारी कर्मचारी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय कर्मचारियों को 45 वर्ष की आयु पूर्ण करने अथवा 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात् स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के सम्बन्ध में मूल नियम 56 मे व्यवस्था की गयी है कि जिस सरकारी सेवक ने 45 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है अथवा 20 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है वह नियुक्ति प्राधिकारी को 03 माह की नोटिस देकर सेवा निवृत्त हो सकता है । 03 माह की नोटिस अवधि पूर्ण होने पर ही सरकारी सेवक सेवा निवृत्त होगा । शासन के संज्ञान में ऐसे प्रकरण आये हैं, जिनमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का नोटिस देकर सरकारी सेवक कार्य से अनुपस्थित हो गया । विभागाध्यक्ष द्वारा शासन की अनुमति हेतु प्रकरण 03 माह की अवधि के बहुत बाद संदर्भित किया गया, जिसके कारण स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति की अनुमति देने एवं अन्य अनुषांगिक विषयों पर कार्यवाही करने में अवांछित कठिनाई उत्पन्न हुई ।

2. मूल नियम 56 (ग) में यह व्यवस्था है, कि नियुक्ति प्राधिकारी चाहे तो वह सरकारी सेवक को किसी नोटिस के बिना या अल्प अवधि की नोटिस पर नोटिस के बदले में किसी शास्ति की भुगतान करने की अपेक्षा किये बिना सेवानिवृत्त होने की अनुज्ञा दे सकता है । इस प्रकार के मामले में स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त होने की इच्छा करने वाला सरकारी सेवक नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा निवृत्त होने की अनुज्ञा के लिए प्रतीक्षा करेगा । नियुक्ति प्राधिकारी से अनुज्ञा प्राप्त होने पर ही सरकारी सेवक स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त होगा । सेवा निवृत्त की इच्छा प्रकट करने के साथ ही कार्य से अनुपस्थित हो जाना उचित नहीं है । परन्तु नियुक्ति प्राधिकारी को यह

ध्यान रखना चाहिए, कि सेवा निवृत्ति की अनुज्ञा दिये जाने में अनुचित विलम्ब न हो और किसी भी दशा में 03 माह से अनधिक हो ।

3. नियुक्ति प्राधिकारी सरकारी सेवक द्वारा स्वैच्छिक सेवा निवृत्त दिये जाने पर यह जांच कर लें कि कोई अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन नहीं है । अथवा अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ करना विचाराधीन नहीं है । सरकारी सेवक के विरूद्ध किसी आसन्न अनुशासनिक कार्यवाही की दशा में सरकारी सेवक को उसकी नोटिस स्वीकार न किये जाने की सूचना नोटिस की समाप्ति से पूर्व दे दी जायेगी ।

4. सरकारी सेवक द्वारा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति की नोटिस बिना नियुक्ति प्राधिकारी की अनुज्ञा के वापस नहीं ली जा सकेगी ।
नियुक्ति प्राधिकारी यदि नोटिस वापस लेने की अनुज्ञा प्रकरण की स्थितियों के कारण देना उचित न पाता हो, तो नोटिस समाप्त होने से पूर्व ही अनुज्ञा न देने के निर्णय से सरकारी सेवक को अवगत करा दें।

5. उपरोक्त स्थिति स्पष्ट करते हुए अनुरोध है कि सरकारी सेवक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु 03 माह का नोटिस देने के बाद अपने कार्य से अनुपस्थित नहीं होगा, बल्कि स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति का नोटिस दिये दिये जाने के बाद नोटिस समाप्त होने पर अथवा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नोटिस स्वीकार किये जाने तक प्रतीक्षा करेगा । नियुक्ति प्राधिकारी नोटिस समाप्त होने से पूर्व अनुज्ञा देने अथवा अस्वीकार किये जाने का निर्णय लेकर सरकारी सेवक को अवगत करायेगा ।

भवदीय,

(आलोक कुमार जैन)
सचिव ।

पृष्ठांकन संख्या:1844(1)/कार्मिक-2-2002, तद्दिनांकित ।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तरांचल ।
2. शासन के समस्त अनुभाग ।
3. गार्ड फाइल हेतु ।

आज्ञा से,

(रमेश चन्द्र लोहनी)
उपसचिव ।

उत्तरांचल शासन

वित्त अनुभाग–4

संख्या 1033 / वित्त अनु0–4 / 2003

देहरादून, 10 नवम्बर, 2003

अधिसूचना

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं, अर्थात्–

उत्तरांचल पेंशन के मामलों का (प्रस्तुतीकरण, निस्तारण और विलम्ब का परिवर्जन) नियमावली, 2003

1. (1) यह नियमावली उत्तरांचल पेंशन के मामलों का (प्रस्तुतीकरण, निस्तारण और विलम्ब का परिवर्जन) नियमावली, 2003 कही जायेगी। — संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2. जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में :– — परिभाषायें

(क) "मुख्य नोडल अधिकारी" का तात्पर्य निदेशक, लेखा एवं हकदारी, उत्तरांचल से है ;

(ख) "विलम्ब" का तात्पर्य समय–अनुसूची से अधिक अवधि से है ;

(ग) "अग्रसारण अधिकारी" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो समय–समय पर सरकार द्वारा इस रूप में कार्य करने के लिये सशक्त हो ;

(घ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तरांचल की राज्य सरकार से है ;

(ङ) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तरांचल के राज्यपाल से है ;

(च) "विभागाध्यक्ष" का तात्पर्य समय–समय पर सरकार द्वारा इस रूप में विनिर्दिष्ट व्यक्ति से है ;

(छ) "कार्यालयाध्यक्ष" का तात्पर्य समय–समय पर सरकार द्वारा इस रूप में विनिर्दिष्ट व्यक्ति से है ;

(ज) "नोडल अधिकारी" का तात्पर्य समय–समय पर जारी किये गये सरकार के आदेशों के अनुसार इस रूप में सशक्त व्यक्ति से है ;

(झ) "पेंशन" का तात्पर्य सिविल सर्विस रेग्युलेशन्स के अनुच्छेद–41 में यथा परिभाषित पेंशन से है ;

(ञ) "पेंशन स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी" का तात्पर्य समय–समय पर सरकार के द्वारा इस रूप में सशक्त व्यक्ति से है ;

(ट) "समय अनुसूची" का तात्पर्य अनुसूची के स्तम्भ–2 में विनिर्दिष्ट किसी कार्य के सम्बन्ध में स्तम्भ–3 में विनिर्दिष्ट समय से है।

अध्यारोही प्रभाव

3. किन्हीं अन्य नियमों या आदेशों में अन्तर्दिष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी, यह नियमावली प्रभावी होगी।

समय अनुसूची और सम्बद्ध विषयों के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग

4. (1) किसी विलम्ब का नोडल अधिकारी/मुख्य नोडल अधिकारी :–

(क) पेंशन प्राप्तकर्ता/पेंशन प्राप्तकर्ताओं के संगठनों की शिकायत पर ;

(ख) पेंशन के मामलों के निस्तारण के अनुवर्तन पर अभिनिश्चित कर सकते हैं।

(2) जब कभी नोडल अधिकारी/मुख्य नोडल अधिकारी की जानकारी में कोई विलम्ब का मामला आता है तो वह विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष से विलम्ब के कारणों के सम्बन्ध में सभी सुसंगत सूचनायें प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा और ऐसी जाँचोपरान्त जिसे वे उचित समझे विलम्ब के लिए उत्तरदायी व्यक्ति का पता लगायेगा और उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिये एक प्रस्ताव सम्बद्ध अनुशासनिक प्राधिकारी को भेजेगा। नोडल अधिकारी/मुख्य नोडल अधिकारी अनुशासनात्मक कार्यवाही के पूर्ण होने तक मामले का अनुसरण करेगा और ऐसी कार्यवाही का अभिलेख रखेगा। नोडल अधिकारी ऐसी अनुशासनात्मक कार्यवाही के परिणाम के सम्बन्ध में मुख्य नोडल अधिकारी को सूचित करेगा।

(3) कोई व्यक्ति, जो कि किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के सम्बन्ध में या उससे सम्बन्धित किसी अन्य मामले के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना नोडल अधिकारी/मुख्य नोडल अधिकारी को, देने में असफल रहता है, या जो विलम्ब के लिए उत्तरदायी है, वह कदाचार का दोषी होगा और उस पर लागू दण्डात्मक नियमों के अधीन दण्डनीय होगा।

(4) सम्यक् रूप से पूर्ण पेंशन के कागज–पत्रों को सभी सुसंगत दस्तावेजों के साथ उसके सम्बन्ध में अनुसूची में विनिर्दिष्ट समय अनुसूची के भीतर, पेंशन स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी को भेजा जायेगा।

(5) मुख्य नोडल अधिकारी/नोडल अधिकारी और पेंशन स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी पेंशन के मामलों का समय अनुसूची के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करेगा।

(6) पेंशन स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी ऐसे अधिकारियों/पदधारियों की नियमित मासिक बैठक आयोजित करेगा या आयोजित होने देगा, जो ऐसे मामलों में व्यवहार करते हों और ऐसे मामलों के परीक्षण और निस्तारण के लिए सभी समुचित कदम उठायेगा।

(7) सरकार में सम्बन्धित विभाग के यथास्थिति, प्रमुख सचिव या सचिव सभी पेंशन सम्बन्धी मामलों के सम्बन्ध में विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष के कार्य का पर्यवेक्षण करेगा और समय–अनुसूची के भीतर ऐसे मामलों का परीक्षण और निस्तारण सुनिश्चित करायेगा।

अनुसूची

[नियम 2 (ख) और 2 (ट) देखिये]

समय–अनुसूची

क्र0सं0	कार्य का विवरण	समय जिसके भीतर कार्य किया जाना है	कार्य के लिये उत्तरदायी व्यक्ति
1	2	3	4
1.	सेवा पुस्तिका का पूरा किया जाना और सत्यापन	प्रत्येक वर्ष का जून मास	1–विभाग के सम्बन्धित अधिष्ठान का सम्बन्धित लिपिक 2–कार्यालय का अधीक्षक 3–कार्यालयाध्यक्ष
2.	सेवा पुस्तिका का पुनर्विलोकन और कमी यदि कोई हो, का पूरा किया जाना	सेवानिवृत्ति के आठ मास पूर्व	1–सम्बन्धित अधिष्ठान लिपिक 2–कार्यालय अधीक्षक 3–कार्यालयाध्यक्ष
3.	अदेयता प्रमाण–पत्र का (सेवा अवधि में) जारी किया जाना	सेवानिवृत्ति के दो मास पूर्व	कार्यालयाध्यक्ष
4.	क–सेवानिवृत्त होने वाले पदधारी को पेंशन प्रपत्र प्रदान किया जाना	सेवानिवृत्ति के आठ मास पूर्व	कार्यालयाध्यक्ष
	ख–पेंशन प्रपत्र का भरा जाना	सेवानिवृत्ति के छः मास पूर्व	सेवानिवृत्त होने वाला सरकारी सेवक
5.	मृत्यु के मामलों में प्रपत्र का भरा जाना	मृत्यु के एक मास पश्चात्	1–पेंशन लिपिक 2–कार्यालय अधीक्षक 3–कार्यालयाध्यक्ष
6.	नियुक्ति प्राधिकारी से जाँच किया जाना कि क्या कोई विभागीय कार्यवाही विचाराधीन है या नहीं	सेवानिवृत्ति के आठ मास पूर्व	1–कार्यालय अधीक्षक 2–कार्यालयाध्यक्ष
7.	नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उपर्युक्त सूचना की पूर्ति	सेवानिवृत्ति के सात मास पूर्व	नियुक्ति प्राधिकारी
8.	पेंशन प्रपत्रों का अग्रसारण : (क) सेवा पेंशन (ख) पारिवारिक पेंशन	 सेवानिवृत्ति के पाँच मास पूर्व, मृत्यु के एक मास पश्चात्	 कार्यालयाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
9.	पेंशन प्रपत्रों आदि का परीक्षण और संवीक्षा और यदि उसमें कोई आपत्ति या कमी पायी जाये तो, उसे दूर करने के लिये विभाग को लिखा जाना	पेंशन प्रपत्रों की प्राप्ति के दो मास	1–लेखाकार 2–सहायक लेखाधिकारी 3–पेंशन भुगतान आदेश जारी करने वाला अधिकारी
10.	आपत्तियों का निराकरण	आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात् एक मास	विभागीय कार्यालयाध्यक्ष

1	2	3	4
11.	पेंशन मामले का पुनः परीक्षण/निस्तारण	शुद्ध किये गये प्रपत्रों के प्राप्त होने के पश्चात् एक मास	1–लेखाकार 2–सहायक लेखाधिकारी 3–पेंशन भुगतान आदेश जारी करने वाला अधिकारी
12.	रोके गये उपादान के निर्मुक्त किये जाने के लिये प्रपत्र–2 पर अदेयता प्रमाण–पत्र का अग्रसारण	सेवानिवृत्ति के दो मास पश्चात्	कार्यालयाध्यक्ष
13.	(पेंशन/उपादान/पेंशन के सारांशीकरण) के भुगतान आदेश का जारी किया जाना	सेवानिवृत्ति की संध्या तक या पर	1–लेखाकार 2–सहायक लेखाधिकारी 3–पेंशन भुगतान आदेश जारी करने वाला अधिकारी
14.	अनन्तिम पेंशन की स्वीकृति (यदि अन्तिम रूप दिया जाना सम्भव न हो)	सेवानिवृत्ति/मृत्यु के एक मास पश्चात्	1–पेंशन लिपिक 2–कार्यालय अधीक्षक 3–कार्यालयाध्यक्ष
15.	अनन्तिम पेंशन का भुगतान	प्रत्येक मास के सातवें दिन तक	आहरण और वितरण अधिकारी
16.	पेंशन का भुगतान	भुगतान आदेश प्राप्त होने के दिनांक से एक मास	कोषाधिकारी/कार्य के लिए उत्तरदायी व्यक्ति
17.	सेवानिवृत्त कार्यकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही	सिविल सर्विस रेग्युलेशन के अनुच्छेद 351–क में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार और सरकारी आदेश के प्राप्त होने के तीन मास के भीतर निर्णय का लिया जाना यदि विभागीय कार्यवाही सेवा–निवृत्ति के पूर्व संस्थित की गयी हो तो इसे सेवानिवृत्ति के दिनांक से छः मास के भीतर पूरा कर दिया जाना चाहिए	सरकार का प्रशासनिक विभाग/नियुक्ति प्राधिकारी
18.	पेंशन से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में दायर विधिक वादों का प्रतिवाद	न्यायालय के आदेश के अनुसार या रिट याचिका की प्राप्ति के दिनांक से दो मास के भीतर, जो पहले हो, प्रतिशपथ–पत्र प्रस्तुत होना चाहिए।	सम्बन्धित विभाग का प्रतिवादी

आज्ञा से,

इन्दु कुमार पाण्डे,
प्रमुख सचिव, वित्त।

पी०एस०यू० (आर०ई०) 20 वित्त/574–24–2–2004–500 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

संख्या 1005 / वि0अनु0–4 / 2003

प्रेषक,

के0 सी0 मिश्र,
अपर सचिव, वित्त,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
लेखा एवं हकदारी,
उत्तरांचल, देहरादून।

वित्त अनुभाग–4

देहरादून, दिनांक 12 सितम्बर, 2003

विषय :– उत्तरांचल एवं उत्तर प्रदेश के सेवा निवृत्त सरकारी सेवकों के सेवानिवृत्तिक लाभों की स्वीकृति प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य गठन के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश के आदेश संख्या 3–1071 (1) / दस–2002–308(9) / 2000 दिनांक 15 जून, 2002 के क्रम में सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों के सेवानिवृत्तिक लाभों की स्वीकृत प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाये जाने हेतु सम्यक विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :

1. जिन मामलों में पेंशन प्रपत्र अभी तक नहीं भेजे गये हैं, ऐसे सभी मामले जिस राज्य के भौगोलिक क्षेत्र से सम्बन्धित हों, उस राज्य द्वारा ही निष्पादित किया जाय। अर्थात् उत्तरांचल राज्य की भौगोलिक सीमाओं में स्थित कार्यालयों में कार्यरत दिनांक 8–11–2000 तक सेवानिवृत्त / मृत कर्मियों के पेंशन प्रपत्र पहली बार भेजे जाने हैं तो वह उत्तरांचल राज्य द्वारा ही निस्तारित किये जायेंगे।

2. उत्तरांचल राज्य के भौगोलिक क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के जिन मामलों में आपत्तियाँ हैं अथवा कुछ पृच्छायें की गई हैं और प्रकरण निस्तारित नहीं हो सके हैं, ऐसे प्रकरणों में भी निस्तारण की पूर्ण कार्यवाही उत्तरांचल राज्य द्वारा ही की जाय, परन्तु ऐसे प्रकरणों में जहाँ पूर्व में उत्तर प्रदेश स्थित सक्षम प्राधिकारी को अभिलेख भेजा गया हो तथा प्रकरण अभी तक अन्तिम रूप से निस्तारित नहीं हो सका है, उत्तर प्रदेश में कार्यरत सक्षम प्राधिकारी, निदेशक पेंशन उ0प्र0 के माध्यम से निदेशक लेखा एवं हकदारी उत्तरांचल देहरादून को भेजा जायेगा, ताकि इनका निस्तारण सम्भव हो सके।

3. उत्तरांचल राज्य के भौगोलिक क्षेत्र में अथवा उत्तर प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र स्थित कार्यालयों में जिन मामलों में पेंशन स्वीकृति के आदेश निर्गत हो चुके हैं और उनका पुनरीक्षण किन्हीं कारणों से अपेक्षित है, ऐसे प्रकरण में पुनरीक्षण की कार्यवाही पूर्व में पेंशन स्वीकृत करने वाले सक्षम अधिकारी द्वारा ही किया जायेगा, किन्तु इस कार्यवाही से पूर्व समस्त तथ्य एवं सूचना निदेशक पेंशन, उत्तर प्रदेश एवं निदेशक लेखा एवं हकदारी उत्तरांचल के माध्यम से आदान–प्रदान किये जायेंगे। सम्बन्धित राज्य के निदेशक के हस्ताक्षर नमूना दोनों राज्यों में उपलब्ध रहेंगे तथा सम्बन्धित राज्य के निदेशक अपने राज्य के कोषागार में प्राधिकार भेजने के पूर्व हस्ताक्षर का मिलान सुनिश्चित करेंगे।

4. जिन प्रकरणों में पुनरीक्षण महालेखाकार, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाय उसे महालेखाकार उत्तरांचल के माध्यम से उत्तरांचल के कोषागारों में भेजा जाय।

5. यह भी सुनिश्चित् किया जाय कि निर्गत होने वाले पेंशन प्राधिकार प्रपत्रों में इस सूचना का स्पष्ट उल्लेख है कि भुगतान की जाने वाली धनराशि का कितना अंश उत्तरांचल राज्य द्वारा तथा कितना अंश पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश द्वारा वहन किया जायेगा।

6. उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या 521/वि0अनु0–4/2002 दिनांक 7 अगस्त, 2002 निरस्त समझा जाय।

कृपया उपरोक्त प्रक्रियानुसार विषयगत मामले में कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

के0 सी0 मिश्र,

अपर सचिव।

संख्या 1005 (1)/वि0अनु0–4/2003, तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उत्तरांचल, ओबराय मोटर्स बिल्डिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून।
2. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. विशेष सचिव, वित्त (वित्त सामान्य अनुभाग–3) उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. निदेशक, पेंशन, उ0प्र0 इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएं, उत्तरांचल, देहरादून।
6. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
7. समस्त कोषागार उत्तरांचल।
8. सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

के0 सी0 मिश्र,

अपर सचिव।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 2 लेखा हकदारी/273–17–10–2003–500 प्रतियाँ (कम्प्यूटर/रीजियो)।

संख्या: /वि0अनु03/2003

प्रेषक,

इन्दु कुमार पाण्डे,
प्रमुख सचिव,वित्त,
उत्तरांचल शासन।

सेवामें,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष।

वित्त अनुभाग-3 देहरादून:दिनांक 20 जनवरी,2004

विषय:-अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर कर्मचारियों/अधिकारियों को सेवानैवृत्तिक लाभों के विषय मे स्पष्टीकरण ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्मिक अनु0-1 की अधिसूचना सं07098/का0-1/2001 दिनांक 28 नवम्बर,2001 के द्वारा प्रदेश की राज्याधीन सेवाओं की अधिवर्षता की आयु 58 से बढाकर 60 वर्ष की गई थीं और इसके बिन्दु-4 में आवश्यक उपबन्धों के बारे में विस्तृत दिशा निर्देश पृथक से जारी किए जाने के क्रम में प्रदेश के अनेक विभागों द्वारा सेवानैवृत्तिक लाभों के विषय मे अनेक जिज्ञासाऐं की जा रही है।

अत: इस सम्बन्ध मे मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्याधीन सेवाओ मे अधिवर्षता की आयु 58 वर्ष से 60 वर्ष किए जाने के फलस्वरूप अब 60 वर्ष की उक्त विस्तारित अवधि को समस्त सेवानैवृत्तिक लाभ यथा पेंशन, सेवानैवृत्तिक अनुतोषिक एंव ग्रेच्यूटी आदि हेतु गणना की जायेगी।

भवदीय,

इन्दु कुमार पाण्डे
प्रमुख सचिव,वित्त

संख्या: 1143/वि0अनु03/2003/तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवयक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, कोषागार एंव वित्त सेवायें,उत्तरांचल देहरादून।
2. समस्त कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी,उत्तरांचल।
3. शासन के समस्त अनुभाग।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,एन0आई0सी0 उत्तरांचल,देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि विवरण इन्टरनेट पर डलवाया जाय।

आज्ञा से,

(डी0एन0सिंह)
अपर सचिव,वित्त।

संख्या–979/XXVII (3)पे/2004

प्रेषक,

इन्दु कुमार पाण्डे
प्रमुख सचिव
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयध्यक्ष
उत्तरांचल।

वित्त अनुभाग–3 देहरादूनः दिनांक 10 अगस्त, 2004

विषयः–सेवानैवृत्तिक लाभ का समय से भुगतान, न्यायिक/विभागीय कार्यवाही की समाप्ति पर ग्रेच्यूटी के विलम्ब से अदायगी के भुगतान पर ब्याज का भुगतान।

महोदय,

आप अवगत है कि राज्य सरकार द्वारा पेन्शनरों/पारिवारिक पेन्शनरों को अनुमन्य देयों का भुगतान समय से करने के सम्बन्ध में समय–समय पर विस्तृत आदेश निर्गत किए गये है । प्रशासनिक कारणों से "ग्रेच्यूटी" की अनुमन्य धनराशि के समय से भुगतान न होने पर भुगतान अनुमन्य होने की तिथि से तीन माह की अवधि के बाद ब्याज दिये जाने की व्यवस्था की गई है। इस सन्दर्भ में शासनादेश संख्या–सा–3–684/दस–971/80 दिनांक29.04.1983,शासनादेश संख्या–सा –3–1776/दस–971/80 दिनांक 30–11–1984 शासनादेश संख्या –सा–3–2102/दस–971/80 दिनांक 06–12–1994 एवं अर्दशासकीय पत्र संख्या–सा–3–902/ दस–99–303/99 दिनांक 28–9–1999 द्वारा निर्देश निर्गत किए गये हैं ।

2. शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि प्रायः कर्मचारियों द्वारा ग्रेच्यूटी के भुगतान में विलम्ब होने पर चकवृद्धि ब्याज दिये जाने की मांग की जाती है । उक्त के परिप्रेक्ष्य में स्थिति को स्पष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्रेच्यूटी पर ब्याज के भुगतान की दर वही रखी गई है जो संगत अवधि में सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा धनराशि पर ब्याज की हो, किन्तु चकवृद्धि ब्याज दिए जाने का कोई प्राविधान नहीं है। अतः ग्रेच्यूटी पर तीन माह से अधिक विलम्ब पर भुगतान की अवधि में नियमानुसार साधारण ब्याज का ही भुगतान अनुमन्य होगा और उसकी दर संगत अवधि में सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा धनराशि पर अनुमन्य ब्याज की दर के समान होगी।

3. जिन कर्मचारियों के विरूद्व न्यायिक/विभागीय कार्यवाही लम्बित होने के कारण उपादान एवं राशिकृत धनराशि के भुगतान में बिलम्ब हो जाता है, उन प्रकरणों में ब्याज किस प्रकार अनुमन्य होगा, इस सम्बन्ध में सम्यक् विचारोरान्त मुझे यह स्पष्ट करने का निदेश हुआ है कि:–

(1) यदि किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि को उसके विरूद्व अनुशासनिक अथवा न्यायिक कार्यवाही लम्बित है तो उसे ग्रेच्यूटी की धनराशि का भुगतान तब तक नहीं किया जाता है, जब तक उक्त कार्यवाही समाप्त करके अन्तिम आदेश निर्गत नहीं हो जाते हैं। ऐसे प्रकरणों में यदि ग्रेच्यूटी के भुगतान का निर्णय लिया जाता है तो भुगतान की तिथि वही होगी जिस तिथि में सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेश निर्गत किए जाते हैं। जिन प्रकरणों में सरकारी सेवक के विरूद्व चल रही कार्यवाही में अन्तिम निर्णय के फलस्वरूप उसे पूर्णतः दोषमुक्त किया जाता है, उन प्रकरणों में सेवानिवृत्ति की तिथि से ग्रेच्यूटी की अनुमन्यता मानी जायेगी और ऐसे तीन

माह से अधिक के विलम्ब की अवधि हेतु ब्याज अनुमन्य हो जायेगा। परन्तु जिन प्रकरणों में विभागीय/न्यायिक कार्यवाही चलते हुए सरकारी सेवक की मृत्यु हो जाती है तथा मात्र मृत्यु के कारण विभागीय/न्यायिक कार्यवाही समाप्त की जाती है, ऐसे प्रकरणों में ब्याज अनुमन्य नहीं होगा।

(2) उपरोक्त व्यवस्था केवल उन प्रकरणों में लागू होगी जो अभी तक निर्णीत नहीं हो सके है, परन्तु जिन प्रकरणों में निर्णय लिया जा चुका है उन्हें पुर्नउद्घाटित नहीं किया जायेगा।

(3) सेवानिवृत्त कर्मचारी के सेवानैवृत्तिक लाभों के भुगतानादेश सेवानिवृत्ति की तिथि को ही निर्गत किए जाने के प्राविधान है तथा इस सम्बन्ध में समय-समय पर शासनादेश भी निर्गत किए गये हैं। सेवानैवृत्तिक लाभों को समय से भुगतान करने के सन्दर्भ में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 के अधीन उत्तरांचल पेन्शन के मामलों का (प्रस्तुतीकरण, निस्तारण और विलम्ब का परिवर्जन) उत्तरांचल नियमावली, 2003 अधिसूचना संख्या-1033/वित्त अनु0-4/2003, दिनांक 10 नवम्बर, 2003 को निर्गत की जा चुकी है। उक्त नियमावली में पेन्शन प्रकरणों के निस्तारण हेतु समय सारणी भी निर्धारित है तथा विलम्ब के लिए दोषी कार्मिकों के विरूद्व दण्ड दिए जाने की भी व्यवस्था है। यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि उपर्युक्त नियमावली का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि को सेवानैवृत्तिक लाभों के भुगतानादेश निर्गत किए जॉय तथा यदि पेन्शन निर्धारण में विलम्ब की सम्भावना हो तो उस स्थिति में अनन्तिम पेन्शन का भुगतान किया जाय। यदि सेवानैवृत्तिक लाभों के भुगतानादेश सम्बन्धित कार्मिक की सेवानिवृत्ति की तिथि को नहीं हो सके तो उसकी जानकारी भुगतानादेश निर्गत न हो जाने के कारणों सहित उच्चत्तर अधिकारी को दिया जाना अपेक्षित होगा, जो पेन्शन प्रकरण का सीधे निस्तारण सुनिश्चित करेंगें।

4. यदि प्रशासनिक कारणों से ग्रेच्यूटी का भुगतान निर्धारित तिथि से तीन माह बाद किया जाता है तो भुगतान अनुमन्य होने की तिथि से तीन माह के अवधि के बाद से निर्धारित दर पर ब्याज दिया जायेगा। यदि यह निर्णीत हो जाता है कि ग्रेच्यूटी का भुगतान किया जाना है तो इसका भुगतान तुरन्त कर दिया जाय और ब्याज की मद पर शीघ्र निर्णय लेकर कार्यवाही की जाय। ऐसा करने से ब्याज की मद में दी जाने वाली धनराशि में बचत की जा सकेगी। परन्तु यह ब्याज केवल उन्हीं परिस्थितियों में दिया जायेगा जहॉ यह स्पष्ट रूप से सिद्व हो कि ग्रेच्यूटी के भुगतान में विलम्ब प्रशासनिक त्रुटि के कारण अथवा उन कारणों से हुआ है जो सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी के नियंत्रण के बाहर हो । ब्याज के भुगतान के प्रत्येक मामले में शासन के प्रशासनिक विभाग द्वारा विचार किया जायेगा और ब्याज का भुगतान शासन द्वारा ही प्राधिकृत किया जायेगा। जिन मामलों में ब्याज का भुगतान किया जाना होगा उन सभी मामलों में विलम्ब के लिए दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही भी की जायेगी तथा ब्याज के रूप में भुगतान की गई धनराशि की वसूली दोषी व्यक्तियों से उनके वेतन के अनुपात में की जाये।

5. सेवानिवृत्त कार्मिक द्वारा अपनी पेन्शन के एक भाग के राशिकरण की धनराशि को विलम्ब से भुगतान किए जाने पर यदि ब्याज की मांग करते हैं तब ऐसे प्रकरणों हेतु स्पष्ट किया जाता है कि उक्त नियम के अधीन देय धनराशि को विलम्ब से भुगतान पर कोई ब्याज देय नहीं है, क्योंकि पेन्शन के एक भाग की राशिकृत मूल्य की स्वीकृति हो जाने पर भी उसके भुगतान की तिथि तक पेन्शन एवं देय मंहगाई राहत का भुगतान होता है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी कर्मचारी की

सेवानिवृत्ति की तिथि को उसके विरूद्व विभागीय/न्यायिक कार्यवाही लम्बित है तो उस कार्यवाही के लम्बित रहते पेन्शन के एक भाग का राशिकरण अनुमन्य नहीं होगा।

कृपया उपरोक्त प्रस्तरों में स्पष्ट की गयी स्थिति का कढाई से अनुपालन सुनिशिचित किया जाय।

भवदीय

इन्दु कुमार पाण्डे
प्रमुख सचिव, वित्त

संख्या-979/**Xxvll** (3) पे/2004, तद्दिनांकित.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएं 23 लक्ष्मीरोड, देहरादून।
2. निदेशक, पेन्शन एवं हकदारी, उत्तरांचल, देहरादून।
3. महालेखाकार, उत्तरांचल, ओबरॉय भवन,माजरा,देहरादून.
4. समस्त वित्त नियंत्रक, उत्तरांचल।
5. समस्त कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
6. सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
7. विधान सभा, सचिवालय ।
8. राज्यपाल सचिवालय ।
9. गार्ड फाईल।
10. निदेशक एवं आई०जी० खनिकर्म परिषद देहरादून

आज्ञा से

(टी0एन0 सिंह)
अपर सचिव, वित्त

संख्याः / XXVII(3)पें / 2004

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
सचिव,वित्त,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

(1) समस्त जिलाधिकारी,उत्तरांचल।
(2) समस्त कोषाधिकारी / वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तरांचल।

वित्त अनुभाग–3 देहरादूनःदिनांकः 26,अगस्त,2004

विषय –राज्य सरकार के सेवा निवृत पेंनशनरों को बैंक अथवा कोषागार मे जीवित प्रमाण पत्र भरने की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें,उत्तरांचल के समस्त कोषाधिकारियों को जीवन प्रमाण पत्र विषयक पत्रांक 2912 / 22 (22) / प्रा0वि0 / नि0 का0 वि0 से0 / 2003 दि0 19 दिसम्बर, 2002 एवं पत्रांक 1413 / 22 (22) / प्रा0 वि0 / नि0 का0 वि0 से0 / 2003 दि0 8 अक्टूबर, 2003 के क्रम में निदेशक, लेखा एवं हकदारी उत्तरांचल के अर्द्धशासकीय पत्र सं0– 2786 / नि0 ले0 ह0 / विविध दि020 अक्टूबर, 2003 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने कर निदेश हुआ है कि वर्तमान मे पेंशनरों के लिए लागू एकल नाम से बैंक में खोले गये खाते के माध्यम से कोषागार द्वारा पेंशन भुगतान की प्रक्रिया में यह आवश्यक है कि पेंशनर द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक वर्ष में एक बार माह नवम्बर में वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–2 के प्रस्तर– 518 के अर्न्तगत आवश्यक जीवन प्रमाण पत्र देना होगा। इस सम्बन्ध में शासन को विभिन्न पेंशनर संघों से प्रत्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं कि प्रत्येक पेंशनर को कोषागार में उपस्थित होने में अत्यन्त वृद्ध,रूग्ण,अशक्त,विकलांग पेंशनरों को समस्या होती है और प्रायः समय से प्रमाण पत्र न देने से आगामी माहों के पेंशन में विलम्ब के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

2–इस प्रकरण पर शासन द्वारा विचार विमर्श करके पेंशनरों को सुविधा प्रदान किये जाने हेतु निम्नलिखित निर्णय लिये हैं:–

(क) जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उत्तरांचल में स्थित उस बैंक शाखा के प्रबन्धक भी अधिकृत होंगे जिस बैंक शाखा में सम्बन्धित पेंशनर का पेंशन खाता (एकल नाम से बैंक खाता) है। पेंशनर के अनुरोध पर संशोधित प्रारूप में जीवन प्रमाण पत्र सम्बन्धित बैंक शाखा प्रबन्धक (अर्थात जहाँ पेंशन खाते खुले हैं) द्वारा भी दो प्रतियों में दिया जा सकेगा जो कोषागार में स्वीकार किया जायेगा । बैंक शाखा प्रबन्धक एसे प्रमाण–पत्र को कोषागार से आने वाले विशेष वाहक, जो कि पेंशनभोगियों के पेंशन संबधी भुगतान का चेक / भुगतान विवरण लेकर आते है के माध्यम से कोषगार में भेजा जाय ।

.....2/

(2)

(ख) जीवन प्रमाण पत्र की एक प्रति सम्बन्धित पेंशनर को उपलब्ध करायी जा सकती है, जिसे पेंशनभोगी चाहे तो सीधे कोषागार अथवा उससे सम्बद्ध उपकोषागार को उपलब्ध करा सकता है । प्रमाण पत्र की एक प्रति अनुवर्ती सत्यापन और अभिलेख के लिए बैंक शाखा में रखी जायेगी। यदि उपकोषागार में जीवन प्रमाण पत्र मूलरूप में उपलब्ध कराया जाय तब उपकोषागार उसे अबिलम्ब कोषागार में भेजेगा ।

(ग) जिले के वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, बैंक के शाखा प्रबन्धक द्वारा इस प्रकार जारी प्रमाण पत्रों का सम्बन्धित बैंक के नोडल कार्यालय/शाखा (सम्बन्धित बैंक द्वारा एतदर्थ नामित) से सत्यापन प्रमाण पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि से विलम्बतम दो माह के अन्दर करायेंगे। इस हेतु प्रमाण पत्रों को मूलरूप में बैंक शाखावार सूचीबद्ध करते हुए सम्बन्धित नोडल कार्यालय/शाखा को सत्यापन उपरान्त वापसी के अनुरोध सहित भेजा जायेगा।

3—बैंक से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स के आयकर के सम्बन्ध में पेंशन से आय विषयक निर्धारित प्रपत्र(आयकर—16ए) का विवरण निर्धारित समय पर वह कोषागार जहाँ पर सम्बन्धित पेंशनर्स के मूल पेंशन प्रपत्र रखे हैं,के द्वारा सीधे बैंक को उपलब्ध कराया जायेगा तथा बैंक की सम्बन्धित शाखा जहां पर पेंशनभोगी का खाता है द्वारा उक्त आयकर प्रपत्र सम्बन्धित पेंशनभोगी को हस्तान्तरित करेगा

4—उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे तथा संबन्धित स्तरों से निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

संलग्न—यथोपरि

भवदीय,

राधा रतूड़ी
सचिव

संख्या—।०ळ्ळXXVii(3)पे0/2004 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

(1) महालेखाकार, ओबराय भवन, माजरा,देहरादून।
(2) निदेशक, पेंशन लेखा एवं हकदारी, उत्तरांचल।
(3) निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तरांचल।
(4) समस्त प्रमुख सचिव/सचिव।
(5) सचिवालय के समस्त अनुभाग।
(6) भारतीय स्टेट बैंक तथा समस्त अनुसूचित बैंकों के प्रबन्धक।
(7) निर्देशक, एन0आई0सी0,उत्तरांचल देहरादून।
(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव

शासनादेश संख्या /XXVII(3)पें/2004 का संलग्नक

फार्म संख्या 8 (1)

पेन्शनरों द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु प्रमाण पत्र

(प्रस्तर 17 देखा जाय)

1– जीवन–प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने पेंशनभोगी/खाताधारक श्री/श्रीमती.....

(पेंशन भोगी/खाताधारक का नाम)जो पेंशन भुगतान संख्या...../बैंक खाता संख्या..... के हस्ताक्षर संख्या.....का धारक है, को स्वयं देखा है और यह कि वह आज की तारीख में जीवित है ।

हस्ताक्षर..... हस्ताक्षर.....

अधिकृत अधिकारी का नाम ..... शाखा प्रबन्धक का नाम.....

....

नमूना हस्ताक्षर संख्या.....

स्थान .....

बैंक शाखा का नाम.....

दिनांक..... पेंशन भोगी/खाताधारक का हस्ताक्षर अथवा निशान अगूंठा

(जो लागू न हो उसे काट दिया जाए)

फार्म संख्या 8(2)

2. रोजगार रहित होने संबंधी प्रमाण पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने सरकार की पूर्व अनुमति प्राप्त करके/बिना पूर्व अनुमति प्राप्त किए वाणिज्यिक रोजगार स्वीकार किया है (उत्तरांचल प्रदेश सेवा के प्रथम श्रेणीअधिकारी द्वारा सेवानिवृत्ति के प्रथम दो वर्षो में दिया जाना है)

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने सरकार की पूर्व अनुमति प्राप्त करके/बिना पूर्व अनुमति प्राप्त किए भारत सरकार की परिधि के बाहर या किसी भी सरकार(केन्द्र, राज्य या केन्द्र शासित) के अधीन किसी प्रकार का रोजगार स्वीकार किया है /स्वीकार नहीं किया है,(केवल उत्तरांचल प्रदेश के प्रथम श्रेणी के अधिककार द्वारा दिया जाना है)

स्थान..... हस्ताक्षर.....

दिनांक..... पेंशन भोगी का नाम.....

फार्म संख्या 8(3)

3. पुर्नविवाह/अविवाहित होने का प्रमाण पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैं अविवाहित नही हूँ/मैंने पिछले एक वर्ष के अन्दर विवाह नहीं किया है।

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैने पुर्नविवाह नहीं किया है तथा ऐसा करने पर मैं कोषाधिकारी को सूचित करूंगा/करूंगी ।

स्थान..... हस्ताक्षर.....

दिनांक..... पेंशनभोगी का नाम.....

पेंशन भुगतानादेश संख्या.....

.....

पेंशन/पारिवारिक पेन्शनर की

बैंक का नाम/शाखा/खाता

संख्या.....

जन्मतिथि.....

पेंशन द्वारा सेवा में प्रथम बार कार्य भार (ग्रहण)करने की तिथि.....

'जो लागू न हो उसे काट दिया जाए'

नोट:कृपया कोषागार अभिलेखों में उपलब्ध हस्ताक्षर के अनुरूप ही हस्ताक्षर करने की कृपा करें ।

(19)

पत्र संख्या:17-xxvii(7)अ.आ./2005

प्रेषक,

इन्दु कुमार पाण्डे
प्रमुख सचिव, वित्त
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

सचिव, शिक्षा
उत्तरांचल शासन।

वित्त(सामान्य नियम-वेतन आयोग)अनु0-7 देहरादून: दिनांक 25 सितम्बर, 2005

विषय:- अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की अधिवर्षता आयु पर समान रूप से सेवानिवृत्तिक लाभों की अनुमन्यता की व्यवस्था से सम्बन्धित स्पष्टीकरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या: 220/xxvii(3)अ.आ./2005 दिनांक: 16 जून, 2005 द्वारा अधिवर्षता आयु पर समान रूप से सेवानिवृत्तिक लाभों की अनुमन्यता प्रदान की गयी है। सेवानिवृत्तिक लाभों की व्यवस्था के विषय में प्रशासनिक विभाग से प्राप्त सन्दर्भ में विभिन्न बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण की अपेक्षा की गयी है। इस सम्बन्ध में शासनादेश दिनांक: 16-6-2005 में दी गयी व्यवस्था तथा विभाग द्वारा की गयी जिज्ञासाओं के सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त मुझे निम्नानुसार बिन्दुवार स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश हुआ है-

1- जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की तिथि दिनांक: 30 जून 2005 को तथा पूर्व में जिन्होंने 58 वर्ष पर सेवानिवृत्ति का विकल्प दिया था, ऐसे शिक्षक उक्त शासनादेश की व्यवस्था के अनुरूप अब 60 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त होंगे तथा उन्हें ग्रैच्युटी की अनुमन्यता होगी।

2- 58 वर्ष की रोक पर सेवानिवृत्ति का विकल्प देने वाले ऐसे शिक्षक जो दिनांक: 30-6-2005 तक सत्रान्त विस्तार पर चल रहे थे, उनको भी उक्त शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार 60 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्तिक तथा ग्रैच्युटी के लाभ की अनुमन्यता होगी।

3- शासनादेश दिनांक:16 जून, 2005 के प्रस्तर-4 में शिक्षकों की अधिवर्षता की तिथि को सेवानिवृत्त होने एवं सत्रान्त तक पुनर्नियुक्त किये जाने की व्यवस्था उत्तरांचल माध्यमिक शिक्षा अधिनियम एवम् परिषद के विनियम में समोचन

4- शिक्षण सत्र की अनवरतता हेतु अधिनियम/परिनियम में संशोधन होने तक मानक पूर्ववत रहेंगे।

भवदीय,

इन्दु कुमार पान्डे
प्रमुख सचिव

संख्या 1[illegible] (1)/xxvii(7)अ.आ./2006 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उत्तरांचल, ओर्डेराय भवन, माल्देरा, देहरादून।
2- सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तरांचल।
3- निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तरांचल।
4- निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल।
5- मण्डलायुक्त, कुमायूं/गढ़वाल।
6- समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
7- समस्त वित्त अधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
8- रीजनल प्रोविडेन्ट फण्ड कमिश्नर, उत्तरांचल, देहरादून।
9- शिक्षा विभाग के समस्त अनुभाग/कृषि एवं जलागम अनुभाग।
10- वित्त विभाग के समस्त अनुभाग।
11- निदेशक, एन.आई.सी. देहरादून।
12- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(टी0 एन0 सिंह)
अवर सचिव

(20)

संख्या-37-XXIV(8)/07-13/2004

प्रेषक,

शत्रुघ्न सिंह
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
श्रीनगर गढ़वाल

शिक्षा अनुभाग-8 (तकनीकी) देहरादून: दिनांक: 20 जुलाई, 2007

विषयः- राज्य के शासकीय सहायता प्राप्त अशासकीय बहुधन्धी संस्थाओं के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्मियों की अधिवर्षता आयु के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या 220/XXVII(3)/आ.आ./ 2005 दिनांक 18 जून 2005 के क्रम में आपके पत्र संख्या: 3848/नि.प्रा.शि./स्था.-के.पी.-3/ 2006-07 दिनांक 11 जनवरी, 2007 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय राज्य के शासकीय सहायता प्राप्त अशासकीय बहुधन्धी संस्थाओं के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को शासन द्वारा सृजित पदों पर, अधिवर्षता की आयु पूरा होने पर 58 वर्ष एवं 60 वर्ष के अलग-अलग सेवानिवृत्तिक लाभ के स्थान पर 60 वर्ष की आयु पर अनुतोषिक(ग्रेच्युटी) सहित सेवानिवृत्तिक लाभ दिये जाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्तानुसार एक मानक सिद्धान्त होने पर शासकीय सहायता प्राप्त अशासकीय बहुधन्धी संस्थाओं में 58 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी न दिये जाने का अन्तर स्वतः समाप्त हो जायेगा तथा किसी भी प्रकार के विकल्प दिये जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

3- ग्रेच्युटी का लाभ अंशदायी भविष्य निधि खाते के विकल्पधारी उन्ही शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अनुमन्य होगा जो अपने अंशदायी भविष्य निधि खाते में राज्य सरकार के अंशदान के रूप में जमा समस्त धनराशि उस पर अर्जित एवं संकलित ब्याज की समस्त धनराशि तथा अपने अंशदान की समस्त धनराशि एवं उस पर अर्जित एवं संकलित ब्याज की समस्त धनराशि राजकोष में इस शासनादेश की तिथि से 90 दिन के अन्दर एक मुश्त जमा कर देंगे।

4- 60 वर्ष की आयु पूरा करने पर अधिवर्षता की तिथि पर ही समस्त सेवानिवृत्तिक लाभ अनुमन्य कराया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी प्रकार का सेवा विस्तार नहीं दिया जायेगा। जिन शिक्षकों से सत्रांत तक कार्य लिया जाना अति आवश्यक हो, ऐसे प्रकरणों में पुनर्नियुक्ति की कार्यवाही पूर्व से स्थापित मानकों के अधीन की जायेगी तथा अधिवर्षता आयु के बाद सिविल सर्विस रेगुलेशन के प्रस्तर-520 के अनुसार वेतन में राशिकरण के पूर्व पेंशन की धनराशि घटा कर

वेतन निर्धारण किया जायेगा तथा महगाई भत्ता एवं मेहगाई राहत में से मात्र एक ही लाभ अनुमन्य होगा।

5- राज्य के शासकीय सहायता प्राप्त अशासकीय बहुधन्धी संस्थाओं में उपरोक्तानुसार व्यवस्था लागू किये जाने के फलस्वरूप, निदेशक प्राविधिक शिक्षा उत्तराखण्ड तदनुसार अधिनियम/ नियमावली आदि में यथावांछित संशोधन किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध करायेगें।

6- उपरोक्तानुसार आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होगें।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-730/XXVii(7)/2007 दिनांक 19 मार्च 2007 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(शत्रुघ्न सिंह)
सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1 महालेखाकार, उत्तराखण्ड ओवेराय भवन माजरा देहरादून।
2 मण्डलायुक्त गढवाल पौडी उत्तराखण्ड।
3 जिलाधिकारी हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
4 वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी हरिद्वार, उत्तराखण्ड
5 प्रधानाचार्य, के.एल बहुधन्धी संस्थान, रूडकी उत्तराखण्ड।
6 रीजनल प्रोविडेन्ट फण्ड कमिश्नर, उत्तराखण्ड देहरादून।
7 वित्त अनुभाग-7
8 निदेशक एन.आई.सी सचिवालय परिसर देहरादून।
9 गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(संजीव कुमार शर्मा)
अनु सचिव

(24)

सं0- 409/XXIV/(1)/2007-26/06

प्रेषक,

डी0के0 कोटिया,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड,
मयूर विहार, देहरादून।

शिक्षा अनुभाग-1 (बेसिक)

देहरादून दिनांक: 14 अगस्त, 2007

विषयः- बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का राजकीयकरण के फलस्वरूप ग्रेच्युटी, बीमा आदि के सम्बंध में स्पष्टीकरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक/बेसिक-2/15847/2007-08 दिनांक 29 जून, 2007 के संबंध में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अधिसूचना दिनांक 22.4.2006 से राजकीय कर्मचारी घोषित किया जा चुका है। राज्य कर्मचारियों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं हेतु नीतिगत निर्णय लिये जाने के उपरान्त वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2 भाग-2 से 4 के मूल नियम-56 को संशोधित करने के बाद अधिवर्षिता की आयु को 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दिया गया है। शासन द्वारा पूर्व में यह भी नीतिगत निर्णय लिया जा चुका है कि मूल नियम-56 में परिवर्तन के बाद विकल्प या बिना विकल्प के 60 वर्ष की आयु तक जिन प्रकरणों में ग्रेच्युटी अनुमन्य है, देय होगी। बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मचारियों की बेसिक शिक्षा परिषद में रहते हुये भी पेंशन की गणना उसी प्रकार की जाती थी जिस प्रकार राजकीय कर्मचारियों की पेंशन गणना की जाती है। अब चूंकि मूल नियम-56 के प्रावधानों को संशोधित कर अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष कर दी गयी है एवं 60 वर्ष की आयु पर ग्रेच्युटी की अनुमन्यता भी कर दी गयी है, ऐसी स्थिति में अन्य राज्य कर्मचारियों की भाँति बेसिक शिक्षा परिषद के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को भी यह सुविधा देय होगी, अर्थात् बेसिक शिक्षा परिषदीय सेवा का दिनांक 22.4.2006 से राजकीयकरण होने की तिथि के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिये ग्रेच्युटी की अनुमन्यता हेतु उनकी बेसिक शिक्षा परिषद की दिनांक 21.4.2006 तक की सेवायें तथा दिनांक 22.4.2006 से राजकीय सेवा में की गई सेवा की, दोनों अवधियों को जोड़ करके गणना करके राज्य सरकार के कार्मियों को 33 वर्ष की सेवा पर अनुमन्य साढ़े सोलह (16½) माह के वेतन को आगणित करके अधिकतम रू0 3.50 लाख (रूपये तीन लाख पचास हजार) की दर से ग्रेच्युटी अनुमन्य होगी। राजकीयकरण

के पूर्व सेवानिवृत्त कार्मिकों को ग्रेच्युटी की देयता नहीं होगी, क्योंकि उनकी सेवा शर्तें भिन्न थी।

2 जिस तिथि से बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मचारियों का राजकीयकरण किया गया है उसी तिथि से विधि अनुरूप वे राज्य कर्मचारी हो गये हैं, अतः पूर्व से राजकीय विद्यालयों एवं सरकारी कर्मचारियों हेतु शासनादेश संख्या 16/XXVII(7)/सा0बीमा/2005 दिनांक 24 अक्टूबर, 2005 के द्वारा लागू सामूहिक बीमा योजना उन पर स्वतः ही लागू हो जायेगी। दिनांक 22.4.2006 से पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मचारी के रूप में बीमा की धनराशि में यदि कोई बचत निधि का अंश हो तब जीवन बीमा निगम को प्राप्त कराया गया बचत निधि का अभिदान जीवन बीमा निगम से प्राप्त कर संबंधित कर्मचारियों को भुगतान कराया जाय। दिनांक 22.4.2006 से सामूहिम बीमा का अभिदान राजकोष में मुख्य लेखा शीर्षक "8011–राज्य कर्मचारियों हेतु सामूहिक बीमा" एवं वेतन संबंधी अदायगी के अधीन ही जमा किया जाना नियमानुकूल होगा, क्योंकि राजकीय कर्मचारियों हेतु सामूहिक बीमे का रख–रखाव महालेखाकार स्तर पर किया जाता है तथा राजकीय कर्मचारियों के वेतन से मासिक अभिदान की कटौती तथा बीमा आच्छादन की धनराशि के साथ–साथ बचत निधि के भी स्पष्ट प्राविधान हैं ऐसी स्थिति में 22.4.2006 के बाद उपरिउल्लिखित शासनादेश दिनांक 24.10.2005 की व्यवस्थानुसार राजकीय कर्मचारियों की भाँति निम्नानुसार कटौती की जायेगी :–

क.सं.	वेतनमान का अधिकतम	मासिक अभिदान (रूपये में)	बीमा आच्छादन की धनराशि (रूपये में)
1.	रू0 6999 से तक	30/–	30,000/–
2.	रू0 7000 से 13500 तक	60/–	60,000/–
3.	रू0 13501 या इससे अधिक	120/–	1,20,000/–

3– बीमा के विषय में बेसिक शिक्षा परिषद हेतु शिक्षा विभाग के द्वारा निर्गत पूर्व शासनादेश दिनांक 22.4.2006 से ही निरस्त समझा जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0संख्या–316/XXVII(7)/2007 दिनांक 10 अगस्त, 2007 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(डी0के0 कोटिया)
सचिव।

सं0–409(1)/XXIV(1)/2007–26/06

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तराखण्ड देहरादून।

उत्तराखण्ड शासन
वित्त (वि0आ0-सा0नि0) अनुभाग-7
संख्या:419 / XXVii(7) / 2008
देहरादून:दिनांक:27 अक्टूबर,2008

कार्यालय ज्ञाप

विषय:- छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार के द्वारा लिए गये निर्णयों के क्रम में वेतन समिति,1 उत्तराखण्ड(2008) की संस्तुतियों को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 01-01-2006 को अथवा इसके पश्चात सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को पेंशन / ग्रैच्युटी / पारिवारिक पेंशन एवं राशिकरण की प्रक्रिया में संशोधन।

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति,उत्तराखण्ड(2008) के प्रथम प्रतिवेदन में पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन,ग्रैच्युटी तथा पेंशन राशिकरण के संबंध में की गयी संस्तुतियों को संकल्प संख्या 394 / XXVii(7) / 2008 दिनांक 17 अक्टूबर,2008 द्वारा स्वीकार करते हुए उक्त से संबंधित अन्य प्रक्रियाओं को यथावत रखते हुए राज्य सरकार के सिविल पेंशनरों / पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन / पारिवारिक पेंशन / ग्रैच्युटी एवं पेंशन राशिकरण के नियमों एवं दरों को निम्न प्रकार संशोधित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। यह आदेश दिनांक 1-1-2006 से प्रभावी समझे जाएगें तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पेंशन का पुर्ननिर्धारण / समायोजन किया जाएगा।

2- यह आदेश राज्य सरकार के सभी सिविल पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों पर(जो उत्तर प्रदेश पेंशन रूल्स 1961, उत्तर प्रदेश रिटायरमेन्ट बेनिफिट रूल्स 1961, नई पारिवारिक पेंशन योजना 1965 शासनादेश संख्या-सा-3-969 / दस-923 / 85 दिनांक 8-8-1986 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या सा-3-1720 / दस-308-97 दिनांक 23 दिसम्बर,1997 के अन्तर्गत स्वीकृत पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं) लागू समझे जायेंगे । यह आदेश अशक्तता पेंशन तथा असाधारण पेंशन नियमावली(गैर सरकारी व्यक्तियों की असाधारण पेंशन को छोड़कर) के अन्तर्गत पेंशन पाने वाले पेंशनरों पर भी लागू समझे जायेंगे, किन्तु यह आदेश मा0 उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों,दिनांक 1 अक्टूबर,2005 से लागू नई अंशदान पेंशन योजना के सदस्यों,शिक्षा विभाग के गैर सरकारी सेवकों, स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक उपक्रमों आदि के सेवकों पर लागू नहीं होंगे, जब तक कि शासन के अन्यथा आदेश न हो ।

3-(1)इस आदेश के अधीन की जा रही व्यवस्थायें उन कर्मचारियों पर लागू होगीं, जो दिनांक 1-1-2006 को अथवा सेवा में रहते हुए दिवंगत हुऐ है ।

(2) जिन सरकारी सेवकों के मामले में दिनांक 1-1-2006 को अथवा उसके उपरान्त पेंशन/पारिवारिक पेंशन/मृत्यु एवं सेवानिवृत्तिक ग्रेच्युटी का निर्धारण/भुगतान किया जा चुका है,का पुनरीक्षण, इस आदेश में निहित प्रक्रिया के अधीन किया जाएगा । यदि इस आदेश में निहित व्यवस्था के अधीन पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण पेंशनर्स के लिऐ लाभप्रद न हो, तो उन प्रकरणों में ऐसा पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा ।

4-(1)परिलब्धियाँ-पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्तिक लाभों(सेवानिवृत्तिक/डेथ ग्रेच्युटी को छोड़कर) की गणना हेतु परिलब्धियों से तात्पर्य उस वेतन से है, जैसा कि वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-2, भाग-2-4 के मूल नियम 9(21)(1) में परिभाषित है और जिसे कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि के ठीक पूर्व अथवा मृत्यु की तिथि को प्राप्त कर रहा था ।

(2)"वेतन"-का आशय वेतन समिति, उत्तराखण्ड(2008) के प्रथम प्रतिवेदन में की गई संस्तुतियों के अनुक्रम में राजकीय कर्मचारियों के दिनांक 1-1-2006 से पुनरीक्षित किये गये वेतनमान विषयक शासनादेश संख्या 395/xxvii(7)/2008 दिनांक 17 अक्टूबर 2008 के प्रस्तर-5 के अनुसार निर्धारित वेतन बैंड में अनुमन्य वेतन तथा लागू ग्रेड-वेतन का योग होगा,जिसमें विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन एवं अनुमन्य अन्य प्रकार का वेतन सम्मिलित नहीं होगा ।

(3)सेवानिवृत्तिक/डेथ कम ग्रेच्युटी की गणना हेतु सेवानिवृत्ति/मृत्यु की तिथि को अनुमन्य मंहगाई भत्ता को सम्मिलित किया जाएगा ।

5-पेंशन-पेंशन की गणना पूर्व की भांति औसत परिलब्धियों के 50 प्रतिशत के आधार पर की जाएगी, परन्तु न्यूनतम पेंशन की धनराशि रू0 3500 प्रतिमाह तथा अधिकतम धनराशि राज्य सरकार के अधिकतम वेतन(1-1-2006 से रू0 80,000/-) के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । राज्य सरकार की पेंशन की दरों के संबंध में पूर्व में की गई व्यवस्था उक्तानुसार संशोधित समझी जाएगी ।

यदि कोई सेवक एक से अधिक पेंशन प्राप्त कर रहा है, तो समस्त पेंशन की धनराशि जोड़कर न्यूनतम रू0 3500/-से कम न हो, का आगणन किया जाय तब न्यूनतम पेंशन रू03500/-निर्धारित की जायेगी।

6-पेंशन की अनुमन्यता हेतु अर्हकारी सेवा-

(1)10 वर्ष से कम की अर्हकारी सेवा होने पर पेंशन अनुमन्य नहीं होगी तथा ऐसी स्थिति में पूर्व की भांति केवल सर्विस ग्रेच्युटी अनुमन्य होगी ।

(2)पूर्ण पेंशन हेतु 33 वर्ष की राजकीय सेवा की अर्हता को घटाकर अब 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन तात्कालिक प्रभाव से अनुमन्य होगी ।

(3)20 वर्ष या इससे अधिक की सेवा पर अंतिम माह में आहरित वेतन या 10 माह की औसत परिलब्धियाँ जो भी कर्मचारी को लाभकारी हो, के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन अनुमन्य होगी । जिन सरकारी सेवकों ने पुनरीक्षित वेतनमान को वरण करने का विकल्प दिया है, उनके लिए भी उक्त व्यवस्था समान रूप से लागू होगी ।

(4)स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर, सेवानिवृत्ति हेतु अवशेष सेवा अथवा अधिकतम पांच वर्ष जो भी कम हो, की सेवा जोड़ने की व्यवस्था अब समाप्त की जा रही है । वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–2 के भाग 2–4 के मूल नियम–56 में आवश्यक संशोधन यथासमय कर दिया जायेगा ।

(5)10 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण होने पर ही अर्ह सेवा 20 वर्ष के औसत में पेंशन का आगणन किया जाय।

7—<u>सेवानिवृत्तिक ग्रैच्युटी/मृत्यु ग्रैच्युटी</u>— सेवानिवृत्तिक ग्रैच्युटी/मृत्यु ग्रैच्युटी की अधिकतम धनराशि की सीमा रू0 10.00 लाख(रू0 दस लाख मात्र) से अधिक नहीं होगी । इस विषय में अधिकतम अवधि 33 वर्ष में प्रति वर्ष 15 दिन का मानक पूर्ववत रहेगा ।

8—<u>पारिवारिक पेंशन</u>—

(1)पारिवारिक पेंशन की गणना अन्तिम आहरित वेतन के 30 प्रतिशत की दर पर सामान्य क्रम से की जायेगी । पारिवारिक पेंशन की न्यूनतम धनराशि रू0 3500 प्रतिमाह होगी तथा अधिकतम धनराशि राज्य सरकार के अधिकतम वेतन के 30 प्रतिशत तक सीमित होगी । इस संदर्भ में पारिवारिक पेंशन की दरों से संबंधित व्यवस्था दिनांक 1–1–2006 से तदनुसार संशोधित समझी जायेगी । दिवंगत हुये सरकारी सेवक के प्रकरण में अन्य प्रक्रियाओं को यथावत् रखते हुए बढ़ी दर पर पारिवारिक पेंशन, अब 7 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष पर अनुमन्य होगी । उक्त व्यवस्था शासनादेश निर्गत किये जाने की तिथि से लागू होगी ।

(2)पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता हेतु "परिवार" की परिभाषा पूर्ववत निम्नलिखित होगी–

(क)दिनांक 1–1–2006 के पूर्व की व्यवस्था के अधीन परिवार की परिभाषा निम्न प्रकार निर्धारित है–

(1)पत्नी/पति

(2) मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम के पुत्र को इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि वह जीविकोपार्जन करने लगे तो जीविकोपार्जन की तिथि अथवा 25 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।

(3)मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम की अविवाहित पुत्री को इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि वह जीविकोपार्जन करने लगे या उसका विवाह हो जाए

अथवा 25 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो। उपरोक्त सन्तानों में सौतेली तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व विधिवत गोद ली गयी सन्तानें भी सम्मिलित है ।

विकलांग तथा मानसिक रूप से विक्षिप्त सन्तानों पर आयु का बन्धन नहीं है तथा संबंधित आदेश के प्रतिबन्धों के अधीन पारिवारिक पेंशन पाने के पात्र होंगे। दिनांक 1—1—2006 से विधवा एवं तलाकशुदा पुत्री को भी परिवार में सम्मिलित माना जाएगा । दिनांक1—1—2006 से यह भी व्यवस्था की जाती है कि यदि स्वर्गीय सरकारी सेवक के परिवार में उसकी पत्नी तथा उपर्युक्त वर्णित श्रेणी की पात्र सन्तान नहीं है, तो उसके माता/पिता जो उस पर पूर्ण रूप से आश्रित थे, को उसके परिवार में सम्मिलित समझा जाएगा। पूर्णतया आश्रित होने पर जीविकोपार्जन से संबंधित मासिक आय के संबंध मे स्पष्टीकरण अलग से जारी किया जाएगा और तब तक पूर्व मासिक आय की व्यवस्था यथावत लागू रहेगी ।

9—पेंशन के एक भाग का राशिकरण—पेंशन के एक निर्धारित भाग अर्थात 40 प्रतिशत तक की धनराशि की संशोधित दरों पर अनुमन्य होगा। राशिकरण की व्यवस्था दिनांक 1—1—2006 से लागू न होकर तत्काल प्रभाव से कार्यालय ज्ञाप निर्गत किये जाने की तिथि से ही लागू होंगी । कार्यालय ज्ञाप निर्गत होने की तिथि से पूर्व जो राशिकरण कर दिया गया उसकी पुनरीक्षण/वसूली नहीं की जायेगी, परन्तु यदि वर्तमान मे कोई 40 प्रतिशत की सीमा में पुनः राशिकरण कराना चाहता है तो वर्तमान दरों पर ही राशिकरण किया जाय।

10—इन आदेशों के अधीन पेंशन/पारिवारिक पेंशन की धनराशि पर महँगाई राहत की गणना राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशानुसार की जाय ।

11— 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के राजकीय पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को 1—1—2006 से अनुमन्य पेंशन पर निम्नानुसार अतिरिक्त पेंशन कार्यालय ज्ञाप निर्गत होने की तिथि से अनुनन्य कराया जाय:—

पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की आयु	पेंशन में वृद्धि
80 वर्ष से 85 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 20 प्रतिशत
85 वर्ष से 90 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 30प्रतिशत
90 वर्ष से 95 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का40 प्रतिशत
95 वर्ष से 100 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 50 प्रतिशत
100 वर्ष या उससे अधिक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 100 प्रतिशत

उपरोक्तानुसार अतिरिक्त पेंशन का भुगतान करने हेतु पेंशन वितरण प्राधिकारी द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र में अनिवार्य रूप से पेंशन/पारिवारिक पेंशनर्स की अतिरिक्त पेंशन का अलग से उल्लेख किया जायेगा तथा पारिवारिक पेंशनर्स द्वारा अपनी आयु की पुष्टि हेतु

अभिलेख आदि पेंशन स्वीकृतांधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा । पेंशन स्वीकृत करने वाले अधिकारी पेंशन प्राधिकार पत्र में मूल पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की आयु की प्रविष्टि तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ करेगें।

12–दिनांक 1–1–2006से पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर आगणित पेंशन एवं ग्रैच्युटी की 31–8–2008 तक की देयता का 40 प्रतिशत 2008–09 तथा 60 प्रतिशत 2009–10 को नकद भुगतान किया जायेगा ।

13– दिनांक 1–1–2006 के बाद सेवा त्यागने/ कर्मचारी की मृत्यु होने के प्रकरणों में नकद भुगतान किया जाय।

संलग्नक– (1) राशीकरण आगणन–सूचालिका

आलोक कुमार जैन
प्रमुख सचिव,वित्त

संख्या:419(1) / xxvii(7) / 2007 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1.समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,उत्तराखण्ड शासन ।
2.समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयध्यक्ष,उत्तराखण्ड ।
3.महालेखाकार,उत्तराखण्ड,देहरादून।
4.रजिस्ट्रार जनरल, माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड,नैनीताल ।
5.स्थानिक आयुक्त उत्तराखण्ड, नई दिल्ली ।
6.सचिव, विधान सभा उत्तराखण्ड ।
7.सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड ।
8.उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
9.समस्त कोषाधिकारी / वरिष्ठ कोषाधिकारी,उत्तराखण्ड ।
10.निदेशक, उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल ।
11.उप निदेशक, राजकीय मुद्रणालय,रूड़की को 200प्रतियां प्रकाशनार्थ ।
12.निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड राज्य एकक ।
13.गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,
(टी0एन0 सिंह)
अपर सचिव ।

ANNEXURE—I

COMMUTATION VALUE FOR A PENSION OF Re.1 PER ANNUM

Age next birthday	Commutation value expressed as number of year's purchase	Age next birthday	Commutation value expressed as number of year's purchase	Age next birthday	Commutation value expressed as number of year's purchase
20	9.188	41	9.075	62	8.093
21	9.187	42	9.059	63	7.982
22	9.186	43	9.040	64	7.862
23	9.185	44	9.019	65	7.731
24	9.184	45	8.996	66	7.591
25	9.183	46	8.971	67	7.431
26	9.182	47	8.943	68	7.262
27	9.180	48	8.913	69	7.083
28	9.178	49	8.881	70	6.892
29	9.176	50	8.846	71	6.705
30	9.173	51	8.808	72	6.502
31	9.169	52	8.768	73	6.296
32	9.164	53	8.724	74	6.085
33	9.159	54	8.678	75	5.872
34	9.152	55	8.627	76	5.657
35	9.145	56	8.572	77	5.443
36	9.136	57	8.512	78	5.230
37	9.126	58	8.446	79	5.018
38	9.116	59	8.371	80	4.812
39	9.103	60	8.287	81	4.611
40	9.090	61	8.194		

उत्तराखण्ड शासन
वित्त (सा0नि0–वे0आ0) अनुभाग–7
संख्याः420/XXVII(7) मं.रा./2008
देहरादून, दिनांकः 27 अक्टूबर, 2008

कार्यालय ज्ञाप

विषयः राज्य सरकार के सिविल/पारिवारिक पेंशनरों आदि को केन्द्रीय छठे वेतन आयोग की संस्तुति के क्रम में 1–1–2006 से लागू पुंनरीक्षित महंगाई राहत स्वीकृत किया जाना।

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में केन्द्र सरकार के समतुल्य वेतनमान दिए जाने विषयक राज्य की वेतन समिति की संस्तुतियों के क्रम में निर्गत शासनादेश सं0 419 / XXVII(7)पें/2008 दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 द्वारा अनुमन्य किए गए वेतनमानों पर राज्य सरकार के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को निम्नानुसार महंगाई राहत अनुमन्य कराया जाय।

महंगाई राहत लागू करने की तिथि	उक्त तिथि से मूल वेतन पर अनुमन्य महंगाई राहत का प्रतिशत
1.01.2006 से	महंगाई राहत देय नहीं है।
1.07.2006 से	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 02 प्रतिशत।
1.01.2007 से	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 06 प्रतिशत।
1.07.2007 से	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 09 प्रतिशत।
1.01.2008 से	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 12 प्रतिशत।
1.07.2008 से	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 16 प्रतिशत।

2. उपरोक्त तिथियों तथा दरों पर महंगाई राहत का भुगतान पूर्व में शासनादेश सं0 29(A)/XXVII(7)पें/2006 दिनांक 26 अप्रैल, 2006 द्वारा दिनांक 01.01.2006 से शासनादेश सं0 215/XXVII(7)पें/2006 दिनांक 04 अक्टूबर, 2006 द्वारा दिनांक 01.07.2006 से, शासनादेश 30/XXVII(7)पें/2007 दिनांक 24 अप्रैल, 2007 द्वारा दिनांक 01.01.2007 से, शासनादेश सं0 280/XXVII(7)पें/2007 दिनांक 01 अक्टूबर, 2007 द्वारा दिनांक 01.07.2007 से एवं शासनादेश सं0 19/XXVII(7)पें/2008 दिनांक 21 मार्च, 2008 द्वारा दिनांक 01.01.2008 से स्वीकृत किए गए महंगाई राहत का समायोजन करने के उपरान्त किया जायेगा।

3. दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित पेंशन में मूल पेंशन का तात्पर्य निर्धारित रेडी रैकनर में बेसिक पेंशन तथा महंगाई पेंशन (डी0पी0)को जोड़कर जो धनराशि होगी उसे ही उपरिउल्लिखित शासनादेश दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 के संलग्नक–1 के कालम–3 के अनुसार मूल पेंशन माना जायेगा।

4. महंगाई राहत के निर्धारित प्रतिशत में स्वतंत्र अनुमन्यता है इसे मूल नियम 9 (21) में परिभाषित वेतन का भाग नहीं माना जायेगा।

P1

5. महंगाई राहत के आंगणन के समय 50 पैसे से कम की धनराशि को छोड़ दिया जायेगा और यदि आंगणन 50 पैसे या उससे अधिक है तो इसे रूपये में मान लिया जायेगा।

6. दिनांक 01.01.2006 के पूर्व के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स हेतु निर्गत शासनादेश सं0421/XXVII(7)पें/2008 दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 के साथ रेडी रैकनर की तालिका के कालम–3 में पुनरीक्षित पेंशन पर उपरोक्त महंगाई राहत की दरें अनुमन्य होगी।

7. यदि कोई पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर दो पेंशन प्राप्त करने का हकदार है तब न्यूनतम पेंशन धनराशि रू0 3500 (रूपये तीन हजार पांच सौ मात्र) हेतु दोनों पेंशन जोड़कर रू0 3500/– की धनराशि संज्ञान में ली जाय।

आलोक कुमार जैन
प्रमुख सचिव

संख्याः 420/XXVII(7) मं.रा./2008 एवं तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय भवन, माजरा, देहरादून।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
4. समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (वेतन अनुसंधान एकक) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (व्यय नियंत्रण विभाग) कमरा नं0 261, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली–110 001
6. सचिव, राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल।
9. रीजनल प्राविडेन्ट फण्ड कमिश्नर, कानपुर/देहरादून।
10. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएं, उत्तराखण्ड, देहरादून।
11. स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
12. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(टी0एन0 सिंह)
अपर सचिव

उत्तराखण्ड शासन

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7

संख्या 421 /XXVII(7) पेंशन / 2008

देहरादून, दिनांक: 27 अक्टूबर 2008

कार्यालय ज्ञाप

विषय: छठें केन्द्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के क्रम में केन्द्र सरकार की भांति 1–1–2006 के पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनर / पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण किया जाना।

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय छठें केन्द्रीय वेतनमान के क्रम में वेतन समिति (उत्तराखण्ड 2008) के प्रथम प्रतिवेदन की संस्तुतियों के क्रम में निर्गत संकल्प संख्या 394/XXVII(7) /2008 दिनांक 17–10–2008 के अधीन दिनांक 1–1–2006 से पूर्व के पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स को दिनांक 31–12–2005 को अनुमन्य मूल पेंशन में 50% महगाई पेंशन जोडकर उस पर 24% मंहगाई राहत की अनुमन्यता के बाद 40% अधिभार देते हुए संलग्नक–3 में दिये गये फिटमेन्ट तालिका के अनुसार दिनांक 1–1–2006 से पेंशन / पारिवारिक पेंशन पुनरीक्षित की जाये।

2: दिनांक 1–4–2004 या उसके बाद जिन प्रकरणों में पेंशन का निर्धारण मंहगाई भत्ता जोडकर किया गया हो ऐसे प्रकरणों में मंहगाई पेंशन की धनराशि जोडी नहीं जायेगी।

3: पेंशन का निर्धारण इस प्रकार किया जाये कि दिनांक 1–1–2006 से लागू वेतनमान में वेतनबैण्ड के न्यूनतम तथा वेतन पुनरीक्षित होने के ठीक पूर्व जिस पद पर कर्मचारी ने कार्य किय हो, अनुमन्य ग्रेड पे को जोडकर न्यूनतम 50% से कम पेंशन निर्धारित न हो, अर्थात 1–1–2006 के पूर्व के पद के वेतनमान को दिनांक 1–1–2006 के समतुल्य बेण्ड पे के न्यूनतम तथा ग्रेड पे का 50% पद का न्यूनतम पेंशन अर्ह होगी परन्तु ऐसे प्रकरणों में अर्ह सेवा का अनुपात आंगणित करना आवश्यक होगा।

4: दिनांक 1–1–2006 से पुनरीक्षित पेंशन की समेकित धनराशि में से पूर्व से राशिकरण की धनराशि घटाने के बाद भुगतान किया जाये तथा मंहगाई राहत मूल पेंशन पर देय होगी।

5: दिनांक 1–1–2006 से पुनरीक्षित पेंशन किये जाने के फलस्वरूप पेंशन की अधिकतम धनराशि रू0 40000 / – तथा सामान्य स्थिति में पारिवारिक पेंशन रू0 24000 तक की अनुमन्यता होगी।

6: जिन पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स की आयु 80 वर्ष या उससे अधिक हो गई है उन्हें निम्नलिखित तालिका के अनुसार अतिरिक्त पेंशन अनुमन्य होगी जिस पर मंहगाई राहत भी देय होगी।

पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स की आयु	मूल पेंशन के अतिरिक्त अनुमन्य पेंशन
80 वर्ष से 85 वर्ष से कम तक	पुनरीक्षित पेंशन / पारिवारिक पेंशन का 20%
85 वर्ष से 90 वर्ष से कम तक	" " " 30%
90 वर्ष से 95 वर्ष से कम तक	" " " 40%
95 वर्ष से 100वर्ष से कम तक	" " " 50%
100 या अधिक	" " " 100%

7: दिनांक 1–1–2006 से पुनरीक्षित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स हेतु मंहगाई राहत का अलग से शासनादेश निर्गत किया जा रहा है जो कि पूर्व में भुगतान की गयी मंहगाई राहत की धनराशि को समायोजित करने के बाद भुगतान किया जाये।

8: दिनांक 1–1–2006 के पूर्व पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की न्यूनतम धनराशि रू0 1275 को पुनरीक्षित कर रू0 3500/– किया जाये परन्तु ऐसे पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स जिन्हें एक से अधिक पेंशन अनुमन्य हैं, के प्रकरण में न्यूनतम पेंशन निर्धारण हेतु सभी अनुमन्य पेंशन की धनराशि को संज्ञान में लिया जाये।

9: जो पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स पुनर्नियुक्ति पर हों तथा उनकी मंहगाई राहत स्थगित हो तो ऐसे प्रकरण में दिनांक 1–1–2006 को पेंशन निर्धारण करते समय नोसनल मंहगाई राहत के आधार पर पेंशन निर्धारण किया जाये। परन्तु दिनांक 1–1–2006 के बाद ऐसे पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को मंहगाई राहत पूर्व की भॉति पुनर्नियुक्ति की अवधि में स्थगित रखा जाय।

10: उपरोक्त पुनरीक्षित पेंशनर्स/ पारिवारिक पेंशन का लाभ तत्काल प्राप्त हो जाये, के लिए सम्बन्धित संवितरण अधिकारी समयबद्ध कार्यवाही की जाय।

11: संबंधित संवितरण अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगें कि यदि किन्हीं कारणों से किसी पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग के क्रम में राज्य सरकार के निर्देशानुसार नहीं किया गया हो तब प्रथमतः वरियता के क्रम में नियमों के अधीन दिनांक 1–1–96 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन को पुनरीक्षित करे, उसके बाद छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के क्रम में केन्द्र सरकार में लागू संशोधित पेंशन तथा तत्क्रम में राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार पेंशन पुनरीक्षित की जाये। दिनांक 1–1–2006 या उसके बाद सेवा निवृत्त/दिवंगत/सेवा छोडने वाले कर्मचारियों हेतु पेंशन का निर्धारण शासनादेश संख्या 419 /XXVII(7) पेंशन/ 2008 दिनांक 27.10.2008 के अनुसार किया जाये।

संलग्नक: पेंशन पुनरीक्षण की फिटमेन्ट तालिका

(आलोक कुमार जैन)
प्रमुख सचिव

संख्या 421 /XXVII(7) पेंशन/ 2008, एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1: महालेखाकार, उत्तराखण्ड ओबरॉय भवन, माजरा, देहरादून।
2: समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड, देहरादून
3: वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी(वेतन अनुसंधान एकक),भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (व्यय नियंत्रण विभाग), कमरा नं–261, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली–110001 ।
4: सचिव, राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5: सचिव,विधान सभा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6: महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7: रीजनल प्रॉविडेन्ट फण्ड कमिश्नर, कानपुर/देहरादून।
8: निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएं, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9: स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
10: निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
11: गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,
(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव

अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,
निदेशक,
कोषागार एवं वित्त सेवायें,
उत्तराखण्ड देहरादून।

वित्त–7 देहरादून दिनांक 7 जनवरी 2009

विषयः 9 नवम्बर 2000 के पूर्व सेवा निवृत्त पेंशनर्स को दिनांक 1–1–2006 से संशोधित पेंशन दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में कोषागार द्वारा यह जिज्ञासा की गई है कि उत्तराखण्ड शासन द्वारा छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में केन्द्र सरकार की भाँति दिनांक 1–1–2006 के पूर्व के पूर्ववर्ती राज्य उ0 प्र0 के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर इस पुनरीक्षण से आच्छादित होंगें अथवा नहीं,के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 54 के साथ पठित सिड्यूल 8 में स्पष्ट किया गया है कि जो पेंशनर्स जिस राज्य के भौगौलिक क्षेत्र से पेंशन पा रहें हैं, प्राप्त करते रहेंगें तथा पूर्ववर्ती राज्य के पेंशनर्स पर किये गये व्यय का प्रभाजन जनसंख्या के आधार पर किया जायेगा। उत्तराखण्ड की भाँति वर्तमान उत्तर प्रदेश द्वारा भी छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर उत्तराखण्ड के समान दिनांक 1–1–2006 से पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स का पुनरीक्षण कर दिया गया है। अतः 9 नवम्बर 2000 के पूर्व सेवा निवृत्त पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स के पेंशन का पुनरीक्षण उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्गत शासनादेश 421/XXVII(7) पेंशन/2008 दिनांक 27 अक्टूबर 2008 के क्रम में किया जाये।

भवदीय,

(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव

संख्या 07/XXVII(7)/2009 एवं तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड ओबराय भवन, माजरा, देहरादून।
2. महालेखाकार उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
3. निदेशक, लेखा एवं हकदारी लक्ष्मी रोड देहरादून उत्तराखण्ड।
4. समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
6. गार्ड फाइल।

(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7
संख्या221/xxvii(7)/2009
देहरादून, दिनांक: 08 अक्टूबर, 2009

कार्यालय ज्ञाप

विषयः– छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर दिनांक 1–1–2006 के पूर्व एवं बाद के राज्य सरकार के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण के संबंध में स्पष्टीकरण।

विभिन्न सेवानिवृत्त पेंशनर्स द्वारा छठें केन्द्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के क्रम में केन्द्र सरकार की भांति दिनांक:1–1–2006 के पूर्व एवं बाद के राज्य सरकार के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण के संबंध में की गई जिज्ञासा के क्रम में अद्योहस्ताक्षरी को निम्नानुसार स्पष्टीकरण निर्गत करने का निदेश हुआ है।

जिज्ञासायें	स्पष्टीकरण
1.दिनांक 1–1–2006 के बाद सेवानिवृत्त पेंशनर्स के विषय में निर्गत शासनादेश दिनांक 27 अक्टूबर,2008 के प्रस्तर–6 में पेंशन की अनुमन्यता हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष किये जाने की व्यवस्था कब से लागू की गई है, क्या यह प्रस्तर–1 में पेंशन/ पारिवारिक पेंशन/ग्रैच्युटी के समान दिनांक 1–1–2006 से प्रभावी समझे जाएगें?	दिनांक1–1–2006 से पुनरीक्षित की गई पेंशन में जो भी नये नीतिगत निर्णय लिये गये हैं उक्त निर्णय से संबंधित प्रस्तर में उनके लागू किये जाने की तिथि स्पष्ट रूप से इंगित की गई है। पेंशन/पारिवारिक पेंशन का शासनादेश दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 निर्गत होने के पूर्व चूँकि अनेक पेंशनर्स सेवानिवृत्त हो चुके हैं इसीलिए शासनादेश का प्रस्तर–6(2) जो पेंशन की अनुमन्यता हेतु अर्हकारी सेवा के संबंध में है, की अंतिम पंक्ति से स्वतः स्पष्ट है कि पूर्ण पेशन हेतु अर्हकारी सेवा को 33 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष "तात्कालिक प्रभाव" अर्थात शासनादेश निर्गत किये जाने की तिथि दिनांक 27 अक्टूबर,2008 से किया गया है।
2.पेंशन पुनरीक्षण हेतु शासनादेश संख्या 419/xxvii(7)/2008 दिनांक 27 अक्टूबर,2008 के प्रस्तर–11 में वृद्ध पेंशनरों हेतु	उक्त प्रस्तर में आयु के प्रथम स्लैब में 80 वर्ष की आयु परन्तु 85 वर्ष से कम का अर्थ यह है कि 79 वर्ष पूर्ण होने पर 80वॉ वर्ष प्रारम्भ होने पर तथा 84 वर्ष के अंतिम

आलोच्य अवधि का आशय क्या है अर्थात प्रथम स्लैब में 80 वर्ष की आयु परन्तु 85 वर्ष से कम का आशय क्या है अर्थात 80 वर्ष प्रारम्भ होने पर देय होगी या 80 वर्ष पूर्ण होने पर अनुमन्य होगी।

दिन तक 20 प्रतिशत की पेंशन/पारिवारिक पेंशन अतिरिक्त रूप से देय होगी।

3.80 वर्ष या इससे अधिक आयु की गणना किस प्रकार की जाएगी?

3.उपरोक्त कार्यवाही किस स्तर पर की जाएगी ?

पेंशनरों की भांति पारिवारिक पेंशनरों को शासनादेश के अनुसार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर लेने पर अतिरिक्त पेंशन की सुविधा अनुमन्य है। सामान्यतया पारिवारिक पेंशनर की जन्मतिथि पेंशन अभिलेखों में अंकित नही है अतएव समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों द्वारा पारिवारिक पेंशनर की जन्मतिथि के संबंध में अपने विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा । विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष कार्यालय में अनुरक्षित अभिलेखो से इसका परीक्षण करेगें। कार्यालय अभिलेख यथा सामान्य भविष्य निर्वाह निधि या अन्य प्रयोजन हेतु भरे गये नामांकन प्रपत्र अथवा पेंशन प्रपत्र में पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की आयु से संबंधित कोई विवरण उपलब्ध मिलता है तो उसे ही वे मान्यता प्रदान की जाएगी और तदनुसार कोषागार को उपलब्ध करायेगें। मात्र आयु का उल्लेख होने पर (जन्मतिथि का उल्लेख न होने की दशा में) उस वर्ष की 1 जुलाई को एक वर्ष माना जाएगा, उपर्युक्त अभिलेखों में आयु का उल्लेख न होने पर पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथि हेतु हाईस्कूल प्रमाण–पत्र और यदि हाईस्कूल का प्रमाण पत्र उपलब्ध न हो तो ऐसे पेंशनर/पारिवारिक पेशनरों की जन्मतिथि हेतु ड्राईविंग लाईसेंस/

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7
संख्या:305/ xxvii(7) / 2009
देहरादून, दिनांक: 08 अक्टूबर,2009

कार्यालय ज्ञाप

विषयः– छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर दिनांक 1–1–2006 के पूर्व एवं बाद के राज्य सरकार के पेंशनर / पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण के संबंध में स्पष्टीकरण।

विभिन्न सेवानिवृत्त पेंशनर्स द्वारा छठें केन्द्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के कम में केन्द्र सरकार की भांति दिनांक:1–1–2006 के पूर्व एवं बाद के राज्य सरकार के पेंशनर / पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण के संबंध में की गई जिज्ञासा के कम में अद्योहस्ताक्षरी को निम्नानुसार स्पष्टीकरण निर्गत का निदेश हुआ है।

1–दिनांक1–1–2006 के पूर्व सेवानिवृत्त राज्य सरकार के सिविल पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स की पारिवारिक पेंशन का अभिनवीकरण / पुनरीक्षणः–

1) अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के पेंशन पुनरीक्षण संबंधी प्राधिकार–पत्र निर्गत करने का उत्तरदायित्व पेंशन स्वीकर्ता अधिकारी को सौंपा गया है। इस कम में यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे पेंशनर जिनकी सेवानिवृत्ति की तिथि दिनांक 30–9–1988 अथवा उसके पूर्व की है एवं जिनके पेंशन प्राधिकार–पत्र महालेखाकार, उ0प्र0 द्वारा निर्गत किये गये है। ऐसे अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के पेशन पुनरीक्षण का कार्य कोषाधिकारी स्तर पर किया जायेगा। इस हेतु उक्त शासनादेश के साथ संलग्न प्रारूप–1 पर वॉछित सूचना संबंधित विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित करते हुए संबंधित कोषाधिकारी को प्रेषित की जायेगी। महालेखाकार स्तर से पुनरीक्षित प्राधिकार–पत्र निर्गत किये जाने की प्रतीक्षा नहीं की जाएगी। अपितु संलग्न–प्रारूप–1 पर प्राप्त सूचना के आधार पर संबंधित कोषागारों द्वारा भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 1–9–2008 के प्रस्तर–42 के अनुसार पेंशन / पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण कर दिया जाएगा।

2) शासनादेश संख्या 421 / xxvii(7) दिनांक 27 अक्टूबर,2008 द्वारा दिनांक:1–1–2006 के पूर्व सेवानिवृत्त राज्य सरकार के सिविल पेंशनरों / पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन / पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण किया जाना है।उक्त शासनादेश के अनुसार पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही

इस शर्त के साथ की जानी है कि पेंशनर की पेंशन की धनराशि सेवानिवृत्ति के समय उसके पुराने वेतनमान के प्रतिस्थापित बैण्ड के न्यूनतम तथा संबंधित ग्रेड-पे योग के 50 प्रतिशत की धनराशि से कम नही होगी। जहॉ अर्हकारी सेवा 33 वर्ष से कम है वहॉ यह धनराशि आनुपातिक रूप से कम कर दी जाएगी, किन्तु किसी भी दशा में यह रू0 3500/-प्रतिमाह से कम नहीं होगी । इसी प्रकार पारिवारिक पेंशन की धनराशि संबंधित सरकारी सेवक के दिनांक 1-1-2006 के पूर्व सेवानिवृत्त समस्त पेंशनरों की पेंशन/पारिवारिक पेशन का उपर्युक्तानुसार पुनरीक्षण भी कोषागार स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा भले ही पेंशन/पारिवारिक पेंशन स्वीकृता अधिकारी कोई हो।

3) पेंशन/पारिवारिक पेंशन पुनरीक्षण हेतु पेंशनर से संबंधित विवरण संलग्न प्रारूप-1 पर भर कर उसे प्रमाणित करते हुए संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा संबंधित कोषागार को प्रेषित किया जाएगा । संबंधित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष का उत्तरदायित्व होगा कि समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के उक्त विवरण दिनांक 31 दिसम्बर,2009तक प्रत्येक दशा में कोषागार को प्रेषित कर दिया जाय।

4) कोषागार स्तर पर सूचना प्राप्त होने पर पेंशन पुनरीक्षण की कार्यवाही कोषागार द्वारा की जाएगी। पुनरीक्षित पेंशन से संबंधित विवरण संलग्न प्रारूप-2 पर पेंशनर को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाएगी।
पुनरीक्षित पेंशन की एक प्रति पेंशन स्वीकृत अधिकारी को भी अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाएगी । पेंशन स्वीकृत अधिकार उक्त सूचना के आधार पर अपने अभिलेख को अद्यावधिक कर लेगें।

5) 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के अतिरिक्त पेंशन भुगतान किये जाने की कार्यवाही भी कोषाधिकारी स्तर पर की जायेगी। पेंशनरों की भांति पारिवारिक पेंशनरों को शासनादेश के अनुसार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त पेंशनर की जन्म तिथि के संबंध में पेंशनरों की भांति पारिवारिक पेंशनरों को शासनादेश के अनुसार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर लेने पर अतिरिक्त पेंशन की सुविधा अनुमन्य है। सामान्यतया पारिवारिक पेंशनर की जन्मतिथि पेंशन अभिलेखों में अंकित नही है अतएव समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों द्वारा पारिवारिक पेंशनर की जन्मतिथि के संबंध में अपने विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा । विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष कार्यालय में अनुरक्षित अभिलेखो से इसका परीक्षण करेगें। कार्यालय अभिलेख यथा सामान्य भविष्य निर्वाह निधि या अन्य प्रयोजन हेतु भरे गये नामांकन प्रपत्र अथवा पेंशन प्रपत्र में पेंशनर/पारिवारिक

पेंशनर की आयु से संबंधित कोई विवरण उपलब्ध मिलता है तो उसे ही वे मान्यता प्रदान की जाएगी और तद्नुसार कोषागार को उपलब्ध करायेगें। मात्र आयु का उल्लेख होने पर (जन्मतिथि का उल्लेख न होने की दशा में) उस वर्ष की 1 जुलाई को एक वर्ष माना जाएगा, उपर्युक्त अभिलेखों में आयु का उल्लेख न होने पर पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथि हेतु हाईस्कूल प्रमाण–पत्र और यदि हाईस्कूल का प्रमाण पत्र उपलब्ध न हो तो ऐसे पेंशनर/पारिवारिक पेशनरों की जन्मतिथि हेतु ड्राईविंग लाईसेंस/ पैनकार्ड/निर्वाचन पहचान पत्र में अंकित जन्म तिथि यदि कोई हो, को मान्यता दी जाएगी यदि किसी पारिवारिक पेंशनर के पास उपरोक्त मे से कोई भी साक्ष्य या प्रमाण नही है तो ऐसी स्थिति में पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के उक्त आशय का अलग से प्रमाण दिया जायेगा और ऐसे पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथि हेतु सी0एम0ओ0 द्वारा दिया गया आयु प्रमाण–पत्र मान्य होगा। पेंशन प्रपत्रों में पूर्व से ही पारिवारिक पेंशनर की जन्मतिथि पेंशनर की आयु से अधिक अंकित होने पर उसे भी मान्यता प्रदान की जाएगी अन्यथा की स्थिति में पारिवारिक पेंशनर की आयु पेंशनर की आयु से अधिक अवगत कराये जाने पर पेंशनर की आयु को ही पारिवारिक पेंशनर की आयु माना जाएगा।

6) शासनादेश संख्या27/xxvii(7)(स्प0–1)/2009 दिनांक13 फरवरी,2009 द्वारा दिनांक 31–8–2008 तक के समयमान वेतनमान पर भी ग्रेड पे की अनुमन्यता की गयी है अतः दिनांक 31–8–2008 तक अनुमन्य समयमान वेतनमान/प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरणों में भी वेतनमान(पे बैण्ड का न्यूनतम एवं ग्रेड पे जोड़कर) के अर्हकारी सेवापूर्ण होने /33 वर्ष पर पेंशन का न्यूनतम 50 प्रतिशत या तद्नुसार अनुमन्य पारिवारिक पेंशन का लाभ अनुमन्य कराया गया है। इसके अनुसार दिनांक 1–1–1996 से सभी पेंशन भोगियों के मामले में पेशन का पुनरीक्षण सेवानिवृत्ति के समय 'धारित पद' के स्थान पर **'धारित' वेतनमान** के अनुसार किया जाएगा।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

(आलोक कुमार जैन)
प्रमुख सचिव(वित्त)।

संख्या-506(1)/XXVII(7)/2009 तददिनॉक

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,उत्तराखण्ड शासन
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयध्यक्ष,उत्तराखण्ड ।
4. सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, नैनीताल, देहरादून।
7. स्थानीय आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
8. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडीटर उत्तराखण्ड
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड, ।
11. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
12 इरला चैक अनुभाग उत्तराखण्ड,, देहरादून।
13. निदेशक, एन0 आई0 सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
14. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से

(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव।

शासनादेश संख्या–305 / XXVII(7) / 2009 दिनांक 08–10–2009

प्रारूप

सेवा में,

मुख्य / वरिष्ठ कोषाधिकारी.

विषयः– शासनादेश के अनुसार दिनांक 01–01–2006 से पेंशन / पारिवारिक पेंशन संशोधित करने का कष्ट करें। अपेक्षित ब्यौरे नीचे दिये हैं –

1– सरकारी कर्मचारी / पेंशन भोगी का नाम–

2– सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति / मृत्यु की तारीख–

3– तारीख जिससे पेंशन / पारिवारिक पेंशन आहरित की जा रही हो–

4– पेंशन भुगतानादेश संख्या–

5– पेंशनभोगी / दिवंगत सरकारी कर्मचारी के अन्तिम कार्यालय / विभाग का नाम तथा उसके द्वारा धारित पद–

6– पेंशन भुगतानादेश जारी करने वाले प्राधिकारी का पदनाम–

7– पेंशन संवितरण प्राधिकारी का पदनाम (बचत खाता संख्या जहां लागू हो)–

8– अन्तिम धारित पद का वेतनमान तथा अन्तिम आहरित वेतन–

9– सेवानिवृत्ति / मृत्यु के समय के पद के वेतनमान का दिनांक 01–01–2006 से पुनरीक्षित पे–बैण्ड एवं ग्रेड पे–

10– कर्मचारी की अर्हकारी सेवा अवधि–

11– पेंशनर श्री / श्रीमती ..... की जन्मतिथि ..... है। पारिवारिक पेंशनर श्री / श्रीमती / कु० ..... की जन्मतिथि ..... है।

दिनांक :

हस्ताक्षर

विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष
पदनाम मुहर सहित।

संलग्नक – 2

शासनादेश संख्या–सा–3–1515/दस–2008–303/97, दिनांक 08–12–2008 एवं शासनादेश संख्या–सा–3–1520/दस–2008–101(24)/2008, दिनांक 11–12–2008 के अन्तर्गत दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित पेंशन प्राधिकार पत्र :–

कोषागार का नाम .....

1– पेंशनर का नाम .....

2– कार्यालय का नाम .....

3– पेंशन का प्रकार .....

4– पेंशनर की जन्म तिथि .....

5– (1) सेवा प्रारम्भ करने की तिथि .....
(2) सेवानिवृत्ति/मृत्यु की तिथि
(3) अर्ह सेवा अवधि ..... वर्ष ..... माह ..... दिन .....

6– (1) 01–01–1996 को अनुमन्य वेतनमान–
(2) 01–01–2006 को सगवक्ष पे बैण्ड एवं ग्रेड पे – .....

7– (1) – पेंशन आगणन

(1) 01–01–2006 को वर्तमान पेंशन– रु0 .....
(2) वर्तमान पेंशन के आधार पर समेकित पेंशन रु0 .....
(3) वेतन का न्यूनतम पे बैण्ड व ग्रेड पे के आधार पर आगणित पेंशन रु0 .....
(4) वह पेंशन जो उपरोक्त में से लाभप्रद हो रु0 .....
(5) राशिकरण भाग को कम करते हुए शुद्ध देय पेंशन रु0 .....

(2)– पारिवारिक पेंशन

(1) पारिवारिक पेंशनर का नाम– .....
(2) पारिवारिक पेंशनर की जन्म तिथि – .....
(3) 01–01–2006 को वर्तमान पारिवारिक पेंशन रु0 .....
(4) वर्तमान पारिवारिक पेंशन के आधार पर समेकित पेंशन रु0 .....
(5) पे बैण्ड के न्यूनतम व ग्रेड पे के आधार पर आंगणन पारिवारिक पेंशन रु0 .....
(6) बढ़ी हुई दर पर पारिवारिक पेंशन रु0 .....
(7) साधारण दर पर अनुमन्य पारिवारिक पेंशन रु0 .....
* (क्रमांक– 4 व 5 में से जो लाभप्रद हो)

(3)– अतिरिक्त पेंशन/पारिवारिक पेंशन

(1) 80 वर्ष से अधिक किन्तु 85 वर्ष से कम आयु मूल पेंशन/पारि0 पेंशन का 20%
(2) 85 वर्ष से अधिक किन्तु 90 वर्ष से कम आयु मूल पेंशन/पारि0 पेंशन का 30%
(3) 90 वर्ष से अधिक किन्तु 95 वर्ष से कम आयु मूल पेंशन/पारि0 पेंशन का 40%
(4) 95 वर्ष से अधिक किन्तु 100 वर्ष से कम आयु मूल पेंशन/पारि0 पेंशन का 50%
(5) 100 वर्ष अथवा अधिक आयु – मूल पेंशन/पारि0 पेंशन का 100%

लेखाकार सा0कोषाधिकारी कोषाधिकारी

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– पेंशन स्वीकृत अधिकारी .....
2– पेंशन श्री/श्रीमती .....

(35)

प्रेषक,

राधा रतूड़ी
सचिव,वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

संख्या 310/xxvii(7)म.भ./2009

सेवा में,

1–अपर मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शसन।
2–सचिव, शिक्षा,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7

देहरादून,दिनांक 15 अक्टूबर, 2009

विषयः– राज्य के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 60 वर्ष की अधिवर्षता पर सेवानिवृत्ति होने पर समान रूप से सेवानैवृत्तिक लाभों की अनुमन्यता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या:220/xxvii(3)अ0आ0/2005 दिनांक 18 जून, 2005 के क्रम में निदेशक, विधालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, उत्तराखण्ड के पत्रांक अर्थ 5(क)8/1588/ग्रैच्युटी/2007–08 दिनांक 15 अप्रैल,2008 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के लिए 60 वर्ष की अधिवर्षता की आयु पर आनुतोषिक सहित सेवानैवृत्तिक लाभ दिये जाने के दृष्टिगत राज्य के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के शासन द्वारा सृजित पदों पर तात्कालिक प्रभाव से 60 वर्ष की आयु पर अधिवर्षता पर अधिवर्षता की आयु पूरा होने पर 58 वर्ष एवं 60 वर्ष के अलग–अलग सेवानिवृत्ति लाभ के स्थान पर 60 वर्ष की आयु पर आनुतोषिक सहित सेवानैवृत्तिक लाभ दिये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2.उक्ताहनुसार एक मानक सिद्धान्त होने पर संस्थाओं में 60 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्ति पर ग्रैच्युटी न दिये जाने का अन्तर स्वतः समाप्त हो जायेगा तथा किसी भी प्रकार के विकल्प दिये जाने की आवश्यकता नही होगी।

3.ग्रैच्युटी का लाभ अंशदायी भविष्य निधि खाते के विकल्पधारी उन्हीं शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अनुमन्य होगा जो अपने अंशदायी भविष्य निधि खाते में राज्य सरकार के अंशदान के रूप में जमा समस्त धनराशि, उस पर अर्जित एवं संकलित ब्याज की समस्त धनराशि तथा अपने अंशदान की समस्त धनराशि एवं उस पर अर्जित एवं संकलित ब्याज की समस्त धनराशि राजकोष में इस शासनादेश की तिथि से 90 दिनों के अन्दर एक मुश्त जमा कर देंगे।

4.60 वर्ष की आयु पूरान करने पर अधिवर्षता की तिथि पर ही समस्त सेवानिवृत्तिक लाभ अनुमन्य कराया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी प्रकार का सेवा विस्तार नहीं दिया

जायेगा। जिन शिक्षकों से सत्रांश तक कार्य लिया जाना आवश्यक हो, ऐसे प्रकरणों में पुर्ननियुक्ति की कार्यवाही पूर्व से स्थापित मानकों के अधीन की जाएगी, तथा अधिवर्षता आयु के बाद सिविल सर्विस रेगुलेशन के प्रस्तर–520 के अनुसार वेतन में पेंशन की धनराशि घटा कर वेतन निर्धारण किया जायेगा तथा मंहगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत में से मात्र एक ही लाभ अनुमन्य होगा।

5.उक्त व्यवस्था लागू किये जाने के फलस्वरूप माध्यमिक शिक्षा अधिनियम/नियम आदि में उपरोक्त विषयक यथावांछित संशोधन किया जाना प्रशासनिक विभाग का दायित्व होगा।

6. यह आदेश वि0वि0 के शासनादेश सं0220/xxvii(3)अ.आ./2005 दिनांक 18 जून,2005 के प्रभावी होने की तिथि के अनुसार दिनांक 18,जून 2005 से ही लागू होगा।

भवदीया,

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

संख्या 310/xxvii(7)म.भ./2009 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित :–

1. महालेखाकार,ओबराय भवन,माजरा,देहरादून।
2. समस्त कोषाधिकारी,उत्तराखण्ड,देहरादून।
3. वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (वेतन अनुसंधान एकक),भारत सरकार,वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग),कमरा नं–261,नार्थ ब्लाक,नई दिल्ली–110001।
4. निदेशक,कोशागार एवं वित्त सेवाएं,उत्तराखण्ड,देहरादून।
5. निदेशक,विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. निदेशक,एन0आई0सी0,उत्तराखण्ड,देहरादून।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0- सा0नि0) अनुभाग-7
संख्याः 420/XXVII(7)/2010
दिनांक 14 फरवरी 2010

स्पष्टीकरण

विषयः- छटवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार के द्वारा लिये गये निर्णयों के क्रम में वेतन समिति,उत्तराखण्ड(2008) की संस्तुतियो को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 01.01.06 के पूर्व एवं 1.1.2006 को अथवा इसके पश्चात् सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को पेंशन/ग्रेच्यूटी/पारिवारिक पेंशन का स्पष्टीकरण।

भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः फा.सं.38/37/08-पी.एड.पी.डब्ल्यू.(ए) भाग-1 दिनांक 3 अक्टूबर 2008 के क्रम में निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्याः 419/XXVII(7)/2008, दिनांक 27 अक्टूबर 2008, संख्याः 421/XXVII(7)पेंशन/2008, दिनांक 27अक्टूबर,2008 एवं तत्क्रम में निर्गत स्पष्टीकरण संख्याः 221/XXVII(7)/2008, दिनांक 08 अक्टूबर 2008 एवं संख्याः 305/XXVII(7)/2008, दिनांक 08 अक्टूबर,2008 के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है किः-

1- कार्यालय ज्ञाप संख्याः 419/XXVII(7)/2008, दिनांक 27 अक्टूबर 2008 के प्रस्तर 6(3) तथा इस संबंध में निर्गत किये गये स्पष्टीकरण के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 221/XXVII(7)पेंशन/2008, दिनांक 08 अक्टूबर 2008, के प्रस्तर-1 के बिन्दु संख्या-6 के संबंध मे स्पष्ट किया जाता है कि अंतिम अहारित वेतन के 50 प्रतिशत अथवा अंतिम 10 माह में अहारित वेतन के औसत के 50 प्रतिशत, जो भी अधिक लाभप्रद हो, पेंशन अनुमन्य होगी। यह व्यवस्था उन कार्मिकों पर लागू होगी जो दिनांक 1.1.2006 से दिनांक 26.10.2008 के मध्य 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत होगें। जो कार्मिक 1.1.2006 से 26.10.2008 के मध्य सेवानिवृत हुए हों, परन्तु 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण नही करते हैं उन्हें पेंशन के पूर्व नियमों के अधीन उनकी सेवाअवधि के आधार पर अनुपातिक दर से पेंशन अनुमन्य होगी।

2- 80 वर्ष एवं उससे अधिक वर्ष के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को अनुमन्य अतिरिक्त पेंशन के संबंध में भारत सरकार के स्पष्टीकरण संख्याः फा.सं.38/37/08-पी.एड.पी.डब्ल्यू.(ए) भाग-1 दिनांक 3 अक्टूबर 2008, द्वारा अतिरिक्त पेंशन का लाभ शासनादेश निर्गत होने की तिथि से अनुमन्य किया गया है। तदनुसार राज्य सरकार के दिनांक 1.1.2006 से पूर्व के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन पुनरीक्षण के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 421/XXVII(7)पेंशन/2008, दिनांक 27अक्टूबर 2008, के प्रस्तर-6 में अतिरिक्त पेंशन का लाभ शासनादेश संख्याः 421/XXVII(7)पेंशन/2008, दिनांक 27अक्टूबर 2008, के निर्गत होने की तिथि से अनुमन्य होगा।

3- कार्यालय ज्ञाप संख्या -305/XXVII(7)/2009, दिनांक 8.10.2009 के साथ संलग्न प्रारूप-1 के बिन्दु संख्या-5 में **"धारित पद"** के स्थान पर **"धारित वेतनमान"** एवं संलग्न प्रारूप-2 के शीर्ष पर इंगित शासनादेश संख्या-सा-3-1515/दस-08-308/97, दिनांक 08-12-2008 एवं संख्या-सा-3-1515/दस-08-308/97, दिनांक 11-12-2008 के स्थान पर कार्यालय ज्ञाप संख्या-419/XXVII(7)/2009, दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 एवं संख्या-421/XXVII(7)पेंशन/2009, दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 एवं उक्त प्रारूप के क्रमांक (7) (3) (1) में अतिरिक्त पेंशन/पारिवारिक पेंशन **"80 वर्ष से अधिक किन्तु 85 वर्ष"** से कम के स्थान पर **"80 वर्ष किन्तु 85"** वर्ष से कम पढ़ा जाए।

4- उक्त निर्गत किये जा रहे स्पष्टीकरण के फलस्वरूप यदि किन्हीं मामलों में उक्त व्यवस्था से इतर पेंशन आदि आगणित की गई है तब उसे उक्तानुसार संशोधित कर भुगतान की कार्यवाही की जाए।

(आलोक कुमार जैन)
प्रमुख सचिव,वित्त ।

संख्या: 420(1)/XXVII(7)/2010 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार उत्तराखण्ड,देहरादून ।
2. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तराखण्ड शासन ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड ।
4. सचिव,मा0राज्यपाल, उत्तराखण्ड,देहरादून ।
5. सचिव,विधान सभा, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
6. रजिस्ट्रार जनरल,उच्च न्यायालय,नैनीताल / देहरादून ।
7. स्थानीय आयुक्त,उत्तराखण्ड, नई दिल्ली ।
8. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडिट,उत्तराखण्ड,23-लक्ष्मीरोड,डालनवाला,देहरादून ।
9. निदेशक,लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड,23-लक्ष्मीरोड,डालनवाला,देहरादून
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड ।
11. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
12. इरला चैक अनुभाग,उत्तराखण्ड देहरादून ।
13. निदेशक,एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून ।
14. गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,
(शरद चन्द्र पाण्डेय)
अपर सचिव।

O/D 13/4

संख्या : - /XXIV(6)/2010

प्रेषक: 4968

पत्र प्राप्ति का क्रमांक-
पत्र प्राप्ति का दिनांक 13-4-10 **राधिका झा,**
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में

उपनिदेशक / श्री चेयर लि0

8/0 निदेशक,
सेवा एवं हकदारी
उत्तरांचल, देहरादून

1– **कुलपति,**
कुमांऊ विश्वविद्यालय, **नैनीताल**/उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, **हल्द्वानी**/दून विश्वविद्यालय, **देहरादून** तथा हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय, (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) **श्रीनगर गढ़वाल** ।

2–**निदेशक,**
उच्च शिक्षा, हल्द्वानी जिला नैनीताल ।

शिक्षा अनुभाग–6 देहरादून दिनांकः 9 अप्रैल, 2010

विषयः– विश्वविद्यालय सेवा में दिनांक 01–01–2006 से पूर्व एवं बाद में सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षित किए जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या : 138/xxiv(6)/2009 दिनांक 11, नवम्बर–2009 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालयों तथा हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने से पूर्व अर्थात 14,जनवरी–2009 तक) तथा राजकीय महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों के पूर्णकालिक यू0जी0सी0 वेतनधारी शैक्षिक तथा अन्य समकक्ष पदधारक के पेंशनरों को पूर्व से ही राज्य सरकार के समान पेंशन अनुमन्य है। अतः राज्य सरकार के दिनांक 01.01.2006 के बाद एवं पूर्व सेवा निवृत्त पेंशनरों हेतु क्रमशः जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या–419/XXVII(7)/2008 दिनांक 27,अक्टूबर 2008, संख्याः 421/XXVII(7)/पेंशन /2008 दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 एवं उक्त कार्यालय ज्ञापों में समय–समय पर निर्गत संशोधनों के अनुसार विश्वविद्यालय के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के लिये भी नियमानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

2– उक्त पेंशन पुनरीक्षित के फलस्वरूप दिनांक 01.01.2006 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों को मंहगाई राहत, राज्य सरकार के कर्मचारियों के समान अनुमन्य कार्यालय ज्ञाप सं0 – 420/XXVII(7)/2008 दिनांकः17 अक्टूबर, 2008 एवं समय–समय पर पुनरीक्षित की गयी दरों के अनुसार अनुमन्य होंगें और उपरोक्त शासनादेश दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 में इंगित तिथियों के प्रस्तर–2 में उल्लिखित कार्यालय ज्ञापों द्वारा अनुमन्य महंगाई राहत का समायोजन करने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा ।

3– उक्त पेंशन के पुनरीक्षण के फलस्वरूप एरियर का भुगतान वित्तीय वर्ष 2010–11, 2011–12 तथा 2012–13 में क्रमशः 40:30:30 प्रतिशत के अनुसार किया जायेगा और एरियर भुगतान हेतु अन्य व्यवस्थायें इस विषय में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार ही की जायेंगी ।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या : 2315/xxvii (7)/ 2010 दिनांक 01, अप्रेल–2010 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे है।

भवदीया

(राधिका झा)
अपर सचिव

संख्याः– 55 /XXIV(6)/2010 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय बिल्डिंग, माजरा, देहरादून ।
2. उपसचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को उनके पत्र संख्याः : 1–32/2006–यू–II/यू–I (i) दिनांक 31,दिसम्बर 2008 के संदर्भ में सूचनार्थ ।
3. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली ।
4. अपर सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड ।
5. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा, उत्तराखण्ड लक्ष्मी रोड, देहरादून ।
6. निदेशक, पेंशन एवं हकदारी, पेंशन निदेशालय,उत्तराखण्ड, देहरादून ।
7. वित्त अनुभाग–3 एवं 7 उत्तराखण्ड शासन ।
8. उच्च शिक्षा अनुभाग–7 उत्तराखण्ड शासन ।
9. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन ।
10. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून ।
11. उपनिदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को 200 प्रतियॉ प्रकाशनार्थ ।
12. सम्बन्धित् जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड ।
13. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(बेदी राम) 05.04.2010
अनु सचिव

उत्तराखण्ड शासन
शिक्षा अनुभाग–1 (बेसिक शिक्षा)
संख्या–284/XXIV(1)/2010–22/2009
देहरादूनः दिनांक 22 अप्रैल, 2010

कार्यालय–ज्ञाप

विषयः– छठें केन्द्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के क्रम में केन्द्र सरकार की भांति 01.01.2006 के पूर्व के बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों/कर्मचारियों के पेंशनर/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण किया जाना।

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय छठें केन्द्रीय वेतनमान के क्रम में वेतन समिति (उत्तराखण्ड 2008) के प्रथम प्रतिवेदन की संस्तुतियों के क्रम में निर्गत संकल्प संख्या–394/XXVii(7)/2008, दिनांक 17.10.2008 के अधीन दिनांक 01.01.2006 से पूर्व के बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों के सेवानिवृत्त पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को दिनांक 31.12.2005 को अनुमन्य मूल पेंशन में 50% महंगाई पेंशन जोड़कर उस पर 24% महंगाई राहत की अनुमन्यता के बाद 40% अधिभार देते हुए संलग्नक के कालम–3 में दिये गये फिटमेन्ट तालिका के अनुसार दिनांक 01.01.2006 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन पुनरीक्षित की जाये।

2. दिनांक 01.04.2004 या उसके बाद जिन प्रकरणों में पेंशन का निर्धारण महंगाई भत्ता जोडकर किया गया हो ऐसे प्रकरणों में मंहगाई पेंशन की धनराशि जोड़ी नही जायेगी।

3. पेंशन का निर्धारण इस प्रकार किया जाये कि दिनांक 01.01.2006 से लागू वेतनमान में वेतनबैण्ड के न्यूनतम तथा वेतन पुनरीक्षित होने के ठीक पूर्व जिस पद पर कर्मचारी ने कार्य किया हो, अनुमन्य ग्रेड पे को जोड़कर न्यूनतम 50% से कम पेंशन निर्धारित न हो, अर्थात 01.01.2006 के पूर्व के पद के वेतनमान को दिनांक 01.01.2006 के समतुल्य बेण्ड पे के न्यूनतम तथा ग्रेड पे का 50% पद का न्यूनतम पेंशन अर्ह होगी, परन्तु ऐसे प्रकरणों में अर्ह सेवा का अनुपात आंगणित करना आवश्यक होगा।

4. दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित पेंशन की समेकित धनराशि में से पूर्व से राशिकरण की धनराशि घटाने के बाद भुगतान किया जाये तथा मंहगाई राहत मूल पेंशन पर देय होगी।

5. दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित पेंशन किये जाने के फलस्वरूप पेंशन की अधिकतम धनराशि रू0 40000/– तथा सामान्य स्थिति में पारिवारिक पेंशन रू0 24000 तक की अनुमन्यता होगी।

6. जिन पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की आयु 80 वर्ष या उससे अधिक हो गई है उन्हें निम्नलिखित तालिका के अनुसार अतिरिक्त पेंशन अनुमन्य होगी जिस पर मंहगाई राहत भी देय होगी:–

पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की आयु	मूल पेंशन के अतिरिक्त अनुमन्य पेंशन
80 वर्ष से 85 वर्ष से कम तक	पुनरीक्षित पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 20%
85 वर्ष से 90 वर्ष से कम तक	,, ,, 30%
90 वर्ष से 95 वर्ष से कम तक	,, ,, 40%
95 वर्ष से 100 वर्ष से कम तक	,, ,, 50%
100 या अधिक	,, ,, 100%

7. दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स हेतु मंहगाई राहत राज्य सरकार के सिविल/पारिवारिक पेंशनर्स आदि के विषय में निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या–420/XXVII(7)मं.रा./2008, दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 के अनुसार दिनांक 01.01.2006 से मंहगाई राहत जो कि पूर्व में भुगतान की गयी मंहगाई राहत की धनराशि को समायोजित करने के बाद भुगतान की जायेगी।

8. दिनांक 01.01.2006 के पूर्व पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की न्यूनतम धनराशि रू0 1275 को पुनरीक्षित कर रू0 3500/– किया जाये परन्तु ऐसे पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स जिन्हें एक से अधिक पेंशन अनुमन्य है, के प्रकरण में न्यूनतम पेंशन निर्धारण हेतु सभी अनुमन्य पेंशन की धनराशि को संज्ञान में लिया जाये।

9. जो पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स पुनर्नियुक्ति पर हो तथा उनकी मंहगाई राहत स्थगित हो तो ऐसे प्रकरण में दिनांक 01.01.2006 को पेंशन निर्धारण करते समय नोशनल मंहगाई राहत के आधार पर पेंशन का निर्धारण किया जाये। परन्तु दिनांक 01.01.2006 के बाद ऐसे पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को मंहगाई राहत पूर्व की भाँति पुनर्नियुक्ति की अवधि में स्थगित रखा जाय।

10. उपरोक्त पुनरीक्षित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशन का लाभ तत्काल प्राप्त हो जाये, के लिए सम्बन्धित संवितरण अधिकारी द्वारा समयबद्ध कार्यवाही की जाय।

11. संबंधित संवितरण अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि यदि किन्ही कारणों से किसी पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग के क्रम में राज्य सरकार के निर्देशानुसार नहीं किया गया हो, तब प्रथमतः वरियता के क्रम में नियमों के अधीन दिनांक 01.01.1996 से पेंशन/पारिवारिक पेंशन को पुनरीक्षित करें, उसके बाद छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के क्रम में केन्द्र सरकार में लागू संशोधित पेंशन तथा तत्क्रम में राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार पेंशन पुनरीक्षित की जाये। दिनांक 01.01.2006 या उसके बाद सेवा निवृत्त/दिवंगत/सेवा छोड़ने वाले कर्मचारियों हेतु पेंशन का निर्धारण शासनादेश संख्या–284/XXIV(1)/2010–22/2009, दिनांक 23 अप्रैल, 2010 के अनुसार किया जाये।

12. उक्त के अलावा राज्य सरकार के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स हेतु समय–समय पर उक्त व्यवस्थाओं हेतु निर्गत स्पष्टीकरण की उक्त व्यवस्थाओं भी परिषदीय पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स पर लागू होगी।

13. दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर आगणित पेंशन की 31.03.2010 तक की देयता का 40 प्रतिशत 2010–11, 30 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2011–12 में तथा शेष 30 प्रतिशत का भुगतान वित्तीय वर्ष 2012–13 में नकद

उत्तराखण्ड शासन
शिक्षा अनुभाग–1 (बेसिक शिक्षा)
संख्या–563/XXIV(1)/2010–22/2009
देहरादूनः दिनांकः 22 अप्रैल, 2010

कार्यालय–ज्ञाप

विषयः– **छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार के द्वारा लिए गये निर्णयों के क्रम में वेतन समिति, 1 उत्तराखण्ड (2008) की संस्तुतियॉ को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों के दिनांक 01.01.2006 से दिनांक 21.04.2006 तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों/कर्मचारियों को पेंशन/पारिवारिक पेंशन का अभिनवीकरण/पुनरीक्षण।**

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2008) के प्रथम प्रतिवेदन में पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन तथा पेंशन राशिकरण के संबंध में की गयी संस्तुतियों को संकल्प संख्या –394/XXVii(7)/2008 दिनांक 17.10.2008 द्वारा स्वीकार करते हुए उक्त से संबंधित अन्य प्रक्रियाओं को यथावत रखते हुए राज्य सरकार के सिविल पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन/पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन/पारिवारिक पेंशन एवं पेंशन राशिकरण के नियमों एवं दरों के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों/कर्मचारियों के पेंशन/पारिवारिक पेंशन को निम्न प्रकार संशोधित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है। यह आदेश दिनांक 01.01.2006 से प्रभावी समझे जायेंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पेंशन का पुर्ननिर्धारण/समायोजन किया जाएगा।

2. यह आदेश बेसिक शिक्षा परिषद् के सभी सिविल पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों पर (शासनादेश संख्या–520/XXIV(1)/2006–26/2006, दिनांक 24.04.2006) लागू समझे जायेंगे। यह आदेश अशक्तता पेंशन तथा असाधारण पेंशन नियमावली (गैर सरकारी व्यक्तियों की असाधारण पेंशन को छोड़कर) के अन्तर्गत पेंशन पाने वाले पेंशनरों पर भी लागू समझे जायेंगे।

3. इस आदेश के अधीन की जा रही व्यवस्थायें उन बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों के कर्मचारियों पर लागू होगी जो दिनांक 01.01.2006 को अथवा सेवा में रहते हुए दिवंगत हुए है।

(2) जिन बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित सेवकों के मामले में दिनांक 01.01.2006 को अथवा दिनांक 01.01.2006 से दिनांक 21.04.2006 तक अर्थात परिषदीय सेवाओं के राजकीयकरण से पूर्व के तिथि तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों/कर्मचारियों को पेंशन/पारिवारिक पेंशन/मृत्यु एवं सेवानिवृत्तक ग्रैच्यूटी का निर्धारण/भुगतान किया जा चुका है, का पुनरीक्षण, इस आदेश में निहित प्रक्रिया के अधीन किया जाएगा। यदि इस आदेश में निहित व्यवस्था के अधीन

पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण पेंशनर्स के लिए लाभप्रद न हो, तो उन प्रकरणों में ऐसा पुनरीक्षण नहीं किया जायेगा।

4 परिलब्धियॉ–

पेंशन एवं अन्य सेवानैवृत्तिक लाभों की गणना हेतु परिलब्धियों से तात्पर्य उस वेतन से है, जैसा कि वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–2, भाग–2–4 के मूल नियम 9(21) (1) में परिभाषित है और जिसे कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि के ठीक पूर्व अथवा मृत्यु की तिथि को प्राप्त कर रहा था।

(2) वेतन– वेतन का आशय वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2008) के प्रथम प्रतिवेदन में की गई संस्तुतियों के अनुक्रम में राजकीय कर्मचारियों के दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित किये गये वेतनमान विषयक शासनादेश संख्या–395/xxvii(7)/2008, दिनांक 17.10.2008 के प्रस्तर–5 के अनुसार निर्धारित वेतन बैंड में अनुमन्य वेतन तथा लागू ग्रेड–वेतन का योग होगा, जिसमें विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन एवं अनुमन्य अन्य प्रकार का वेतन सम्मिलित नही होगा।

(3) सेवानिवृत्तक/देय कम ग्रैच्यूटी की गणना हेतु नसेवानिवृत्तक ग्रैच्यूटी की गणना हेतु सेवानिवृत्त/मृत्यु की तिथि के अनुमन्य मंहगाई भत्ते को सम्मिलित किया जायेगा।

5. पेंशन–पेंशन की गणना पूर्व की भांति औसत परिलब्धियों के 50 प्रतिशत के आधार पर की जाएगी, परन्तु न्यूनतम पेंशन की धनराशि रू0 3500 प्रतिमाह तथा अधिकतम धनराशि परिषद् के अधिकतम वेतन के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। बेसिक शिक्षा परिषद् की पेंशन की दरों के संबंध में पूर्व में की गई व्यवस्था उक्तानुसार संशोधित समझी जाएगी।

यदि कोई सेवक एक से अधिक पेंशन प्राप्त कर रहा है, तो समस्त पेंशन की धनराशि जोड़कर न्यूनतम रू0 3500/– से कम न हो, का आगणन किया जाय तब न्यूनतम पेंशन रू0 3500/–निर्धारित की जायेगी।

6. पेंशन की अनुमन्यता हेतु अर्हकारी सेवा–

(1) 10 वर्ष से कम की अर्हकारी सेवा होने पर पेंशन अनुमन्य नहीं होगी तथा ऐसी स्थिति में पूर्व की भांति केवल सर्विस ग्रैच्युटी अनुमन्य होगी।

(2) पूर्ण पेंशन हेतु 33 वर्ष की परिषदीय सेवा की अर्हता को घटाकर अब 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन तात्कालिक प्रभाव से अनुमन्य होगी।

(3) 20 वर्ष या इससे अधिक की सेवा पर अंतिम माह में आहरित वेतन या 10 माह की औसत परिलब्धियॉ जो भी कर्मचारी को लाभकारी हो, के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन अनुमन्य होगी। जिन सरकारी सेवकों ने पुनरीक्षित वेतनमान को वरण करने का विकल्प दिया है, उनके लिए भी उक्त व्यवस्था समान रूप से लागू होगी।

(4) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर, सेवानिवृत्ति हेतु अवशेष सेवा अथवा अधिकतम पांच वर्ष जो भी कम हो, की सेवा जोड़ने की व्यवस्था अब समाप्त की जा

रही है। वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–2 के भाग 2–4 के मूल नियम–56 में आवश्यक संशोधन यथासमय कर दिया जायेगा।

(5) 10 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण होने पर ही अर्ह सेवा 20 वर्ष के औसत में पेंशन का आगणन किया जाय।

7. पारिवारिक पेंशन–

पारिवारिक पेंशन की गणना अन्तिम आहरित वेतन के 30 प्रतिशत की दर पर सामान्य रूप से की जायेगी। पारिवारिक पेंशन की न्यूनतम धनराशि रू0 3500 प्रतिमाह होगी तथा अधिकतम धनराशि परिषद के अधिकतम वेतन के 30 प्रतिशत तक सीमित होगी। इस सन्दर्भ में पारिवारिक पेंशन की दरों से संबंधित व्यवस्था दिनांक 01.01.2006 से तदनुसार संशोधित समझी जायेगी। दिवंगत हुये परिषदीय सेवक के प्रकरण में अन्य प्रक्रियाओं को यथावत रखते हुए बढी दर पर पारिवारिक पेंशन, अब 7 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष पर अनुमन्य होगी। उक्त व्यवस्था शासनादेश निर्गत किये जाने की तिथि से लागू होगी।

(2) पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता हेतु "परिवार" को परिभाषा पूर्ववत निम्नलिखित होगी:–

(क) दिनांक 01.01.2006 के पूर्व की व्यवस्था के अधीन परिवार की परिभाषा निम्न प्रकार निर्धारित है–

(1) पत्नी/पति

(2) मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम के पुत्र को इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि वह जीविकोपार्जन करने लगे तो जीविकोपार्जन की तिथि अथवा 25 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।

(3) मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम की अविवाहित पुत्री को इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि वह जीविकोपार्जन करने लगे या उसका विवाह हो जाए अथवा 25 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो। उपरोक्त सन्तानों में सौतेली तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व विधिवत गोद ली गयी सन्तानों भी सम्मिलित है।

विकलांग तथा मानसिक रूप से विक्षिप्त सन्तानों पर आयु का बन्धन नहीं है तथा संबंधित आदेश के प्रतिबन्धों के अधीन पारिवारिक पेंशन पाने के पात्र होंगे। दिनांक 01.01.2006 से विधवा एवं तलाकशुदा पुत्री को भी पारिवारिक पेंशन पाने के पात्र होंगे। दिनांक 01.01.2006 से यह भी व्यवस्था की जाती है कि यदि स्वर्गीय परिषदीय सेवक के परिवार में उसकी पत्नी तथा उपर्युक्त वर्णित श्रेणी की पात्र सन्तान नहीं है, तो उसके माता/पिता जो उस पर पूर्ण रूप से आश्रित थे, को उसके परिवार में सम्मिलित समझा जाएगा। पूर्णतया आश्रित होने पर जीविकोपार्जन से संबंधित मासिक आय के संबंध में स्पष्टीकरण अलग से जारी किया जाएगा और तब तक पूर्व मासिक आय की व्यवस्था यथावत लागू रहेगी।

8. पेंशन के एक भाग का राशिकरण–

पेंशन के एक निर्धारित भाग अर्थात 40 प्रतिशत तक की धनराशि की संशोधित दरों पर अनुमन्य होगा। राशिकरण की व्यवस्था दिनांक 01.01.2006 से लागू न होकर तत्काल प्रभाव से राज्य सरकार के पेंशनर्स हेतु निर्गत शासनादेश संख्या–419/XXVii(7)/2008, दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 के अनुसार लागू होगी। उक्त कार्यालय ज्ञाप निर्गत होने की तिथि से पूर्व जो राशिकरण कर दिया गया उसका पुनरीक्षण/वसूली नहीं की जायेगी, परन्तु यदि वर्तमान में कोई 40 प्रतिशत की सीमा में पुनः राशिकरण कराना चाहता है तो वर्तमान दरों पर ही राशिकरण किया जाय।

9. इन आदेशों के अधीन पेंशन/पारिवारिक पेंशन की धनराशि पर मंहगाई राहत की गणना राज्य सरकार विभिन्न पारिवारिक पेंशनर्स हेतु दिनांक 01.01.2006 का कार्यालय ज्ञाप संख्या–420/XXVii(7)/मं.रा./2008, दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 द्वारा पुनरीक्षित पेंशन/पारिवारिक पेंशन पर देय मंहगाई राहत पूर्व में पुराने वेतनमान में भुगतान की गयी मंहगाई राहत एवं धनराशि को समायोजित करके ही भुगतान की जायेगी।

10. 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के परिषदीय पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को 01.01.2006 से अनुमन्य पेंशन पर निम्नानुसार अतिरिक्त पेंशन कार्यालय ज्ञाप निर्गत होने की तिथि से अनुमन्य कराया जायः–

पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की आयु	पेंशन में वृद्धि
80 वर्ष से 85 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 20 प्रतिशत
85 वर्ष से 90 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 30 प्रतिशत
90 वर्ष से 95 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 40 प्रतिशत
95 वर्ष से 100 वर्ष से कम तक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 50 प्रतिशत
100 वर्ष या उससे अधिक	मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 100 प्रतिशत

उपरोक्तानुसार अतिरिक्त पेंशन का भुगतान करने हेतु पेंशन वितरण प्राधिकारी द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र में अनिवार्य रूप से पेंशन/पारिवारिक पेंशनर्स की अतिरिक्त पेंशन का अलग से उल्लेख किया जायेगा तथा पारिवारिक पेंशनर्स द्वारा अपनी आयु की पुष्टि हेतु अभिलेख आदि पेंशन स्वीकृर्ताधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। पेंशन स्वीकृत करने वाले अधिकारी पेंशन प्राधिकार पत्र में मूल पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की आयु की प्रविष्टि तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ करेगें।

11. उक्त के अलावा राज्य सरकार के पेंशनरों हेतु समय–समय पर उक्त व्यवस्थाओं हेतु निर्गत स्पष्टीकरण की व्यवस्थायें भी परिषदीय/पारिवारिक पेंशनर्स पर लागू होगी।

12. दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर आगणित पेंशन की 31.03.2010 तक की देयता का 40 प्रतिशत 2010–11, 30 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2011–12 में तथा शेष 30 प्रतिशत का भुगतान वित्तीय वर्ष 2012–13 को नकद भुगतान किया जायेगा और ऐरियर का भुगतान वेतन/पेंशन भुगतान हेतु राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर निर्गत सामान्य निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

13. दिनांक 01.01.2006 के बाद सेवा त्यागने/कर्मचारी की मृत्यु होने के प्रकरणों में नकद भुगतान किया जाय।

14. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–2192/xxvii(7)/2010, दिनांक 13 अप्रैल, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे है।

(राधिका झा)
अपर सचिव।

संख्या–563/XXIV(1)/2010–22/20 % तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, सहारनपुर रोड, ओवराय बिल्डिंग, देहरादून।
2. महालेखाकार (आडिट), महालेखाकार कार्यालय, वैभव पैलेस, सी–1/105, इन्द्रानगर, देहरादून।
3. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. राज्य परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद्, देहरादून।
5. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. अपर शिक्षा निदेशक, कुमॉऊ मण्डल/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
7. वित्त नियंत्रक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. समस्त सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–7 ।
10. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार शर्मा)
अनुसचिव।



उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7
संख्या:506 / XXVII(7) / 2010
देहरादून, दिनांक: 26 अप्रैल,2010

स्पष्टीकरण

विषय:–छटवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्रीय सरकार के द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों को स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 1–1–2006 को अथवा इसके पश्चात सेवानिवृत सरकारी सेवकों को पेंशन / पारिवारिक पेंशन का स्पष्टीकरण।

भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप संख्या: फा.सं.38 / 37 / 08–पी.एंड.पी.डब्ल्यू (ए) भाग–1 दिनांक 3 अक्टूबर, 2008 के क्रम में निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या: 419 / XXVII(7) / 2008, दिनांक 27 अक्टूबर 2008 एवं तत्क्रम में निर्गत स्पष्टीकरण संख्या:221 / XXVII(7) / 2009, दिनांक 08 अक्टूबर 2009 एवं संख्या: 420 / XXVII(7) / 2010, दिनांक 18 फरवरी, 2010 के संदर्भ में अद्योहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि :–

कार्यालय ज्ञाप संख्या: 419 / XXVII(7) / 2008, दिनांक 27 अक्टूबर 2008 के प्रस्तर–6(3) तथा इस संबंध में निर्गत किये गये कार्यालय ज्ञाप संख्या: 221 / XXVII(7) / 2009, दिनांक 08 अक्टूबर 2009 के प्रस्तर–1 के बिन्दु संख्या–6 तथा इस संबंध में निर्गत स्पष्टीकरण संख्या:420 / XXVII(7) / 2010, दिनांक 18 फरवरी, 2010 के प्रस्तर–1 के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि 20 वर्ष या इससे अधिक की सेवा पर अंतिम माह में आहरित वेतन 50 प्रतिशत अथवा अंतिम 10 माह में आहरित वेतन के 50 प्रतिशत, जो भी अधिक लाभप्रद हो, पेंशन अनुमन्य होगी तथा उक्त व्यवस्था कार्यालय ज्ञाप संख्या: 419 / XXVII(7) / 2008, दिनांक 27 अक्टूबर 2008 के निर्गत होने की तिथि के स्थान पर दिनांक 1–1–2006 से प्रभावी मानी जायेगी।

2– अतः समस्त पेंशन स्वीकृर्ता अधिकारी को यह निदेशित किया जाता है कि वे पेंशन के पुनरीक्षण हेतु पूर्व में निर्गत कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 के क्रम में उक्त निर्गत स्पष्टीकरण के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें और यदि उक्त व्यवस्था के विपरीत व्यवस्था उक्त कार्यालय ज्ञाप निर्गत करने के बाद नये पेंशन प्रकरणों में की जा चुकी है तो उक्तानुसार संशोधन की कार्यवाही भी अविलम्ब सुनिश्चित की जाएगी।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
सचिव

संख्या 506 (1)/XXVII(7)/2010 तददिनांक

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयध्यक्ष, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, नैनीताल, देहरादून।
7. स्थानीय आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
8. पुनर्गठन आयुक्त, उत्तराखण्ड, विकास भवन, लखनऊ।
9. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडीटर उत्तराखण्ड देहरादून।
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड, ।
11. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
12. इरला चैक अनुभाग उत्तराखण्ड,, देहरादून।
13. निदेशक, एन0 आई0 सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
14. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से

(अर्जुन सिंह)
अपर सचिव ।

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनुभाग–7
संख्याः 548 /xxvii(7)/2010
दिनांकः 18 मई, 2010

कार्यालय ज्ञाप

विषयः– पेंशन पुनरीक्षण हेतु का0ज्ञा0 संख्या419/xxvii(7)/2008 दि0 27 अक्टूबर, 2008 के प्रस्तर–11 के विषय में निर्गत स्पष्टीकरण विषयक का0 ज्ञा0 सं0 221/xxvii(7)/2009 दि0 8 अक्टूबर,2009 के बिन्दु–2 का स्पष्टीकरण।

छठवें वेतन संगिति की संस्तुतियों के क्रम में प्रदेश के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन पुनरीक्षण विषयक निर्गत का0ज्ञा0 सं0: 419/xxvii/(7)/2009 दि0 27 अक्टूबर,2008 के प्रस्तर–11 के विषय में निर्गत स्पष्टीकरण विषयक का0ज्ञा0 संख्याः 221/xxvii(7)/2009 दिनांकः– 8 अक्टूबर,2009 के प्रस्तर–2 के स्पष्टीकरण को निरस्त करते हुए निम्नवत स्पष्टीकरण निर्गत करते हैं:–

पेंशन पुनरीक्षण हेतु निर्गत का0ज्ञा0 संख्या 419/xxvii(7)/2008 दि0 27 अक्टूबर,2008 के प्रस्तर–11 वृद्ध पेंशनरों हेतु अतिरिक्त पेंशन हेतु 80 वर्ष या 85 वर्ष की आलोच्य अवधि का आशय क्या होगा।	अतिरिक्त पेंशन हेतु 80 या 85 वर्ष की आलोच्य अवधि का आशय होगा 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर 81 वाँ वर्ष प्रारम्भ होने पर या 85 वाँ वर्ष पूर्ण होने पर 86 वाँ वर्ष प्रारम्भ होने पर/उक्त व अन्य आयु की गणना उक्तवत ही सुनिश्चित की जाय।

2. उक्त स्पष्टीकरण के फलस्वरूप उपरिलिखित कार्यालय ज्ञाप दि0 8 अक्टूबर,2009 का बिन्दु–2 को निरस्त समझा जाय और समस्त पेंशनर्स की पेंशन/पारिवारिक पेंशन उक्त आलोच्य अवधि के प्रकरणों में उक्तवत ही किया जाना सुनिश्चित करके समस्त एरियर का भुगतान भी तदनुसार ही किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(आलोक कुमार जैन)
प्रमुख सचिव

संख्याः-548/xxvii(7)/2010 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, नैनीताल, देहरादून।
7. स्थानीय आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
8. पुनर्गठन आयुक्त, उत्तराखण्ड, विकास भवन, लखनऊ।
9. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडीटर उत्तराखण्ड देहरादून।
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग।
12. इरला चैक अनुभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
13. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
14. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(शरद चन्द्र पाण्डेय)
अपर सचिव।

(68)

संख्या–सा–3–1320 / दस–2010

प्रेषक,

अनूप मिश्र,
प्रमुख सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–3

लखनऊ : दिनाँक : 10 अगस्त, 2010

विषय :– दिनाँक 01–01–2006 के पूर्व स्वीकृत असाधारण पेंशन के, वेतन समिति उ0प्र0, 2008 की संस्तुतियों के लागू होने के फलस्वरूप, पुनरीक्षण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनाँक 01–01–2006 के पूर्व स्वीकृत असाधारण पेंशन का पुनरीक्षण दिनाँक 01–01–2006 से निम्नानुसार किया जाये :–

(1)– अन्तिम आहरित वेतन में मूल वेतन का अंश।
(2)– महँगाई पेंशन जहाँ अनुमन्य है।
(3)– मूल पेंशन तथा महँगाई पेंशन के योग पर मूल्य सूचकांक 536 पर आधारित दिनाँक 01–01–2006 को महँगाई राहत 24 प्रतिशत।
(4)– मूल पेंशन का 40 प्रतिशत के फिटमेण्ट वेटेज की धनराशि।

जिन प्रकरणों में पेंशन की धनराशि में 50 प्रतिशत की महँगाई पेंशन सम्मिलित है उन प्रकरणों में फिटमेण्ट वेटेज की धनराशि की गणना मूल पेंशन पर अर्थात् महँगाई पेंशन की धनराशि घटाकर की जायेगी।

किन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि इस प्रकार पुनरीक्षित असाधारण पेंशन की राशि दिनाँक 01–01–2006 से, सदृश वेतनबैण्ड में न्यूनतम वेतन तथा ग्रेड पे के योग के 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी, तथा किसी भी दशा में पुनरीक्षित असाधारण पेंशन की राशि रू0 3500 / – प्रतिमाह से कम नहीं होगी।

2– इस प्रकार आगणित राशि दिनाँक 01–01–2006 से मूल असाधारण पेंशन मानी जायेगी।

भवदीय,

अनूप मिश्र

(अनूप मिश्र)
प्रमुख सचिव, वित्त।

–2 / –

संख्या–सा–3–1320(1)/दस–2010, तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–प्रथम / द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2– शासन के समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उ0प्र0 शासन।
3– निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश।
4– निदेशक, पेंशन, उत्तर प्रदेश।
5– समस्त कोषागार, उत्तर प्रदेश।
6– प्रमुख सचिव, विधान सभा / विधान परिषद, विधान भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

(नील रतन कुमार)
संयुक्त सचिव।

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 38 सा0वित्त–18.08.2010–(842)–3000 प्रतियां (क0/आ0)।

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7
संख्याः 723 / XXVII(7) / 2010
देहरादून, दिनांकः 29 अक्टूबर,2010

स्पष्टीकरण

विषयः–पेंशन पुनरीक्षण हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्याः421 / XXVII(7) / 2008 दिनांक 27 अक्टूबर,2008, संख्याः305 / XXVII(7) / 2009 दिनांक 08 अक्टूबर,2009 एवं संख्याः 420 / XXVII(7) / 2010 दिनांक 18 फरवरी,2010 के संबंध में स्पष्टीकरण / संशोधन।

विभिन्न राजकीय पेंशनर्स संघो द्वारा छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में राजकीय पेंशनर्स के संबंध में पूर्व में निर्गत शासनादेशों तथा तत्क्रम में निर्गत स्पष्टीकरण के संबंध में की गई जिज्ञासा के क्रम में अधोहस्ताक्षरी को निम्नानुसार स्पष्टीकरण निर्गत करने का निदेश हुआ हैः–

क0 सं0	बिन्दु	टिप्पणी
1	2	3
1	ऐसे पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर जिनको उनकी पेंशन छठे वेतन आयोग से पूर्व न्यूनतम पेंशन 1275 / – से कम निर्धारित होकर प्राप्त हो रही थी, को छठे वेतन आयोग के अनुसार न्यूनतम पेंशन का निर्धारण कैसे होगा। वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 421 / XXVII(7) / 2008 दिनांक 27 अक्टूबर,2008 के बिन्दु संख्याः8 में 1–1–2006 के पूर्व पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स की न्यूनतम धनराशि रू01275 को पुनरीक्षित कर रू0 3500 किया गया है किन्तु इसमें समेकित कुटुम्ब पेंशन को अंतिम पेंशन समझा जाता है तो ऐसी कुटुम्ब पेंशन संबंधित पेंशनभोगी / मृतक सरकारी कर्मचारी के द्वारा धारित अंतिम पद के 1–1–2006 से लागू संशोधित वेतनमान के न्यूनतम वेतन से कम नहीं होगी का उल्लेख नहीं किया गया है।	वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञा0 संख्याः421 XXVII (7) / 2008 दिनांक 27–10–2008 के द्वारा छठे केन्द्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के क्रम में केन्द्रीय सरकार की भांति दिनांक 1–1–2006 के पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर की पेंशन का पुनरीक्षण किया गया है तथा जिसके प्रस्तर–8 में 1–1–2006 से पूर्व पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर्स की न्यूनतम धनराशि रू0 1275 को पुनरीक्षित कर रू0 3500 किया गया है तथापि ऐसी पेंशन समुचित यथानुपात तरीके से कम हो जाएगी, जहां पेंशनभोगी ने, पेंशनभोगियों, पर उसके / उसकी अधिवार्षिकी / सेवानिवृति की तारीक की स्थिति के अनुसार पूर्ण पेंशन हेतु वांछनीय अधिकतम सेवा से कम सेवा की हो और यह किसी भी मामलें म रू03500 प्रतिमाह से कम नहीं होगी। अतः उचित होगा कि इसी आधार पर जिन पेंशनर्स को 1–1–2006 से पूर्व रू0 1275 से कम पेंशन प्राप्त हो रही है उन्हें भी रू0 3500 पेंशन पुनरीक्षित किये जाने पर विचार किया जाए। पूर्ण अर्हकारी सेवा पूर्ण न करने पर ही समानुपातिक आधार पर न्यूनतम पेंशन में कमी होगी।

	–2–	
2		शासनादेश संख्याः 305 / xxvii (7) / 2009 दिनांक 8– 10–2009 के प्रस्तर–2 के अनुसार पेंशन की धनराशि सेवानिवृत्ति के समय उसके पुराने वेतनमान के प्रतिस्थिापित बैण्ड के न्यूनतम तथा संबंधित ग्रेड पे के योग के 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी की व्यवस्था है। इसी प्रकार जहां समेकित कुटुम्ब पेंशन को अंतिम पेंशन समझा जाता है तो ऐसी कुटुम्ब पेंशन संबंधित पेंशन भोगी / मृतक सरकारी कर्मचारी के द्वारा धारित अंतिम पद के 1–1–2006 से लागू संशोधित वेतनमान / वेतन बैण्ड में मूल वेतन तथा ग्रेड पे के न्यूनतम 30 प्रतिशत से कम नहीं होगी।
